माघ कृष्ण पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2080

कानपुर, सोमवार, 29 जनवरी 2024

वर्ष 2, अंक 158, पृष्ठ 16

मूल्य 5 रुपये

2 राज्य, 6 संस्करण

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



धीमे चलने से फिटनेस पर पड़ता है बुरा असर 16

सूर्या के साथ कर्ण में जोड़ी बनाने जा रहीं जाह्नवी 2

## एक नजर

### गुजरात के कच्छ में 4.0 तीव्रता का भूकंप

**अहमदाबाद।** गुजरात के कच्छ जिले में रविवार शाम 4.0 की तीव्रता वाले भूकंप के झटके महसूस किए गए। इसमें हालांकि जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। भूकंप विज्ञान अनुसंधान संस्थान (आईएसआर) के अनुसार भूकंप का केंद्र कच्छ जिले के भचाऊ के निकट स्थित था। आईएसआर ने बताया कि भूकंप के झटके रविवार शाम 4:45 बजे महसूस किए गए और भूकंप का केंद्र भचाऊ से लगभग 21 किमी दूर उत्तर-पश्चिम में स्थित था।

### मुख्यमंत्री योगी ने नीतीश कुमार को दी बधाई



**लखनऊ।** बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनने पर रविवार शाम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुभकामनाएं दी। योगी ने अपने एक्स एकाउंट पर बिहार में नवगठित सरकार को शुभकामनाएं देते हुए नीतीश कुमार और दोनों उप मुख्यमंत्री को भी बधाई दी है। योगी ने लिखा है, नीतीश कुमार को बिहार राज्य के मुख्यमंत्री और सम्राट चौधरी एवं विजय सिन्हा को उप मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर हार्दिक बधाई। पूरा विश्वास है कि बिहार में बनी डबल इंजन की सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य में सेवा, सुशासन और विकास के मानक स्थापित करेगी।

### सड़क हादसे में नेपाल के चार नागरिकों की मौत

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सोनीपत में एक कार की चपेट में आने से साइकिल और स्कूटर सवार नेपाल के चार नागरिकों की मौत हो गई। सिविल लाइन्स पुलिस थाना के प्रभारी रविंदर कुमार ने रविवार को बताया कि यह दुर्घटना बीती रात सोनीपत के मामा-भांजा चौक पर हुई। घायलों में से एक की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। कुमार ने बताया कि कार ने साइकिल सवार चार व्यक्तियों और स्कूटर सवार एक व्यक्ति को टक्कर मार दी। घटना में चार लोगों की मौत हो गई।

### हरियाणा के हर जिले में होंगे वृद्ध सेवा आश्रम

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा है कि राज्य के हर जिले में बुजुर्गों के लिए वृद्ध सेवा आश्रम खोले जाएंगे, जिनमें 50-50 बुजुर्गों के रहने की व्यवस्था होगी। करनाल में तीन महीने में सिटी ई-बस सेवा शुरू होगी।

## बर्नार्ड अरनॉल्ट बने दुनिया के सबसे अमीर आदमी

- एलन मस्क को पीछे छोड़कर टॉप पर पहुंचे
- फोर्ब्स की सूची में मुकेश अंबानी 11वें नंबर पर

वाशिंगटन, एजेंसी



लग्जरी ब्रांड एलवीएमएच के मालिक बर्नार्ड अरनॉल्ट टेस्ला के सीईओ एलन मस्क को पीछे छोड़कर दुनिया के सबसे अमीर आदमी बन गए हैं। फोर्ब्स की रियल टाइम अरबपतियों की सूची के मुताबिक, वैश्विक लग्जरी ब्रांड एलवीएमएच के सीईओ और फ्रांसीसी अरबपति अरनॉल्ट और उनके परिवार की कुल संपत्ति शुक्रवार को 23.6 बिलियन डॉलर की वृद्धि के बाद 207.8 बिलियन डॉलर हो गई। वहीं मस्क की संपत्ति 204.5 बिलियन डॉलर से अधिक है। जेफ बेजोस करीब 15.04 लाख करोड़ रुपये की नेटवर्थ के साथ तीसरे नंबर पर हैं।

भारत का कोई भी अरबपति इस लिस्ट में टॉप टेन में शामिल नहीं है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी 104 बिलियन डॉलर (करीब 8.64 लाख करोड़ रुपये) की नेटवर्थ के साथ 11वें स्थान पर हैं।

# पत्नी के प्रेमी ने पति को कमरे में बंद कर फूंका

## कमरे में बंद करके आग लगा दी, पत्नी से अवैध संबंधों का विरोध करता था पति

- फतेहपुर के देवरी बुजुर्ग गांव के रहने वाले थे शिक्षक
- पत्नी को प्रेमी संग आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा था
- पत्नी से चल रहा था तलाक का मुकदमा, एक गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार :** पनकी में रविवार दोपहर पत्नी के प्रेमी ने अपने साथियों संग मिलकर सरकारी शिक्षक पति को कमरे में बंदकर जिंदा फूंक दिया। आग से खुद को घिरा देख शिक्षक ने फोन से अपने छोटे भाई को घटना की जानकारी दे दी थी। छोटे भाई ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शिक्षक को बाहर निकाला, लेकिन तब तक शिक्षक की जलने व दम घुटने से मौत हो चुकी थी। पुलिस ने घटनास्थल से एक हत्यारोपी वकील को गिरफ्तार कर लिया। सरकारी शिक्षक के भाई ने उनकी पत्नी समेत चार पर हत्या का आरोप लगाकर तहरीर दी है।

मूलरूप से फतेहपुर जनपद के देवरी बुजुर्ग गांव निवासी दयाराम (45) कानपुर देहात के सिकंदरा रसधान के बुधौली गांव स्थित ग्राम विकास इंटर कालेज में शिक्षक थे। दयारात की शादी जहानाबाद के भैसौली गांव निवासी संगीता देवी से वर्ष 2009 में हुई थी। दोनों के 12 साल का बेटा आद्विक उर्फ स्वास्तिक है। दयाराम बर्रा आठ में पत्नी और बेटे के साथ रहते थे। पुलिस ने बताया कि सितंबर 2023 में दयाराम ने संगीता को बिधनू के हरबसपुर गांव निवासी ढाबा संचालक प्रेमी पवन के साथ आपत्तिजनक स्थितियों में पकड़ लिया था। इसके बाद से दयाराम पत्नी से अलग अपने छोटे भाई अनुज की कानपुर देहात के गजनेर स्थित ससुराल में रहते थे। दयाराम ने पत्नी से तलाक का मुकदमा कोर्ट में दाखिल किया था। छोटे भाई अनुज ने बताया कि पवन का एक दोस्त महेश दयाराम का भी दोस्त था। महेश के बहनोई वकील संजीव कुमार ने संगीता से विवाद निस्तारण के लिए रविवार को दयाराम को मिलने बुलाया। वहां सबने दयाराम को कमरे में बंद कर आग लगा दी। अनुज ने बताया कि दोपहर करीब साढ़े 11 बजे दयाराम ने उसे फोन कर बताया कि संजीव व पवन ने उसे कमरे में बंद कर कमरे में आग लगा दी है। अनुज की सूचना पर पुलिस पहुंची और दरवाजा तोड़कर दयाराम को बाहर निकाला, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने संजीव को मौके से गिरफ्तार कर लिया।



दयाराम

डीसीपी पश्चिम विजय ढुल ने बताया कि कमरे से शिक्षक का जला हुआ शव मिला है। शिक्षक के भाई ने पत्नी संगीता, प्रेमी पवन, संजीव समेत चार लोगों के खिलाफ हत्या की तहरीर दी है। एक आरोपी संजीव को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।

### जदयू प्रमुख ने रिकॉर्ड नौवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में ली शपथ

# नौवीं बार... मैं नीतीश कुमार

- जदयू-भाजपा के नेतृत्व में नई सरकार, भाजपा के सम्राट और विजय बने उपमुख्यमंत्री

पटना, एजेंसी



बिहार के लिए शपथ के ये शब्द 'मैं नीतीश कुमार' नए नहीं हैं, लेकिन अपनी शर्तों पर राजनीति करने वाले नीतीश कुमार ने जबरदस्त सियासी घमासान के बाद रविवार को रिकॉर्ड नौवीं बार राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली और देश की मौजूदा राजनीति को बता दिया मैं नीतीश कुमार।

यहां राजभवन में राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर ने नीतीश को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। नीतीश के साथ भाजपा के नेताओं विजय कुमार सिन्हा, सम्राट चौधरी और प्रेम कुमार ने भी मंत्रिपद की शपथ ली। जद (यू) नेता विजय कुमार चौधरी, विजेंद्र यादव और श्रवण कुमार के साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी की अगुवाई वाले हिंदुस्तान आवाम मोर्चा के संतोष कुमार सुमन और निर्दलीय विधायक सुमित सिंह ने भी मंत्री पद की शपथ ली। सूत्रों ने बताया कि मंत्रिपरिषद के अन्य सदस्यों पर एक या दो दिन में निर्णय लिया जाएगा।नीतीश ने रविवार दिन में यह कहते हुए मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था कि बिहार में सत्तारूढ़ महागठबंधन और विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन में उनके लिए चीजें ठीक नहीं चल रही हैं। इसी के साथ उन्होंने भाजपा के सहयोग से नई सरकार बनाने का दावा भी पेश किया था। लगभग डेढ़ साल पहले उन्होंने भाजपा से नाता तोड़ लिया था। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। नीतीश की पूर्व सहयोगी पार्टी राजद ने शपथ ग्रहण समारोह का बहिष्कार किया, जबकि एक अन्य पूर्व सहयोगी कांग्रेस भी अनुपस्थित रही। जदयू सुप्रीमो ने 2000 में राज्य के मुख्यमंत्री पद की पहली बार शपथ ली थी।

### जहां थे, वहीं वापस आ गए : नीतीश

नौंवी बार बिहार के मुख्यमंत्री बनने के बाद नीतीश कुमार ने कहा कि भाजपा के साथ पहले भी थे और अब इधर-उधर नहीं जाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा के साथ पहले भी थे, बीच में कहीं गए। फिर हमारी पार्टी के लोगों को लगा तो हम वापस आ गए। अब सब दिन के लिए हम लोग एक ही साथ रहेंगे जो शुरू से थे। अब इधर-उधर जाने का सवाल नहीं है। नीतीश ने बताया कि मेरे साथ सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा उपमुख्यमंत्री बनाए गए हैं।

### विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेगी नई सरकार : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार में फिर से राजग की सरकार बनने पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बधाई दी है। उन्होंने उपमुख्यमंत्री बनाए जाने पर सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा को भी बधाई दी है। मोदी ने एक्स पर लिखा कि बिहार में बनी राजग सरकार राज्य के विकास और यहां के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। नीतीश कुमार जी को मुख्यमंत्री और सम्राट चौधरी जी एवं विजय सिन्हा जी को उप मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर मेरी बहुत-बहुत बधाई।

### जदयू 2024 में ही खत्म हो जाएगी: तेजस्वी

बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने दावा किया है कि जनता दल यूनाइटेड (जदयू) 2024 में ही खत्म हो जाएगी। उन्होंने कहा कि मैं कोई व्यक्तिगत टिप्पणी नहीं करना चाहता हूं। मुझे कोई गुस्सा नहीं है, लेकिन मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि अभी खेल बाकी है। आप लिखकर ले लीजिए जदयू 2024 में ही खत्म हो जाएगी। मैं भाजपा के लोगों को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने उन्हें (नीतीश कुमार) को साथ ले लिया। नीतीश कुमार पर तंज करते हुए कहा कि ये थके हुए मुख्यमंत्री थे, लेकिन हमने इनसे इतना काम करवाया कि रिकॉड बन गया।

### कांग्रेस का तंज, गिरगिट को कड़ी टक्कर दे रहे हैं नीतीश

**नई दिल्ली।** नीतीश कुमार के रविवार को बिहार के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद कांग्रेस ने उनकी तुलना गिरगिट से की और कहा कि राज्य के लोग इस विश्वासघात के लिए उन्हें कभी माफ नहीं करेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि वह महागठबंधन छोड़ने के कुमार के फैसले के बारे में पहले से जानते थे, लेकिन उन्होंने 'इंडिया' को बरकरार रखने के लिए कुछ नहीं कहा। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने 'एक्स' पर लिखा, 'बार-बार राजनीतिक साझेदार बदलने वाले नीतीश कुमार रंग बदलने में गिरगिटों को कड़ी टक्कर दे रहे हैं।

# आज बनाए जा रहे कानून, कल के उज्ज्वल भारत का बनेंगे आधार

## सुप्रीम कोर्ट के हीरक जयंती समारोह में बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि सरकार वर्तमान संदर्भ को ध्यान में रखते हुए कानूनों का आधुनिकीकरण कर रही है और ये कानून भारत को भविष्य में और मजबूत करेंगे। उच्चतम न्यायालय की 75वीं वर्षगांठ (हीरक जयंती) के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि तीन नए आपराधिक न्याय कानून बनने से भारत की कानूनी, पुलिस और जांच प्रणाली ने एक नए युग में प्रवेश कर लिया है।

उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि सैकड़ों साल पुराने कानूनों से नए कानूनों की ओर प्रवेश सुचारू हो। इस संबंध में, हमने सरकारी कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण कार्य पहले ही शुरू कर दिया है। मोदी ने उच्चतम न्यायालय से अन्य हितधारकों के क्षमता निर्माण की दिशा में काम करने के लिए आगे आने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सशक्त न्यायिक प्रणाली विकसित भारत का हिस्सा है। सरकार लगातार काम कर रही है और भरोसेमंद न्यायिक प्रणाली बनाने के लिए कई फैसले ले रही है। जन विश्वास विधेयक इसी दिशा में उठाया गया कदम है। भविष्य में इससे न्यायिक प्रणाली पर अनावश्यक बोझ कम होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने भारत के जीवंत लोकतंत्र को मजबूत किया है। कहा कि आज भारत में जो कानून बन रहे हैं, वे कल के उज्ज्वल भारत को और मजबूती प्रदान करेंगे। आज बनाए गए कानून भारत के भविष्य को उज्ज्वल बनाएंगे।



समारोह के दौरान सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ से चर्चा करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### न्यायपालिका को कठिन संवाद शुरू करने की जरूरत : सीजेआई

प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने 'स्थगन की संस्कृति' और लंबी छुट्टियों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि एक संस्था के रूप में प्रासंगिक बने रहने की न्यायपालिका की क्षमता के लिए जरूरी है कि वह चुनौतियों को पहचाने और 'कठिन संवाद' शुरू करे। उन्होंने हाशिए पर मौजूद वर्गों का प्रतिनिधित्व बढ़ाने और पहली पीढ़ी के वकीलों को समान अवसर प्रदान करने पर भी जोर दिया। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने भारत में हो रहे जनसांख्यिकीय परिवर्तनों पर भी प्रकाश डाला और कहा कि कानूनी पेशे में पारंपरिक रूप से महिलाओं का प्रतिनिधित्व कम रहता था, लेकिन अब जिला न्यायपालिका के कार्यबल में उनकी हिस्सेदारी 36.3 प्रतिशत है। सीजेआई ने समाज के विभिन्न वर्गों को कानूनी पेशे में शामिल करने का आह्वान किया। उन्होंने रेखांकित किया कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति का प्रतिनिधित्व बार और पीठ दोनों में काफी कम है।

# घर में सो रहे पति-पत्नी और तीन बच्चों की जिंदा जलाकर हत्या

- फरीदपुर कस्बे के मोहल्ला फर्रखपुर में दिल दहलाने वाली वारदात
- दरवाजे पर बाहर से डाल दिया था ताला ताकि निकल न सके कोई

संवाददाता, बरेली/फरीदपुर

**अमृत विचार :** फरीदपुर के फर्रखपुर मोहल्ले में शनिवार रात घर के कमरे में सो रहे पति-पत्नी और तीन बच्चों की शनिवार रात जिंदा जलाकर हत्या कर दी गई। हत्या करने वाले ने दरवाजे पर बाहर से ताला भी डाल दिया था ताकि कोई बाहर न निकल सके। एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या की दिल दहला देने वाली इस वारदात का पता लोगों को रविवार सुबह लग पाया। पुलिस की पूरे दिन की छानबीन के बावजूद न हत्यारे का कोई सुराग मिला, न हत्या करने का कारण पता चला।

वारदात का शिकार होने वाले अजय गुप्ता (35) का परिवार फर्रखपुर मोहल्ले में तिरंगा स्कूल के पास किराए के मकान में रहता था। अजय बिजली सबस्टेशन के पास नान का ठेला लगाते थे। परिवार में पत्नी अनीता (32) के अलावा बेटा दिव्यांश (09), दक्ष (03) और बेटी दिव्यांशी (06) थी। मकान में मेन गेट के अंदर कुछ जगह खाली पड़ी है और दूसरे कोने पर सिर्फ एक कमरा बना हुआ है जिसमें पूरा परिवार सोता था। शनिवार रात इसी कमरे में सोते हुए पांचों लोगों की आग लगाकर हत्या कर दी गई। घनी आबादी में मकान होने के बावजूद रात में आसपास किसी को इसकी भनक तक नहीं लगी। रविवार सुबह घटना का तब पता चला, जब अजय के चचेरे भाई राजेंद्र उनके घर में खड़ी अपनी बाइक लेने पहुंचे। काफी देर आवाज लगाने के बाद भी मेन गेट नहीं खुला तो राजेंद्र पड़ोस के घर से छत पर पहुंचे। वहां से झांककर देखने पर अजय के कमरे से धुआं उठते देख उनके होश उड़ गए। आसपास के लोगों के इकट्ठा होने के बाद भीड़ अंदर से तालाबंद मुख्य दरवाजा तोड़कर अंदर घुसी। इस बीच पुलिस भी पहुंच गई। सीओ गौरव कुमार सिंह और इंस्पेक्टर रामसेवक सिंह की मौजूदगी में दरवाजे पर बाहर से पड़ा ताला तोड़कर कमरा खोला गया तो अंदर वीभत्स नजारा देखकर लोगों की रूह कांप गई। कमरे में अजय, उनकी पत्नी और तीनों बच्चों के बुरी तरह जले शव इधर-उधर पड़े हुए थे।

आईजी, डीएम, एसएसपी और एसपी देहात समेत जिले के आला अफसर भी फरीदपुर पहुंच गए। फोरेंसिक टीम के साथ पुलिस पूरे दिन घटनास्थल पर छानबीन करने के साथ लोगों से पूछताछ करती रही। फिर भी देर रात तक दिल दहला देने वाली इस वारदात का कोई खास सुराग हासिल नहीं हो सका।

### मुख्यमंत्री ने जताया दुख, पांच लाख देने की घोषणा

एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने जिला प्रशासन को निर्देश दिया है कि सभी मृतकों का वह खुद अंतिम संस्कार कराने का इंतजाम करे। इसके साथ उन्होंने मृतकों के परिजनों को पांच लाख रुपये का मुआवजा देने की भी घोषणा की है।

> आग से एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत की बहुत दुखद घटना हुई है। कमरे में बाहर से ताला लगा था। अंदर भी कोई सिटकनी या दरवाजा बंद करने का कोई यंत्र नहीं था। आग लगने के कारणों का पता किया जा रहा है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। - **घुले सुशील चंद्रभान**, एसएसपी

## बीटिंग रिट्रीट समारोह में बजेंगी भारतीय धुनें

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस समारोह के औपचारिक समापन के मौके पर रायसीना हिल्स पर सोमवार को आयोजित होने जा रहे 'बीटिंग रिट्रीट' में सेना और अद्धसैनिक बलों के बैंड पूर्ण रूप से भारतीय धुन बजाएंगे। यह समारोह राष्ट्रीय राजधानी में विजय चौक पर होगा और इसी के साथ गणतंत्र दिवस समारोह का भी औपचारिक समापन हो जाएगा। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि रायसीना हिल्स 'पूर्ण रूप से भारतीय धुनों का गवाह बनेगा' जो 29 जनवरी को बीटिंग रिट्रीट समारोह के दौरान बजाया जाएगा। इसके मुताबिक थलसेना, नौसेना, वायुसेना और सीएपीएफ के बैंड भारतीय धुन बजाएंगे।

# उम्मीदवारों के नहीं होने पर हटाया जा सकता है आरक्षण

- नए मसौदा दिशा-निर्देशों में यूजीसी का सुझाव

नई दिल्ली, एजेंसी

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नए मसौदा दिशा-निर्देशों में सुझाव दिया गया है कि अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) या अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित रिक्तियां इन श्रेणियों के पर्याप्त उम्मीदवार नहीं आने की स्थिति में अनारक्षित घोषित की जा सकती हैं। दिशा-निर्देश में कहा गया कि एससी या एसटी या ओबीसी के लिए आरक्षित रिक्तियां संबंधित उम्मीदवार के अलावा किसी अन्य उम्मीदवार द्वारा नहीं भरी जा सकती। यह भी कहा गया कि हालांकि, एक आरक्षित रिक्ति को अनारक्षण की प्रक्रिया का पालन करके अनारक्षित घोषित किया जा सकता है, जिसके बाद इसे अनारक्षित रिक्ति के रूप में भरा जा सकता है। साथ ही कहा गया है कि सीधी भर्ती के मामले में आरक्षित रिक्तियों को अनारक्षित घोषित करने पर प्रतिबंध है। चूंकि समूह 'ए' सेवा में कोई रिक्ति खाली नहीं छोड़ी जा सकती, ऐसे में दुर्लभ मामलों में संबंधित विवि रिक्ति के आरक्षण को रद करने का प्रस्ताव कर सकता है।

# प्रदेश को दुनिया का सर्वोत्तम टूरिस्ट हब बनाने की तैयारी कर रही सरकार

- जापान, चीन, ब्रिटेन, अमेरिका फ्रांस, जर्मनी सहित 28 देशों में चलेगा प्रचार अभियान
- पर्यटन केंद्रों के प्रति दुनिया में रुचि पैदा करने को ब्रांड यूपी को प्रमोट करेगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** अयोध्या के कारण इन दिनों दुनिया भर में छाए उत्तर प्रदेश को पर्यटन की नजर से सर्वाधिक आकर्षक गंतव्य के तौर पर प्रस्तुत करने की तैयारी है। इसके लिए इनवेस्टर्स समिट की तर्ज पर पड़ोसी देशों समेत विदेशों में उप्र. की ब्रांडिंग की जाएगी। एक विस्तृत कार्ययोजना तय हो गई है। कुल 28 राष्ट्रों के लगभग 50 शहरों में विभिन्न आयोजनों के दौरान उत्तर प्रदेश को टूरिस्ट हब के तौर पर प्रोजेक्ट किया जाना है।

कार्ययोजना के मुताबिक, ब्रिटेन के लंदन, मैनचेस्टर, बर्मिंघम व ग्लासगो, स्पेन के मैड्रिड, बिलबाओ, बार्सिलोना, इटली के रोम, मिलान व जर्मनी के बर्लिन, म्यूनिख, फ्रैंकफर्ट में इंटरनेशनल रोड शो होगा। इसी तरह, पुर्तगाल के लिस्बन, नॉर्वे के ओस्लो, स्वीडन के स्टॉकहोम, फ्रांस के पेरिस, नीदरलैंड के हेग व फिनलैंड के हेलसिंकी में भी रोड शो व प्रदर्शनी लगेंगी। इनमें जापान, इजरायल, चीन, अमेरिका, फ्रांस, सिंगापुर, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, इजरायल, रूस व यूएई प्रमुख हैं। इस दौरान दुनिया के सभी प्रमुख टूरिस्ट हब में भी ब्रांड यूपी का प्रचार-प्रसार होगा। इन सभी अंतर्राष्ट्रीय स्थलों पर उप्र. के प्रचार और ब्रांडिंग के लिए तमाम देशों के भारतीय दूतावासों की मदद ली जानी है। वहीं, खाड़ी देशों में संयुक्त अरब अमीरात के दुबई, ओमान के मस्कट, कतर के दोहा, कुवैत के कुवैत शहर, लेबनान के बेरूत, रूस के मॉस्को, इज़राइल के तेल अवीव में भी ये कवायद होगी। दक्षिण पूर्व देशों में भी ब्रांड यूपी को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियां होंगी।

**शोध** एकेटीयू छात्र की डिवाइस को एससीआईआई की स्वीकृति मिलने की प्रतीक्षा, 5जी-6जी नेटवर्क को आसानी से लोगों तक पहुंचाएगा तैयार मॉडल

# डिजिटल राहों की रफ्तार बनेगा माइक्रोस्ट्रिप एंटीना

**अमृत विचार विशेष**

जीशान कदीर, लखनऊ

**अमृत विचार :** डिजिटल राहों में एकेटीयू के छात्र का तैयार माइक्रोस्ट्रिप एंटीना जल्द ही रफ्तार भरने जा रहा है। इसके सहारे लोगों तक 5जी ही नहीं 6जी की भी राह आसान हो जाएगी। फिलहाल इस नए शोध को अंतर्राष्ट्रीय संस्था एससीआई की स्वीकृति का इंतजार है। शोधार्थी को तकनीकी एवं शिक्षा के क्षेत्र में राज्यपाल द्वारा पुरस्कृत किया जा चुका है।

मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलॉजी के छात्र मोहसिन अफरोज का मानना है कि पहले बाजार में 2जी ने आकर हलचल मचाई। फिर 3जी आया तो पुराने मोबाइल काम के न रहे। नेटवर्क की व्यवस्था में बदलाव आने से लोगों के जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ता गया। कहते हैं कि अब 5जी का जमाना है, फिर 6जी भी होगा। इसी को लेकर उन्होंने एक नई डिवाइस तैयार की है। माइक्रोस्ट्रिप एंटीना के नाम से तैयार डिवाइस हर मोबाइल में कारगर रहेगी। माइक्रो चिप के रूप में डिवाइस लगते ही पुराना मोबाइल भी नई व्यवस्था के लिए कारगर साबित हो जाएगा।

बताते हैं कि उन्होंने तैयार मॉडल को अंतर्राष्ट्रीय संस्था एससीआई को प्रेषित कर दिया है। स्वीकृति मिलते ही इसे बाजार में उतारकर उपयोग में लाया जा सकेगा।



मोहसिन अफरोज

### अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों से सस्ती देसी डिवाइस

अभी तक बाजार में अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों द्वारा गोल्ड और कॉपर से तैयार डिवाइस ही इस्तेमाल में लाई जाती रही है। जो काफी खर्चीली है। शोधार्थी का दावा है कि कॉपर से तैयार नई डिवाइस अपेक्षाकृत काफी सस्ती और सुलभ है।

### एकेटीयू के सभी संस्थानों में अव्वल रहे हैं मोहसिन

डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के 550 से अधिक संस्थानों में मोहसिन अफरोज शिक्षा एवं तकनीकी शोध के क्षेत्र में प्रथम स्थान पाए हैं। इन्हीं उपलब्धियों के कारण इन्हें राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा गोल्ड मेडल व चांसलर अवार्ड दिया जा चुका है।

### हाईप्रोफाइल चिप का इनमें होगा उपयोग

हाईप्रोफाइल चिप का इस्तेमाल मोबाइल के अतिरिक्त ब्लूटूथ, लैपटॉप सहित अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरणों में आसानी से उपयोग में लाया जा सकेगा।

# मेदवेदेव को हराकर सिनर ने जीता पहला ग्रैंडस्लैम खिताब

## सेमीफाइनल में उलटफेर कर नोवाक जोकोविच का दबदबा किया था खत्म

मेलबर्न, एजेंसी

यानिक सिनर ने दो सेट से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए रविवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में दानिल मेदवेदेव को 3-6, 3-6, 6-4, 6-4, 6-3 से हराकर अपना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीता है। सेमीफाइनल में उलटफेर कर नोवाक जोकोविच के टूर्नामेंट में लंबे समय से चले आ रहे दबदबे को खत्म करने वाले 22 साल के सिनर पहली बार किसी बड़े टूर फाइनल में खेल रहे थे। वह ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीतने वाले इटली के पहले खिलाड़ी है।

अमेरिकी ओपन 2021 के चैंपियन मेदवेदेव की ग्रैंडस्लैम के 6 फाइनल में यह पांचवीं हार है। यानिक सिनर ने टूर्नामेंट के अपने चौथे



पांच सेट तक चले मैच के साथ ग्रैंडस्लैम के ओपन युग में कोर्ट पर सबसे अधिक समय बिताने का नया रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने 2022 अमेरिकी ओपन में कार्लोस अल्कराज के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। अल्कराज ने तब 23 घंटे 40 मिनट कोर्ट पर बिताए थे।

### 3 बार फाइनल में पहुंचने के बाद भी खिताब नहीं जीत सके मेदवेदेव

ऑस्ट्रेलियाई ओपन में तीन बार फाइनल में जगह बनाने के बावजूद मेदवेदेव खिताब नहीं जीत सके। वह 2021 में जोकोविच और 2022 में राफेल नडाल से हारे थे। नडाल के खिलाफ भी वह अपनी पहले दो सेट की बढ़त को बरकरार नहीं रख सके थे। मेदवेदेव इस बार खिताबी मुकाबले तक पहुंचने के लिए पांच-पांच सेट के तीन मैच जीते। इसमें से दो मैचों में उन्होंने शुरुआती दो सेट में पिछड़ने के बाद दमदार वापसी की। सिनर ने इस दौरान फाइनल से पहले छह मैचों में केवल एक सेट गंवाया, जो जोकोविच के खिलाफ तीसरे सेट के टाइब्रेकर में था।

### सू वेई और एलिसे मर्टेंस बनीं महिला युगल चैंपियन



ताईवान की सेह सू वेई ग्रैंडस्लैम युगल खिताब जीतने वाली दूसरे सबसे उम्रदराज महिला बन गई, जिन्होंने बेल्जियम की एलिसे मर्टेंस के साथ ऑस्ट्रेलियाई ओपन महिला युगल खिताब अपने नाम किया। दूसरी वरीयता प्राप्त इस जोड़ी ने लातविया की येलेना ओस्टापेंको और यूक्रेन की लिउडमाइला किचेनोक को 6-1, 7-5 से हराया। यह सू वेई का सातवां महिला युगल ग्रैंडस्लैम खिताब है, जबकि मर्टेंस का चौथा। इससे पहले पुरुष वर्ग में भारत के 43 वर्ष के रोहन बोपन्ना सबसे उम्रदराज युगल चैंपियन बने, जिन्होंने आस्ट्रेलिया के मैथ्यू एब्डेन के साथ खिताब जीता। आस्ट्रेलिया की लीजा रेमंड सू वेई से आठ दिन बड़ी थी जब उन्होंने 2011 अमेरिकी ओपन खिताब जीता था। मार्टिना नवरातिलोवा ने 49 वर्ष की उम्र में 2006 अमेरिकी ओपन जीता था।

# फाइनल में नीदरलैंड से हारा भारत

मस्कट, एजेंसी

**हॉकी-5 महिला विश्व कप**

**भारतीय खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन पर हॉकी इंडिया ने की 3-3 लाख पुरस्कार की घोषणा, स्टाफ को भी डेढ़ लाख**

भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच हॉकी-5 महिला विश्व कप के फाइनल में नीदरलैंड से 2-7 से हारकर उपविजेता रही। भारत के लिए, ज्योति छत्री और रुतुजा दादासो पिसाल ने गोल दागे। नीदरलैंड के लिए यानेके वान डे वेन्ने, बेंते वान डेर वेल्ट, लाना काल्से और सोशा बेनिंगा ने गोल किए। विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के लिए हॉकी इंडिया ने हर खिलाड़ी को 3 लाख और सहयोगी स्टाफ को डेढ़ लाख रुपये पुरस्कार देने का एलान किया है।

मैच की शुरुआत से दोनों टीमों ने काफी आक्रामक खेल दिखाया लेकिन सफलता नीदरलैंड को मिली जब यानेके ने लंबी दूरी से लगाए गए शॉट पर गोलकीपर रजनी इतिमार्पु को छकाकर गोल किया। इसके दो मिनट बाद वान डेर वेल्ट ने दूसरा गोल दाग दिया। उसने आठवें मिनट में एक और गोल करके डच टीम का शिकंजा कस दिया। पहले हाफ से चार मिनट पहले लाना काल्से ने डच टीम के लिए चौथा गोल दागा और सोशा ने दो मिनट बाद बढ़त 5-0 की कर दी। पहले हाफ के आखिरी मिनट में यानेके ने एक और गोल किया।

दूसरे हाफ के पांचवें मिनट में भारत के लिए ज्योति ने गोल किया और तीन मिनट बाद रुतुजा ने एक गोल दागकर डच टीम की बढ़त कम की। इस बीच नीदरलैंड के लिए लाना ने जवाबी हमले पर गोल करके बढ़त फिर पांच गोल की कर दी। नीदरलैंड को आखिरी मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक मिला, जिस पर रजनी ने गोल तो बचा लिया लेकिन हार को नहीं टाल सकी।

# पहले टेस्ट में इंग्लैंड ने भारत को 28 रन से हराया

## श्रृंखला में 1-0 से बनाई बढ़त, 231 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम 202 रन पर सिमटी

हैदराबाद, एजेंसी

**196 रन बनाए इंग्लैंड के ओली पोप ने दूसरी पारी में**



**7 विकेट झटके टॉम हार्टले ने टेस्ट क्रिकेट में डब्यू करते हुए**

ओली पोप के 196 रन का शतक और अंतर्राष्ट्रीय टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण कर रहे बाएं हाथ के स्पिनर टॉम हार्टले के 7 विकेट से इंग्लैंड ने रविवार को हैदराबाद में पहले टेस्ट के चौथे दिन भारत पर 28 रन की यादगार जीत दर्ज की। इसके साथ 5 मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त हासिल कर ली। इंग्लैंड ने भारत को जीत के लिए 231 रन का लक्ष्य दिया लेकिन हार्टले की फिरकी में फंसकर भारतीय टीम दूसरी पारी में 69.2 ओवर में 202 रन पर सिमट गई। घरेलू टेस्ट में 2013 के बाद यह भारत की चौथी हार है।

### हार्टले की फिरकी के आगे ढही भारतीय टीम

लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को रवैया ओली पोप के रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा की गेंदबाजी से निपटने के तरीके से बिल्कुल विपरीत था। भारत के दोनों स्पिनर पिच पर कभी भी खतरनाक नहीं दिखे और इंग्लैंड ने दूसरी पारी में काफी रन बटोर लिए। इससे पहले इंग्लैंड ने छह विकेट पर 316 रन से आगे खेलते हुए पोप की बदौलत दूसरी पारी में 420 रन बनाए, जिससे उन्हें काफी अच्छी बढ़त मिली। यह हार भारत को गहरा घाव देगी क्योंकि टीम 25 साल के लंकाशर के ऐसे गेंदबाज के सामने ढह गई, जिसे कुल तीन अंतर्राष्ट्रीय मैच का अनुभव है।

### स्पिन के सामने बेबस दिखे भारतीय बल्लेबाज

पिच पर काफी टर्न और उछाल मौजूद था लेकिन भारतीय बल्लेबाज इससे निपट नहीं सके। शुभमन गिल (0), यशस्वी जायसवाल (15) और श्रेयस अय्यर (13) अपनी ही गलतियों से आउट हुए। जायसवाल सिली प्वाइंट पर पोप को कैच देकर लौटे। दो गेंद बाद ही गिल भी लौट गए, जो खाता भी नहीं खोल पाए। इस बार भी कैच सिली प्वाइंट पर पोप ने लपका। हार्टले ने रोहित शर्मा (39 रन) को पगबाधा आउट करके तीसरा विकेट लिया। इसके बाद केएल राहुल और अक्षर पटेल ने संभलकर खेला और चाय तक कोई विकेट नहीं गंवाया। हार्टले का सामना करने के लिए श्रेयस अय्यर के ऊपर अक्षर को भेजा गया लेकिन चाय के ब्रेक के बाद अक्षर को हार्टले ने अपनी ही गेंद पर कैच आउट किया। राहुल (22) एक और प्रभावी पारी खेलने की ओर बढ़ रहे थे लेकिन जो रूट की गेंद पर पगबाधा आउट हुए। रविंद्र जडेजा तेजी से एक रन लेने के बाद इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स के सीधे थ्रो से रन आउट हो गए। वह हैमस्ट्रिंग को पकड़कर चल रहे थे जो भारतीय खेमे के लिए चिंता का विषय हो सकता है।

### दूसरी बार किसी टीम ने भारत के खिलाफ बनाए 400 रन

लंच तक भारत ने तीन विकेट गंवाए थे और अंतिम सत्र में तीन विकेट गंवाने के बाद रविचंद्रन अश्विन (28) और केएस भरत (28) ने आठवें विकेट के लिए 58 रन की भागीदारी निभाकर उम्मीद जगाई। इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने दूसरी पारी में 400 से ऊपर स्कोर किया और भारत के खिलाफ 2012 के बाद दूसरी बार ही कोई टीम इस आंकड़े को छूने में कामयाब रही है। पोप ने टॉम हार्टले (35) के साथ 106 गेंद में 80 रन की साझेदारी की। उन्होंने रिवर्स स्वीप और स्वीप शॉट बखूबी खेले। रविचंद्रन अश्विन ने इस साझेदारी को तोड़कर हार्टले को आउट किया। इसके बाद भारत ने जल्दी विकेट चटकाए। जसप्रीत बुमराह ने धीमी गेंद पर पोप को आउट करके इंग्लैंड की पारी का अंत किया। बुमराह ने ही रेहान अहमद को विकेट से पीछे कैच कराकर सफलता दिलाई थी।

**2012 के बाद 400 रन का आंकड़ा छूने में कामयाब रही इंग्लैंड की टीम**

# श्रीलंका क्रिकेट से निलंबन हटा

**कोलंबो, एजेंसी।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) बोर्ड ने रविवार को तत्काल प्रभाव से श्रीलंका क्रिकेट पर लगा निलंबन हटा दिया। श्रीलंका क्रिकेट को आईसीसी सदस्य के रूप में दायित्वों के गंभीर उल्लंघन के लिए पिछले साल नवंबर में निलंबित कर दिया गया था। इन दायित्वों में विशेष रूप से अपने मामले स्वायत्तता से संभालने और संचालन में कोई सरकारी हस्तक्षेप नहीं होने की जरूरत शामिल थी।

**सरकारी हस्तक्षेप पर पिछले साल आईसीसी ने किया था निलंबित**

बोर्ड निलंबन के बाद से श्रीलंका क्रिकेट के हालात की निगरानी कर रहा है और अब इस बात से संतुष्ट है कि वह अब सदस्यता दायित्वों का उल्लंघन नहीं कर रहा है। खेल मंत्री हरिन फर्नांडो ने ट्वीट कर निलंबन हटाने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जल्द ही एक आधिकारिक बयान जारी किया जाएगा। आईसीसी ने पिछले साल नवंबर में राजनीतिक हस्तक्षेप का हवाला देते हुए श्रीलंका क्रिकेट को निलंबित कर दिया था।

## खेल डायरी

### हॉकीः नीदरलैंड से हार के बाद दक्षिण अफ्रीका दौरा खत्म

**केपटाउन।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने दक्षिण अफ्रीका का दौरा रविवार को नीदरलैंड के हाथों मिली 1-5 की निराशाजनक हार से समाप्त किया। भारतीय टीम के लिए एकमात्र गोल अभिषेक ने किया। नीदरलैंड के लिए जिप जानसेन ने दो गोल दागे, जबकि विश्व की शीर्ष रैंकिंग टीम के लिए डुको टेलजेनकैम्प, जेप होडरमेकर्स और कोएन बिजेन ने एक-एक गोल किए। नीदरलैंड ने जानसेन के गोल से शुरू में ही बढ़त बना ली। भारतीय टीम लगातार हमलों के बावजूद पहले क्वार्टर के अंत तक गोल नहीं कर सकी। दूसरे क्वार्टर में नीदरलैंड ने 16वें और 21वें मिनट में दो गोल कर भारत पर दबाव बना दिया। फिर जानसेन ने 28वें मिनट में अपना दूसरा गोल दाग दिया और नीदरलैंड की टीम पहले हाफ में 4-0 से आगे हो गई। दूसरे हाफ में भारत ने गोल करने की तमाम कोशिशें कीं लेकिन बिजेन ने एक और गोल कर नीदरलैंड को 5-0 से बढ़त दिला ली। फिर अभिषेक ने तीसरे क्वार्टर में गोल कर स्कोर 1-5 किया।

### तवांग में अंतर्राष्ट्रीय कयाकिंग टूर्नामेंट 5 फरवरी से

**तवांग।** अरुणाचल प्रदेश में चीन की सीमा के पास तवांगचू नदी पर छह दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कयाकिंग टूर्नामेंट अगले महीने आयोजित किया जाएगा। इस नदी में तिब्बत की दो नदियां मिलती है जो बाद में तिब्बत से होकर ब्रह्मपुत्र में मिल जाती हैं। पांच फरवरी से होने वाले तवांगचू टाइड्स टूर्नामेंट में प्रतिभागियों को रोमांच की पूरी सौगात मिलेगी। आयोजकों के अनुसार दुनिया भर के 130 कयाकर्स इसमें भाग लेंगे। इसका आयोजन अरुणाचल के मुख्यमंत्री पेमा खांडू और केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू के मार्गदर्शन में हो रहा है, जो इसी प्रदेश से हैं। तवांगचू तवांग की प्रमुख नदी है और करीब 10000 फुट की ऊंचाई पर चीन की सीमा के करीब स्थित है। अरुणाचल प्रदेश तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र के साथ 1,129 किलोमीटर लंबी एलएसी साझा करता है।

### एआईएफएफ ने प्रभाकरण की बर्खास्तगी पर चर्चा के लिए बुलाई बैठक

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने महासचिव शाजी प्रभाकरण की बर्खास्तगी पर चर्चा के लिए मंगलवार को कार्यकारी समिति की बैठक बुलाई है। प्रभाकरण ने कहा कि उन्हें कार्यकारी समिति की बैठक के लिए आमंत्रित नहीं किया गया है। उन्होंने सदस्यों को एक पत्र भी लिखा था लेकिन फिर भी आमंत्रित नहीं किया गया। प्रभाकरण को सात नवंबर को विश्वासघात करने के आरोप में महासचिव पद से हटा दिया गया था, लेकिन दिल्ली उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने आठ दिसंबर को उनकी बर्खास्तगी पर अंतरिम रोक लगाने का आदेश दिया था। अदालत ने 19 जनवरी के अपने नवीनतम आदेश में कहा था कि प्रभाकरण को एआईएफएफ की आपातकालीन समिति ने बर्खास्त कर दिया था।

### दिव्यांश पंवार ने विश्व रिकॉर्ड से स्वर्ण पदक जीता



**काहिरा।** भारत के दिव्यांश सिंह पंवार ने रविवार को पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा के फाइनल्स में विश्व रिकॉर्ड बनाकर देश को आईएसएसएफ विश्व कप में दूसरा स्वर्ण पदक दिलाया। 21 साल के निशानेबाज दिव्यांश ने 253.7 अंक से चीन के शेंग लिहाओ के पिछले साल हांगझोऊ एशियाई खेलों में बनाए गए 253.3 के रिकॉर्ड को बेहतर किया। दिव्यांश ने क्वालीफिकेशन में विश्व स्तरीय 632.4 अंक से पहले स्थान से 24 शॉट के फाइनल में जगह बनाई, जिसमें भी अपने सटीक निशानों से रजत पदक विजेता इटली के दानी सोलाजो को 1.9 अंक से पछाड़ दिया। उन्होंने एक भी स्कोर 10 से कम का नहीं बनाया और उनके दो शॉट परफेक्ट 10.9 अंक के रहे। दिव्यांश ने कहा कि इस पदक से निश्चित रूप से इस महत्वपूर्ण वर्ष में आत्मविश्वास बढ़ेगा। सर्बिया के लाजार कोवासेविच ने कांस्य पदक जीता, जबकि फाइनल में पहुंचने दूसरे भारतीय अर्जुन बबूता छठे स्थान पर रहे। यह दिव्यांश का विश्व कप चरण में कुल पांचवां स्वर्ण पदक है। 2019 में चीन के पुटियान के बाद यह उनका दूसरा व्यक्तिगत स्वर्ण पदक है।

# अब्दुसत्तारोव को शिकस्त देकर विदित संयुक्त रूप से शीर्ष पर

विज्क आन जी, एजेंसी

**शतरंज**

ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती ने एक बार फिर विषम परिस्थितियों को पार करते हुए टाटा स्टील मास्टर्स के 12वें दौर में उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव को हराकर तालिका में संयुक्त बढ़त हासिल कर ली है।

ग्रैंड स्विस विजेता विदित की इस जीत से साल का पहला सुपर टूर्नामेंट काफी रोमांचक हो गया है। जहां शीर्ष पर 7.5 अंक के साथ पांच खिलाड़ी है और एक दौर का मुकाबला बचा है। विदित के साथ डी गुकेश, चीन के वेई यी, हॉलैंड के अनीश गिरी और अब्दुसत्तारोव तालिका में शीर्ष पायदान पर है।

फाइनल में हालांकि अनीश का पलड़ा भारी होगा क्योंकि उनका मुकाबला तालिका में आखिरी पायदान पर काबिज मैक्स वेरमेरडैम से है। आर प्रज्ञानानंदा ने 12वें दौर में गुकेश के साथ ड्रॉ मुकाबला खेला। विदित ने क्वीन और प्यादे से अपने खेल को शुरू कर अब्दुसत्तारोव को चौंकाया और फिर पूरे मुकाबले के दौरान अपना दबदबा कायम रखा। आखिरी दौर के मुकाबलों में गुकेश के सामने ईरान के परम माघसूदलू की चुनौती होगी, जबकि विदित को वेई यी की मुश्किल चुनौती से पार पाना होगा। अब्दुसत्तारोव को जर्मनी के एलेंडर डोनचेंको से निपटना है।

# शामार जोसेफ ने झटके 7 विकेट, वेस्टइंडीज 8 रन से जीता

ब्रिसबेन, एजेंसी

शामार जोसेफ के 7 विकेट की मदद से वेस्टइंडीज ने गाबा पर दिन रात का टेस्ट जीता, जो आस्ट्रेलिया में टेस्ट क्रिकेट में 27 साल बाद मिली जीत है। जोसेफ को वेस्टइंडीज की दूसरी पारी में मिचेल स्टार्क का यॉर्कर लगा था और उन्हें मैदान से जाना पड़ा था। उन्होंने गेंदबाजी में कमाल दिखाते हुए 68 रन देकर 7 विकेट लिए और आस्ट्रेलिया को 207 रन पर आउट कर दिया। सलामी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ 146 गेंद में 91 रन बनाकर नाबाद रहे।

**टेस्ट क्रिकेट में वेस्टइंडीज को ऑस्ट्रेलिया में 27 साल बाद मिली जीत**

एडीलेड में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले 24 वर्ष के जोसेफ 11वें नंबर के बल्लेबाज जोश हेजलवुड का विकेट लेते ही खुशी के मारे उछल पड़े। वेस्टइंडीज ने एडीलेड टेस्ट तीन दिन के भीतर दस विकेट से गंवाने के बाद वापसी करके



श्रृंखला में 1-1 से बराबरी की।

1997 में दस विकेट से जीत दर्ज करने के बाद से वेस्टइंडीज ने आस्ट्रेलिया में टेस्ट मैच नहीं जीता था। कैमरन ग्रीन और स्मिथ ने 216 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पहले घंटे में आस्ट्रेलिया को दो विकेट पर 60 रन तक पहुंचाया। जोसेफ ने लगातार दस ओवर डालते हुए पहले स्पैल में 60 रन देकर 6 विकेट लिए। उस समय आस्ट्रेलिया को जीत के लिए 29 रन की जरूरत थी और उसके दो विकेट बाकी थे। जोसेफ ने ग्रीन (42) को आउट करके 71 रन की साझेदारी तोड़ी। इसके बाद अगली यॉर्कर पर ट्रेविस हेड को पवेलियन भेजा।

मिचेल मार्श (10) और एलेक्स कारी (दो) भी टिक नहीं सके। स्टार्क ने 21 रन बनाए लेकिन कवर में केविन सिनक्लेयर को कैच देकर जोसेफ का पांचवां शिकार बने। वहीं पहली पारी में नाबाद 64 रन बनाने वाले पैट कमिंस दो रन बनाकर आउट हो गए। जोसेफ ने नाथन लियोन को डिनर ब्रेक के बाद आउट किया। स्मिथ ने जोसेफ को फाइन लेग पर छक्का लगाकर लक्ष्य एक अंक का कर दिया लेकिन हेजलवुड का आफ स्टंप उखाड़कर जोसेफ ने वेस्टइंडीज को जीत दिलाई।

# बॉलीवुड हलचल

## अमिताभ के बयान के बाद फिर छिड़ी साउथ और बॉलीवुड में टक्कर पर बहस



साल 2022 से ही बॉलीवुड और साउथ की फिल्मों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है। जहां 2022 में साउथ का जलवा रहा तो 2023 में बॉलीवुड ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया। साउथ और बॉलीवुड के बीच चल रही टक्कर पर अमिताभ बच्चन के बयान के बाद एक बार फिर इस पर बहस शुरू हो गई है। अमिताभ ने हाल ही में पुणे में सिंबायोसिस फिल्म फेस्टिवल में कहा था कि रीजनल सिनेमा काफी अच्छा कर रहा है, वे हिंदी फिल्मों की तरह मूवी बना रहे हैं। इस दौरान अमिताभ ने मलयालम और तमिल सिनेमा की तारीफ भी की। अमिताभ बच्चन ने कहा कि हमारी सभी फिल्मों की स्टोरी में कही न कहीं दीवार, शक्ति और शोले है। बिग बी ने बॉलीवुड की आलोचना करने वालों को भी खरी-खोटी सुनाई। बिग बी ने कहा कि ये कहना गलत है कि उनकी फिल्में चल रही हैं, हमारी नहीं। अमिताभ बच्चन की कुछ फिल्मों का साउथ में रीमेक भी किया गया, इनमें अमर अकबर एंथोनी, डॉन, दीवार जैसी फिल्मों के रीमेक ने साउथ में जबरदस्त कमाई की।

### जब रॉकस्टार की शूटिंग करते वक्त गाना गाते-गाते खो गए थे रणबीर कपूर

रणबीर कपूर की फिल्म रॉकस्टार का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में रणबीर कुन फाया कुन गाने की शूटिंग में नजर आ रहे हैं। रणबीर ने इस पर अपनी राय रखी है। रणबीर ने बताया कि वह सिर्फ गाना गाते जा रहे थे और कैमरे ने कुछ ऐसा कैद कर लिया, जिसका श्रेय उन्हें आजतक मिल रहा है। रणबीर ने बताया कि वह इस गाने को गाते समय पूरी तरह खो गए थे। रणबीर कपूर के इस पुराने वीडियो ने एक बार फिर सोशल मीडिया पर गदर काट दिया है।

## सूर्या के साथ कर्ण में जोड़ी बनाने जा रहीं जाह्नवी



बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर अपनी मां श्रीदेवी के पदचिह्नों पर चलते हुए हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के साथ-साथ साउथ की फिल्मों में भी अदाकारी करती नजर आएंगी। यही वजह है कि उन्होंने जूनियर एनटीआर की अगली पैन इंडिया मूवी देवरा के लिए एक झटके में हां कह डाली। अब वह एक और बड़े साउथ सुपरस्टार सूर्या के साथ जोड़ी बनाने की तैयारी में हैं। फिल्मी गलियारों में चर्चा है कि जाह्नवी कपूर जल्द ही तमिल सुपरस्टार सूर्या के साथ उनकी अगली फिल्म कर्ण में नजर आएंगी। निर्देशक राकेश ओम प्रकाश मेहरा की यह एक बिग बजट ड्रामा फिल्म है। जिसे बेहद बड़े स्तर पर बनाया जाएगा। महाभारत की कहानी पर आधारित फिल्म में जाह्नवी कपूर सूर्या के साथ लीड रोल में दिखेंगी। खबर है कि इस फिल्म को मेकर्स 2 भागों में बनाने वाले हैं। फिल्म में कर्ण का किरदार सूर्या निभाएंगे, जबकि जाह्नवी कपूर के किरदार को लेकर अभी जानकारी सामने नहीं आई है। फिल्म का प्री-प्रोडक्शन पहले ही शुरू हो चुका है। अब फिल्म जल्दी ही फ्लोर पर पहुंचने वाली हैं। बता दें कि जाह्नवी कपूर के हाथों कई दिलचस्प प्रोजेक्ट्स हैं। वो तमिल सुपरस्टार सूर्या स्टारर इस फिल्म के अलावा जूनियर एनटीआर की मूवी देवरा में नजर आएंगी। जो पैन इंडिया मूवी है। इसके अलावा वो राजकुमार राव स्टारर फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही और अक्षय कुमार-टाइगर श्रॉफ स्टारर फिल्म बड़े मियां छोटे मियां में भी दिखेंगी। साथ ही उनके पास उलझ और रणभूमि जैसी फिल्में भी हैं।

## रामायण में हनुमान का किरदार निभाएंगे सनी देओल



रणबीर कपूर और साईं पल्लवी की मेगा बजट फिल्म रामायण रिलीज से पहले काफी चर्चा में है। फिल्म के डायरेक्टर नितेश तिवारी कलाकारों को कास्ट करने में काफी समय ले रहे हैं। अब तक हर रोल को लेकर काफी चर्चा चल रही है। हाल ही में खबर आई थी कि यश इस फिल्म में रावण का रोल निभाने वाले हैं। राम के रोल में रणबीर कपूर नजर आ सकते हैं तो वहीं हनुमान के रोल के लिए सनी देओल का नाम जोड़ा जा रहा है। अब सनी देओल की एंट्री फिल्म में पक्की मानी जा रही है। इस फिल्म में बॉलीवुड से लेकर साउथ तक के कलाकार नजर आ सकते हैं। सनी देओल इस फिल्म के लिए मई से शूटिंग शुरू कर देंगे। इस फिल्म के तीन पार्ट आएंगे। पहले पार्ट में सनी देओल का छोटा सा रोल होने वाला है। इसके अगले दो पार्ट में सनी देओल का खास रोल होगा। रिपोर्ट के मुताबिक रामायण में सनी देओल हनुमान का रोल निभाने वाले हैं। फिल्म में सनी देओल के साथ-साथ उनके भाई बॉबी देओल भी नजर आ सकते हैं। इस फिल्म के लिए विजय सेतुपति से भी बात की जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स में ये भी बताया जा रहा है कि लारा दत्ता का भी इस फिल्म में कैकेयी का रोल निभा सकती हैं।

### राहत फतेह अली खान का शार्गिद को पीटते वीडियो वायरल

पाकिस्तानी सिंगर राहत फतेह अली खान का एक वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसमें राहत फतेह अली खान अपने एक स्टूडेंट को चप्पल-घूंसों से मारते दिख रहे हैं। सोशल मीडिया पर हुई फजीहत के बाद पाकिस्तानी सिंगर राहत फतेह अली खान मीडिया के भी निशाने पर आ गए है। उनकी जमकर आलोचना हो रही है। वायरल वीडियो में राहत फतेह अली खान अपने घर से एक बोतल गायब होने को लेकर छात्र से सवाल जवाब कर रहे हैं। वह इसके गायब होने पर अपना गुस्सा छात्र पर निकालते हैं। अब इस वीडियो पर खुद राहत फतेह अली खान ने भी सफाई दी है। उन्होंने उसी छात्र के साथ एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इसमें वह इस मामले को उस्ताद और शार्गिद का रिश्ता बता रहे हैं। वीडियो में उन्होंने अपने उसी छात्र से सफाई भी दिलवाई है। साथ ही उसके पिता भी मामले पर मिट्टी डालते हुए दिख रहे हैं। इस वीडियो के सामने आने के बाद भी लोगों का गुस्सा थमा नहीं है। राहत फतेह अली खान के इस माफीनामे पर भी लोग जमकर अपनी भड़ास निकालते दिखे।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# कोहरे ने बढ़ाई गलन धूप से मिली राहत

## धूप निकलने से बाजारों व सड़कों पर दिखी चहल -पहल

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात


कोहरे के चलते छाई धुंध। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले में कोहरे के साथ गलनभरी सर्दी से बेहाल लोगों के लिए रविवार का दिन राहत भरा रहा। दिन में निकली चटख धूप के गुनगुनेपन ने लोगों को काफी राहत दी। ठंडी हवा की वजह से लोग बेहाल रहे। दिन में धूप निकलने व तापमान सामान्य से डेढ़ डिग्री ऊपर पहुंचने से लोगों को गलन से राहत मिली। हालांकि धूप के बाद भी तेज ठंडी हवा राहगीरों को गलन का अहसास कराती रहीं।

जनपद में मौसम बार-बार करवट बदल रहा है। शनिवार रात में पारा सामान्य से ढाई डिग्री नीचे गिरने व ठंडी हवा से बढ़ी गलन से लोग व पशु-पक्षी बेहाल रहे। रविवार को भी कोहरे व ठंडी हवा के साथ दिन शुरू हुआ, लेकिन करीब दस बजे आसमान साफ होने व धूप निकलने से लोग घरों से बाहर आकर गुनगुनी धूप का आनंद लेते दिखे। अस्पतालों में भर्ती मरीजों को लेकर तीमारदार वार्डों से बाहर आकर गुनगुनी धूप का आंनद लेते दिखे। पिछले कई दिनों से धूप नहीं निकलने से साफ किए गए कपड़ों के न सूखने से परेशान महिलाओं को भी शनिवार को मौसम के बदला रुख काफी राहत भरा रहा। दोपहर में काम निपटाने व कपड़ों की धुलाई के बाद धूप में डालने के बाद महिलाएं खुद भी धूप में बैठने के लिए छतों पर पहुंच गईं।पूरे दिन मौसम साफ रहने व धूप निकलने से लोगों ने काफी राहत महसूस की।

हालांकि ढाई किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चलने उत्तर पश्चिमी हवा राहगीरों को गलन का अहसास कराती रही। दिन ढलने के बाद फिर तेज हवा ने मौसम को सर्द कर दिया। गलन बढ़ने से हर कोई जल्द घर पहुंचने की कवायद में जुटा दिखा।

# लूट के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

संवाददाता शिवली

● बैरी मैथा मार्ग पर घटना को दिया था अंजाम

**अमृत विचार।** पच्चीस दिन पूर्व कोतवाली क्षेत्र के सूरजपुर गांव के सामने बैंक से पैसा निकाल कर वापस आते समय डेयरी संचालक से हुई लूट के मामले में पुलिस ने एक अभियुक्त को तमंचा व लूटे गए कुछ रुपये के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है।


आयुष सिंह।

शिवली कोतवाली क्षेत्र के रास्तपुर गांव निवासी आशुतोष अग्निहोत्री तीन जनवरी की दोपहर में मैथा बैंक में पैसे निकालने गए थे। वहां से वापस आते समय बैरी मैथा मार्ग पर सूरजपुर गांव के समीप पीछे से आए दो बाइक सवार लुटेरों ने चालीस हजार रुपये बाइक की चाबी व एटीएम कार्ड छीन लिया और फरार हो गए थे। पुलिस पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही थी। शनिवार की रात में गश्त के दौरान बाघपुर चौकी इंचार्ज कालीचरण दरोगा मो. हसिक ने मैथा नहरपुल के पास लालपुर सरैया निवासी आयुष सिंह उर्फ पोलार्ड को एक अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने बीते दिनों हुई लूट की बात स्वीकारी और बताया की उसने गांव के ही सूरज के साथ घटना को अंजाम दिया था कोतवाल शिव नारायण सिंह ने बताया की आरोपी के पास से लूट के ग्यारह हजार रुपये बरामद हुए हैं। शेष पैसा सूरज के पास है। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा जायेगा।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**कानपुर देहात।** गजनेर थाना क्षेत्र के लोहारी गांव निवासी पप्पू किसी काम से थाना क्षेत्र के बखरिया गए थे। देर रात अज्ञात वाहन जोरदार ने टक्कर जिससे पप्पू गंभीर रूप से जख्मी हो गया राहीगीरों की मदद से घायल युवक को गजनेर सीएचसी लाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया जिससे परिजनों में कोहराम मच गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# 72 घंटे बाद एक मंदिर में स्थापित हुई मूर्ति

संवाददाता रूरा

● दूसरे मंदिर में आज होगी प्राण प्रतिष्ठा

● सरांय गांव के दो मंदिरों में चार दिन पहले हुई घटना से आक्रोश


शिवलिंग की स्थापना करते भक्त। अमृत विचार

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के सरांय गांव के दो मंदिरों में तोड़फोड़ करने के साथ शिवलिंग को उखाड़कर खेत में फेंके जाने के मामले में चार दिन बीतने के बाद भी शरारती तत्वों को दबोचना तो दूर उनको चिह्नित तक नहीं किया जा सका। वहीं अफसरों के मंदिरों में मूर्तियों की स्थापना के प्रस्ताव पर रविवार को एक मंदिर में शिवलिंग की स्थापना हुई।

मिश्रित आबादी वाले सरांय गांव के महाकालेश्वर मंदिर व धर्मशाला शिव मंदिर में 25 जनवरी को शरारती तत्वों ने तोड़फोड़ की थी। इसमें एक मंदिर की शिवलगिं को उखाड़कर खेत में फेंकने के साथ दूसरे मंदिर में नंदी की प्रतिमा को तोड़ दिया था। दो मंदिरों में हुई तोड़फोड़ की जानकारी पर सरायं पहुंचे बजरंग दल के जिला संयोजक गौरव शुक्ला ने घटना की सूचना पुलिस को देकर मंदिरों में तोड़फोड़ करने वालों की 48 घंटे में गिरफ्तारी की मांग की थी।

मौके पर पहुंची सीओ सदर तनू उपाध्याय की छानबीन के बाद पुलिस ने बजरंग दल के जिला संयोजक की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर छानबीन शुरू की,लेकिन उनसे कुछ भी नहीं उगलवाया जा सका। इधर चार दिन बीतने के बाद भी शरारती तत्वों का पता नहीं लगने से ग्रामीणों में नाराजगी है। मामले में एसडीएम सदर ने गांव जाकर लोगों से कार्रवाई का भरोसा देने के साथ ही मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा कराने का आह्वान किया, तो ग्रामीणों ने एक मंदिर में शंकर जी की प्रतिमा को स्थापित की साथ ही दूसरे मंदिर में सोमवार को नंदी जी की प्रतिमा स्थापित करने की बात कही इंस्पेक्टर रूरा अजय कुमार पाठक ने बताया एक मंदिर में मूर्ति की स्थपना करवा दी गई है। घटना में संलिप्त आरोपितों को चिह्नित करने का प्रयास व छानबीन हो रही है। जल्द ही शरारती तत्वों को दबोचकर कठोरतम कार्रवाई की जायेगी।

# पुलिस व ग्रामीणों ने मिलकर निकाली तिरंगा यात्रा


मूसानगर में तिरंगा यात्रा निकालते कोतवाल। अमृत विचार


सिंकदरा में झंडारोहण करते व्यापार मंडल के पदाधिकारी। अमृत विचार


शिवली में गांधी जी की प्रतिमा पर मल्यार्पण करते चेयरमैन। अमृत विचार

संवाददाता मूसानगर/सिंकदरा

**अमृत विचार।** मूसानगर के थाना अध्यक्ष अमरेंद्र बहादुर सिंह ने गणतंत्र दिवस के पर्व पर तिरंगा यात्रा निकाली।

तिरंगा यात्रा थाना परिषद से प्रारंभ होकर गांव की प्रमुख गलियों में घूमते हुए बालाजी मंदिर से पुनः थाना स्थल में पहुंची। यात्रा में लोग अपने हाथों में बड़े-बड़े तिरंगा लेकर भारत माता की जय वंदे मातरम का उद्घोष के नारे लगा रहे थे। यात्रा का जगह-जगह पर स्वागत किया गया और मिष्ठान वितरण किया गया। थाना अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि देश के राष्ट्रीय पर्व को सभी लोगों को मनाना चाहिए । तिरंगा यात्रा में समस्त पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### सिंकदरा में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने किया ध्वजारोहण

**सिंकदरा।** 75वें गणतंत्र दिवस पर उद्योग व्यापार मंडल सिकंदरा अध्यक्ष कलाम कुरैशी ने झंडा फहरा कर गणतंत्र दिवस मनाया गया, गणतंत्र दिवस के अवसर पर देश के वीर शहीदों व स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को अमर रहे,अमर रहे के नारो से याद किया।इस दौरान उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष ने समस्त कस्बा वासियों व क्षेत्र वासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकमनाएं दी।वहां पर उपस्थित आम जनता को संबोधित करते हुए कहा की आज ही के दिन 26 जनवरी 1950 में हमारे भारत देश में संविधान लागू हुआ था।इसलिए हम सभी लोग 26 जनवरी को संविधान के रूप में तिरंगा झंडा फहराकर मनाते हैं।क्योंकि हर भारतीय आज के दिन 75वां गणतंत्र दिवस के रूप में मना रहा है।संविधान से हमारे देश के आम जनमानस को अपना अधिकार मिला है।इस दौरान सहीम अंसारी उद्योग व्यापार मंडल उपाध्यक्ष, नाजिर हुसैन, परवेज आलम, शिवकुमार पूर्व सभासद, इमरान खान,बउआं शुक्ला उद्योग व्यापार मंडल महामंत्री, करीब दो सैकड़ा लोग उपस्थित रहे।

### शिवली में चेयरमैन ने फहराया तिरंगा

**शिवली।** कस्बे के नगर पंचायत कार्यालय में गणतंत्र दिवस के अवसर पर चेयरमैन अवधेश शुक्ला ने झंडा फहरा कर सभा को संबोधित किया इस मौके पर अधिषासी अधिकारी समेंत समस्त सभासद मौजूद रहे।

# एसडीएम ने जांची असलहे की दुकान


असलहे की दुकान चेक करते एसडीएम। अमृत विचार

**रनियां।** आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है इसी क्रम में नगर पंचायत रनियां के चितिकपुर में संचालित परिहार गन हाउस में रविवार की दोपहर एसडीएम सदर अवनीश कुमार सिंह तथा क्षेत्राधिकारी अकबरपुर तनु उपाध्याय निरीक्षण करने पहुंचे।

एसडीएम सदर ने दुकान में रखे नए शस्त्रों, डबल बैरल, राइफल, ग्राहकों के जमा किए गए असलहे तथा कारतूसों का स्टाक रजिस्टर चेक किया। पूछताछ में सबकुछ ठीक तथा अभिलेख दुरुस्त मिले। इसके बाद रनियां कस्बे में पैदल भ्रमण कर स्थानीय लोगों तथा दुकानदारों से बातचीत कर हाल-चाल पूछा। इस दौरान एसओ रनियां महेंद्र पटेल क्षेत्रीय लेखपाल प्रदीप गौड़ व पुलिस फोर्स मौजूद रहा।

## झोलाछाप के इलाज से अधेड़ की मौत

**रसूलाबाद।** औरैया के निवाजपुर याकूबपुर निवासी वीरेंद्र सिंह (45) पुत्र गुलजारी लाल के पेट में अचानक दर्द शुरू हुआ। जिसके बाद वीरेंद्र सिंह ने एक झोलाछाप से दवाइयां लेकर खा लिया। पेट दर्द में आराम न मिलने पर उसकी हालत बिगड़ी गई। परिजन आनन फानन में उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रसूलाबाद लेकर पहुंचे। जहां ईएमओ डॉ सौरभ शाक्य के देखते ही वीरेंद्र सिंह ने दम तोड़ दिया, जिससे परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# मरम्मत के चलते 36 गांवों की ठप रही विद्युत आपूर्ति

**रनियां।** कस्बे में रविवार को 220 केवीए में हुई खराबी के कारण पांच औधिगिक इकाइयों और लगभग 36 गांवों की बिजली बाधित रही है। इससे नगर पंचायत सहित क्षेत्रीय लोगों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ा

खानचंद्रपुर रोड पर 220 केवीए का सबस्टेशन है। इससे रनियां सबस्टेशन,न्यू बारा सबस्टेशन, न्यू रनियां सबस्टेशन जुड़े हुए है। रविवार को 220 सबस्टेशन में मेंटिनेश के कार्य के कारण कानपुर प्लास्टिक, आदित्या पोलिपैक, फ्रंटियर फैक्टरी, वी के एग्रीकल्चर और जीपीएल फैक्ट्रियो की विधुत आपूर्ति बंद रही है। वही न्यू रनियां फीडर से जुड़े परसौली, करबक, नारीखेत, किशरवल, लक्ष्छुपुरवा,करचल, हुलासीपुरवा आदि गांवों की बिजली बंद रही है। गांव के लोगो को दोपहर में पानी की किल्लत बनी रही। लगभग 450 उधोग बंद रहे।

समस्या | पशुओं से फसलों को बचाने के लिये खेत पर बिता रहे सर्द रातें,मौका मिलते ही चट कर जाते हैं फसलें

# अन्ना पशुओं के आतंक से परेशान हैं किसान

संवाददाता रसूलाबाद



खेत में फसल चरते अन्ना गोवंश। अमृत विचार

**अमृत विचार।** फसलों के लिए ग्रहण बन चुके अन्ना पशुओं के आतंक ने किसानों का सुख चैन छीन लिया है। इस गंभीर समस्या के निदान के लिए सरकार द्वारा गोशाला खुलने के बाद भी समस्या का हल नहीं निकल सका। जिससे रबी की फसल के वक्त किसान अन्ना पशुओं की धमा चैकड़ी से परेशान हैं। निराश किसान स्वयं दिन रात एक कर पहरेदारी करने के लिए मजबूर हो चुके हैं। किसानों के लिए अन्ना पशु मुसीबत बन गये हैं।

वनरोज के अलावा, अन्ना मवेशियों का झुंड फसलों को चौपट कर रहा है। मेहनत से लगाई गयी फसलों पर कभी वनरोज हमला कर चट कर जाते हैं। तो कभी गाय, बैलों का झुंड फसल चर जाता है। किसान परेशान हैं। और हाथ में लाठी लेकर सर्द रातों में फसल ताकने पर मजबूर हो गए हैं। रसूलाबाद क्षेत्र में अंता गुदैला, इंदलपुर लालू, सिसाई, पलिया बांसखेड़ा, जगम्मनपुर धीर, कपराहट,नैला कटरा, भगवंतपुर कहिंजरी, भीतरगांव, कुर्सी खेड़ा आदि गांवों में आवारा पशुओं की बढ़ी संख्या फसलों पर हमला कर रही है। कई बार किसान आस-पास की गोशालाओं में पशुओं को बंद भी करवा चुके है।

वहीं ग्रामीणों ने आरोप यह भी लगाया की गोशाला में देने के बाद गोशाला से लेकर केयरटेकर प्रधान गोवंशों को अंदर करने के लिए कर पैसे मांगते हैं। नैला कटरा निवासी रणवीर सिंह यादव भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के ब्लॉक अध्यक्ष ने बताया कि हम किसानों की समस्याओं को लेकर ब्लॉक व तहसील में कई बार किसनों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन दे चुके हैं लेकिन अभी तक अधिकारी गोशालाओं में ना तो जानवर को अंदर रख रहे हैं। और ना ही नहीं गोशालाओं का निर्माण हो रहा है। जिससे किसानों को इस हाड़कंपाऊ ठंड में रात रात भर खेतों में जाग कर बिताना पड़ रहा है।

### ............... क्या बोले ग्रामीण ...............



"हाड़कंपाऊ ठंड में रात दिन यूं ही जागकर हमारे परिवार से कोई ना कोई सदस्य खेतों पर रखवाली करने आता है आए दिन अन्ना जानवर खेतों को चर डालते हैं जिससे रवि की फसल में बहुत ही ज्यादा नुकसान हो रहा है।

–संतोष कुमार प्रजापति



हमारे गांव में ना तो अलाव की व्यवस्था है और ना ही गोशाला की आसपास क्षेत्र के गोशालाओं में देने जाओ तो गोशाला वाले पैसे मांगते हैं जिसको लेकर रात में इस हाड़कंपाऊ ठंड में लाठी लेकर हम रात दिन अपनी फसलों की रखवाली करते हैं।

–हरिनारायण तिवारी



किसानों की समस्याओं को लेकर ब्लॉक व तहसील में कई बार ज्ञापन दे चुके हैं लेकिन अभी तक अधिकारी गोशालाओं में ना तो जानवर को अंदर रख रहे हैं और ना ही न ही क्षेत्र में गोशालाओं का निर्माण करा रहे हैं।7

–रणवीर सिंह यादव"

"जल्द ही गोवंशों को संरक्षित करवाया जायेगा गोशालाओं के निर्माण के लिए शासन से अनुमति मांगी जायेगी शीघ्र ही किसानों की समस्या का निस्तारण किया जायेगा।

–बीडीओ डीपी यादव

## मार्ग दुर्घटना में बाइक सवार की गई जान

**कानपुर देहात।** रूरा डेरापुर मार्ग पर गलुआपुर के पास शनिवार देर रात तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आकर कन्नौज जिले का रहने वाला बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे सीएचसी डेरापुर में भेजा। वहां डाक्टर ने जांच के बाद उसको मृत घोषित कर दिया।

ग्राम लुखरिया कन्नौज निवासी तीस वर्षीय श्रीकांत पुत्र राम चंद्र यादव सीएचसी डेरापुर में 108 एंबुलेंस का चालक था। शनिवार को ड्यूटी समाप्त होने के बाद वह देर रात बाइक से रिश्तेदारी में रूरा थाना क्षेत्र के अचलीपुरवा गांव जा रहा था। रूरा डेरापुर मार्ग पर स्थित गलुआपुर के पास पेट्रोल पंप के सामने अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इससे वह उछलकर सड़क पर जा गिरा। दुर्घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुची पुलिस ने उसको डेरापुर सीएचसी भेजा। वहां मौजूद डॉ पवन गुप्ता ने जांच के बाद उसको मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर डेरापुर ने बताया की उसके परिजनों को हादसे की सूचना दे दी गई है ।

## सार-संक्षेप


फीता काटकर कथा का उद्घाटन करतीं पीसीसी सदस्य। अमृत विचार

### भीम कथा की हुई शुरुआत

**रसूलाबाद।** जोत गांव में चल रही भीम कथा का कांग्रेस महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष व पीसीसी सदस्य उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मनोरमा संखवार ने फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के बनाए संविधान के चलते ही सभी को अधिकार मिले हैं, जिसके माध्यम से सभी उत्थान हो रहा है।इस मौके पर अमर बहादुर संखवार, धर्मवीर संखवार, विजय कुमार, राम शंकर, रविंद्र कुमार, अनूप कुमार, जयकरन मौजूद रहे।

### आज आयेंगे प्रवीण तोगड़िया

**रूरा।** काशीपुर गांव में अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के संस्थापक व अध्यक्ष प्रवीण तोगड़िया सोमवार को आयेंगे।काशीपुर के रहने वाले भूपेंद्र सिंह ने बताया की प्रवीण तोगड़िया सोमवार को आयेंगे।जिसमें करनी सेना के प्रवीण सिंह गौर द्वारा स्वागत कार्यक्रम भी रखा गया है।वहीं पर कार्यक्रम के पश्चात रात्रि विश्राम करेंगे।


ग्राम प्रधान के घर शिकायत करने पहुंची महिलाएं। अमृत विचार

### गर्भवती महिलाओं को नहीं मिल रहा बाल पुष्टाहार

**मूसानगर।** विकास खंड अमरौधा के ग्राम पंचायत हलिया के आंगनबाड़ी केन्द्र क्योंटरा बांगर में हर महीने गर्भवती महिलाओं को बाल पुष्टाहार का वितरण नहीं किया जा रहा है।शनिवार को ग्राम प्रधान हलिया को मौखिक रूप से शिकायत करने पहुंची रीमा देवी, सुमन, चन्द्र कली, पूजा देवी,नीलम, सीता, सोमवती सहित डेढ़ दर्जन महिलाओं ने ग्राम प्रधान रेखा देवी के घर पहुंच कर आंगनबाड़ी कार्यकत्री सुमन पर आरोप लगाते हुए बताया कि हर महीने बाल पुष्टाहार नहीं मिलने की गुहार लगाई है। कभी कभी एक महीने छोड़कर आधा अधुरा बाल पुष्टाहार ही वितरित किया जाता है। ग्राम प्रधान रेखा देवी ने बताया कि महिलाएं पुष्टाहार नहीं मिलने की बात कह रही है। शिकायत को लेकर उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा।


स्टेशन पर चेकिंग करती एसओजी टीम। अमृत विचार

### एसओजी व डॉग स्क्वॉयड की टीम ने परखी सुरक्षा व्यवस्था

**पुखराया।** कस्बा के रेलवे स्टेशन पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एसओजी टीम सहित डॉग स्क्वॉयड टीम के द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया,जहा पर यात्रियों से जानकारी के साथ उनके सामान की चेकिंग की गई।पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति को छात्रों एवं नव युवकों द्वारा रेल रोको आंदोलन की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एसओजी टीम,आरपीएफ,जीआरपी,डॉग स्क्वायड टीम सहित पुलिस बल के साथ कस्बा के रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया, जहां पर यात्रियों से पूछताछ के साथ बैगों की चेकिंग की गई,इसी दौरान एसओजी प्रभारी बिनोद कुमार,जीआरपी चौकी इंचार्ज अरविंद यादव,आरपीएफ प्रभारी केके पांडेय और सिविल चैकी इंचार्ज धीरेन्द्र कुमार और एलआईयू अंग्रेज यादव आदि लोग मौजूद रहे थे।

गणतंत्र दिवस व बसंत पंचमी
की हार्दिक शुभकामनाएं

जहीर अहमद
इंचार्ज प्रधानाध्यापक
प्राथमिक विद्यालय राजपुर
प्रथम, कानपुर देहात

# धूप से मिली राहत, ठंडी हवाओं से बढ़ी आफत

## रविवार को सुबह से निकले सूर्य, बादल आने से चलता रहा लुकाछिपी का खेल, गलन से हाल बेहाल

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर



कोहरे के चलते दिन में भी छाई रही धुंध। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कोहरे के साथ गलनभरी सर्दी से बेहाल लोगों के लिए रविवार का दिन राहत भरा रहा। सुबह से निकली धूप के गुनगुनेपन ने लोगों को काफी राहत दी। हालांकि ठंडी हवाओं की वजह से लोग बेहाल रहे। दिन में धूप निकलने व तापमान सामान्य से डेढ़ डिग्री ऊपर पहुंचने से लोगों को गलन से राहत मिली। हालांकि धूप के बाद भी तेज व ठंडी हवाएं राहगीरों को गलन का अहसास कराती रहीं।

जनपद में मौसम बार-बार करवट बदल रहा है। शनिवार रात में पारा सामान्य से ढाई डिग्री नीचे गिरने व ठंडी हवा से बढ़ी गलन से लोग व पशु-पक्षी बेहाल रहे। रविवार को सुबह से ही आसमान साफ होने व धूप निकलने से लोग घरों से बाहर आकर गुनगुनी धूप का आनंद लेते दिखे। हालांकि कुछ ही देर बाद बादलों के आ जाने से धूप और बदली के बीच लुकाछिपी का खेल चलता रहा। वहीं मौसम साफ रहने से कस्बों व साप्ताहिक बाजारों में रौनक दिखी। पिछले कई दिनों से धूप नहीं निकलने से साफ किए गए कपड़ों के न सूखने से परेशान महिलाओं को भी रविवार को मौसम के बदले रुख से काफी राहत मिली। दोपहर में काम निपटाने व कपड़ों की धुलाई के बाद धूप में डालने के बाद महिलाएं खुद भी धूप में बैठने के लिए छतों पर पहुंच गईं। ढाई किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चलने उत्तर पूर्वी हवा राहगीरों को परेशान करती रहीं। दिन ढलने के बाद फिर तेज हवा ने मौसम को सर्द कर दिया। गलन बढ़ने से हर कोई जल्द घर पहुंचने की कवायद में जुटा दिखा।

### बाजारों में दिखी रौनक

बीते एक माह से कड़ाके की सर्दी के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा। इसका खासा असर बाजारों में भी देखने को मिला। सहालग होने के बाद भी ग्राहक दुकानों की ओर रुख नहीं कर रहे थे। लेकिन दो दिन से निकल रही धूप से बाजारों में चहल-पहल बढ़ी नजर आई। इनदिनों सहालग तेज होने से दुकानदारों को भी अच्छा व्यवसाय होने की उम्मीद बंधी हुई है।



### सर्दी को लेकर लोगों में रहता है अंदेशा

दो दिन से निकल रही धूप से मिली कुछ राहत के बाद अभी भी लोग कड़ाके की सर्दी कम होगी कि नहीं, इसको लेकर अंदेशे में हैं। एक दिन पूर्व शनिवार की सुबह घने कोहरे के साथ स्थिति यह थी कि ठीक से एक मीटर तक भी दिखाई नहीं दे रहा था। हालांकि रविवार की सुबह ऐसी स्थिति थी कि दिन में मौसम खुला था और चटक धूप निकली थी लेकिन वह भी हवाओं के आगे बेअसर रही।

### इस बार टूटा सर्दी का रिकार्ड

बीते करीब एक दशक से अधिक समय बाद इस बार जनवरी माह में इतनी सर्दी पड़ी है। बुजुर्गों का कहना है कि इतनी सर्दी 12 साल बाद पड़ी है। इससे पूर्व जनवरी माह में दस दिन या फिर 15 दिन ही सर्दी पड़ती थी। इस बार रिकार्डतोड़ सर्दी पड़ने से लोग परेशान हो गये।

# धूप निकलने से आलू खोदाई में आई तेजी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- करीब एक माह से कोहरे एवं भीषण सर्दी से परेशान थे किसान
- आलू की फसल में रोग लगने के भय से खोदाई पर दे रहे जोर

**अमृत विचार।** कड़ाके की सर्दी और धूप न निकलने से खासकर आलू की फसल में रोग की संभावना बढ़ने से किसान परेशान थे। करीब एक माह से आलू की खुदाई प्रभावित चल रही थी। दो दिन से धूप खिलने से किसानों ने आलू की खुदाई तेज कर दी है।

किसान अब खेत में आलू के ढेर लगाकर बीजा और छट्टा आलू को अलग कर छट्टा आलू मंडी लेकर पहुंच रहे हैं। इससे किसानों को आलू का भाव अच्छा मिल रहा है। कड़ाके की पड़ रही सर्दी ने आलू की आवक मंडी में रुकी हुई थी। बीते कई दिनों से मंडी में आलू की आवक अपेक्षा के अनुसार कम ही हो रही थी। ठिठुरन और धूप न निकलने से किसान आलू की खुदाई की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे थे। इसलिए मंडी में आलू की आवक लगातार घट रही थी। सर्दी के चलते व्यापारी भी आलू की खरीद में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे थे इसलिए आलू का भाव भी बढ़ नहीं पा रहा था। लेकिन बीते शनिवार से मौसम खुला है। दो दिन से धूप खिल रही है। इससे अब किसानों ने आलू की खुदाई फिर से तेज कर दी है। किसान अब बड़ी संख्या में आलू की खुदाई कर खेत में ही आलू के ढेर लगाकर बीजा को अलग अलग कर रहे हैं। आलू से बीजा और खराब आलू निकालकर छट्टा आलू मंडी लेकर पहुंच रहे हैं। किसानों को मंडी में छट्टा आलू का भाव भी अच्छा मिल रहा है। छट्टा आलू 750 रुपये प्रति कुंटल तक बिका। मौसम खुलने से आलू की आवक बढ़ी है और खरीदारी भी ठीक रही। आढ़तियों का कहना रहा कि सर्दी के कारण व्यवसाय प्रभावित रहा। अब मौसम साफ होने से कुछ उम्मीद बनने लगी है।

# दमकल विभाग से मांगा संसाधनों का ब्यौरा, पूर्ति का मिला आश्वासन

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

- पिछले वर्ष विभाग ने शासन से किया था पत्राचार
- मौजूद संसाधनों का शासन ने मांगा लेखाजोखा



जिले में स्थित दमकल विभाग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आग लगने की घटनाओं के दौरान हमारा दमकल विभाग जूझता हुआ नजर आता है, वजह है विभाग के पास पर्याप्त संसाधनों का न होना। सीमित संसाधन और स्टाफ की कमी के बावजूद किसी तरह विभाग हर साल इन कठिनाइयों से गुजरते हुए अपने काम को अंजाम देता है। करीब आठ माह पूर्व भेजे गए प्रस्ताव पर शासन ने मुहर लगाते हुए विभाग के पास मौजूद संसाधनों को ब्यौरा मांगते हुए संसाधनों की पूर्ति करने का आश्वासन दिया है।

**विभाग को जगी उम्मीद**

पुराने कंडम हो चुके वाहनों से काम चला रहे विभाग को राहत तब मिली है कि जब हाल ही में शासन से नए संसाधन मिलने की सूचना मिली। लेकिन जनपद को इन नए संसाधनों में नया क्या मिलेगा यह स्पष्ट नहीं है। इसके अलावा विभाग ने जनपद में करीब सात और फायर स्टेशन खोलने के लिए शासन को पत्राचार किया था लेकिन अभी तक सिर्फ असोथर क्षेत्र में ही एक स्टेशन स्वीकृत हो सका है। जबकि जरूरत अधिक की है जिससे आग को तुरंत बुझाकर संपत्ति को बचाया जा सके। नए फायर स्टेशन खोलने सम्बन्धित शासन से कोई जवाब नहीं मिला है।

### 11 वाहनों के सापेक्ष सिर्फ तीन चालक

विभाग के पास मौजूदा समय में छोटे-बड़े 11 वाहन हैं लेकिन उन्हें चलाने के लिए तीनों तहसीलों में महज तीन ही चालक हैं। ऐसे में बड़ी घटना होने पर विभाग के पास वाहन होने के बावजूद चालक न होने से बड़ी समस्या सामने खड़ी हो जाती है। विभागीय जिम्मेदारों का मानना है कि शासन की ओर से स्टाफ की भरपाई की जाए तो काम और आसान हो जाएगा। अभी हमारे पास वाहन तो ज्यादा हैं पर वाहन चालक ज्यादा नहीं हैं।

### जिले में मौजूद संसाधन

| पद | तैनाती | जरूरत |
|---|---|---|
| सीएफओ | 01 | 01 |
| एफएसओ | 00 | 01 |
| द्वितीय दारोगा | 02 | 03 |
| लीडिंग फायरमैन | 03 | 09 |
| चालक | 03 | 08 |
| बड़े टैंकर | 06 | 10 |
| जीप-बोलेरो | 04 | 10 |
| फायर बुलेट | 01 | 03 |
| फोम टेंडर | 00 | 03 |
| फायरमैन | 24 | 53 |

"जरूरत के हिसाब से संसाधन कम हैं। पिछले वर्ष शासन को इस बाबत पत्राचार किया गया था। अब शासन से जिले के संसाधनों का ब्योरा मांगा गया था, जो कि भेजा जा चुका है। उम्मीद है कि मार्च के दूसरे पखवाड़े में संसाधन उपलब्ध हो जाएंगे। इसके साथ ही बचाव कार्य में राहत होगी। **उमेश गौतम, एफएसओ**

# विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

- फर्जी वीजा देने का विरोध करने पर फंसाने की दी धमकी
- सुल्तानपुर घोष पुलिस ने दर्ज किया मामला

**अमृत विचार।** विदेश में नौकरी लगवाने का झांसा देकर जालसाज ने पांच युवकों से करीब सात लाख रुपये हड़प लिए। फर्जी वीजा देने का विरोध करने पर जालसाज ने आईएसआई का एजेंट घोषित कर फंसाने की धमकी दी। पुलिस के सुनवाई न करने पर पीड़ित ने कोर्ट से गुहार लगाई। कोर्ट के आदेश पर सुल्तानपुर घोष पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज किया है। साथ ही पुलिस का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है जांच कर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

कानपुर रामा देवी सनिगवां निवासी तारिक का आरोप है कि सुल्तानपुर घोष थाने के पूर्व परिचित शहनूर से एक साल पहले मुलाकात हुई थी। उसने अपनी टूरिस्ट कंपनी के जरिए खाड़ी देश में नौकरी लगवाने का झांसा दिया। कंपनी के पार्टनर रानू, साकिब, अतीक अहमद, परवेज अहमद से मुलाकात कराई। उसने और साथी विजय गुप्ता, सांता कुमार, स्वामी नाथ, इमरान अहमद ने सात लाख रुपये शहनूर और उसके पार्टनरों को दिये। उन लोगों को दिल्ली भेजा गया और दिल्ली में वीजा दिया गया। वीजा की जांच कराने पर फर्जीवाड़े का पता लगा। उसने शहनूर से पूछताछ की और रुपये लौटाने को बोला। शहनूर ने फोन पर धमकी दी कि फर्जी वीजा की पुलिस को सूचना देकर उन लोगों को पकड़ा देगा और उन लोगों को आईएसआई का एजेंट घोषित करा देगा। वह लोग दहशत में आ गए। अधिवक्ता शास्वत गर्ग ने बताया कि अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट में पीड़ितों का प्रार्थना पत्र दिया गया था। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पैथोलाजी कर्मी पर 30 लाख हड़पने का आरोप

**फतेहपुर।** कोर्ट के आदेश पर हुसैनगंज पुलिस ने पैथोलॉजी कर्मी पर दुकान का 30 लाख रुपये धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज किया है। सदर कोतवाली क्षेत्र के नासिरपीर निवासी अमित पटेल ने हुसैनगंज थाना क्षेत्र के गौरा चुरियारा निवासी शशांक पटेल उर्फ अंशू के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि हुसैनगंज सीएचसी के सामने 2018 में पैथोलाजी खोली थी। दुकान में शशांक पटेल उर्फ अंशू, राज सिंह चौहान, रोहित पटेल को काम पर रखा था। शशांक दुकान की आय-व्यय के लेखाजोखा का काम करता था। वह गंभीर बीमारी से ग्रसित हो गया। वह दुकान में हिसाब लेने नहीं जाता था। इस दौरान आय-व्यय के हिसाब का रजिस्टर भी शशांक ने गायब कर दिया। उसने करीब पिछले पांच साल में 30 लाख रुपये का गबन किया है। गबन कर आठ लाख का प्लाट, एक-एक लाख कीमत के मोबाइल, बाइक खरीदी है। हिसाब मांगने पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी है। प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# दबंगों ने फसल नष्ट कर मौरंग का किया खनन

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

- ग्रामीणों ने डीएम से मिलकर लगाई न्याय की गुहार
- पुलिस ने पकड़े ट्रैक्टर पर नहीं की कार्रवाई

**अमृत विचार।** यमुना कटरी क्षेत्र के किनारे बसे ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर जिलाधिकारी से मिलकर खेत से अवैध रूप से दबंगों द्वारा मौरंग खनन करने की शिकायत करते हुए प्रार्थना पत्र दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस ने आधा दर्जन ट्रैक्टर मौके से पकड़े, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की अब दबंग उन्हें जाने से मारने की धमकी दे रहे हैं।

ललौली थाना क्षेत्र के कोर्रा कनक गांव के ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर जिलाधिकारी के नाम एसडीएम को प्रार्थना पत्र देते हुए खेत से जबरन अवैध मौरंग खनन करने वाले दबंगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीण अवधेश सिंह, चंद्र प्रकाश सिंह, इंद्रजीत सिंह, शुभम सिंह, कमल सिंह, जगदीश सिंह, राम पाल सिंह, गोलू सिंह, राहुल सिंह, हरिश्चंद्र और रामपाल ने आरोप लगाया कि उनके गांव ओनई मजरे कोर्रा कनक में खेत में मौरंग है। हम खेती कर परिवार चलाते हैं। 23 जनवरी की रात में गांव के कुछ लोग पांच ट्रैक्टर और जेसीबी से खेत में लगी फसल को नष्ट कर मौरंग खोदकर ट्रैक्टर से ले जा रहे थे। जब मौके पर पहुंचे और विरोध किया तो अवैध असलहा के बल पर दबंगों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। दतौली पुलिस चौकी प्रभारी को फोन किया तो मौके से दबंग भाग गए। पुलिस ने पांच ट्रैक्टर ट्राली और एक हाइड्रा को जब्त किया था। उसके बाद कोई कार्रवाई नहीं की। मामले में एसडीएम ने थाना प्रभारी को जांच के बाद कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

### डॉ. किरन ने वितरित किए सेनेटरी पैड



गरीब बस्तियों में महिलाओं को बीमारियों से बचाने एवं जागरूक करने के उद्देश्य से नई किरण सेवा समिति का प्रयास सराहनीय है। समिति की संचालिका डॉ. किरन सिंह ने शनिवार को शहर के गौतम नगर रेल बाजार के छोटी बस्ती में महिलाओं को सेनेटरी पैड व दवाइयां वितरित की। वहीं महिलाओं को होने वाली तमाम बीमारियों के बारे में व उनसे बचाव की जानकारी दी। डाक्टर ने स्किन से सम्बंधित बीमारी, डेंटल से सम्बंधित बीमारी, हेयर से सम्बंधित समस्याओं को बताते उसका निदान बताया। वहीं मरीजों की तमाम जिज्ञासाओं को सुनकर डाक्टर ने सलाह देकर उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया। उन्होंने कहाकि बीमारियों के प्रति महिलाओं को जागरूक रहना चाहिए। जरा सी लापरवाही बीमारी को बढ़ा देती है, जो कि आगे चलकर बड़ा रूप धारण कर सकती है इससे बचने के लिये हमें जागरूक रहना चाहिये। इस मौके पर मानव मंगल संस्थान की संचालिका सुनीता द्विवेदी भी मौजूद रहीं। • अमृत विचार



भट्ठे में रोते बिलखते मृतक के परिजन। अमृत विचार

# भट्ठा मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, हत्या का आरोप

संवाददाता असोथर, फतेहपुर

- परिजनों ने पीटकर हत्या करने का लगाया आरोप
- तहरीर बदलवाने का पुलिस बनाती रही दबाव

**अमृत विचार।** भट्ठे में रहकर मेहनत मजदूरी करने वाले एक व्यक्ति की शनिवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सुबह हुई जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं परिजनों ने युवक की हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कही है।

थाना क्षेत्र के कौंडर गांव निवासी आदित्य पासवान उर्फ पांडे पुत्र चंद्रपाल घरवासीपुर स्थित ईंट भट्ठे में परिवार के साथ ईंट पथाई का काम करता था। परिजनों ने बताया कि रविवार सुबह वह अपनी झोपड़ी में मृत अवस्था में मिला है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं पत्नी बसंती देवी ने बताया कि भट्ठा मालिक और मुनीम अपने निजी कार्य को लेकर शनिवार सुबह पति आदित्य को लेकर गए थे। उसके बाद रात करीब दो बजे उसे झोपड़ी में छोड़कर चले गए थे।



आदित्य पासवान।

पत्नी ने बताया कि पति को साजिश के तहत मरवाकर झोपड़ी में फेंकवा दिया। बसंती ने अपने पति को बार बार उठाने की कोशिश की लेकिन पति आदित्य की मौत हो चुकी थी। मामले में थाना प्रभारी विनोद कुमार मौर्य ने बताया कि तहरीर मिली है।

**भट्ठा मालिक ने बताया हादसा**

भट्ठा मालिक प्रदीप शुक्ला ने बताया कि शनिवार सुबह भट्ठे से ईंट लादकर सरकंडी गांव ईंट उतारने को गया था। वापस लौटते समय उसने शराब पी और सराय खालिस सीएचसी के पास मौरंग लदे ट्रैक्टर ट्राला में टक्कर हो गई। जिसमें ट्रैक्टर के इंजन पर बैठा आदित्य नीचे गिर गया और उसको चोट लग गई। जिस पर मुनीम और वह खुद आदित्य को इलाज के लिए शहर ले गए थे, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके बाद वह उसे वापस लाये और उसकी झोपड़ी में डाल दिया।

### तहरीर बदलवाने का आरोप

मृतक की पत्नी बसंती देवी ने बताया कि पुलिस को लिखित तहरीर दी है। लेकिन पुलिस तहरीर को भट्ठा मालिक और मुनीम के दबाव को लेकर हादसे में तब्दील करने का दबाव बनाती रही। पत्नी बसंती देवी और मां ने एसपी को मिल शिकायत कर तहरीर देने की बात कही है।

**समस्या** ठेकेदार की लापरवाही से स्थानीय लोगों में फैला है रोष, नव निर्मित दांदों पुल के सम्पर्क मार्ग का है मामला

# सड़क पर गिट्टी डालकर भूल गए जिम्मेदार, राहगीर हो रहे परेशान

संवाददाता, किशनपुर, फतेहपुर



सड़क पर पड़ी गिट्टी व उससे उड़ती हुई धूल। अमृत विचार

- रास्ते से उड़ती धूल लोगों को कर रही है बीमार, गिरकर चुटहिल हो रहे हैं राहगीर

**अमृत विचार।** कस्बे को बांदा जनपद से जोड़ने वाले नव निर्मित दांदों पुल के मार्ग में महीने भर पूर्व गिट्टी डालकर भूल गये हैं। ठेकेदार की लापरवाही से राहगीरों को भारी समस्या हो रही है। रास्ते से उड़ती धूल लोगों के लिए आफत बनी हुई है।

कस्बे को दांदो से जोड़ने के लिए शासन द्वारा करोड़ों रुपये की लागत से पक्के पुल का निर्माण कार्य कराया गया है। लोक निर्माण विभाग ने करीब 6 माह पूर्व पुल का कार्य भी पूरा कर दिया। पक्के पुल पर अब पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सड़क का कार्य बाकी है। वहीं पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सड़क के निर्माण के लिए रास्ते में गिट्टी भी डाल दी गई है। सड़क पर महीने भर पूर्व गिट्टी बिछाने का कार्य भी कर दिया गया है। लेकिन ठेकेदार की लापरवाही के चलते निर्माण कार्य ठंडे बस्ते पर है। जिसकी वजह से आए दिन बाइक सवार गिरकर चोटिल हो रहे हैं। वहीं सड़क से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में स्कूली छात्र भी गुजरते हैं जो उड़ते हुए धूल के गुबार से परेशान हैं। सड़क से दौड़ते हुए ओवरलोड वाहनों की उड़ती हुई धूल का गुबार बीमारी का कारण बना हुआ है। ज्ञात हो कि पुल का निर्माण कार्य सन् 2016 में शुरू किया गया था। जिसमें लोक निर्माण विभाग की सुस्ती के चलते करीब छह साल लग गए। किसी प्रकार से जैसे तैसे कर पुल का निर्माण कार्य पूरा हुआ। लेकिन अब पीडब्ल्यूडी विभाग की लापरवाही से राहगीरों का आवागमन सुगम नहीं हो पा रहा है। स्कूल में पढ़ने वाले कई छात्रों ने बताया कि सुबह विद्यालय जाते समय सड़क से उड़ती हुई धूल से कपड़े खराब हो जातें हैं। वहीं पुल पर लोक निर्माण विभाग द्वारा भारी वाहनों के आवागमन न होने का बोर्ड भी लगाया गया है। बावजूद इसके पुल पर भारी मात्रा में ओवरलोड वाहनों का आवागमन होता है।

### क्या बोले स्थानीय बाशिंदे..



करीब छह माह पहले पुल का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है लेकिन पीडब्ल्यूडी विभाग की तरफ से कार्य में लापरवाही बरती जा रही है। जिसका खामियाजा आम लोगों को झेलना पड़ रहा है। सड़क पर महीने भर पहले गिट्टी बिछाई गई थी लेकिन तब से काम ठप है। सड़क पर अभी भी मिट्टी पुराई का कार्य कई जगह शेष है।

**-धर्मेंद्र दीक्षित, अध्यक्ष सड़क संघर्ष समिति**



लापरवाही के चलते सड़क के निर्माण में देरी आ रही है। जिससे क्षेत्र के लोगों में गुस्सा है। नगर पंचायत किशनपुर के लोगों को पुल बनने के बाद व्यापार में बढ़ोत्तरी की उम्मीद थी लेकिन विभागीय लापरवाही से व्यापारियों में भी गुस्सा है

**-अनिल शुक्ला, व्यापार मंडल अध्यक्ष किशनपुर**

"मामले में लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता अनिल कुमार सील ने बताया कि ठंड की वजह से काम बंद है। सड़क का काम मार्च तक हर हाल में पूरा कर दिया जाएगा। वहीं ओवरलोड वाहनों के आवागमन को लेकर उन्होंने कहा कि पुल पर ओवरलोड वाहनों में रोक के लिए स्थानीय प्रशासन को ध्यान देना चाहिए। जिससे पुल पर भारी वाहन न निकल सके।

## सार-संक्षेप

### रास्ते के विवाद में लाठी-डंडे से पीटा

**जाफरगंज।** थाना क्षेत्र के बंगला गांव निवासी राजकुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शनिवार को प्रधान द्वारा रास्ते में मिट्टी की पुरायी का काम करवाया जा रहा था। जेसीबी चालक द्वारा उसके खेत की तरफ से अधिक मिट्टी निकालने को लेकर मना किया। इस दौरान गांव के राजेंद्र, सुघर, मनोज व मनोज की पत्नी लाठी डंडे लेकर आ गए और पीटने लगे। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

### अपहरण की रिपोर्ट दर्ज

**जाफरगंज।** थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पति मजदूरी करने गए थे और वह खेतों में काम करने गई। जाफरगंज के रहने वाले अभिषेक बेटी को बहला-फुसला कर अपने साथ ले गया है। बेटी अपने साथ 30 हजार रुपये नकद और जेवरात भी साथ ले गई है। पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

### लापरवाह लिपिक को चेयरमैन ने किया निलंबित

**किशनपुर।** कार्य में लापरवाही बरतने और अपने पदीय दायित्व का सही से निर्वहन न करने तथा अनुशासन हीनता करने पर शनिवार को किशनपुर के चेयरमैन ने मुख्य लिपिक को निलंबित कर दिया। नगर पंचायत किशनपुर में मुख्य लिपिक श्याम प्रकाश सेवा दे रहे थे। जिन्हें 31 जनवरी को सेवानिवृत्त होना था। उससे तीन दिन पहले नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने आरोप लगाते हुए उन्हें निलंबित कर दिया है। जिसकी जांच अधिशासी अधिकारी राजकुमार को दी गई है। अध्यक्ष सुरेंद्र सोनकर ने बताया लिपिक अपने पदीय दायित्व का निर्वहन नहीं कर रहे थे और काम के प्रति लापरवाही बरत रहे थे लगातार अनुशासनहीनता भी की जा रही थी तथा कार्यालय की गोपनीय सूचनाएं लीक हो रही थीं कई गंभीर मामलों में संलिप्त पाए जाने पर यह कार्रवाई की गई है। आरोपित लिपिक श्याम प्रकाश ने बताया नौ माह से वेतन नहीं दिया गया है। रिटायरमेंट से पहले वेतन का दबाव बनाया गया तो कार्यवाही कर दी गई।

# ट्रेन की चपेट में आए दुकानदार की मौत

## शादीपुर के नाका पार किराने की दुकान चलाता था युवक, दुकान बंद कर आ रहे थे घर, मचा कोहराम

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र के शादीपुर नाका में शनिवार की देर रात ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। हादसे की जानकारी पर पहुंचे परिजनों में शव देख कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

सदर कोतवाली के कृष्णा कालोनी निवासी रमाशंकर की शादीपुर नाका पार किराने की दुकान है। रात करीब नौ बजे वह अपने पुत्र दिव्यांशु के साथ दुकान बंद कर घर आ रहा था। बताया कि नाका के पास पान की दुकान में सामान खरीदने लगे। इसी बीच पिता अचानक वहां से चल दिए। पुत्र ने जब देखा कि पिता साथ नहीं है तो उन्हें ढूढ़ने निकल गया लेकिन कोई जानकारी न लगी। देर रात जीआरपी ने मोबाइल से पुत्र को जानकारी दिया कि पिता की ट्रेन से कटकर मौत हो गई है। सूचना मिलते ही पुत्र जीआरपी थाने पहुंचा और शव की शिनाख्त की। पंचनामा भर जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



### ट्रेन से गिरकर युवक घायल, अस्पताल में भर्ती

**फतेहपुर।** बिहार प्रांत के पटना जिला के थाना बिगोनी गांव रूद्रनगर निवासी बंटी पुत्र शत्रुघन रविवार सुबह ट्रेन से गिर गया। सूचना पाकर आरपीएफ ने घायलावस्था में उसे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुयी है।

### युवती ने जहर खाकर दी जान

**बिंदकी।** प्रेमी द्वारा शादी से इंकार करने से आहत एक युवती ने रविवार को जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर हुई जानकारी के बाद परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जाफरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती की बड़ी बहन की ससुराल इसी थाना क्षेत्र के एक गांव में है। बताया जा रहा है कि महिला के चचेरे देवर का छोटी बहन से काफी दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। मृतका की बड़ी बहन ने बताया कि देवर ने एक सप्ताह पूर्व शादी करने से इंकार कर दिया था। जिससे छोटी बहन मानसिक तनाव में रहती थी। पिता ने भी समझाया कि शादी दूसरी जगह कर देंगे। लेकिन वह मानने को तैयार नहीं थी। मृतका गांव भी पहुंची थी लेकिन युवक व उसकी मां ने गाली-गलौज कर भगा दिया था। छोटी बहन ने रविवार की सुबह जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

# रोड किनारे मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

संवाददाता फतेहपुर

- एक निजी अस्पताल में सफाई का काम करता था युवक
- बड़े भाई ने हत्या कर शव फेंके जाने की दी तहरीर

**अमृत विचार।** शहर क्षेत्र के अग्रसेन चौराहा के पास देर रात पुलिस को एक युवक का शव मिला। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बाद में शव की पहचान कराने के बाद परिजनों को सूचना दी। जानकारी पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया।

गाजीपुर थाना क्षेत्र के घघौरा गांव निवासी प्रकाश बाल्मीकि का पुत्र नीरज बाल्मीकि जेल के पास स्थित निजी हास्पिटल में साफ-सफाई का काम करता था। बताते हैं कि शनिवार की शाम वह ड्यूटी खत्म कर घर वापस जा रहा था, तभी संदिग्ध अवस्था में अग्रसेन चैराहा के पास उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर घटनास्थल पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

वहीं मृतक के बड़े भाई सुभाष ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्हें आशंका है कि उसकी हत्या कर शव फेंका गया है। वहीं पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कही है।

# टाइल्स कारीगर को बंधक बनाकर पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**फतेहपुर।** टाइल्स कारीगर को काम करने के बाद रुपये मांगना भारी पड़ गया। काम के बाद रुपये मांगने पर काम कराने वालों ने बंधक बनाकर पीटा। मामले में कोर्ट के आदेश पर चांदपुर पुलिस ने एससी-एसटी एक्ट समेत कई धाराओं में गृहस्वामी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाही की जायेगी।

बकेवर थाने के देवमई निवासी राजेंद्र पासवान उर्फ पिंटू टाइल्स कारीगर है। उसने बताया कि चांदपुर थाने के अमौली निवासी विकास सिंह सचान के घर में टाइल्स-पत्थर लगाने का काम किया था। काम का 26 हजार रुपया हुआ था काम के बाद टाइल्स सही से नहीं लगाने का आरोप लगाया। धीरे-धीरे 16 हजार 600 रुपये दिए। बाकी रुपये मांगने पर बंधक बनाकर मारापीटा और जातिसूचक शब्द बोले। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

# रंजिश में दो पक्षों के बीच बवाल, 18 पर रिपोर्ट

संवाददाता फतेहपुर

- पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर शुरू की जांच पड़ताल

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र के सैयदवाड़ा मोहल्ले में दो पक्षों के बीच रंजिश को लेकर बवाल हो गया। एसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ बलवा, मारपीट, लूट, धमकी समेत कई धाराओं में 18 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

एक पक्ष से शब्बीर अहमद की पत्नी शबाना का आरोप है कि देवरानी वसीमा, देवर शफीक, भतीजी शाइस्ता, भतीजे उली सैफ, समीर, नुरुल, आलम, नसीमा, नसीम, मोसना दरवाजे के सामने दीवार खड़ी कर रहे थे। सूचना पुलिस चौकी आबूनगर में दी। पुलिस से शिकायत की खुन्नस में लाठी डंडा, बेल्चा से हमला किया। उन लोगों ने बेटे आदिल, बेटी चांदनी, रोशनी, उजमा को घर में घुसकर पीटा। देवर शफीक ने अभद्रता की। उसकी बेटी का मोबाइल लेकर भाग निकला। पुलिस से शिकायत पर जान से मारने की धमकी दी। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। दूसरे पक्ष से शफीक की पत्नी वसीमा ने आरोप लगाया कि पड़ोसी शबाना पत्नी शब्बीर पुरानी रंजिश मानती है। उसकी गाय के बच्चे को 22 जनवरी को जहरीला पदार्थ खिलाकर मार दिया था। मामले की शिकायत लेकर वसीमा 24 जनवरी की शाम पड़ोसी शबाना के घर पहुंची।

इसी खुन्नस में शबाना, खुशनुमा साबरीन, उजमा, चांदनी, उजैफा, आदिल, शानू दरवाजे पर आए। गाली गलौज करने लगे। मना करने पर लात घूसों और डंडा से पीटा।






# सो रही युवती से पड़ोसी ने किया दुष्कर्म का प्रयास

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

- पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायल युवक को मेडिकल के लिए भेजा
- कल्यानपुर थाना क्षेत्र के एक गांव का मामला

**अमृत विचार।** घर में सो रही युवती से पड़ोसी ने दीवार फांदकर घर में घुसकर दुष्कर्म का प्रयास किया। युवती की चीख पुकार सुनकर परिजनों की नींद खुल गई। युवती से हाथापाई कर भागने की कोशिश में दीवार से टकराने से युवक घायल हो गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर युवक का मेडिकल कराया है।

कल्यानपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने बताया कि उसकी 18 वर्षीय पुत्री रात में घर में सो रही थी। रात में करीब साढ़े 11 बजे गांव का विपिन दीवार फांदकर घर में घुस आया और वह पुत्री के साथ दुष्कर्म की कोशिश करने लगा। पुत्री का शोर सुनकर उसकी नींद खुली और उसने पुत्री को बचाने का प्रयास किया तो विपिन ने उसके साथ मारपीट की। वह पुत्री को धक्का देकर भागने लगा। युवती की चीख पुकार पर बेटों और पति ने विपिन को पकड़ने की कोशिश की। बाउंड्री फांदकर भागने के चक्कर में विपिन दीवार से टकरा गया, जिससे उसके सिर और पैर में चोट लगी। उसे पकड़ने के बाद 112 नंबर पर पुलिस को सूचना देकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक रामशंकर सरोज ने बताया कि आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का प्रयास, मारपीट, गाली गलौज, जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज किया गया है।

# दीवार में सेंध लगाकर लाखों का माल किया पार

**किशनपुर, फतेहपुर।** थाना क्षेत्र मड़ैयन मजरे गढ़ा गांव में रात चोरों ने दीवार की सेंध लगाकर लाखों का माल पार कर दिया।

मड़ैयन गांव निवासी अवध नारायण निषाद शुक्रवार की देर शाम खाना खाकर सोने चला गया था। उसी दौरान चोरों ने उसके कच्चे मकान की दीवार में सेंध लगाकर घर में रखी नकदी व चांदी के आभूषण उठा ले गए। सुबह जब पीड़ित की नींद खुली तो दीवार में सेंध देख उसके होश उड़ गए। जिसके बाद पीड़ित ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। पीड़ित ने बताया कि आवास योजना में आई पहली किस्त के 40 हजार रुपये भी घर में रखे थे। साथ ही कुछ चांदी के जेवरात भी चोरी हो गए। पीड़ित की तहरीर के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# भाजपा नेता के घर की बमबाजी

संवाददाता गाजीपुर

- देर रात करीब दो बजे मकान में मारे देसी बम
- तहरीर मिलने पर पुलिस ने शुरू की जांच पड़ताल

**अमृत विचार।** गाजीपुर थाना क्षेत्र में शनिवार की देर रात जमीन के विवाद में बमबाजी हुई। निर्माणाधीन मकान में दूसरे पक्ष ने देशी बमों से हमला कर दिया। बमबाजी की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। वहीं मामले की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

गाजीपुर थाना क्षेत्र के इंद्रो पुल के नजदीक भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष हीरालाल लोधी मकान निर्माण करा रहे हैं। मकान में छत पड़ने का काम अंतिम चरण में है। मकान की जमीन पर दावा कर रहे दूसरे पक्ष ने मकान में देर रात करीब दो बजे बमबाजी कर दी। पांच बम मकान की दीवार में मारे गए। बताया जा रहा है कि बम के हमले से दीवार का एक हिस्सा चटक गया है। हीरालाल ने बताया कि जिस जमीन पर भाजपा नेता मकान निर्माण करा रहे हैं। उस जमीन पर कुछ लोग अपना दावा कर रहे हैं। मामले में मुकदमेबाजी भी हुई। कई बार विवाद का मामला थाने तक पहुंचा, लेकिन बताया जा रहा है कि जमीन पर भाजपा नेता का दावा मजबूत है। जिसके बाद उन्होंने मकान निर्माण कराना शुरू किया था। थाना प्रभारी विनोद मिश्रा ने बताया हीरालाल की तरफ से तहरीर मिली है, पुराना विवाद सामने आया है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी। वहीं भाजपा विधायक विकास गुप्ता ने मौके पर जाकर देखा और उन्होंने ऐसा काम करने वाले की निंदा की।

### मारपीट कर बाइक सवारों ने की लूटपाट

**फतेहपुर।** भांजे के जन्मदिन पर केक लेने गए मामा और उसके साथी के साथ मारपीट कर बाइक सवार मोबाइल और नकदी छीन कर फरार हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की हैं। सदर कोतवाली क्षेत्र के जेल कालोनी निवासी रवि सिंह ने बताया कि उसके बेटे का जन्मदिन था। उनका साला अमित सिंह अपने मित्र अमन मौर्या के साथ शाम को केक लेने जा रहा था। जैसे ही वह अग्रसेन चौराहे के पास पहुंचा तो बाइक सवार दो अज्ञात लोग आए और गाली गलौज करने लगे विरोध करने पर मारपीट कर जेब से मोबाइल और 340 रुपया छीन लिया। जान से मारने की धमकी देकर बाइक सवार फरार हो गए। घटना की सूचना पर चौकी इंचार्ज आबूनगर मौके पर पहुंचे। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही हैं। कोतवाल एसबी सिंह ने बताया कि मामले की जांच कर कार्यवाई की जाएगी।






# समस्याओं का कराया जाएगा समाधान

संवाददाता, खागा फतेहपुर

- बिंदकी विधायक ने खागा क्षेत्र का किया दौरा
- यमुना नदी में पीपापुल, बिजली और पानी की उठी समस्याएं

**अमृत विचार।** बिंदकी विधायक जय कुमार सिंह जैकी ने रविवार को खागा तहसील के कई गांवों का भ्रमण किया। एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए क्षेत्रीय लोगों से विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की तथा क्षेत्रीय जनता से आह्वान करते हुए कहा की आगामी 4 फ़रवरी को जनपद में अपना दल-एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के आगमन पर सभी लोग पहुंचे।

अपना दल-एस पार्टी के विधायक जय कुमार सिंह जैकी ने कहा कि विशाल जन सभा के परिपेक्ष में खागा विधानसभा के विभिन्न ग्राम सभाओं का दौरा किया गया, जिसमें खखरेरु, धाता, नगर समेत दो दर्जन गांव शामिल रहे। कुल्ली गांव में क्षेत्रीय जनता को संबोधित करते हुए क्षेत्र की अनेक समस्याओं पर चर्चा की।

जिसमें ग्रामीणों ने कोट यमुना नदी में पीपापुल होना व बिजली, पानी, समेत अनेक तरह की समस्याओं को दूर करने की बात ग्रामीणों ने उठाई तो विधायक जैकी ने सभी समस्याओं को जल्द दूर करने का आश्वासन दिया। जनसभा में पूर्व मंत्री रहे अपना दल के संस्थापक स्व. सोनेलाल पटेल को याद करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा कमेरा समाज के लिये जीवन पर्यंत् संघर्ष किया है आगे कहा कि हम इस समय बीजेपी के साथ गठबंधन में रह कर चुनाव लड़ते हैं और गठबंधन धर्म का पालन करते हैं साथ ही कहा कि आगे भी पालन करते रहेंगे। जनसभा में मंच पर प्रदेश सचिव युवा मंच अजीत चांसलर, राम सहाय, जितेंद्र सिंह, शेषनारायण सिंह, शिव सिंह, डाक्टर लाल सिंह, सूर्यभान सिंह, कन्हैया लाल पटेल समेत अन्य तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




जनसभा में मौजूद विधायक जय कुमार जैकी व अन्य। अमृत विचार

# एक मार्च से शुरू होगा कैनवास क्रिकेट टूर्नामेंट

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** प्रोविट टीएनबीसी, दिन-रात्रि कैनवास क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच एक मार्च को खेला जायेगा।

क्रिकेट टूर्नामेंट के मुख्य प्रायोजक फार्मा इंडिया के क्षेत्रीय प्रबंधक संतोष कुमार ने बताया कि प्रोविट टीएनबीसी के विजेता को 50 हजार रुपये की नकद धनराशि, उपविजेता को 30 हजार रुपये की नकद धनराशि सहित सभी खिलाड़ियों को पुरस्कार दिये जायेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल, विशिष्ट अतिथि के रूप में लोकप्रिय विधायक अयाह शाह विकास गुप्ता एवं मुख्य आयोजक, संरक्षक भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ ज्ञानेन्द्र सचान ज्ञानू, जिलाध्यक्ष प्रधान संघ भाजपा सुशील सिंह चंदेल, राजा सिंह दतौली, दिनेश तिवारी खलीफा, विक्रम चंदेल, ओम मिश्रा, आशीष शुक्ला जीतू, धीरू आदि रहे।




टूर्नामेंट की तैयारियों को लेकर जानकारी देते आयोजक। अमृत विचार

### ट्रक की चपेट में आकर पुजारी की मौत

**फतेहपुर।** राधानगर थाना क्षेत्र के टीसी गांव निवासी शिवभजन द्विवेदी का पुत्र रमेश द्विवेदी पुजारी है। बताते हैं कि शनिवार देर शाम पूजा कर साइकिल से घर वापस जा रहा था। जैसे ही वह राधानगर पावर हाउस के सामने पहुंचा, उसी समय एक ट्रक ने टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। समाजसेवी अशोक तपस्वी ने तत्काल पुजारी को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां इमरजेंसी में डाक्टर ने पुजारी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजनों में कोहराम मचा है।







## रद्दी बिक्री हेतु निविदा सूचना

**अमृत विचार प्रेस, इण्डस्ट्रीयल प्लॉट नं. 42, निकट बद्रीनगर इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ– 226008 (उ.प्र.)** से रद्दी अखबार, मलाड एवं रद्दी कागज (स्वीपिंग) तथा रीलएंड (रीलकोर तथा बचा हुआ कागज) और अन्य स्क्रैप बिक्री हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। टेंडर के साथ अधोलिखित विवरण के अनुसार ऊपर दिये गये स्थान पर भेजें।

**निविदा की शर्तें निम्न हैं**

1. सभी रद्दी/स्क्रैप के मूल्य पर जीएसटी जो केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा लागू होगा अतिरिक्त देना होगा।
2. निविदा साफ–साफ हस्तलिखित या टाइप किया होना चाहिए।
3. रद्दी/स्क्रैप उठाने से पूर्व भुगतान नगद या ड्रॉफ्ट से करना होगा।
4. किसी भी तरह के विवाद का निपटारा लखनऊ स्थित न्यायाधिकरण के अंतर्गत होगा।
5. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार कम्पनी का होगा।
6. निविदा को सील बंद लिफाफे में 25.02.2024 तक कार्यालय भेजें।
7. जब टेंडर खुलेगा तब आपको सूचित करने के बाद आपको 20000 रू. जमा करने होंगे। नहीं तो आपका टेंडर निरस्त करने का अधिकार कंपनी का होगा।

**स्क्रैप का विवरण निम्न प्रकार है।**

1. अखबार रद्दी
2. मलाड एण्ड रद्दी कागज (स्वीपिंग)
3. डी.एन.पी. (धब्बा)
4. रीलएंड (रील कोर तथा बचा हुआ कागज)
5. स्क्रैप एल्यूमीनियम प्लेट
6. प्लास्टिक बाल्टी 20 किग्रा.
7. खाली कैन 20 लीटर।
8. प्लास्टिक रील गुटका एवं प्लास्टिक कचरा (पन्नी)
9. ड्रम आयरन 200 ली.
10. ड्रम प्लास्टिक 200 ली.



**समस्या** विभाग के पास पर्याप्त संसाधन न होने से ऑपरेशन में आ रही समस्याएं, नेत्र अस्पताल में 15 फीसदी से अधिक पहुंच रहे बच्चे

# मोबाइल व कंप्यूटर के ज्यादा उपयोग से बढ़ रहे नेत्र रोगी

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** स्मार्टफोन की वजह से पिछले कुछ सालों में ड्राई आई के मरीजों की संख्या काफी बढ़ गई है। जिला अस्पताल में नेत्र रोग से जो पीड़ित पहुंच रहे हैं, उनमें 15 फीसदी संख्या बच्चों की पहुंच रही है। हालांकि युवाओं की संख्या भी कम नहीं है लेकिन बुजुर्गों के बाद देखा जाए तो बच्चों की संख्या में बढ़ोत्तरी तेजी से हो रही है। डॉक्टर इसके पीछे का कारण टीवी और खासतौर पर मोबाइल को मान रहे हैं। उधर, सर्जरी विभाग के पास पर्याप्त संसाधन न होने से ऑपरेशन में भी समस्या सामने आ रही है।

**बच्चों पर हो रहा ज्यादा असर**



जिला अस्पताल में नेत्र रोग विभाग में पिछले वर्ष 19.22 हजार मरीजों की आंखों का परीक्षण किया गया। जिसमें 70 फीसदी लोगों की आंखें कमजोर निकली हैं। कई तरह के कारण और भी हैं, लेकिन इसकी मुख्य वजह मोबाइल ही है। इनमें 21 से 40 साल की उम्र के लोग ज्यादा रहे। बच्चों की संख्या भी अच्छी खासी है। उन्होंने कहा कि बच्चों को इससे बचना चाहिये।

### आंखों में आ रहा सूखापन

आंखों की रोशनी कम होने कारणों में मुख्य रूप से लेटकर पढ़ने की आदत, अंधेरे में पढ़ना, लंबे समय तक आंखें गड़ाकर लगातार मोबाइल–टीवी या कंप्यूटर देखना है। लंबे समय तक कंप्यूटर और मोबाइल से चिपके रहने वालों की आंखों की नमी सूख जाती है।

### डॉक्टर बोले, आंखों की पुतलियां फैल रहीं

नेत्र रोग विशेषज्ञ ने बताया कि रोशनी की कमी से आंखों की पुतलियां फैल रही हैं। जिसका परिणाम होता है कि आंख के फोकस में नजदीक और दूर की चीजों के बीच फर्क कम हो जाता है। लगातार टीवी, मोबाइल और कंप्यूटर देखने से आंखों की रोशनी कम हो रही है, क्योंकि इनसे निकलने वाली घातक किरणें आंखों को नुकसान पहुंचा रही हैं।

### ऐसे करें आंखों का बचाव

- आखों को पर्याप्त आराम देने के लिए 8 घंटे की नींद लें
- कंप्यूटर, टीवी या मोबाइल में देख रहे हो तो उचित दूरी बना कर रखें
- दिन में 3 से 4 बार अपनी आंखों को ठंडे पानी से अच्छी तरह धोएं
- धूप या किसी धूल–मिट्टी वाली जगह पर न जाएं

मोबाइल या कंप्यूटर पर व्यस्त रहने के कारण आंखों की नमी सूख रही है। स्मार्टफोन की वजह से पिछले कुछ सालों में ड्राई आई के मरीजों की संख्या काफी बढ़ गई है, जिनमें बच्चों की संख्या बढ़ रही है।

डॉ. आदर्श, नेत्र रोग विशेषज्ञ, जिला अस्पताल

# ट्रक में घुसी कार, दो बीटेक छात्रों की मौत

## आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर रविवार तड़के हुआ हादसा

संवाददाता, तिर्वा कन्नौज

**अमृत विचार।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर रविवार तड़के दुर्घटनाग्रस्त ट्रक में तेज रफ्तार कार घुस गई। हादसे में कार सवार दो बीटेक छात्रों की मौत हो गई। पुलिस ने छात्रों के पास मिले कागजात व फोन के माध्यम से परिजनों को सूचना दी है।

आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के पचोर गांव के सामने 186 किलोमीटर पर लखनऊ की ओर जा रहा ट्रक हाईवे पर लगे एगंल में टक्कर मारकर उसपर चढ़ गया। हादसे में ट्रक क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे आगे नहीं जा सका। वहीं रविवार तड़के बिहार के मधेपुरा थाना क्षेत्र के स्टेशन चौक वार्ड-21 निवासी अभिषेक आनंद (22) व पीयूष (20) नोएडा से कार में सवार होकर अपने घर जा रहे थे। सुबह घने कोहरे के कारण उनकी कार अनियंत्रित हो गई और खड़े ट्रक में जा घुसी। हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे यूपीडा कर्मियों ने दोनों को मेडिकल कालेज पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजनों को हादसे की सूचना दी है। पुलिस ने शवों को मेडिकल कालेज की मोर्चरी में रखवा दिया है। देर शाम तक मृतकों के परिजन नहीं आ पाए थे।


हादसे में क्षतिग्रस्त हुई कार। अमृत विचार

● नोएडा से बिहार घर जा रहे थे दोनों छात्र


एक्सप्रेसवे पर हादसे का बाद सेफ्टी लाइन पारकर लटका ट्रक।

### यूपीडा कर्मियों की दिखी मनमानी

तिर्वा। एक्सप्रेसवे पर सुबह करीब 6 बजे ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हुआ। बतादें कि एक्सप्रेसवे पर किसी वाहन के खड़े होने का आदेश नहीं हैं। बावजूद इसके एक घंटे बाद भी मौके से यूपीडा कर्मियो ने ट्रक नहीं हटवाया। करीब सात बजे इसी ट्रक मे कार घुस गई और दो बीटेक छात्रों की जान चली गई। इस संबंध में यूपीडा के सुरक्षा अधिकारी एसके मिश्रा ने बताया कि एक्सप्रेसवे के किनारे दो फीट की पट्टी पर ट्रक खड़ा था। कार सवार अनियंत्रित गति से आ रही थी। सुरक्षा के लिए लगी सेफ्टी लाइन को करीब पांच सौ मीटर तोड़ते हुए कार सवार ट्रक के पिछले एक हिस्से में घुसी है। खडे ट्रक से कोई दुर्घटना न हो इसके लिए सेफ्टी प्वाइंट लगाए गए थे।

## फंदे पर लटका मिला महिला का शव

**तिर्वा, कन्नौज।** गांव के बाहर पेड़ पर विवाहिता का शव फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

ठठिया थाना क्षेत्र के हरिजनपुर्वा खैरनगर गांव के ग्रामीण जब रविवार सुबह खेतों की ओर जा रहे थे तो गांव के बाहर पेड़ पर साड़ी के फंदे से महिला का शव लटकता दिखा। इससे ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने मृतका की शिनाख्त आसना (23) पत्नी रजनीश के रूप में की और परिजनों को सूचना दी। खबर पाकर पुलिस ने शव को उतारकर पोस्टमार्टम भेजा। थानाध्यक्ष अजय कुमार अवस्थी ने बताया कि परिजनों ने कोई आरोप नहीं लगाया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजनों से पूछताछ की जा रही है। उसी आधार पर कार्रवाई होगी।

# राजस्व से जुड़े विभाग भी बिगाड़ रहे रैंकिंग

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

● दिसंबर 2023 की समीक्षा में प्रदेश में 44वें नंबर पर रहा जनपद

● सीएम डैशबोर्ड की जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हर महीने होती बैठक

**अमृत विचार।** सीएम डैशबोर्ड में विकास का खाका खींचने वाले कई महकमों की प्रगति तो खराब है ही, राजस्व से जुड़े अनेक विभागों की रैंकिंग भी सही नहीं हैं। दिसंबर 2023 की समीक्षा में कन्नौज सूबे में 44वें नंबर पर आया है। कई विभाग ऐसे हैं, जिनकी रैंकिंग नवंबर के सापेक्ष दिसंबर में गिरी है। इतना ही नहीं कुछ मामलों में जनपद निचले पांच पायदान पर है। इस वजह से राजस्व भी कम मिल रहा है।

कलक्ट्रेट सभागार में हर महीने सीएम डैशबोर्ड को लेकर डीएम शुभ्रान्त शुक्ल की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक होती है। संबंधित सभी अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने और रैंकिंग सुधारने की नसीहत मिलती है। कुछ विभाग तो इस पर अमल कर लेते हैं, कई नीचे चले जाते हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में जनपद कन्नौज की रैंक नवंबर में 42 थी, जो गिरकर 43 हो गई। ट्रेड सर्टिफिकेट जारी करने में परिवहन विभाग की रैंक 44 से बढ़कर 60 पर आ गई है। जीएसटी राजस्व में राज्यकर विभाग की रैंकिंग 10 से 15 नंबर पर पहुंची है। प्रवर्तन कार्रवाई में राज्यकर 22वें नंबर से 45वें पर आ गए हैं। इसी तरह आरसीसीएमएस डैशबोर्ड में 55 से 56वीं रैंक हो गई है। एंटी भूमाफिया में भी गिरावट आई है। 11वीं रैंक से 15वीं हो गई है। नामांतरण धारा 34 में जनपद का सूबे में स्थान 60 से 66नंबर पर पहुंचा है। निर्विवाद उत्तराधिकार में 17 से बढ़कर 32 पहुंच गया है। पैमाइश धारा 24 में भी 15वें नंबर से 28वीं रैंक हुई है। आईजीआरएस में 44वीं रैंक से बढ़कर 69वें नंबर पर कन्नौज है। सरकारी कर में 68वीं रैंक यथास्थिति बनी है। एमओयू मॉनीटरिंग अवस्थापना औद्योगिक विकास में रैंक 44 से गिरकर 54 पर आई है। डिजशक्ति आईटी एवं इलेक्ट्रानिक्स में 49वीं रैंक से 57 नंबर पर आई है।

### विवेकाधीन कोष की भी रैंक हुई खराब

विवेकाधीन कोष में लोक शिकायत के तहत कन्नौज जनपद की 23वीं रैंक से बढ़कर दिसंबर 2023 में 35वें नंबर पर पहुंची है। बताया गया है कि कुल आवेदन 432 आए जिसमें 392 अंतिम रूप से अनुमोदित हुए। इसके सापेक्ष 260 को ही लाभ मिला है।

### इनका है नीचे से पांच खराब जिलों में नाम

- सरकारी कर करेत्तर में 74वीं रैंक है जो प्रदेश के सबसे खराब पांच जिलों में कन्नौज चौथे नंबर पर है। नवंबर 2023 में भी 74वीं रैंक थी।
- वसूली प्रमाण पत्र में 71वीं रैंक से खराब होकर 72वें नंबर पर आई है। सूबे के फिसड्डी पांच जिलों में कन्नौज का नाम दूसरे नंबर पर है।
- खाद्य एवं औषधि प्रशासन में औषधि विक्रय लाइसेंस में जिले की दिसंबर 2023 में रैंक 75 आई है जबकि नवंबर में 70 थी। सूबे में कन्नौज का स्थान नीचे के पांच जिलों में पांचवें नंबर पर है।

# ट्रैक्टर-ट्रालियों में लगवाए रिफ्लेक्टर टेप

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

● दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए यातायात पुलिस ने चलाया अभियान

**अमृत विचार।** कोहरे के कारण ट्रैक्टर-ट्रालियों से हो रही दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए यातायात पुलिस ने रविवार को अभियान चलाया। इस दौरान मार्ग से नकलने वाले ट्रैक्टर-ट्रालियों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए गए।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देश पर यातायात प्रभारी आफाक खान ने अपनी टीम के साथ जीटी रोड से निकलने वाली ट्रैक्टर-ट्रालियों पर रिफ्लेक्टर टेप लगवाए। ताकि रात के समय ट्रैक्टर-ट्राली लोगों को दूर से दिखाई पड़ जाए। इससे दुर्घटनाओं पर अंकुश लगेगा। रविवार को यातायात प्रभारी व टीएसआई राम प्रताप सिंह ने वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया। बताया कि कोहरे में वाहन चलाते समय पीली लाइट का प्रयोग करें। खराब वाहन को मार्ग के किनारे ही खड़ा करें।


ट्रैक्टर-ट्राली में रिफ्लेक्टर टेप लगाते टीएसआई राम प्रताप सिंह। अमृत विचार

## खोखे में लगाई आग 50 हजार का नुकसान

**कन्नौज।** पाल चौराहा के पास लकड़ी के खोखे में किसी ने आग लगा दी। इससे करीब पचास हजार रुपये का नुकसान हो गया। मैनुपुरी जनपद के वेवर गंगरवाला गांव निवासी विकास पुत्र अवधेश कुमार की पाल चौराहे पर लकड़ी के खोखे में किराना की दुकान है। 25 जनवरी की रात वह दुकान बंद कर रिश्तेदारी चला गया था। रात में किसी ने आग लगा दी। इससे तीस हजार रुपये का सामान व बीस हजार रुपये की लकड़ी जल गई।

# मनमानी : उद्यमी गंगा पार्क में डाल रहे कचरा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** औद्योगिक आस्थान परिसर में इन दिनों गंगा पार्क की चहारदीवारी, गेट, ग्रिल का काम कराया जा रहा है। सड़क, नाली समेत सभी काम करीब तीन करोड़ की लागत से होगा। इस परिसर में ही उद्यमियों द्वारा इत्र निकालने के बाद कचरा (रिफ्यूज) भी जमा किया जा रहा है, जो नियम विरुद्ध है। इस कृत्य के चलते निर्माण कार्य में भी बाधा पड़ रही है। इसको लेकर उपायुक्त का कहना है कि मना किए जाने के बाद भी उद्यमी मान नहीं रहे हैं। अगर यह सब जारी रहता है तो नोटिस देकर कार्रवाई की जाएगी।

बता दें कि मकरंदनगर में औद्योगिक आस्थान स्थित है, जहां इत्र उद्यमियों के कारखाने हैं। इसके साथ ही कुछ अन्य कार्य भी संचालित हैं। इस क्षेत्र में एफएफडीसी भी है। सरकार की नियमावली में इंडस्ट्रियल इस्टेट में पार्क का भी नियम है। इसके चलते ही इस क्षेत्र में करीब 9000 वर्ग मीटर का भूखंड पार्क के लिए सुरक्षित किया गया था। इसे पहले नगर पालिका द्वारा पार्क के रूप में विकसित किया जाना था। इसे गंगा पार्क का नाम दिया गया है। कई साल से यह प्लाट खाली पड़ा होने से जंगली घास उग रही थी तो उद्यमियों ने अपने कारखानों से निकला कूड़ा करकट यहीं डंप करने लगे। हाल ही में उपायुक्त धनंजय सिंह के प्रयास से इसकी चहारदीवारी, गेट व ग्रिल आदि के लिए 3.1 करोड़ रुपया स्वीकृत हुआ। इस रकम से पार्क की चहारदीवारी लगभग बन चुकी है। अब ग्रिल व गेट का कार्य और किया जाना है।

आस्थान की सड़कों, नाली का काम भी इसी में शामिल है। सड़क के किनारे खड़ंजा का काम किया जाना है। वहीं इस चलते काम के बीच भी प्लाट पर रिफ्यूज लगातार डाला जा रहा है। इस संबंध में उपायुक्त उद्योग ने बताया कि उद्यमियों को ऐसा करने से मना किया गया है। बावजूद इसके यह सब हो रहा है तो नोटिस देकर कार्रवाई की जाएगी।


औद्योगिक आस्थान के गंगा पार्क में जमा कचरा। अमृत विचार

● उपायुक्त बोले, प्रतिबंध के बाद भी नहीं मान रहे उद्यमी

## मणिकुंडल महाराज की मनाई गई जयंती

**गुरसहायगंज।** श्रीराम जानकी मंडपम में अयोध्यावासी वैश्य समाज की तरफ से श्रीरामभक्त मणिकुण्डल महाराज की जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि राज्य महिला आयोग सदस्य प्रभा गुप्ता, विशिष्ट अतिथि सांसद सुब्रत पाठक जिलाध्यक्ष, जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, जिला संयोजक इंद्रपाल सिंह पटेल, वैश्य महासभा के निदेशक उमाशंकर गुप्त, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, सौरिख नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल गुप्ता आदि ने विचार व्यक्त किए। इस दौरान मणिकुंडल महाराज फाउंडेशन ट्रस्ट के नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र कौशल, महामंत्री राकेश कौशल सबलू, कोषाध्यक्ष संतोष गुप्ता मुल्लू, सुशील गुप्ता, फूलचंद गुप्ता, संजय गुप्ता आदि रहे।

# एकजुट होकर करें विरोधियों का सामना

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** तालग्राम के ग्राम सभा किशनपुर में रविवार को पीडीए पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें पूर्व सपा विधायक अरविंद सिंह यादव ने कहा कि आज भी कुछ ऐसी शक्तियां है जो बाबा साहब के संविधान में बदलाव कर खत्म करना चाहती हैं। जिनका सामना करने के लिए हम सभी को एकजुट होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि बाबा साहब भीमराव आंबेडकर ने गरीब, पिछड़े, शोषित, वंचितों की आवाज का उठाने के लिए संविधान में स्थान दिया। लेकिन वर्तमान सरकार संविधान को बदलकर शोषित, वंचित, दलित, अल्पसंख्यक का हक व सम्मान समाप्त करना चाहती है। सभी लोग एकजुट होकर 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएं। इस दौरान तालग्राम चेयरमैन मोहसिन खान उर्फ जानू, रीपू यादव, अंकुर सिंह यादव, सुग्रीव यादव, शुगर सिंह पाल, नीरज सिंह पाल, तहसीन खान, विनय पाल, सुशील पाल, नेम कठेरिया, पूजा पाल, गीता पाल आदि मौजूद रहे।


ग्रामीणों को जागरूक करते पूर्व सपा विधायक अरविंद सिंह यादव। अमृत विचार

● पीडीए पखवाड़ा के तहत गोष्ठी का आयोजन

# आरोग्य-आयुष्मान भव मेले का एसीएमओ ने देखा हाल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

● कई अस्पतालों की भी परखी हकीकत

**अमृत विचार।** शासन के निर्देश पर जिले के अस्पतालों में पहुंचकर एसीएमओ ने आरोग्य व आयुष्मान भव मेले की हकीकत जांची। कई अस्पतालों में पहुंचकर मरीजों से व्यवस्था के बारे में जानकारी और रजिस्टर चेक किया।

एसीएमओ डा. ओपी गौतम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कन्नौज (विनोद दीक्षित चिकित्सालय) पर आयोजित आरोग्य व आयुष्मान भव मेला का निरीक्षण सीएचसी अधीक्षक डा. सुधांशु दुबे की उपस्थिति में किया। 30 वर्ष के ऊपर के सभी मरीजों का एनसीडी स्क्रीनिंग प्रोग्राम के तहत बीपी व शुगर की जांच के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एनसीडी पोर्टल पर प्रतिदिन सभी स्क्रीनिंग किए हुए मरीज की शतप्रतिशत फीडिंग करने के लिए कहा है। पीएचसी गगेमऊ, आंटी, मानीमऊ पर आयोजित मेले का भी निरीक्षण किया।

# जनपद में 3010 बच्चे कुपोषित-अतिकुपोषित

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिले में 3310 बच्चे कुपोषित और अतिकुपोषित श्रेणी में मिले हैं। दिसंबर 2023 की रिपोर्ट में 700 बच्चों को सैम यानि अति गंभीर कुपोषित और 2310 नौनिहालों को कुपोषित यानि मैम माना गया है। यह बात कलक्ट्रेट सभागार में डीएम शुभ्रान्त शुक्ल की अध्यक्षता में हुई जिला पोषण समिति की समीक्षा बैठक सामने आई है।

डीएम ने कहा है कि सैम और मैम बच्चों की देखभाल के लिए सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त की जाएं। जिससे बच्चों का विकास प्रभावित न हो। उन्होंने प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश वर्मा को निर्देश दिए कि सीडीपीओ, सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिका की टीम बनाकर उस गांव में भेजें जहां ज्यादा संख्या में सैम बच्चे मिल रहे हैं। उस गांव के सभी घरों में स्वास्थ्य परीक्षण किया जाए। बच्चों की लंबाई, वजन सही से होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन बच्चों का वजन कम है, उन्हें जिला अस्पताल में 14 दिनों के लिए भर्ती कराया जाए। परियोजना पोषण ट्रैकर पर आधार वैरीफाई कुल 2,02,328 लाभार्थियों के सापेक्ष 2,01,777 का हुआ है।


कलक्ट्रेट सभागार में बैठक में मौजूद बीएसए व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

### जिले की 701 किशोरियां नहीं जातीं विद्यालय

जनपद में 11 से 14 वर्ष तक की 701 किशोरियां विद्यालय नहीं जाती हैं। उनको चिह्नित कर आयरन की किट देने के निर्देश दिए गए हैं। जिन आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों की उपस्थिति कम है, उसे बढ़ाकर 90 फीसद करने को कहा गया है। केंद्रों की फर्जी रिपोर्ट न बनाने की नसीहत भी दी गई। बताया गया है कि जिले में 1579 को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्र और 36 नॉन को-कोलोटेड केंद्र संचालित हैं। बैठक में प्रभारी सीडीओ नरेंद्र देव द्विवेदी, बीएसए उपासना रानी वर्मा, प्रभारी डीपीओ राजेश वर्मा, सीडीपीओ विजय लक्ष्मी दुबे रहीं।

## सार-संक्षेप

### नेचर एंड बर्ड फेस्टिवल सप्ताह कल

**कन्नौज।** लोगों को पक्षियों के संरक्षण और संवर्धन की जानकारी दी जाएगी। साथ ही पक्षियों का महत्व भी बताया जाएगा। 30 जनवरी को लाख बहोसी पक्षी विहार में 'नेचर एंड बर्ड फेस्टिवल सप्ताह-2024' का बड़े स्तर पर मनाया जाएगा। डीएफओ डॉ. हेमंत सेठ ने बताया कि कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को बुलाया गया है। उनके बीच में कई तरह की प्रतियोगिताएं होंगी। विजेताओं को पुरस्कार व प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। पक्षियों की चित्र गैलरी भी लगेगी। डीएफओ ने बताया कि अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक मानव संसाधन अशोक कुमार, मुख्य वन संरक्षक कानपुर केके सिंह, विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत, डीएम शुभ्रान्त शुक्ल व एसपी अमित कुमार आनंद कार्यक्रम में आमंत्रित किए गए हैं।

### आज अवकाश, कल से वार्षिकोत्सव

**कन्नौज।** सर्दी की वजह से डीएम शुभ्रान्त शुक्ल की अनुमति के बाद बीएसए उपासना रानी वर्मा ने कक्षा एक से आठ तक के सभी प्राथमिक, जूनियर व कंपोजिट स्कूलों में सोमवार को छात्र-छात्राओं के लिए अवकाश घोषित किया है। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों के लिए भी यही नियम लागू होगा। 30 व 31 जनवरी को सभी विद्यालयों में वार्षिकोत्सव, खेलकूद प्रतियोगिताएं व अभिभावकों की बैठकें भी होंगी। अवकाश में पहले ही तरह शिक्षक व कर्मी ड्यूटी पर पहुंचेंगे।


उपहार बांटते डा. एस चंद्रा, प्रदीप गुप्ता, शैलेंद्र गुप्ता लालू। अमृत विचार

### उपहार पाकर चहके बच्चे

**छिबरामऊ।** विमला देवी इंटर कॉलेज में व्यापारियों ने बच्चों में उपहार बांटे। बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम से सभी का मन मोह लिया। केक, कापी, पेंसिल, रबर, तिरंगा झंडा, बिस्कुट पैकेट आदि का वितरण बच्चों में आर्थो सर्जन डॉ. एस. चंद्रा, किराना एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू, राहुल गुप्ता मोंटी, प्रभाकर गुप्ता, प्रियांशु गुप्ता, सत्यनारायण वर्मा, रजनीश सक्सेना एवं दीपक वर्मा ने किया। प्रबंधक अनिल यादव, निदेशक डॉ. उषा यादव, डॉ. रजनेश यादव, रीता पाल, श्याम बाबू, जगमोहन, अवधेश यादव व दमयंती मौजूद रहीं।

### शैक्षिक विकास के लिए स्मार्टफोन उपयोगी

**गुरसहायगंज।** स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत गुगरापुर के गंगा देवी महाविद्यालय में भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ने छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किया। उन्होंने कहा कि स्मार्टफोन से छात्र-छात्राओं का शैक्षिक विकास होगा। इस दौरान प्रधान अनिल कुमार, प्रधान महिपाल सिंह, प्रधान संदीप सिंह, पूर्व प्रधान श्रीकृष्ण वर्मा, प्रबंधक डॉ. मान सिंह वर्मा, प्रधानाचार्या विमला राजपूत, शिक्षक सुभाष चंद्र मिश्रा, अनूप दुबे, पुष्पेंद्र राजपूत, अभय राजपूत आदि रहे।

व्यवस्था | दो से नौ फरवरी तक चलेंगी प्रयोगात्मक परीक्षाएं

# बोर्ड परीक्षा के 100 केंद्रों पर ही होंगे प्रैक्टिकल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

● सीसीटीवी कैमरा व सेक्टर मजिस्ट्रेट की निगरानी रहेगी

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए 100 केंद्र बनाए गए हैं। इन्हीं केंद्रों पर ही इंटरमीडिएट के प्रैक्टिकल होंगे। इसमें सभी 352 माध्यमिक स्कूलों के छात्र-छात्राएं शामिल होंगे।

जिले में माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से प्रयोगात्मक परीक्षाएं कराने के लिए दूसरे चरण का समय निर्धारित है। दो से नौ फरवरी तक जिले में प्रैक्टिकल होंगे। डीआईओएस डा. पूरन सिंह ने बताया कि जिन केंद्रों पर हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं होंगी, उन्हीं केंद्रों पर ही प्रयोगात्मक परीक्षाएं होंगी। उन्होंने बताया कि सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरा चलेंगे, उसी की निगरानी में परीक्षाएं होंगी।

साथ ही प्रयोगात्मक परीक्षा के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट की ड्यूटी जिला प्रशासन की ओर से लगाई जा रही है। वह भी परीक्षाओं का जायजा लेते रहेंगे। परीक्षकों की सूची जल्द ही बोर्ड से आ जाएगी।

### केंद्र व्यवस्थापकों को मिलेगा प्रशिक्षण

बताया जा रहा है कि 22 फरवरी से यूपी बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो जाएंगी। परीक्षाएं किस तरह से कराई जानी हैं। बोर्ड से क्या-क्या गाइड लाइन जारी हुई है, इन नियमों की जानकारी प्रशिक्षण में दी जाएगी। जल्द ही केंद्र व्यवस्थापकों को इसकी बारीकियां बताई जाएंगी।

### यूपी बोर्ड करेगा कक्ष निरीक्षकों की तैनाती

वर्ष 2024 में होने वाली हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए कक्ष निरीक्षकों की तैनाती यूपी बोर्ड प्रयागराज से ही की जाएगी। वर्ष 2023 में जिलेस्तर से ही ड्यूटी लगाई गई थी। वर्ष 2022 में बोर्ड ने ही इस काम को पूरा किया था। उस दौरान दूरी समेत अन्य तरह की कई शिकायतें आईं थीं, उसके बाद डीआईओएस ने ही ड्यूटी लगाई थी।

### दिव्यांगों को पढ़ाने के लिए शिक्षक सीख रहे गुर

**कन्नौज।** परिषदीय स्कूलों में पंजीकृत दिव्यांग छात्र-छात्राओं को पढ़ाने के लिए हेडमास्टर/नोडल शिक्षक को प्रशिक्षण देकर बारीकियां बताई जा रहीं हैं। बीआरसी सदर में भी समेकित शिक्षा के तहत ट्रेनिंग चल रही है। शनिवार को इसमें बीएसए उपासना रानी वर्मा भी शामिल हुईं। बताया कि जिलेभर में 26 विशेष एजूकेटेड शिक्षक ही पढ़ाने के लिए हैं। इससे 1459 परिषदीय स्कूलों में से उन 729 प्राथमिक, जूनियर व कंपोजिट विद्यालयों का चयन किया गया है, जहां दिव्यांग छात्र-छात्राओं की संख्या अधिक है। उनके हेडमास्टर, नोडल शिक्षक या सहायक अध्यापक को बीआरसी पर बुलाकर जानकारियां दी जा रहीं हैं। डीसी एमआईएस विश्वनाथ शर्मा ने बताया कि शासन से बजट मिलने पर और भी विद्यालय शामिल होंगे।

# ट्रेन की चपेट में आकर अधेड़ के दोनों पैर कटे

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

● मकरंदनगर सिटी स्टेशन से पहले हुआ हादसा

**अमृत विचार।** रेलवे ट्रैक पार करते समय अधेड़ ट्रेन की चपेट में आ गया। इससे उसके दोनों पैर कट गए। जानकारी पर स्थानीय लोगों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से कानपुर रेफर कर दिया गया।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कुतलूपुर मकरंदनगर निवासी बादाम सिंह (55) रविवार की दोपहर सिटी स्टेशन से पहले कुतलूपुर के सामने रेलवे ट्रैक पार कर रहा था। इसी दौरान फर्रुखाबाद से कानपुर जा रही ट्रेन वह देख नहीं सका। जब उसकी नजर ट्रेन पर पड़ी तो उसने भागने का प्रयास किया। जब तक वह भाग कर ट्रैक पार करता, ट्रेन की चपेट में आाकर उसके दोनों पैर कट गए। दुर्घटना देख लोग हंगामा करते हुए घटना स्थल पर पहुंच गए। स्थानीय लोगों ने परिजनों को जानकारी देने के बाद उसे जिला अस्पताल भिजवाया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टर ने उसे कानपुर रेफर कर दिया।


घायल का इलाज करते अस्पताल कर्मी।

# मौसम ने रोकी आलू की प्रगति उत्पादन पर पड़ रहा असर

## पाला गिरने और झुलसा रोग लगने के कारण पैदावार में आलू निकल रहा कम

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज


कनपटियापुर गांव के निकट आलू की फसल में खाद डालते किसान संतोष।

**अमृत विचार।** इस बार ज्यादा बड़ा आलू बाजारों में नहीं दिखेगा। मौसम की मार से आलू की प्रगति पर असर पड़ा है। पाला, कोहरा व अत्यधिक ठंड के कारण आलू का उत्पादन कम हो गया है। पिछले कई दिनों तक सूर्यदेव की तपिश न मिलने से भी फसल पर विपरीत प्रभाव पड़ा है।

जिले में करीब 52,500 हेक्टेयर क्षेत्रफल में आलू की फसल होने की संभावना है। 25 दिसंबर 2023 से सर्दी बढ़ गई थी, जो अब तक जारी है। जनवरी 2024 में कई दिनों तक सूर्य नहीं निकले, जिससे फसलों में प्रगति नहीं हुई। जो किसान आलू की खोदाई कर रहे हैं, उनकी फसल कम हुई है। साथ ही आलू की साइज भी कम ही है। शहर के मकरंदनगर निवासी किसान संतोष ने बताया कि

- जिले में करीब 52,500 हेक्टेयर क्षेत्रफल में बोई है फसल

कनपटियापुर गांव के निकट उनके खेतों में करीब 20 फीसदी आलू की पैदावार कम होने की आशंका है। पाला पड़ने की वजह से आलू बढ़ नहीं सका। साथ ही फसल कम होगी। नारेंद्र कुमार बताते हैं कि कई किसानों ने खेतों में दवा भी डाली, लेकिन काम नहीं की। जिस आलू फसल की बेल चली गई, उसका आलू का विकास वहीं ठप हो गया। 10 से 15 फीसदी आलू उत्पादन कम होगा।

> जिले में करीब 52,000 से 53,000 हेक्टेयर में आलू की फसल होने की संभावना है। पाला व झुलसा लगने से पांच से 10 फीसदी असर पड़ा है। इस बार आलू का उत्पादन कम हो सकता है। किसान जब पक्की फसल की खोदाई करेंगे तभी हकीकत सामने आएगी। अभी आलू की कच्ची फसल खोदी जा रही है।
>
> –सीपी अवस्थी, डीएचओ

> कहीं–कहीं क्षेत्रों में झुलसा अधिक लगा है। जिन किसानों ने फसलों में रोग लगने से पहले उपचार नहीं किया, वहां नुकसान अधिक है। मौसम व रोगों आदि की वजह से आलू उत्पादन में पांच से 10 फीसदी का नुकसान होगा।
>
> –अविशांक सिंह चौहान, प्रभारी जिला कृषि रक्षा अधिकारी

## मदारपुर में एक साथ उठीं दो अर्थी हर आंख नम

**छिबरामऊ, कन्नौज।** जीटी रोड पर शनिवार को बस व ट्रैक्टर की भिडंत में अंतिम संस्कार से लौट रहे मदारपुर के ग्रामीण हादसे में घायल हो गए थे व दो की मौत हो गई थी। रविवार को एक साथ दो अर्थी उठने से गांव में मायूसी छाई रही। वहीं सुरक्षा के लिए भारी तादात में पुलिस बल तैनात रहा।

कोतवाली क्षेत्र के गांव मदारपुर के रहने वाले रामनिवास की मौत हो गई थी। ग्रामीण शव का अंतिम संस्कार कर ट्रैक्टर-ट्राली से घर लौट रहे थे। तभी गांव के पास जीटी रोड पर हादसा हो गया। इसमें गांव के राजू व सुधीर की मौत एवं एक दर्जन लोग घायल हो गए थे। रविवार को गांव से एक साथ दो अर्थी उठने से लोगों में मायूसी रही। शोकाकुल परिवार को सांत्वना देने के लिए लोगों का तांता लगा रहा। वहीं हादसे के बाद पुलिस ने बस व ट्रैक्टर को कब्जे में तो ले लिया, बस मालिक कौन है यह जानने की जहमत नहीं उठाई।

# दूरदर्शन के 'काशी-विश्वनाथ' सीरियल में दिखेगा जिले का लाल

अमृत विचार विशेष

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** दूरदर्शन के डीडी-वन चैनल पर मार्च में प्रसारित होने वाले पौराणिक धारावाहिक 'काशी-विश्वनाथ' में कन्नौज का लाल शकटासुर की भूमिका में दिखाई देगा। जिले के निवासी फिल्म अभिनेता, निर्माता और निर्देशक विजय सक्सेना पहली बार छोटे पर्दे पर नजर आएंगे। इसके अलावा वह देशभक्ति से ओतप्रोत 'मिशन इंडिया' वेबसीरीज का निर्माण भी कर रहे हैं, जिसमें वह मुख्य भूमिका में दिखेंगे।

धारावाहिक 'काशी-विश्वनाथ' सीरियल की शूटिंग मुंबई और वाराणसी में चल रही है, जिसमें छिबरामऊ तहसील क्षेत्र के गांव पुराभोज के रहने वाले विजय सक्सेना शकटासुर राक्षस की भूमिका में हैं। यह धारावाहिक मार्च से डीडी-1 पर प्रसारित होगा।


शकटासुर की भूमिका में दायीं ओर अभिनेता विजय सक्सेना। अमृत विचार

उन्होंने अमृत विचार को बताया कि अभी तक बड़े पर्दे पर ही अभिनय किया है। इससे पहले वह अभिनेता आमिर खान के साथ 'मेला' और 'गुलाम' फिल्म में सह खलनायक की भूमिका में नजर आए थे। 'लंदन ड्रीम्स', 'डॉन के बाद कौन' तथा 'टारगेट इंडिया' जैसी हिंदी फिल्मों में उन्होंने लीड रोल किया था तो भोजपुरी में 'हमार गांव-हमार देश' फिल्म में भी अपने उत्कृट अभिनय की छाप छोड़ चुके हैं।

### कन्नौज पर भी बनाएंगे वेबसीरीज

फिल्म अभिनेता ने बताया कि वह जल्द ही कन्नौज पर वेबसीरीज बनाएंगे, जिसकी शूटिंग जिले के कई हिस्सों में की जाएगी। बताया कि कन्नौज के वैभवशाली इतिहास जानने को कई पुस्तकों का अध्ययन कर रहे हैं। उनकी इच्छा है कि वेबसीरीज में उनका गांव पुराभोज और जिले के कई दर्शनीय स्थल व प्राचीन मंदिर भी हों, जिससे यहां पर्यटन को बढ़ावा मिले।

# असहाय व गरीबों की सेवा सबसे पुनीत काम

कार्यालय संवाददाता,कन्नौज

**अमृत विचार।** असहाय व गरीबों की सेवा करना सबसे पुनीत कार्य है। उक्त विचार रविवार को अपर्णा फाउंडेशन व रोटरी क्लब शौर्य के संयुक्त प्रयास से मेरठ कोल्ड स्टोरेज सरायमीरा में आयोजित निशुल्क कृत्रिम अंग वितरण व निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर में मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने व्यक्त किए।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि वर्तमान समय में आए दिन दुर्घटनाओं से मनुष्य अपने अंग खो देता है। ऐसे समय में पीड़ित इंसान को इन कैंपों से बहुत राहत मिलेगी। अपर जिला जज एवं सचिव जिला विधिक प्राधिकरण लवली जायसवाल ने कहा कि रोटरी क्लब शौर्य व अपर्णा फाउंडेशन का ये कैंप अपने में एक उदाहरण है और समाजसेवियों को ऐसे कार्यों में आगे आना चाहिए। उन्होंने रोटरी सदस्यों से इसी तरह कैंप जिला जेल में लगवाने को कहा। इस पर रोटरी क्लब शौर्य के सदस्यों ने स्वीकारा। कैंप में 217 मरीजों के जांच की गई। इसमें 53 मरीजों को आंख के ऑपरेशन के लिए चिह्नित किया गया। इन मरीजों को ऑपरेशन के लिए रोटरी क्लब बस से जवाहर लाल नेहरू रोतहगी हॉस्पिटल कानपुर भेजेगा।


दिव्यांग को बैशाखी देते एसपी अमित कुमार आनंद, एडीजे लवली जायसवाल।

इसके अलावा 27 मरीजों के आर्टिफिशियल हाथ और पैर लगा दिए गए। 21 मरीजों को विभिन्न बीमारियों के ऑपरेशन के लिए चिह्नित किया गया। इस अवसर पर सरायमीरा के एक साधारण व्यक्ति जगदीश मिश्रा पिंकू को पशु प्रेमी की उपाधि से पुलिस अधीक्षक ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## पत्रकार से अभद्रता पर होमगार्ड से मांगा गया स्पष्टीकरण

**गुरसहायगंज।** नगर के मुख्य चौराहा पर होमगार्ड के पत्रकार से गालीगलौज व मारपीट करने के मामले में जिला कमांडेंट होमगार्ड ने स्पष्टीकरण मांगा है।

जिला कमांडेंट होमगार्ड मनोज कुमार ने शनिवार को पत्र जारी कर स्वयं सेवक कंपनी ग्रामीण जलालाबाद के होमगार्ड देवेंद्र कुमार सिंह से मामले के संबंध में तीन दिनों के अंदर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया है। इसमें कहा गया है कि वर्दी पहनकर लड़खड़ाते हुए चलने का होमगार्ड का वीडियो वायरल हुआ है। इसमें नगर निवासी पत्रकार रंजीत सिंह ने होमगार्ड पर नशे में गालीगलौज व मारपीट करने का आरोप भी लगाया है। पीड़ित पत्रकार ने पुलिस अधीक्षक, कोतवाल सहित विभागीय अधिकारियों को शिकायती पत्र दिया है। मामले में जिला कमांडेंट होमगार्ड ने वायरल वीडियो की जांच कर आरोपित होमगार्ड से तीन दिन में लिखित स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए है।

# कानपुर-मुरादाबाद में होगा फाइनल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- दूसरे सेमीफाइनल में कानपुर ने अलीगढ़ को हराया, आदेश कुमार बने मैन ऑफ द मैच
- स्व. ओमप्रकाश पाठक मेमोरियल राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट

**अमृत विचार।** स्व. ओमप्रकाश पाठक राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे सेमीफाइनल में कानपुर ने अलीगढ़ को हरा दिया, जिससे अब फाइनल मुकाबला कानपुर व मुरादाबाद के बीच तीन फरवरी को खेला जाएगा। कानपुर के आदेश कुमार को शानदार बल्लेबाजी पर मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया गया।

शहर के बोर्डिंग मैदान में रविवार को एचआर क्रिकेट अकादमी अलीगढ़ व कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के चेयरमैन पवन त्रिवेदी ने दोनों टीमों के बीच टॉस कराया। अलीगढ़ की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया और कानपुर की टीम को 141 रनों का लक्ष्य दिया। अलीगढ़ के बल्लेबाज गोविंद शर्मा ने सर्वाधिक 29 रन बनाए, जबकि प्रद्युम्न चौहान 23 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। कानपुर के सतनाम सिंह व अनुज पाल ने दो विकेट लिए।


आदेश को मैन ऑफ द मैच की ट्राफी देते प्रभारी सीडीओ नरेंद्रदेव द्विवेदी। अमृत विचार

दूसरी पारी में लक्ष्य का पीछा करने उतरी कानपुर की टीम ने शुरूआत से ही धुआंधार बल्लेबाजी शुरू कर अलीगढ़ के गेंदबाजों के हौसले पस्त कर दिया। आदेश कुमार ने 82 रनों की शानदार पारी खेली और मैदान के हर कोने पर चौके व छक्के लगाकर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। कानपुर ने यह मुकाबला महज 16 ओवरों में ही जीत लिया। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए कानपुर के सलामी बल्लेबाज आदेश कुमार को मैन ऑफ द मैच चुना गया। जिले के प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी नरेंद्रदेव द्विवेदी ने आदेश कुमार को मैन ऑफ द मैच की ट्राफी प्रदान की। पहले सेमीफाइनल को जीत कर मुरादाबाद की टीम फाइनल में अपना स्थान बना चुकी है। अब तीन फरवरी को स्व. ओमप्रकाश पाठक की पुण्यतिथि पर फाइनल मुकाबला कानपुर और मुरादाबाद के बीच होगा। इस दौरान जिला क्रिकेट एसोसिएशन के संरक्षक संजय सामवेदी, समीर पाठक, आनंद मिश्र, ममतेश तिवारी, जुबैर हाशमी, सजल सिंह, अंपायर रितेश शर्मा व रोहित सिंह रहे।

## सार-संक्षेप


डिप्टी जेलर दिशा सिंह को सम्मानित करते पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे। अमृत विचार

### दिशा सिंह बनीं डिप्टी जेलर, हुआ सम्मान

छिबरामऊ, कन्नौज। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा में नगर की बेटी दिशा सिंह जाटव ने डिप्टी जेलर के पद पर चयनित होकर जिले का नाम रोशन किया है। उसके घर आते ही नगर के लोगों ने उनका स्वागत किया और उज्जवल भविष्य की कामना की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हाथिन निवासी व वर्तमान में मोहल्ला इन्दिरानगर निवासी स्व. रामऔतार सिंह जाटव की बेटी दिशा सिंह जाटव ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग 2023 की परीक्षा में डिप्टी जेलर के पद पर चयनित होकर अपने परिवार, गुरुजन, समाज के साथ नगर व जिले को गौरवान्वित किया है। दिशा सिंह के सम्मान कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे, अमित कुमार आर्यन, बसपा जिला सचिव दीपक कठेरिया, ग्राम प्रधान कंचन सविता, पंकज कुमार, अवनेश जाटव, बसपा जिलाध्यक्ष सुशील गौतम, सुमितकान्त, अखिलेश, नवलेश, आलोक दुवे, सालोक दुबे, बीनूशाक्य, राजू शाक्य, गोविन्द, हाफिज एहतिशाम, धर्मेन्द्र सिंह, आरबी आजाद व रामसिंह आजाद रहे।

### फांसी लगाकर युवक ने दी जान

तालग्राम, कन्नौज। रसूलाबाद गांव निवासी अरुण कुमार (18) ने रविवार शाम गांव के एक खाली पड़े घर में फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंचे उपनिरीक्षक कामता प्रसाद पाल ने युवक के शव को उतारकर पोस्मार्टम के लिए भेजा। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। युवक अविवाहित था और शादी–विवाह में बैंडबाजा बजाने का कार्य करता था।

### हादसे में कन्नौज के व्यवसायी की मौत

**बिल्हौर।** अरौल थाना क्षेत्र में हाईवे पर रविवार दोपहर बिल्हौर आ रहे एक दुकानदार की बाइक डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में कन्नौज निवासी व्यवसायी की मौत हो गई। कन्नौज के ऋषि नगर मियागंज गांव निवासी लक्ष्मण प्रसाद गुप्ता किराना व्यवसायी हैं। उनके तीन बेटों में मंझला बेटा हरि नारायण गुप्ता जनरल स्टोर की दुकान चलाता है। रविवार दोपहर वह दुकान का सामान लेने बाइक से बिल्हौर आ रहे थे, तभी अरौल कस्बे में रेलवे स्टेशन के सामने उनकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल दुकानदार को उपचार के लिए बिल्हौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### फार्मासिस्ट को पीटा, दी जान की धमकी

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कानपुर नगर के कल्यानपुर क्षेत्र में स्थित आवास विकास कालोनी निवासी जाहिद खान ने बताया कि वह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरपुर में फार्मासिस्ट के पद पर तैनात है। वर्तमान में परिवार के साथ छिबरामऊ के मोहल्ला गणेश चौधरी में रहते हैं। 26 जनवरी की रात करीब 9 :00 बजे वह अपने गांव से पत्नी के साथ कार से छिबरामऊ स्थित आवास पर आ रहे थे, तभी मोहल्ले में गाड़ी मोड़ने को लेकर दूसरी गाड़ी का चालक गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसके साथी मौके पर आ गए और मारपीट करने लगे। बचाने आयी पत्नी के साथ भी हाथापाई कर दी। लोगों के आ जाने पर जान से मार देने की धमकी देते हुए भाग गए। पीड़ित ने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### बस्ती में निकला अजगर, वन विभाग ने पकड़ा

**सौरिख, कन्नौज।** बस्ती में अजगर निकलने से हड़कंप मच गया। लोगों की सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने अजगर को पकड़कर जंगल में छोड़ दिया। रविवार दोपहर हल्की धूप निकलते ही एक अजगर आजाद नगर मोहल्ले में मकानों के किनारे दिखाई दिया। जिसे देखने के लिए लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने इसकी सूचना डायल 112 पर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने वन विभाग के अधिकारियों को जानकारी दी। थोड़ी देर बाद पहुंची वन विभाग की टीम ने अजगर को पकड़ लिया और उसे बस्ती से दूर जंगल में छोड़ दिया।

### भाकियू टिकैत ने चलाया सदस्यता अभियान

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ग्राम खाड़ेदेवर में रविवार को भाकियू टिकैत जिलाध्यक्ष मो. शमीम सिद्दीकी के निर्देशन पर बैठक हुई। इसमें जिला उपाध्यक्ष इरशाद अली ने सदस्यता अभियान चलाया। इसमें प्रशांत गौतम, अमन खान, अंकित कुमार, विवेक कुमार, वीर सिंह, सौरभ सिंह, रोहित कुमार, प्रमोद कुमार, पंकज कुमार को सदस्यता दिलाकर जिम्मेदारी सौंपी गई। इस दौरान जिला सचिव रंजीत गुप्ता, नगर उपाध्यक्ष जीशान खांन, मोहम्मद कदीर, रजाउल अली आदि रहे।

### इंदरगढ़ पुलिस ने दस वारंटियों को पकड़ा

**तिर्वा।** विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे दस अपराधियों को पुलिस ने पकड़कर न्यायालय में पेश किया है। एसपी अमित कुमार आनंद के निर्देश पर विभिन्न मामलों में बांछित चल रहे हसेरन निवासी प्रकाश पुत्र सोनेलाल, दुली चंद्र पुत्र सोनेलाल, उदैयापुर निवासी सत्यवीर पुत्र विश्राम सिंह, कंजड बस्ती निवासी मनोज पुत्र सुंदरलाल, हसेरन निवासी गंगाराम पुत्र बाबूराम, फतेहपुर मझिला निवासी आलोक कुमार पुत्र राम सिंह, रामसिह पुत्र रामस्वरूप, धतानी निवासी भगवान सिंह पुत्र वीरेंद्र सिंह, नन्देनगला निवासी बृजेश कुमार पुत्र धीरी सिंह, जगतापुर निवासी जगदीश पुत्र मुंशीलाल को पकड़कर पुलिस ने जेल भेजा है।

### मतदाताओं को किया जागरूक

**जलालाबाद, कन्नौज।** शासन के निर्देश पर रविवार को जलालाबाद, सियरमऊ, नेकपुर कायस्थ में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके तहत प्रचार वाहन गांव–गांव पहुंचा। इसमें मतदाताओं को फर्जी मतदान के विषय में जानकारी दी गई। यह भी बताया गया कि मतदान के समय ईवीएम से कैसे यह भी पता चलता है कि जिसे वोट किया उसी को मिला। इस दौरान क्षेत्रीय लेखपाल अंकित राजपूत, पूर्व क्षेत्रीय लेखपाल अखिलेश मिश्रा, अमित वर्मा, सोनू, श्रीकृष्णा श्याम रहे।

# संगठन से जुड़ने के लिए करें प्रेरित

संवाददाता, जलालाबाद, कन्नौज

**अमृत विचार।** टीम मोदी सपोर्टर सेवा समिति जलालाबाद की ओर से रविवार को ब्लाक मुख्यालय पर बैठक का आयोजन हुआ।

जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा पिंकी राजपूत सहित कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष अमर सिंह चौहान को पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करें और टीम से जुड़ने के लिए प्रेरित करें। उन्होने पदाधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष गीता पाठक, युवा प्रकोष्ठ महामंत्री



पिंकी राजपूत को प्रशस्ति पत्र देते प्रदेश अध्यक्ष अमर सिंह चौहान। अमृत विचार

- टीम मोदी सपोर्टर की बैठक का आयोजन

कानपुर नगर दीपक कुमार, काजल निषाद, गुड़िया निषाद, रीमा पाल, रंजना कटियार, पूनम, आभा पाल, रूबी, राधिका, शिखा, गायत्री, कल्पना, गीता, मनोरमा, शिप्रा, पिंकी देवी, नीतू, नीरज कटियार, रिचा तिवारी, रामदुलारी, पिंकी तिवारी, देवेंद्री, अनीता, मधुबाला, अर्जिता कटियार आदि मौजूद रहे।

# किन्नरों के दुर्व्यवहार को लेकर खोला मोर्चा

संवाददाता, छिबरामऊ कन्नौज

**अमृत विचार।** उत्सवों में किन्नरों की बदसलूकी और हरकतों से परेशान होकर विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने मोहल्ला बनवारी नगर में सामाजिक चिंतन बैठक की। बैठक की अध्यक्षता कर रहे शशिकांत शुक्ला ने कहा कि किन्नरों का बर्ताव आज समाज को कलंकित कर रहा है। संचालक अरुणेश चतुर्वेदी ने कहा बद्दुआ का डर दिखा कर 5 से 50 हजार तक की वसूली की जा रही है। एमसीएमआर समूह संचालक एडवोकेट गौरव त्रिपाठी अमर ने कहा समाज की मुख्य धारा का अंग मानते हुए किन्नरों को छिबरामऊ महोत्सव मंच से सम्मानित भी किया का चुका है। फिर भी बच्चों और महिलाओं के सामने किन्नर नग्न अवस्था में आ जाते हैं। विश्व हिंदू परिषद के आशू तिवारी, विजय चौहान, अमित, अनुराग अग्निहोत्री व रजनीश दुबे, अनुज त्रिपाठी, सचिन राज गुप्ता, ऋषभ दुबे, श्याम, सुभाष शर्मा, मोहित चौहान, सुरेश, राजू ने किन्नरों के बर्ताव का जिक्र करते हुए कहा सभासद के माध्यम से किन्नरों को नेग मिलना चाहिए। जल्द ही कार्रवाई के लिए सदस्य उच्चाधिकारियों से मिलेंगे।

## बाइक घिसटने से जीजा-साला घायल

**कन्नौज।** अनियंत्रित बाइक घिसटने से जीजा-साला घायल हो गए। दोनों एक ही बाइक से मां अन्नपूर्णा देवी मंदिर जा रहे थे।

बिल्हौर थाना क्षेत्र के गांव वेदीपुर निवासी अरविंद(26) पुत्र राम चंद्र के पुत्र का मुंडन संस्कार तिर्वा के मां अन्नपूर्णा मंदिर में था। पुत्र व अन्य परिजन लोडर पर सबार होकर निकले थे। जब कि अरविंद अपने साले संदीप (25) पुत्र लल्लन के साथ एक ही बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। जैसे ही वह बाइक लेकर तिर्वा जाने वाले मार्ग पर पहुंचे, उसी समय बाइक से नियंत्रण खो बैठे। इससे बाइक घिसटकर सड़क के नीचे जा गिरी। इससे जाजा-साला घायल हो गए।

राजनीति

आम जनता को किया उद्वेलित, पूर्व की सरकारें भी तो कर सकतीं थीं यह सब काम

# 'प्रतीक्षारत से प्रत्यक्ष' का ब्र्रह्मास्त्र तैयार

इरा अवस्थी, कन्नौज

- अपने उद्बोधन में मोदी ने देव का प्रयोग कर देश में अयोध्या निर्माण का दिया संदेश

**अमृत विचार।** श्रीराम के प्रत्यक्ष होते ही गगनभेदी जयघोष मौन होने लगे तो दूसरी ओर उन्हें प्रतीक्षारत रखवाने वालों की उल्टी गिनती शुरू हो गई। घर-घर प्रार्थना होने लगी कि प्रभु को वेटिंग लिस्ट में डालने वालों को सजा जरूर मिले। इन प्रार्थनाओं का सीधा संकेत है, 'प्रभु के प्रतीक्षारत से प्रत्यक्ष' होने का ब्रह्मास्त्र लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2024 के लोकसभा चुनाव में उतरेंगे।

अयोध्या में पीएम मोदी ने अपने उद्बोधन में 'देव से देश' कहकर शैव और कृष्ण भक्तों के हृदय में स्थान बना लिया। संपूर्ण भारत में सर्वाधिक पूजा श्रीकृष्ण की होती है। आज कुछ राजनैतिक लोग उन्हें यदुवंशी कहते हुए स्वयं को उनका वंशज बताते हैं। लेकिन मोदी ने स्पष्ट कर दिया कि देव (शिव, कृष्ण और श्रीराम) के चरित्र से देश में अयोध्या का निर्माण करेंगे। उन्होंने मशबरी, निषादराज तथा गिलहरी का सम्मान रखते हुए देश के निम्नतम वर्ग को नमन किया।'प्रभु के प्रतीक्षारत रहते या कराते जो घटित हुआ उसकी अनुभूति सबको है' यह कहकर भारतीयों का दिल झकझोर दिया। लोगों को यह वाक्य भी सोचने को विवश कर रहा है कि 'कांग्रेस, सपा आदि चाहतीं तो क्या इतने वर्षों तक श्रीराम टेंट में यातना झेलते?' इसमें भी लोग अर्थ निकाल रहे हैं कि बीती सरकारें चाह लेती तो अनुच्छेद 370 का दंश कब का खत्म हो गया होता। राम मंदिर भी वर्षों पहले ही आकार ले चुका होता। लेकिन वोटों की राजनीति के खातिर भारत के 'महानायक' को यातना झेलनी पड़ी। मोदी का तरकश मंत्रशोधित बाणों से भरा लगता है। तभी तो वर्ष 2024 में होने वाले आम चुनाव की पूर्व संध्या पर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न का सर्वोच्च सम्मान देकर विरोधियों को चौंका दिया, तो दूसरी तरफ एक वर्ग विशेष के दिलों में अपनी जगह बनाने में कामयाब रहे।

इधर, तमाम असमंजस और खींचतान के बीच एक बार फिर से बिहार की सरकार भाजपा के रंग में रंग चुकी है। नीतीश कुमार आईएनडीआईए की रट छोड़ भगवा चोले के समर्थन से मुख्यमंत्री बन चुके हैं। कह सकते हैं कि प्रधानमंत्री और उनके सिपहसालारों की टीम मजबूत रणनीति के तहत काम कर रही है। तभी तो इधर श्रीरामलला विराजे तो उधर बिहार की राजनीति में उलटफेर हो गया। इसके साथ ही तमाम कयासों पर विराम लग गया। खास बात यह कि उलटफेर की चर्चाओं के बीच गणतंत्र दिवस पर कन्नौज पहुंचे सपा मुखिया अखिलेश यादव ने नीतीश के खेमा बदलने की बात को सिरे से नकार दिया था।

नवीं बार मुख्यमंत्री की शपथ लेने वाले नीतीश राजनीति के मैदान में मंझे हुए खिलाड़ी हैं तो अवसर के साथ कब क्या करना है, यह अच्छी तरह जानते हैं। रोज बनते-बिगड़ते राजनीतिक हालात इस बात को साबित करने के लिए काफी हैं कि भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का मजबूत तानाबाना एक बार फिर से मोदी को सत्तासीन करने के लिए आतुर है तो मोदी स्वयं भी आश्वस्त हैं कि वह तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे।

# हवा ने बदली दिशा, फिर छाने लगा घना कोहरा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- उत्तर-पूर्व हवा के प्रभाव से शीतलहर व गलन ने किया बेहाल
- दिन में निकली हल्की धूप, लेकिन नहीं मिली लोगों को राहत

**अमृत विचार।** रात को अचानक हवा की दिशा बदल गई, जिससे पश्चिमी विक्षोभ कमजोर पड़ गया। बादलों का प्रभाव बढ़ा तो कोहरे की चादर फिर से पसरने लगी। सुबह इतना घना कोहरा छा गया कि सड़कों पर वाहनों की रफ्तार थम गई। दिन में हल्की धूप निकली, लेकिन इससे भी लोगों को राहत नहीं मिली और शीतलहर व गलन का प्रकोप बरकरार रहा। मौसम विभाग का कहना है कि जलवायु परिवर्तन के कारण मौसम में यह आंशिक बदलाव हो रहे हैं।

रविवार को दिन का अधिकतम तापमान 19.3 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 5.8 रिकॉर्ड किया गया। सुबह जिले में घना कोहरा था। हवा की गति अधिक होने के कारण कोहरा ज्यादा देर तक टिक नहीं पाया और दोपहर तक हल्का कोहरा छाया रहा। दोपहर बाद हल्की धूप निकली।

### तीन-पांच फरवरी के बीच हो सकती बारिश

कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डा. अमरेंद्र कुमार ने बताया कि विक्षोभ के कारण एक चक्रवाती परिसंचरण बन रहा है, जिससे आगामी तीन से पांच फरवरी के बीच बारिश हो सकती है। फरवरी के पहले सप्ताह में बारिश में तीव्रता और विस्तार बढ़ने की आशंका है। हिमालय पर बर्फबारी होने की वजह से बारिश के दौरान मौसम सर्द रहेगा।

# मेला राम नगरिया में वर्चस्व को लेकर संतों में छिड़ी जंग

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** गंगा के पांचाल घाट पर लगे मेला रामनगरिया में दो संतों के बीच वर्चस्व को लेकर जंग छिड़ी हुई है । मेला प्रशासन संतों की इसको फिलहाल गंभीरता से नहीं ले रहा है। हालात ऐसे बनते जा रहे हैं कि कभी भी यह संत आमने-सामने आ सकते हैं।

बताते चलें कि प्रयागराज की तरह गंगा के पांचाल घाट पर अर्धकुंभ की भांति लगने वाले मेला रामनगरिया में इस समय हजारों की संख्या में दूरदराज से गंगा भक्त आकर कल्पवास कर रहे हैं। यहां भारी संख्या में संत-महात्मा भी कल्पवास कर रहे हैं। इस धर्म नगरी में साधना करने आये पंच दशनामी जूना अखाड़े अध्यक्ष सत्य गिरी महाराज और दुर्वासा आश्रम के महंत ईश्वर दास के बीच वर्चस्व को लेकर जंग छिड़ी हुई है। जिसको लेकर रामनगरिया में सन्त महात्मा दो खेमों में बट गये हैं। विवाद की शुरुआत उस समय हुई जब महंत ईश्वर दास के मुख्य द्वार पर लगे पोस्टरों को सत्य गिरी ने आंदोलन कर हटवा दिया। इसके बाद ईश्वर दास ने अन्न जल त्याग दिया। जिसको लेकर जिला प्रशासन के हाथ पांव फूल गए। एसडीएम सदर गजराज सिंह ने दुर्वासा आश्रम पहुंच कर पुनः पोस्टर लगाने का भरोसा दिया। इसके बाद ईश्वर दास ने अनशन खत्म किया।

जूना अखाड़े के अध्यक्ष सत्य गिरी का कहना है कि मेले में किसी का पोस्टर नहीं लगने दिया जाएगा। यदि पोस्टर लगाए गए तो देश भर से नागा सन्तो को बुला कर यहां आंदोलन किया जाएगा। जिसके लिए नागा सन्तो की बैठक सोमवार को बुलाई गई है। ईश्वर दास का कहना कि वह सम्मान से कोई समझौता नही कर सकते। याचना नही अब रण होगा।संग्राम बढ़ा भीषण होगा। दोनों सन्तो के आमने सामने आने के बाद भी मेला प्रशासन इसे गम्भीरता से नही ले रहा है।जिस बजह से किसी भी समय यह सन्त महात्मा आमने सामने हो सकते हैं। सबसे खास बात तो यह है कि इन सन्त महात्माओं के आमने सामने आने से अन्य कल्पवासियों की साधना में खलल पड़ रही है। वह कहने लगे है कि अशांति के माहौल में शांति को पाया नहीं जा सकता। संत बनने के बाद तो पद सम्मान की चाहत मिट जाती है। केवल परमात्मा की चाहत रहती है। यहां तो संत अपने प्रभुत्व के लिए लड़ रहे हैं।


गंगा तट पर बसा मेला रामनगरिया। अमृत विचार


सत्य गिरी। अमृत विचार


ईश्वर दास। अमृत विचार

- **प्रशासन ने गंभीरता से न लिया तो दोनों गुट आ सकते आमने-सामने**

> सन्तो में वर्चस्व को लेकर लड़ाई छिड़ी हुई है। हमारा दोनों पक्षो से अनुरोध है कि भागीरथी के पावन तट पर वह एक माह के लिए कल्पवास करने आये हैं। दोनों गुटों के अध्यक्ष बड़े संत हैं। वह यहां आए कल्पवासियों को अध्यात्म की जानकारी दे, जिससे उनका कल्पवास करने का उद्देश्य पूरा हो सके।
>
> **–संदीप दीक्षित, प्रबन्धक, मेला राम नगरिया, फर्रुखाबाद**

## निष्क्रिय को बाहर का रास्ता दिखायेगा शैक्षिक महासंघ

**फर्रुखाबाद।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की बैठक में संगठन की मजबूती पर चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि निष्क्रिय पदाधिकारियों को बाहर किया जाएगा।

रविवार को जनपदीय कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष संजय तिवारी ने कहा कि जनपद स्तर पर संगठन को सक्रिय करने की आवश्यकता है। कई पदाधिकारी हैं, जो संगठन के कार्यों में रुचि नहीं ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो पदाधिकारी कार्य नहीं करेंगे, उन्हें कार्यमुक्त किया जाएगा। जिलाध्यक्ष ने मांग की कि आगामी लोकसभा चुनाव में दिव्यांग, गंभीर रूप से बीमार शिक्षक की ड्यूटी न लगाई जाए। महामंत्री सुनील कुमार ने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए। इस अवसर पर रेनू सिंह, अमित वर्मा, आशीष कुमार, सुनीत कुमार, कुशल मिश्रा, बिजेंद्र पाल सिंह, सतीशचंद्र, धर्मेंद्र रहे।

## सार-संक्षेप


स्वास्थ्य मेले में पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

### स्वास्थ मेले में न मरीज पहुंचे न डॉक्टर

**कायमगंज ,फर्रुखाबाद।** सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में आयुष्मान मेले में रविवार को सन्नाटा पसरा रहा। डाक्टर ओर मरीज दोनों नदारद रहे। शासन की मंशा के अनुरूप हर रविवार सामुदायिक स्वास्थ केंद्र पर आयुष्मान मेले का आयोजन किया जाता है, जिसमें स्वास्थ परीक्षण के साथ ही दवाईया भी दी जाती है। रविवार को सीएचसी में लगे स्वास्थ मेले में सन्नाटा देखा गया। परिसर में काउंटर तो लगे थे वहा चिकित्सक नदारद थे। वही मरीज भी नहीं थे। ऐसे में कहा जा सकता है प्रसार प्रचार के अभाव में यहां आयुष्मान मेला शासन की मंशा के अनुरूप खरा नहीं उतर पा रहा है। इस संबंध में अधीक्षक डा. शोभित कुमार ने बताया डाक्टर अपने अपने कक्ष में ओपीडी में बैठे रहे। जबकि स्वास्थ कर्मियो के लिए बाहर काउंटर लगाए गए है।


लाइव प्रसारण देख रहे भाजपा नेता। अमृत विचार

### भाजपाइयों ने सुनीं पीएम मोदी के मन की बात

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** भाजपाईयो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा। सदबाड़ा स्थित शक्ति केन्द्र पर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को भाजपा नेत्री बबिता वर्मा के निवास पर सुना गया। मन की बात कों सुनने के बाद भाजपा कानपुर–बुंदेलखंड क्षेत्र के नेता डॉ अरशद मंसूरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम कों सुनने से प्रेरणा मिलती हैं। अयोध्या में प्राण–प्रतिष्ठा कार्यक्रम से विरोधियों की नींद हराम हों गई है। इस दौरान भाजपा नेता शिव कुमार शाक्य, शक्ति केन्द्र संयोजक प्रदीप कुमार शाक्य, भारतीय मोदी आर्मी के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद वसीम मंसूरी, मुन्नालाल वर्मा, रागिनी वर्मा, सुषमा शाक्य, सुधीर मिश्रा, मेवाराम शाक्य, सुनाली वर्मा, आमना मंसूरी, आयशा वर्मा आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### एडीएम को गैरहाजिर मिले डॉक्टर व फार्मासिस्ट

**फर्रुखाबाद।** गंगा तट पांचाल घाट पर लगे मेला रामनगरिया में कल्पवासियों के स्वास्थ्य के लिए खोले गए अस्पतालों का अपर जिला अधिकारी सुभाष चंद्र प्रजापति ने रविवार को निरीक्षण किया ।निरीक्षण के दौरान एडीएम को आयुर्वेद अस्पताल में डॉक्टर वफार्मासिस्ट अनुपस्थित मिले ।एडीएम ने उनके बिरुध्द कार्रवाई करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिए ।मेला रामनगरिया पहुंचे अपर जिलाधिकारी सुभाष चंद्र प्रजापति ने एलोपैथिक अस्पताल का निरीक्षण किया ।जहां उन्हें ओपीडी में 360 मरीज के रजिस्ट्रेशन व दवा लेने की पुष्टि हुई ।यहां डॉक्टर नेहा गुप्ता और डॉक्टर रवि रतन उपस्थित मिले ।इसके बाद एडीएम ने आयुर्वेद अस्पताल का निरीक्षण किया ।जहां उन्हें डॉक्टर संतोष मिश्रा और फार्मासिस्ट विजय बहादुर अनुपस्थित मिले ।जिसको लेकर एडीएम ने एक एक दिन का वेतन काटने के निर्देश सीएमओ को दिए।

### सर्दी से ठिठुर रहे लोगों को वितरित किए कंबल

**कायमगंज,फर्रुखाबाद।** गरीबो की मदद के लिए अब समाज सेवियों के हाथ उठने लगे हैं। यहाँ पड़ रही भीषण ठंड से निजात दिलाने के लिए उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला महामंत्री मनोज कौशल ने अपने वार्ड व गोदाम में काम करने वाले श्रमिकों को सर्दी से बचाव के लिए एक सौ कमल वितरण किये। मंनोज कौशल ने कहा कि हर व्यक्ति को कुछ न कुछ गरीबो की मदद करनी चाहिए। यह लोग भी हमारे परिवार का अंग हैं ।इनकी सेवा ईश्वर की सेवा है।

### संस्कार भारती ने कार्यक्रम को सफल बनाने को बनाई रणनीति

**फर्रुखाबाद ।** रविवार को नगर के वृंदावन गली स्थित भरतमुनि स्मृति दिवस कार्यक्रम की संयोजक प्रीति तिवारी के निवास पर आयोजित बैठक का शुभारंभ भगवान नटराज का आवाह्न कर संस्था के ध्येय गीत से हुआ । बैठक को संबोधित करते हुए प्रांतीय महामंत्री सुरेन्द्र पाण्डेय आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने की रणनीति बनाई। आगामी कार्यक्रम भरतमुनि स्मृति दिवस को धूमधाम साथ मनाएं जाने पर चर्चा की गई, संयोजक प्रीति तिवारी ने कहा कि कार्यक्रम को अच्छे से करने का पूरा प्रयास रहेगा । नाटक नारी प्रधानता, सामाजिक समरसता, पर आधारित करने का प्रयास होगा। बैठक की अध्यक्षता निवर्तमान अध्यक्ष दीपक रंजन सक्सेना की । संचालन सचिव दिलीप कश्यप ने किया ।इस अवसर पर अध्यक्ष डॉक्टर नवनीत गुप्ता, कोषाध्यष अर्पण शाक्य, गौरव मिश्रा, अखिलेश पाण्डेय,राम अवतार शर्मा इंदु, राज गौरव पाण्डेय,आदेश अवस्थी,समरेंद्र शुक्ल,आकांक्षा सक्सेना,अमन अवस्थी, अरविन्द दीक्षित,शिवम दीक्षित,डॉक्टर सर्वेश श्रीवास्तव,साधना श्रीवास्तव, प्रीतू वर्मा, चित्रा अग्निहोत्री,शशिकांत पाण्डेय,भारती मिश्रा, सुनीता सक्सेना,अर्चना द्विवेदी,संजय गर्ग राम मोहन रहे।

### अवैध खनन की रिपोर्ट दर्ज

**फर्रुखाबाद।** कमाल गंज थाना क्षेत्र में अवैध रूप से मिट्टी खनन किए जाने की शिकायत सोशल मीडिया पर अधिकारियों से की गई। खेत स्वामी की तहरीर पर पुलिस ने दो ट्रैक्टर चालक व सात अज्ञात के खिलाफ मिट्टी चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली। थाना क्षेत्र के गांव गोपालपुर निवासी नरवीर सिंह ने बिचपुरी निवासी कुलदीप, अज्ञात ट्रैक्टर चालक सहित 6 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमे कहा गया है कि बुधवार को उसे जानकारी हुई कि उसके खेत से कुछ लोग ट्रैक्टर ट्रॉली से मिट्टी खोदकर चोरी कर रहे हैं। इस पर उसने खेत पर जाकर देखा तो काफी मिट्टी चोरी कर ली गई थी। जिससे खेत में गड्ढा हो गया था। खोजबीन करने पर पता चला कि कुलदीप व एक अज्ञात चालक छह–सात लेवरों के साथ मिट्टी खोद ले गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मिट्टी चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली।

## एक नजर

### आकांक्षा सक्सेना उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित

**फर्रुखाबाद।** 75वें गणतंत्रता दिवस के अवसर पर श्री विश्वनाथ सामाजिक सेवा संस्थान की कोषाध्यक्ष आकांक्षा सक्सेना को जिलाधिकारी संजय सिंह व पुलिस अधिक्षक विकास कुमार व विधायक डा. सुरभि ने सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। आकांक्षा सक्सेना पिछले कई वर्षो से महिला एवं बाल विकास के लिए कार्य कर रही हैं। आकांक्षा सक्सेना ने ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। सुरेंद्र पांडेय ने भी उन्हें बधाई दी।

### रामलखन बने कंट्रोल रूम प्रभारी

**फर्रुखाबाद।** दो फरवरी से शुरू होने वाली इंटरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षा के लिए रामलखन पाल को कंट्रोल रूम प्रभारी बनाया गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि डीआईओएस कार्यालय सभागार में प्रयोगात्मक परीक्षा के लिए कंट्रोल रूम बना दिया गया है। रामलखन पाल परीक्षा केंद्रों पर ऑनलाइन प्रयोगात्मक परीक्षा पर नजर रखेंगे। सभी प्रधानाचार्यो को निर्देशित किया गया है कि परीक्षा शुरू होने से पहले अपने–अपने कॉलेज में सीसीटीवी कैमरे दुरुस्त करा लें।

### सटोरिया गिरफ्तार

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** कस्बा चैकी प्रभारी विद्या सागर तिवारी ने मुखविर की सूचना पर पानी की टंकी के पास से ध्रुव तिवारी पुत्र सुशील तिवारी निवासी मोहल्ला बजरिया रामलाल को सट्टा पर्ची व 580 रुपए बमराद हुए। पुलिस ने जुआ अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर लिया।

### सविता समाज ने भाजपा सरकार की सराहना की

**फर्रुखाबाद।** सविता समाज उत्थान समिति की बैठक रविवार को प्रदेश अध्यक्ष गयालाल श्रीवास्तव के आवास पर हुई। वक्ताओं ने मरणोपरांत जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने पर भाजपा सरकार की सराहना की। बैठक की अध्यक्षता कर रहे सीपी सिंह ने कहा कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर ने दलित, पिछड़े एवं दबे–कुचलों लोगों के हक की लड़ाई लड़ी थी।

# झोलाछाप के इलाज से गई किशोर की जान

## पुलिस ने झोलाछाप को हिरासत लेकर क्लीनिक पर ताला डाला

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** कमालगंज थाना क्षेत्र में झोलाछाप के इलाज के दौरान किशोर की मौत हो गई। परिजनों ने झोलाछाप के खिलाफ थाने में शिकायत की। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर झोलाछाप को हिरासत में ले लिया है।

कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव उगरापुर निवासी राम आसरे कठेरिया के 16 वर्षीय पुत्र शिवा को शनिवार दोपहर अचानक नहाने के बाद चक्कर आने आने लगे। राम आसरे पुत्र को जरारी स्थित एक झोलाछाप क्लिनिक पर लेकर गए। जहां अंकित वर्मा नाम के झोलाछाप ने ठीक करने का पूर्ण विश्वास देकर इलाज शुरू किया। युवक की हालत बिगड़ने पर डॉक्टर ने इलाज करने से मना कर दिया। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर ने 15 से 20 गुलूकोज की बोतलें चढ़ा दी। जिस कारण मुंह से झाक आने पर रात दस बजे डॉक्टर ने कहीं और दिखाने की बात कह कर भगा दिया। किशोर की रात 11 बजे मौत हो गई। डॉक्टर की लापरवाही से युवक की मौत पर पिता ने डॉक्टर के खिलाफ थाने में शिकायत की ।थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर डॉक्टर को हिरासत में लेकर क्लिनिक पर ताला डाल दिया है। पिता राम आसरे कमालगंज थाने में चौकीदारी करते हैं ।उन्होंने बताया कि बेटे की मौत पर पत्नी ओम श्री भाई श्याम, बहन शगुन का रो रो कर बुरा हाल हो गया ।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थांनाध्यक्ष राजेश राय ने बताया कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। झोला छाप को हिरासत में ले लिया गया है।


मौके पर लगी भीड़। अमृत विचार

### स्वास्थ्य विभाग को सुविधा शुल्क से वास्ता

**फर्रुखाबाद।** जिले में स्वास्थ्य विभाग के रहमोकरम पर एक सैकड़ा से अधिक झोला छाप अपनी अपनी दुकानें सजाए बैठे हैं। यह झोला छाप स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के लिए कामधेनु बने हुये हैं। इनके इलाज से रोगी की मौत होते ही स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी दबाव बनाते हैं और मुट्ठी गर्म होते ही उन्हें फिर अपना आशीर्वाद दे देते हैं। गांव में गली गली में झोला छाप अपनी दुकानें सजाए बैठे हैं। आये दिन कही न कही किसी रोगी की जान ले रहे हैं।

# चंदन ने पैदल अयोध्या पहुंच किए रामलला के दर्शन

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** आस्था से सराबोर जनपद के चंदन कुमार ने पांच दिन में पैदल ही अयोध्या तक की दूरी तय कर रामलला के दर्शन किए। गांव पहुंचने पर गांव वालों ने उनका स्वागत किया।

ब्लॉक कमालगंज क्षेत्र के गांव हैदरपुर निवासी चंदन कुमार एथलेटिक्स खिलाड़ी हैं। उन्होंने पैदल ही अधोध्या पहुंचकर प्रभु श्रीराम के दर्शन किए और 25 जनवरी को ट्रेन से फर्रुखाबाद रेलवे स्टेशन आए। चंदन कुमार ने कहा कि एकाएक उनके मन में पैदल अयोध्या पहुंचकर रामलला के दर्शन करने का विचार हुआ। घरवालों ने पहले तो भीषण सर्दी में पैदल यात्रा से मना किया, फिर बोले कि प्रभु श्रीराम बुला रहे हैं तो जाओ। पापा मंगली प्रसाद व मां अनीता देवी ने माथे पर तिलक कर आशीर्वाद दिया। 18 जनवरी को गांव से अयोध्या तक की पैदल यात्रा शुरू की। कन्नौज, उन्नाव, लखनऊ व बाराबंकी से होते हुए 22 जनवरी को दोपहर 3.10 बजे अयोध्या पहुंच गए। मुख्यगेट पर मोबाइल जमा करवा लिया गया। लाइन में लगने के बाद सायं 5.30 बजे प्रभु श्रीराम के दर्शन किए और मंदिर में दीपक भी जलाया।

चंदन कुमार बताते हैं कि रास्ते में उन्हें कई लोग मिले, जो पैदल, साइकिल और बाइक से अयोध्या जा रहे थे। इससे उनका मनोबल बढ़ता चला गया। चंदन पांच भाई-बहनों में तीसरे नंबर के हैं। गांव पहुंचने पर चंदन कुमार का प्रधान सुरेंद्र कुमार राठौर के अलावा स्वजनों व ग्रामीणों ने स्वागत किया।


अपने माता–पिता के साथ चंदन। अमृत विचार

# गृह कलह से तंग महिला फंदे पर लटकी, मौत

संवाद दाता अमृतपुर फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** अमृत पुर थाना क्षेत्र में गृह कलह से तंग महिला ने फांसी लगा कर आत्म हत्या कर ली।

थाना क्षेत्र के ग्राम लभेड़ा निवासी सीमा(21) पत्नी पातीराम उर्फ शनि किसी बात से नाराज होकर कमरे के अंदर गेट बंद कर पंखे के कुंडे मे साड़ी का फंदा डालकर कर झूल गई। काफी देर तक बाहर न निकलने पर परिजनों ने कमरे का गेट तोड़कर अंदर देखा तो सीमा फांसी के फंदे पर लटक रही थी उसकी मौत हो चुकी थी। परिजनों ने अमृतपुर थाने मे सूचना दी। एसओ मिनेश पचौरी ने घटना स्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर शव फांसी के फंदे से उतरवाया। नायब तहसीलदार अतुल कुमार ने शव का पंचनामा भरवाया। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# बोर्ड परीक्षा के स्ट्रांग रूम में लगे कैमरे

संवाददाता, फर्रुखाबाद

- **बोर्ड ने डीबीआर संबंधी जानकारी दोबारा मांगी**

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड परीक्षा नकलविहीन संपन्न कराए जाने के लिए सभी जनपदों में स्थित परीक्षा केंद्रों के स्ट्रांग रूम की निगरानी सीधे माध्यमिक शिक्षा परिषद करेगा। इसके लिए स्ट्रांग रूम में लगे सीसीटीवी कैमरे से जुड़े डीवीआर की जानकारी मांग गई थी। केंद्र प्रभारियों ने गलत सूचनाएं भेज दीं।

अब परिषद सचिव ने 29 जनवरी तक हर हाल में दोबारा सूचना देने के निर्देश दिए हैं।

विशेषकर प्रश्नपत्रों की सुरक्षा के लिए बनाए स्ट्रांग रूम की निगरानी शामिल है। इसके लिए प्रयागराज में कमांड एंड कंट्रोल सेंटर स्थापित किया जाएगा। परिषद ने सभी परीक्षा केंद्रों से स्ट्रांग रूम में लगे सीसीटीवी कैमरे से जुड़े डीवीआर के साथ ही कक्षा कक्षों में लगे डीवीआर व आईपी एड्रेस की सूचना मांगी थी। केंद्रों से जो सूचनाएं परिषद की वेबसाइट पर अपलोड की गईं, जब उन्हें देखा गया तो यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा था कि कौन सा डीवीआर स्ट्रांग रूम के सीसीटीवी कैमरे से जुड़ा है। सचिव दिव्यकांत शुक्ल ने सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों को निर्देश दिए हैं कि परिषद की वेबसाइट पर परीक्षा केंद्रों के स्ट्रांग रूम से संबंधित डीवीआर का चिन्हांकन कर सूचना 29 जनवरी तक हर हाल में अपलोड कर दें।

आस्था | आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती जी की 200 वीं जयंती पर हुआ आयोजन

# मेला रामनगरिया के वैदिक क्षेत्र में ज्ञान ज्योति महोत्सव

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती की 200 वीं जयंती के उपलक्ष्य में जिला आर्य प्रतिनिधि सभा के तत्वावधान में मेला रामनगरिया के वैदिक क्षेत्र में ज्ञान ज्योति महोत्सव का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक डॉ संजय सिंह व भारतीय सेना के पूर्व कैप्टन सर्वेश सिंह यादव ने ध्वजारोहण कर शिविर का विधिवत शुभारंभ किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती महान समाज सुधारक व राष्ट्रीय चिंतक थे। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों के निवारण के साथ-साथ नारी शिक्षा पर विशेष बल दिया। तथा स्त्रियों को पुरुषों के बराबर वेद आदि धार्मिक ग्रंथों को पढ़ने का अधिकार दिया। उन्होंने समाज मे व्याप्त गुलामी की मानसिकता को छोड़ क्रांति के लिए लोगों को प्रेरित किया। उनकी प्रेरणा से हजारों युवा स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल हुए। सभी क्रांतिकारियों के प्रेरणा स्त्रोत दयानंद व उनका अमर ग्रंथ सत्यार्थप्रकाश था। शिविर के संयोजक डॉ शिवराम सिंह आर्य,डॉ हरिदत्त द्विवेदी व मुन्ना यादव आदि ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर सत्यार्थप्रकाश व स्मृतिचिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर षट दर्शन अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत सोमवार पुरी, शिविर के संचालक आचार्य चंद्रदेव शास्त्री साथ रहे। उन्होंने बताया कि 28 दिन तक चलने वाले इस आयोजन में देश के कोने-कोने से आर्य विद्वान व गुरुकुलों के आचार्य कल्पवासियों के बीच वैदिक धर्म का प्रचार-प्रसार करेंगे। शिविर में संतसम्मेलन,महिला सम्मेलन व राष्ट्र रक्षा आदि सामाजिक विषयों को लेकर विविध सम्मेलनों व गोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा। विराट कवि सम्मेलन व शोभायात्रा के माध्यम से कल्पवासियों को राष्ट्र सेवा व आर्यसमाज के विचारों से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा ।स्वामी दयानंद की 200 वीं जयंती को भारत सरकार के सांस्कृति मंत्रालय द्वारा ज्ञान ज्योति पर्व के रूप में मनाया जा रहा है ।इसी क्रम में जनपद में इस कार्यक्रम को आयोजित किया जा रहा है। हमारा उद्देश्य जन-जन तक आर्य समाज व स्वामी दयानंद के विचारों को पहुंचाना है। महंत सोमवार पूरी ने सभी आये हुए श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान किया । अपने जीवन को यज्ञमय बनाने का आवाहन किया। प्रातःकाल यज्ञ आचार्य ओमदेव शास्त्री व हरिओम शास्त्री ने सम्पन्न कराया। यजमान प्रमोद यादव के साथ सैकड़ों कल्पवासियों ने आहुतियां प्रदान कर परमात्मा से सुख संवृद्धि की कामना की। दोपहर की सभा मे फरीदाबाद से पधरे प. प्रदीप शास्त्री ने मधुर भजनों के माध्यम से ऋषि दयानंद का गुणगान किया।

धनीराम बेधड़क व उदिता आर्या ने ईस्वर भक्ति के गीत सुनाए। कार्यक्रम में लालाराम आर्य,मुन्नालाल राठौर आल्हा सम्राट, सुरेश चंद्र वर्मा,रामावतार वर्मा एड.,डॉ हरिनंदन सिंह,अमीचंद शास्त्री, आदित्य सिंह आर्य,सुरेंद्र आर्य,स्वामी श्यामानंद,महंत लखन गिरी,उदयराज आर्य,रेशमा दासी,मीरा शास्त्री,रत्नेश द्विवेदी, रेनू आर्या,शालिनी आर्या उपस्थित रहे।


ध्वजारोहण करते एएसपी संजय सिंह। अमृत विचार

# बंदी में काम कराने का विरोध

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** भारती कृषक एसोसिएशन की पंचायत प्रांतीय महासचिव मुन्नालाल सक्सेना के आवास कायमगंज पर सम्पन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता प्रताप सिंह गंगवार द्वारा की ।

पंचायत में कहा गया कि जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी को कई बार मांगपत्र प्रस्तुत किए गए कि कायमगंज में यह दुकान साप्ताहिक बाजार बंदी रविवार को होनी चाहिए।वर्करों से दुकान मालिक,तंबाकू आढ़ती,गोदाम मालिक काम लेते हैं।रविवार की ड्यूटी न करने पर कर्मचारियों की मजदूरी/वेतन काट लिया जाता है। व ना आने पर अपमानित किया जाता है।श्रम परिवर्तन अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्यवाही कर पुलिस द्वारा बाजार बंदी कराई जाए। पंचायत में रागिब हुसैन खान ने कहा कोई भी खाद्य पदार्थ खाने योग्य नहीं है। राशन में चावल,गेहूं मिलता है। उसमें मिट्टी कंकड़ की मिलावट हो रही है ।राशन का कहीं पर भी सैंपल लेकर कार्यवाही नहीं हो रही है ।काली दाल रंगीन पॉलिस युक्त बिक रही है ।आटा,बेसन,दूध दही व देशी घी के नाम तमाम ब्रांड वनस्पति चर्बी युक्त बिक रहे हैं ।जो खाने योग्य नहीं है। यह सब खाद्य विभाग की सहमति मोटी सुविधा शुल्क लेकर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा बिकवाये जाते हैं ।विभाग के अधिकारियों की आय से अधिक संपत्तियों की जांच कराई जाए ।सरसों तेल खुला एक्सपेलर वाले बेच रहे हैं जो मिलावटी है। प्रताप सिंह गंगवार ने कहा कि नगर कायमगंज में अतिक्रमण की समस्या व कटखने बंदरों की समस्या, नालियां पूरे कस्बे में गंदगी से भरी पड़ी है,नगर में तापने के लिए अलाव पर्याप्त मात्रा में नहीं जलाए जा रहे हैं। कहीं जलाए भी जाते हैं तो गीली लकड़ी डाली जा रही है। लोग कूड़ा जलाकर ताप रहे हैं। पेयजल के लिए गंदा पानी सप्लाई किया जा रहा है। लोग बीमार पड़ रहे हैं ।नगर पालिका परिषद समस्या का समाधान नहीं कर रही है ।कई बार मांग पत्र प्रस्तुत किए गए। स्थाईअधिशासी अधिकारीको तैनात किया जाए ।जिससे समस्या का निदान हो।


पंचायत में भाग ले रहे किसान नेता। अमृत विचार

# सरिया लदा ट्रैक्टर पलटने से मजदूर की दबकर मौत, तीन गंभीर घायल

## दो जेसीबी से ट्रैक्टर व सरिया को हटवाकर दबे युवक को निकाला गया, चालक फरार

संवाददाता, बकेवर-इटावा


मौके पर राहत कार्य में जुटे पुलिस कर्मचारी। अमृत विचार


रविश।

**अमृत विचार।** बकेवर भरथना मार्ग पर ग्राम पटिया के पास सरिया लदी ट्रैक्टर ट्राली पलटने से एक मजदूर की दबकर मौत हो गई। तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मरने वाला मजदूर और घायल सभी बिहार के रहने वाले हैं। यहां आकर मजदूरी कर रहे थे। बकेवर पुलिस ने दो जेसीबी मंगवाकर पलटे हुए ट्रैक्टर व सरिया को हटवाकर तकरीबन आधा घंटे में सरिया के नीचे दबे युवक को निकलवा पाया, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

थाना क्षेत्र के अंदावा में पानी की टंकी के निर्माण कार्य चल रहा है। इसके निर्माण में अधिकांश बिहार प्रांत के मजदूर काम कर रहे हैं। रविवार को सरिया लेकर ट्रैक्टर अंदावा जा रहा था। ट्राली में चार मजदूर सवार थे ।

बकेवर से तकरीबन पांच किलोमीटर आगे पटिया बंबा के पास ट्रैक्टर अचानक झोला खाकर सड़क किनारे पलट गया। ट्राली में लदे सरिया व उस पर बैठे लोग भी सड़क पर पलट गए। एक मजदूर सरिया के नीचे दब गया। थानाध्यक्ष बकेवर राजकुमार सिंह, एसआई आर के निषाद मय फोर्स तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। मजदूर को सरिया के नीचे दबा देखा, तीन घायलों को तो पुलिस ने जल्दी से ही निकाल लिया। खितौरा सड़क निर्माण के लिए खड़ी जेसीबी मंगवाकर सरिया के नीचे मजदूर को निकाला गया। परंतु उसकी मौत हो चुकी थी। थानाध्यक्ष बकेवर राजकुमार सिंह ने बताया कि मृतक युवक का नाम रविश मुनि पुत्र जगन्नाथ मनी उम्र लगभग 23 वर्ष है। घायलों में जगन्नाथ मनि पुत्र भोला नाथ मनि, विकास कुमार पुत्र गोकुलमनी, सोनू कुमार पुत्र जयकिशन निवासीगण ग्राम हरिपुरा थाना गोगरी जमालपुर जनपद खगड़िया बिहार के रहने वाले हैं। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया। ट्रैक्टर का चालक मौके से भाग जाने में सफल रहा।

## वन क्षेत्र में पेड़ों की अवैध कटान करा रहे माफिया

**बकेवर-इटावा।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत लकड़ी माफिया इतने सक्रिय हैं। लवेदी थाना क्षेत्र के अंतर्गत दाउदपुरा, सारंगपुरा, सबदलपुरा, पहाड़पुरा, विरहाई ,टकरुपुरा तथा महेवा में अहेरीपुर, निवाड़ी, अंदावा,पुरावली के बीहड़ में प्रतिबंधित हरी प्रजातियों की लकड़ी की बिक्री की जा रही है। गौतमपुरा व्यासपुरा, दिलीपनगर , इकनौर गांव में लगभग दो दर्जन से अधिक पेड़ों को वन कर्मियों के इशारे पर पहले तो गिरा दिया जाता है। इसके बाद वन माफियाओं द्वारा लकड़ी का कटान करवा दिया जाता है।

कस्बा लखना में वन क्षेत्राधिकारी कार्यालय है। नाक के नीचे लवेदी क्षेत्र लखना जंगली क्षेत्र से लकड़ी माफिया प्रतिदिन पुलिस वन विभाग की मिलीभगत से लकड़ियों की ट्राली ले जाते देखे जा रहे हैं। दिन रात पेड़ों की कटाई की रही है। क्षेत्र के मुकेश चौधरी, गणेश त्रिपाठी ने कार्रवाई की मांग की।

# दबाव में आकर नीतीश ने दिया इस्तीफा

संवाददाता, भरथना-इटावा


बृजराज नगर में शोक जतातीं सांसद मैनपुरी डिंपल यादव। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के दामाद व पूर्व सांसद तेज प्रताप यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दबाव में आकर इस्तीफा दिया है। तेज प्रताप ताखा ब्लाक प्रमुख के प्रतिनिधि ध्रुव कुमार यादव चीनी के भतीजे के असामयिक निधन पर मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र से सांसद डिंपल यादव के साथ उनके आवास बृराजनगर शोक जताने आए थे। इस दौरान उन्होंने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि राष्ट्रीय जनता दल और महागठबंधन ने पूरा प्रयास किया कि भाजपा से एकजुटता के साथ लड़ें। इसके बावजूद भी नीतीश कुमार ने इस तरीके का फैसला लिया तो निश्चित उनके ऊपर कोई दबाव रहा होगा। नीतीश कुमार अभी तक महागठबंधन छोड़ने का कोई ठोस कारण नहीं बता पाए हैं।

- सांसद डिपल यादव के साथ सपा नेता के यहां शोक जताने गए थे लालू के दामाद

सांसद डिंपल यादव सपा नेता चीनी यादव के बृजराज नगर आवास पर पहुंची थीं। उनके साथ डीसीबी अध्यक्ष अंकुर यादव, पूर्व सांसद तेजप्रताप यादव, सपा जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू के साथ मौजूद रहे। मोहल्ला कृष्णा नगर में पूर्व सभासद निहालुद्दीन के नेतृत्व में पालिका के सभासद भीखम सिंह एवं दो अन्य सभासदों ने सांसद डिंपल यादव के काफिले को रोककर प्रतीक चिह्न भेंटकर उनका स्वागत सम्मान करते हुए अपनी समस्या से अवगत कराया ।

इस मौके पर ताखा की ब्लाक प्रमुख ताखा प्रीती यादव, भरथना नगर पालिका के चैयरमैन अजय कुमार गुल्लू यादव, पूर्व प्रमुख हरिओम यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनोज यादव बण्टी, वीरेन्द्र यादव, सुशान्त वर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष सुनील यादव, सपा नगर अध्यक्ष राजीव तिवारी,राजेश यादव पंडा, संजीव यादव, शिवम यादव, सत्यम यादव, कल्लू यादव, अरुण यादव मौजूद रहे।

# मंदिर के रास्ते में भरा नाले का गंदा पानी

संवाददाता बसरेहर, इटावा


नाला की सफाई न होने से सड़क पर भरा गंदा पानी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बसरेहर विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत अकबरपुर में नाले की सफाई न होने के कारण सड़क के ऊपर से गंदा पानी बह रहा है। पास में ही बने मंदिर पर पूजा करने के लिए ग्रामीणों को इसी गंदे पानी से गुजर कर जाना पड़ता है।

भाजपा नेता अरविंद कुमार मिश्रा ने बताया कि चार माह से नाले की सफाई न होने के कारण गांव का गंदा पानी सड़क में ऊपर से बह रहा है। जिसकी शिकायत उसने दो बार 1076 पर भी सूचना दी थी। उस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई इसके बाद आठ दिन पहले प्रार्थना पत्र खंड विकास अधिकारी को भी दिया। अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने बताया कि सरकार ने अधिकारियों को आदेशित कर दिया था कि हर गांव गांव व धर्मस्थल की जगह के पास कोई गंदगी ना मिले और सफाई अभियान चला कर साफ सफाई की जाए। ग्रामीण रामनारायण सविता, जबर सिंह यादव, दौलत राम, उपदेश कुमार, माया देवी यादव, रामकिशन शर्मा, अमर सिंह यादव, रिंकू अभिषेक ने बताया कि गंदा पानी भरा होने से जहरीले मच्छर पनप रहे हैं । जिससे गांव में बीमारी फैल रही है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि नाले की सफाई कराई जाये जिससे गांव में भरे गंदे पानी से निजात दिलाई जा सके। खंड विकास अधिकारी यदुवीर सिंह राजपूत ने बताया सफाई सफाई कर्मियों को लगाकर नाले की सफाई कर दी जाएगी।

## जहरीला पदार्थ खाने से मजदूर की मौत

**इकदिल, इटावा।** थाना क्षेत्र में गांव पृथ्वीपुर के पास ईंट भट्ठे पर ईंट पथाई करने वाले मजदूर ने किसी बात से क्षुब्ध होकर किसी विषैले पदार्थ का सेवन कर लिया। उसे पीजीआई में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई।

बांदा जिले के गांव अंधावा का रहने वाला गोरेलाल ( 40 ) ने किसी बात से क्षुब्ध होकर शुक्रवार की शाम को जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे एम्बुलेंस से बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल लाए। श्रमिक की हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने उसे सैफई मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया था। वहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दी। सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।

# माशिसं शर्मा गुट के राजीव अध्यक्ष, देवेश मंत्री बने

कार्यालय संवाददाता, इटावा


माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मागुट के निर्वाचित पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट इटावा के वार्षिक निर्वाचन में राजीव कुमार गोयल को जिलाध्यक्ष तथा देवेश शर्मा को जिलामंत्री निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। निर्वाचन अधिकारी जगदीश नारायण त्रिपाठी व प्रदेशीय मंत्री कवि डा. कमलेश शर्मा ने बताया की प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर उन्होंने नवीन जिला कार्यकारिणी का विधिवत निर्वाचन संपंन कराया। रिक्त पदों पर नियुक्ति का अधिकार नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को दिया गया जो अपनी पहली बैठक में रिक्त पद भर लेगी।

शिक्षक संघ की इस कमेटी में कोषाध्यक्ष नरेंद्र कुमार, आय व्यय निरीक्षक भगवान दास प्रशांत बनाए गए है। इसके साथ ही उपाध्यक्ष पद पर सुरेंद्र कुमार दीक्षित, प्रमोद शाक्य, शोवरन सिंह, पंकज दीक्षित,दिनेश बाबू वर्मा, नीतू वर्मा निर्वाचित हुईं। छह संयुक्त मंत्री पद पर मुकेश बाबू अग्निहोत्री, अरुण कुमार शर्मा, प्रमोद कुमार यादव, विपिन कुमार, अजय विक्रम सिंह एवं बिंदु रहे। शाहनवाज अतहर, प्रियांक मिश्रा, सुधाकर शर्मा, राहुल दुबे, सुभाष चंद्र जायसवाल, अतुल कुमार गुप्ता, राकेश कुमार, अभिषेक तिवारी जयशरण, सिद्धार्थ कुमार दीक्षित, रमाकांत मौर्य, गौरव वशिष्ठ, रीता, शिवप्रबल प्रताप राव कार्यकारणी सदस्य चुने गए। प्रदेशीय प्रतिनिधि में कवि कमलेश शर्मा, राजीव कुमार गोयल, देवेंद्र शर्मा, नरेंद्र कुमार भगवान दास सुरेंद्र कुमार दीक्षित, दिनेश बाबू वर्मा, पंकज दीक्षित, प्रमोद शाक्य,अजय विक्रम सिंह, अरुण कुमार शर्मा, दयानिधि चौबे, नाहर सिंह बनाए गए।

# दोपहर धूप से मिली राहत दिन ढलते ही सर्दी बढ़ी

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- न्यूनतम तापमान छह डिग्री से. पर ही अटका

**अमृत विचार।** इस साल की शुरुआत से ही कड़ाके की सर्दी का सितम जारी है। हालांकि पिछले तीन दिनों से धूप ने सर्दी से कुछ राहत दी है। रविवार को हालांकि न्यूनतम तापमान 6 डिग्री रहा लेकिन सुबह 9 बजे ही धूप निकल आने के कारण सर्दी से राहत मिली और दोपहर में तापमान बढ़कर 18 डिग्री तक पहुंच गया। इससे सर्दी से राहत मिली लेकिन शाम होते ही सर्दी फिर बढ़ गई।

इन दिनों सर्दी और कोहरे के कारण लोग खासे परेशान हैं। रविवार को सुबह कोहरा तो नहीं था लेकिन सर्दी थी और तापमान 6 डिग्री था। पिछले दिनों की तुलना में रविवार को भगवान भास्कर ने जल्द दर्शन दिए और सुबह 9 बजते बजते धूप निकल आई। धूप निकलते ही सर्दी से कुछ राहत मिली। हालांकि धूप में ज्यादा तेजी नहीं थी लेकिन पूरे दिन धूप बनी रही जिससे सर्दी से कुछ राहत तो रही। हालांकि ठंडी हवाएं भी चलती रहीं जिससे सर्दी भी बनी रही।

शाम होते ही एक बार फिर सर्दी बढ़ गई। जनवरी के अंत तक तक आमतौर पर सर्दी मे काफी कमी आजाती है। इस साल ऐसा नहीं हुआ और पिछले एक महीने से कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। सर्दी के कारण कई बार स्कूलों में छुट्टियां भी करनी पड़ी लेकिन तापमान 6 डिग्री पर ही अटका हुआ है।

## विक्रेता को चकमा देकर कार चालक कंबल लेकर फरार

**जसवंतनगर, इटावा।** हाइवे किनारे सागर ढाबा के पास कंबल बेचने वाले को एक कार चालक चकमा देकर 26 हजार के कंबल लेकर फरार हो गया।

जनपद मंदसौर के थाना सामगई के ग्राम पखेरिया निवासी मोहन ने पुलिस को तहरीर दी कि वह पिछले कुछ माह से नहर पुल के पास स्थित सागर ढावा के पास हाइवे किनारे कंबल बेचने का काम करते हैं। उनके पास एक कार चालक ने 30 कंबल खरीदने की बात कहीं तो एक हजार रुपये प्रति कंबल का सौदा हो गया। चालक ने 26 कंबल कार में रखवा लिये। उसके बाद कार चालक ने चार कंबल की और मांग की। दुकानदार कंबल उठाने लगा। उसी समय कार को लेकर चालक भाग निकला।

# सरकार पर जमकर बिफरी किसान सभा

संवाददाता भरथना-इटावा


किसान पंचायत को संबोधित करते माकपा नेता मुकुट सिंह यादव। अमृत विचार

**अमृत विचार।** किसान सभा की पंचायत में राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री एवं प्रदेश महामंत्री मुकुट सिंह ने मोदी-योगी सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार वादाखिलाफ है। साथ ही झूठ और नफरत की राजनीति कर रही है।

साम्हो के चढ़रौआ में किसान पंचायत में उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने एमएसपी की गारण्टी, बिजली बिल संसद में पेश न करने, किसानो की आमदनी दोगुनी करने, महंगाई-बेरोजगारी-भ्रष्टाचार को रोकने के वादे और योगी सरकार ने 300 यूनिट घरेलू बिजली फ्री एवं सिंचाई के लिए स्थायी तौर पर फ्री बिजली देने का चुनाव में वादा किया था। जनता का ध्यान भटकाने के लिए साम्प्रदायिकता की राजनीति की जा रही है। समय रहते वादे पूरा न करने पर लोकसभा चुनाव में मोदी सरकार को किसान-मजदूर सबक सिखाने का काम करेंगे। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के जिलामंत्री नाथूराम यादव ने किसानों की मांग का समर्थन करते हुए 5 फरवरी को जिले में होने वाले प्रदर्शन में भागीदारी की अपील की। इस दौरान किसान सभा के राज्य संयुक्त मंत्री एवं जिलामंत्री संतोष शाक्य, जिलाध्यक्ष अनिल दीक्षित, जिला उपाध्यक्ष शिवराम सिंह यादव, आपेन्द्र कुमार प्रधान, मंडल मंत्री रामदास यादव, अरविंद यादव, रामनरायण दोहरे, आदि ने भी सम्बोधित किया। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुरेश यादव ने की।

- किसानों के हक के लिए पांच को शहर में धरना-प्रदर्शन

## सार-संक्षेप

### बिना पंजीकरण व संसाधनों के निजी अस्पतालों में मरीजों से लूट

**बकेवर-इटावा।** बकेवर क्षेत्र में अब भी गैर पंजीकृत अस्पताल मरीजों के इलाज के नाम पर लूट और मौत का खेल खेल रहे हैं। बकेवर के नेशनल हाइवे पर, औरैया रोड पर मस्जिद के समीप, बकेवर हर्राजपुर मार्ग के बीच खुला अस्पताल के अलावा लखना क्षेत्र में भी निजी अस्पताल संचालित है। यहां भी कथित दलालों के माध्यम से मरीजों को भर्ती कराया जाता है। अधिकांश के पास संसाधन, चिकित्सक एवं प्रशिक्षित चिकित्सा कर्मी भी नहीं है। केशव हास्पिटल में प्रसूता पूजा कुमारी के नवजात की मौत ने एक बार फिर अस्पताल जैसी संस्थानों में इलाज के नाम पर हो रहे खेल की पोल खोल दी है। खास बात यह है कि इन निजी नर्सिंग होम व क्लीनिक पर स्वास्थ्य विभाग एवं जिला प्रशासन का कोई नियंत्रण नहीं है। बकेवर अस्पताल से भी मरीज को बहलाकर ऐसे अस्पतालों में आशा या फिर किसी दलाल के माध्यम से भर्ती कराया जाता है। गर्भवती महिलाओं का ऑपरेशन करने के लिए संचालक भाड़े पर डाक्टर और स्टाफ नर्स को बुलाकर ठगी का खेल खेलते हैं। सवाल यह उठता है कि जब भी कोई मौत का मामला सामने आता है। तब ही विभाग की आंखे खुलती है। वर्षों से संचालित अस्पतालों पर मानक के विपरीत कार्य पर विभाग कार्यवाही नहीं की जाती।

### प्रेस क्लब महामंत्री के बड़े भाई का निधन

**इटावा ।** प्रेस क्लब इटावा के महामंत्री विशुन कुमार के बड़े भाई कृष्ण कुमार ( 66 ) का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वे काफी समय से बीमार चल रहे थे । पिछले दिनों बीमार होने के पर गुड़गांव के मेदांता अस्पताल और टाटा मेमोरियल मुंबई में इलाज चल रहा था । देर रात उनका निधन हो गया। दोपहर बाद यमुना नदी के तट पर अंतिम संस्कार किया गया। लखनऊ से भेजे अपने शोक संदेश में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने निधन पर गहरा शोक जताया है। 21 जनवरी को ही विशुन कुमार के पिता ज्ञान सिंह का हृदयगति से निधन हो गया था ।

यूपी दिवस | तीन दिवसीय विकास प्रदर्शनी, भारी संख्या में लोग आए

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम, स्टाल भी लगे

कार्यालय संवाददाता, इटावा


सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शानदार प्रदर्शन करने वाली छात्राएं प्रमाण पत्र के साथ।

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस कार्यक्रम के तीसरे दिन सांस्कृतिक उत्सव के बीच विकास प्रदर्शनी संपन्न हुई। यह कार्यक्रम जिला प्रशासन, जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद ने संयुक्त रूप से आयोजित किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वालों ने रंग जमा दया। वहीं विभिन्न विभागों के स्टाल पर रुके बिना लोग नहीं रह सके। लोगों ने प्रदर्शनी का जमकर लुत्फ उठाया।

प्रतिभागियों एवं स्टॉल लगाने वाले विभागों के प्रतिनिधियों को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के 40 स्टाल लगाए गए। सभी स्टालों की गुणवत्ता भी बहुत अच्छी रही। कार्यक्रम में रोशनी, अनु, शिवानी, अंजू, पायल, नीरू, रश्मि, क्रियांश कुमार व सरांश कुमार ने देशभक्ति गानों पर प्रशंसनीय प्रदर्शन किया।

जिला विकास अधिकारी एस कृष्णा ने सभी को अपने कर्तव्य एवं दायित्वों का पालन मर्यादा पूर्वक करने की बात कही। मुख्य अतिथि नारायन कॉलेज आफ साइंस एंड आटर्स की डायरेक्टर डा श्वेता तिवारी ने बेटियों को दहेज में उत्कृष्ट शिक्षा दिलाने की बात कही। उन्होंने कहा कि देश के विकास में महिलाओं की भूमिका अहम होती है। उन्होंने कहा कि नारायन कॉलेज में गरीब महिलाओं व पूरूषों के लिए सरकार की कई योजनाए निःशुल्क चलाई जा रही हैं।

जिला मिशन प्रबंधक डॉ. नन्दकिशोर साह ने महिलाओं के लिए संचालित कार्यक्रमों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। जिला कौशल प्रबंधक विवेक कुलश्रेष्ठ ने कौशल विकास योजना के लाभपरक कार्यक्रमों की जानकारी विस्तार से दी। जिला पर्यटन अधिकारी मोहित मनोहर सिंह ने आभार व्यक्त किया।

## तमंचा के साथ एक को गिरफ्तार किया

**इटावा।** सैंफई थाना पुलिस ने गस्त के दौरान मुखबिर की सूचना पपर हैंवरा के पास से एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया।तलाशी में उसके पास से एक तमंचा व कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने आवयक कार्रवाई के बाद उसे जेल भेज दिया।

प्रभारी निरीक्षक बलराम मिश्रा अपनी टीम के साथ गस्त पर थे तभी मुखबिर ने सूचना दी कि एक व्यक्ति हेंवरा में गांव के मिनी सचिवालय के पास संदिग्ध अवस्था में खडा है। वह किसी वारदात को अंजाम दे सकता है। इस सूचना पर उन्होने छापा मारकर उसे गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से एक तमंचा कारतूस बरामद हुआ।

पूछताछ में पकडे गए व्यक्ति ने अपना नाम संजीव कुमार पुत्र गोकुल सिंह निवासी पिडारी बताया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे जेल भेज दिया।

# महेवा पुलिस चौकी को थाने का दर्जा दिलाने का होगा प्रयास

संवाददाता बकेवर, इटावा


महेवा पुलिस चौकी में नवनिर्मित कक्ष का लोकार्पण करते एसएसपी संजय कुमार।

**अमृत विचार।** महेवा चौकी को जल्द ही थाना बनाने की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय वर्मा ने पुलिस चौकी में नवनिर्मित कक्ष व कार्यालय आदि का लोकार्पण करने के दौरान यह बात कही।

उन्होंने कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में अभिभावकों का उत्तर दायित्व और बढ़ जाता है। अपनी, अपनी संतानों को गीता, गायत्री से जोड़ें ताकि राम राज्य की स्थापना का सपना साकार हो सके। पुलिस का काम सुरक्षा और संरक्षण तक सीमित रहे। उन्होंने चौकी भवन निर्माण के लिए चौकी प्रभारी कपिल चौधरी की सराहना की। इस अवसर पर बहेड़ा प्रधान विजय प्रताप सिंह सेंगर, रामवीर तिवारी, सुधीर शुक्ल, गौरव तिवारी, अजय तिवारी, रामजी तिवारी तथा निखिल पाठक आदि ने बुके दिया। शाल ओढ़ा कर भी स्वागत किया गया।

- नवनिर्मित कक्ष व कार्यालय का वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने किया लोकार्पण

इस अवसर पर एएसपी ग्रामीण सत्यपाल सिंह ,सीओ भरथना विवेक जावला , इंस्पेक्टर विक्रम सिंह चौहान, प्रभारी थाना प्रभारी राजकुमार सिंह, चौकी प्रभारी कपिल चौधरी, अनुज बालियान, अलख निरंजन, गंगासागर आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में विनोद पोरवाल ,वीरेंद्र पोरवाल ने भी विचार व्यक्त किए। समाजसेवी राजू दुबे ने संचालन किया।

अनाहूत : प्रविशति अपृष्टो बहु भाषते !
अविश्वस्ते विश्वसिति मूढचेता नराधम : !!

किसी जगह पर बिना बुलाए चले जाना, बिना पूछे बहुत अधिक बोलते रहना, जिस चीज या व्यक्ति पर विश्वास नहीं करना चाहिए उस पर विश्वास करना मुर्ख लोगो के लक्षण होते है।

## संपादकीय

# बदले समीकरण

बिहार में कई दिनों से जारी राजनीतिक उथल-पुथल थम गई है। राज्य में सत्ता का समीकरण एक बार फिर बदल गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आरजेडी से अलग होने का फैसला कर भारतीय जनता पार्टी के साथ सरकार बना ली है। रविवार को नीतीश कुमार ने जबरदस्त सियासी घमासान के बाद नौवीं बार राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। नीतीश ने पिछले दशक में चौथा और इस कार्यकाल में दूसरा पलटमार कदम उठाया है। वास्तव में राजनीति में कुछ भी स्थायी नहीं होता है। नीतीश के इस कदम से राज्य में महागठबंधन के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी गुट को भी गहरा झटका लगेगा। घटनाक्रम का समय बड़ा महत्वपूर्ण है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा बिहार में प्रवेश कर रही है और कांग्रेस ने सत्तारूढ़ गठबंधन के सभी सदस्यों के साथ शक्ति प्रदर्शन की योजना बनाई है। नीतीश का यह कदम विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन के लिए बड़ा झटका है। विपक्षी दलों के बीच गठबंधन करके ज्यादा से ज्यादा सीटों पर एनडीए के खिलाफ साझा प्रत्याशी खड़ा करने का पूरा प्रयास नीतीश कुमार की ही पहल पर शुरू हुआ था।

ऐसे में उनके जाने के बाद यह प्रकिया किस तरह से और कितनी आगे बढ़ेगी, इस पर सवाल खड़ा हो गया है। जाहिर है, आगे घटनाएं चाहें जैसा भी मोड़ लें, इतना तय है कि इंडिया को अपनी विश्वसनीयता की नई परीक्षाओं से गुजरना होगा। राष्ट्रीय महत्वाकांक्षाएं पूरी करने की चाह में पिछले साल की शुरुआत में नीतीश ने विभिन्न भाजपा विरोधी पार्टियों को एक मंच पर लाने के प्रयास में , देश का दौरा करना शुरू किया। ममता बनर्जी और उद्धव ठाकरे जैसे नेताओं से मुलाकात की। उनके प्रयासों का फल इंडिया गठबंधन के रूप में मिला। नीतीश को विपक्षी गठबंधन के वास्तुकार के रूप में देखा गया । जिस बात से इंडिया के नेता हतप्रभ हैं, वह है बिहार के मुख्यमंत्री का उन लोगों के साथ शामिल होने का अचानक लिया गया निर्णय, जिनके खिलाफ वह युद्ध छेड़ने की तैयारी कर रहे थे। नीतीश गठबंधन के उन पारित प्रस्तावों के हस्ताक्षरकर्ता थे, जिसमें कहा गया था कि केंद्र सरकार लोकतंत्र के लिए खतरा है और विपक्षी गठबंधन देश बचाने के लिए लड़ रहा है। हालांकि नीतीश कुमार ने पहले भी अपने अवसरवादी निर्णयों से राजद और भाजपा को झटके दिए हैं, लेकिन भाजपा को गले लगाने की उनकी ताजा रणनीति आगामी आम चुनाव से पहले विपक्ष के राजनीतिक गणित को गड़बड़ करने की क्षमता रखती है।

# देवकुलों के बारे में हमारा ज्ञान और इंडोलॉजिस्ट्स का श्रम



रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

मंदिरों की अनेक श्रेणियों को देखकर देवकुलों की समाज पर विशालता और असर का आभास होता है। इसकी पैठ गहरी है। देवप्रासादों में एक देव-देवी या देवकुल को एक निश्चित और विशिष्ट स्थान (स्थल नहीं) क्यों दिया गया इसके बारे में जानने को शायद ही कभी हम उत्सुक हुए दीखते हैं; बस जो चल रहा है उसे स्वीकार करते हैं, जीवन भर देखते चले जाते हैं और दर्शन के बाद मंदिर परिसर से बाहर हो लेते हैं।

अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की घटना ने मुझे यह सोचने को मजबूर किया कि हिंदुओं के देव-देवियों के बारे में 99 प्रतिशत तक मैं कुछ खास नहीं जानता। अन्य सामान्य लोग अपनी जांच इस बारे खुद कर लें। इसका बड़ा कारण संभवतः संस्कृत भाषा के पठन-पाठन के बारे में मेरी कमजोरी है। मैंने संस्कृत भाषा और व्याकरण सिर्फ ग्यारहवीं जमात तक पढ़ी है और ठेठ या उच्च स्तर की वैसी संस्कृत बांचने और पाठ का अर्थ समझने में अक्षम हूं जैसी ऋग्वेद में है। एक भी ऋचा का अर्थ नहीं कर पाता, यूं अपने मन में यह ख्याल जरूर रखता हूं कि शायद समझ गया हूं। हम जिस तरह की शिक्षा प्रणाली से दीक्षा पाकर निकलते हैं उसमें भारतीय भाषाओं में हमारे सांस्कृतिक महत्व के पाठ और स्मृतियों के पठन-पाठन की कोई सामान्य-सी योजना भी नहीं है। विभाग विशेष अर्थात, संस्कृत महाविद्यालयों और सामान्य विश्व-विद्यालयों के, संस्कृत विभागों के आम सिलेबस से मैं अधिक वाकिफ नहीं बस इम्प्रैशन भर है कि शायद इनमें एमए पाठ्यक्रम में ये सब सामान्य तरीके से पढ़ाए जाते हैं।

हिंदू देवकुलों का अध्ययन एक खास किस्म का तजुर्बा है और जिससे आधार पर हम अपने अराध्यों और मार्गदर्शकों के निजी जीवन के कुछ पक्ष और बौद्धिक कृतियों के बारे में और इन द्वारा बताए गए जीवन दर्शन के गहन पहलुओं और अपने हिंदू समाज की दिनचर्या ही नहीं जीवन के गहराइयों को शायद समझ पाएं। हम अपने आसपास या दूरस्थ देवस्थलों और देवालयों में हिंदू देव, देवियों को चित्र, चित्रार्द्ध और चित्रभाषा में अनेक रूप में देखने के अभयस्त हैं लेकिन शायद ही हिंदू देवकुलों के विस्तार और इनकी श्रेणियों से परिचय पाने की जिज्ञासा रखते हैं। बस, सुनने से जो नाम मन पर चढ़ गए वे ही याद हैं। हिंदुओं के अलावा ग्रीक और रोमन देव-देवियों की भी लंबी फेहरिस्त है और हम यदा-कदा इनके नामों से भी प्रसंगवश परिचित होते रहे हैं जैसे कि अपोलो, जुपिटर, मार्स, मरकरी पुरुष देव हैं और वेस्ता, जूनो, मिनर्वा, देवियां हैं। भारत में देवकुलों की सूची में 500 नाम तो हैं ही। प्रत्येक देव-देवी के लिए पूजा, अर्चना के विधान और देवस्थान तय हैं। मुझे यह जानकर आश्चर्य होता है कि भारतीय धर्म-संस्कृति के ग्रंथाचार्यों ने

मुझे अब महसूस हो रहा है कि पढ़ाई चाहे कैसी भी हो, भारत के मूल निवासी होने के नाते हिंदू देवकुलों के बारे में कॉलेज स्तर पर ही हमें जानकारी दी जानी चाहिए थी। यह जानकारी हमें टूरिस्ट लिटरेचर या कोर्स की किताबों से मिलने से रही। जाहिर है, ऐसे में बनावटी तौर से ही यह कहलवाना कि 'हमें भारतीय होने पर गर्व है' मुझे जंचता नहीं हैं।

कितनी मेहनत से यह सब किया होगा और इसका प्रयोजन क्या रहा होगा जिससे मैं तो अधिकांश अपरिचित ही हूं! भारत में एक बिलकुल ही निराले धर्म-दर्शन की सुदीर्घ परंपरा विकसित रही है जिसमें विस्तार हुआ और वैष्णवों, शैव, शाक्त और जैनियों के अलावा अनेक और समुदायों की उत्पत्ति हुई। इनका निकास आदि-शिव साधकों और वैष्णवों ने किया जैसे कि निम्बार्काचार्य, माधवाचार्य, दादू, श्री वल्लभ, चरनदास, चैतन्य, स्वामीनारायण, रामनुज और पंथ संस्थापकों जैसे कि गुरुनानक, रामदेव ने 70 से अधिक हिंदू धार्मिक संप्रदायों और अनेक पंथों ने एक प्रमुख गुरु और संत को अपनाया। इनके बारे में विस्तृत सूची और ब्यौरा सन 1896 में जोगेंद्रनाथ भट्टाचार्य ने 'हिंदू कास्ट्स एंड सेक्ट्स' पुस्तक में दिया है। इससे पहले प्रोफेसर वीपी जोहरापुरकर ने सन 1958 में प्रकाशित पुस्तक में भट्टारक जैन समुदाय के बारे विस्तार से लिखा है। इनसे भी पहले होरेस हेमन ने 1861 में 'ए स्केच ऑफ़ द रिलीजियस सेक्ट्स ऑफ़ द हिंदूज' में 50 से अधिक धार्मिक संप्रदायों के बारे में जानकारी दी थी। मंदिरों की अनेक श्रेणियों को देखकर देवकुलों की समाज पर विशालता और असर का आभास होता है। इसकी पैठ गहरी है। देवप्रासादों में एक देव-देवी या देवकुल को एक निश्चित और विशिष्ट स्थान (स्थल नहीं) क्यों दिया गया इसके बारे में जानने को शायद ही कभी हम उत्सुक हुए दीखते हैं; बस जो चल रहा है उसे स्वीकार करते हैं, जीवन भर देखते चले जाते हैं और दर्शन के बाद मंदिर परिसर से बाहर हो लेते हैं। बाद में सामान्य तरीके से जीवन यापन में लग जाते हैं। देव-देवियों की प्रतिमाओं के शिल्प के बारे में, उनके कक्ष और श्रृंगार और निर्धारित अर्चना शैली के अलावा शिल्पियों की विद्या और प्रतिमा-मान एवं बहुत सी तकनीकी बातों की खोज नहीं करते जबकि भारतीय विद्यावृत्त में इनके बारे में विस्तार से जानकारी मौजूद है। मैं भी नहीं पढ़ पाया हूं इसलिए किसी तरह की डींग हांकने की जुर्रत नहीं कर रहा हूं। यह जानकर मुझे भी आश्चर्य होता है कि भारत अध्येताओं में अंग्रेज़ स्कॉलर्स ने-चाहे किसी भी प्रयोजन और नीयत से, भारतीय हिंदू देवकुलों का अध्ययन करके सन 1810 में ही किताब लिख दी थी। जैसाकि ब्रिटिश सोल्जर और बाद में भारत अध्येता बने एडवर्ड मूर ने लिखी और प्रकाशित की थी। एडवर्ड मूर, भारत में आर्मी ऑफ़ द ईस्ट इंडिया कंपनी में सन 1782 में एक कैडेट अफसर के रूप में भर्ती हुए थे और सन 1796 में कैप्टेन थे। भारत में रहते हुए इन्हें सन 1806 में रॉयल सोसाइटी ऑफ़ इंग्लैंड का फेलो बनाया गया। मूर ने सन 1810 में 'द हिंदू पेन्थियन' के अलावा 1811 में 'हिंदू इन्फंटिसाईड' अर्थात बालहत्या और, सन 1834 में 'ओरिएण्टल फ्रैगमेन्ट्स' किताबें भी लिखी हैं।

वे सन 1848 में सिधार गए। इसके अलावा भी इंडोलॉजिस्ट्स ने बहुत कुछ और लिखा है जैसे कि कई खंडों में 'द सेक्रेड बुक्स ऑफ़ द हिंदूज़' और 'रिलीजियस हिस्ट्री ऑफ़ द ओरिएंट', आदि। परंतु जैसा कि मुझे दामोदर धर्मानंद कोसाम्बी (डीडीके) की 'कंबाइंड मेथड्स इन इंडोलॉजी' के कुछ अध्याय पढ़कर महसूस हुआ कि विशेषी मूल के भारत अध्याताओं ने बेशक बहुत मेहनत की और इन प्रकाशनों के अध्ययन के साथ प्रस्तुत संदर्भ विशाल संख्या में दिए हैं, लेकिन इनमें से कुछ अध्ययनों में अपनाए गए मेथड और निष्कर्षों को आंख मूंद कर स्वीकार भी नहीं करना चाहिए। उदाहरण के लिए कोसाम्बी ने अपनी उक्त पुस्तक के 'डेवलपमेंट ऑफ़ द गोत्र सिस्टम्स' अध्याय में बताया है कैंब्रिज यूनिवर्सिटी के जॉन ब्रौ की पुस्तक 'द अर्ली ब्राह्मनिकल सिस्टम ऑफ़ गोत्र एंड प्रवर -'अ ट्रांसलेशन ऑफ़ द गोत्रप्रवर मंज़री' में लिखित जानकारी के इंटरप्रिटेशन की बाबत सही टिप्पणी नहीं की है। गोत्र प्रवर मंजरी के लेखक पुरुषोत्तम पंडित हैं। कोसाम्बी ने हमें सावधान किया है और कहा कि अगर मूल पाठ नहीं देखा और इसकी पूर्ण समझ नहीं तो किसी किस्म की ऐसी टिप्पणी जिससे भारतीय समाज और इसके ज्ञानाधार के क्रमिक विकास के बारे में कुछ कहना है तो संयम से कहें। अर्थ यह कि विदेशी इंडोलॉजिस्ट्स में शायद वह समझ कभी विकसित नहीं हुई जिसकी पृष्ठभूमि को ठेठ भारतीय ज्ञान पद्धति से ही समझा जा सकता है। इंटरप्रिटेशन में सिर्फ सूचना का ही महत्व नहीं बल्कि भारतीय दर्शन की उत्पत्ति, कबीलों की उत्पत्ति और नामकरण, जियोग्राफी, नर-नारी के स्थायी निवास और प्रवर की उत्पत्ति के अलावा भाषा और संवाद, ग्रामर का विकास और भारत की अंतर्सामाजिक गतिकी के अलावा वर्णक्रम और इसकी अनेक मर्यादाओं को समझना होता है, ऐसा कोसाम्बी का सावधान करने वाला संकेत है। वेद, उपनिषद, पुराण और बहुत सी अन्य हिंदू धर्म और दर्शन की भारतीय मनीषियों द्वारा लिखित प्राचीन किताबें इन्होंने पढ़ी होंगी, भारतीय देवकुल सिस्टम को समझा होगा और फिर सूची बनाकर सबके विवरण जमा किए होंगें, भारतीय पंडितों से समझा होगा और भारतीय हिंदू समाज में इनकी व्यापकता को जाना होगा। जाहिर है एक अंग्रेज के लिए इन्हें समझना कितना श्रमसाध्य और समग्र प्रयास रहा होगा।मुझे अब महसूस हो रहा है कि पढ़ाई चाहे कैसी भी हो, भारत के मूल निवासी होने के नाते हिंदू देवकुलों के बारे में कॉलेज स्तर पर ही हमें जानकारी दी जानी चाहिए थी।

यह जानकारी हमें टूरिस्ट लिटरेचर या कोर्स की किताबों से मिलने से रही। जाहिर है, ऐसे में बनावटी तौर से ही यह कहलवाना कि 'हमें भारतीय होने पर गर्व है' मुझे जंचता नहीं हैं। यह सब खुद को श्रम में रखने जैसा निवारण प्रतीत होता है। तटस्थ भाव से उन लोगों की हमें प्रशंसा करनी चाहिए जिहोंनें अपनी भाषाओं अर्थात इंग्लिश, जर्मन, फ्रेंच, जापानी या मंडारिन में भारत को समझ कर किताबें लिखीं। जीवन के पहले 60-65 वर्षों में सांसारिक व्यस्तताओं से निपट कर अंतिम आश्रमावस्था के दौर में तो स्वाध्याय करके भारत को हम समझ ही सकते हैं अन्यथा टूरिस्ट बनकर मंदिरों के यूं ही ख्वामखाह चक्कर काटने से कुछ अधिक हासिल होने वाला नहीं है। इस समझ को भ्रमण से बढ़ाया जा सकता है। अंतिम दिनों में शांत होने के लिए इसे मैं अब जरूरी समझ रहा हूं।

## प्रसंगवश

# नीतीश : कितनी नावों में कितनी बार

अब यह देखना दिलचस्प होगा कि कि नेता और विधायकों का आमेलन क्या संबंधित मतदाताओं का भी विलय करा पाएगा? जरूरी नहीं है। अभी तक भाजपा और नीतीश एक दूसरे को पानी पी पीकर कोस रहे थे; जनता सब देख सुन रही थी,अब एक दूसरे की तारीफ करेंगे और वोट मांगेंगे



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

'कितनी नावों में कितनी बार' वैसे तो अज्ञेय जी का एक काव्य संग्रह है,जिस पर प्रतिष्ठापूर्ण 'ज्ञानपीठ'पुरस्कार मिला था, किंतु यहां हम उसका जिक्र नहीं करने जा रहे हैं। यहां हमारा वर्ण्य विषय है बिहार के आठ बार मुख्यमंत्री रहे और फिर बनने जा रहे नीतीशकुमार की बहुशः पाला बदल राजनीति। उन्हें ज्ञानपीठ तो नहीं हां 'पलटू राम'का खिताब जरूर हासिल हुआ है और देने वाले कोई और नहीं, वही भाजपाई हैं, जिनसे मिलकर अब नवीन सत्ता सृजन सामने है। यह युग अब 'राज'का ही रह गया है,'नीति'गायब हो चुकी है। भाजपा भी,अपने को 'पार्टी विद डिफरेंस'यानी अन्यों से भिन्न प्रकृति और व्यवहार रखने वाली पार्टी कहा करती रही है,अब सब की ही तरह होकर रह गई है। राजनीति अब केवल एक नाम भर रह गया है,कुर्सी ही सब कुछ है। ये नीतीशकुमार ने लालू यादव के भ्रष्ट और कुशासन के विरुद्ध समता पार्टी बनाने में आगे आगे रहे; लेकिन उनके साथ मिलकर खूब सरकारें बनाईं। अपने वरिष्ठ जार्ज फर्नांडीज़ के साथ कृतघन्नता की और उन्हें 2007 में टके का तीन करने में संकोच नहीं किया। पिछला विधानसभा चुनाव ये लड़े तो भाजपा से मिलकर थे, और सरकार भी बनाई; किंतु बहुत जल्द उससे ऊब गये और सुविधावादी दृष्टिकोण अपनाते हुए लालू यादव के राजद से हाथ मिला लिया। उनके नवीं फेल पुत्र तेजस्वी को उपमुख्यमंत्री पद पर आसीन करते हुए सरकार बना ली। जिनकी शासनावधि को जंगलराज कहा करते थे, गले लगा लिया। वर्तमान में भी इनके हृदय परिवर्तन का कारण कुर्सी ही है। लालू अपने बेटे तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनाना चाहते थे; अतः नीतीश को सब्जबाग़ दिखाया कि 'आप अगले लोकसभा चुनाव में विपक्ष के पीएम फेस बनिये,मैं समर्धन करुंगा और बिहार तेजस्वी को दीजिए'। नीतीश यह महत्वाकांक्षा पाल बैठे कि वे विपक्ष के पीएम कैंडीडेट हो सकते हैं। इस क्रम में उन्होंने दौड़भाग शुरू की और विपक्ष के 'इंडिया'नामक गठबंधन ने आकार ले गया। हालांकि गठबंधन ने इन्हें भाव तो कभी नहीं दिया किंतु कुछ झटकों के बावजूद ये भ्रम पाले रहे कि शायद अब पीएम प्रत्याशी घोषित हो जाएं। अंततः जब कांग्रेस के मल्लिकार्जुन खरगे इस गठबंधन के अध्यक्ष चुन लिए गए, तब नीतीश की आशाओं पर तुषारापात हो गया। वे समझ गए कि यदि किसी तरह सत्ता विपक्ष के हाथ आ भी गई, तो पीएम कांग्रेस का ही होगा; उनका अपना कोई चांस नहीं। ऐसे में वे फिर भाजपा की ओर मुड़े और एनडीए का दामन थाम लिया। समझौते के अनुसार वे भाजपा की मदद से निर्बाध सीएम तो रहेंगे किंतु लोकसभा सीटें भाजपा को ज्यादा देनी पड़ेगी। भाजपा ने भी नैतिकता किनारे रखकर इनसे हाथ इसलिए मिलाया है,क्योंकि उन्हें लोकसभा चुनावी वैतरणी पार करनी है। भाजपाई नेतृत्व जानता हे कि केवल 'रामभरोसे'काम नहीं चलेगा। यह भावनात्मक मुद्दा मात्र है; हो सकता है कि चुनाव तक भक्ति-जोश कम हो जाय और जाति या कुछ नई बातें पैदा हो जाएं, तो बेमेल गठबंधन भी कर लिए जाएं; सिद्धांत कौन पूछता है। जिन सुशील मोदी को नीतीश-मित्र मानकर बिहार की राजनीति से हटाया गया था,अब फिर भाव दिया जा रहा है।'जब आग लगी जलने,खैरात लगी बटने'कहावत में शब्दों का थोड़ा हेरफेर करना पड़ा। जरूरी था।

अब यह देखना दिलचस्प होगा कि कि नेता और विधायकों का आमेलन क्या संबंधित मतदाताओं का भी विलय करा पाएगा? जरूरी नहीं है। अभी तक भाजपा और नीतीश एक दूसरे को पानी पी पीकर कोस रहे थे; जनता सब देख सुन रही थी,अब एक दूसरे की तारीफ करेंगे और वोट मांगेंगे! तब जनता इन मुखौटा बदलने वालों को क्या कहेगी और इनकी बात को कितना वजन देगी,यह भविष्य के अंधेरे में है।

# आधुनिकता के दौर में शर्मसार होती मानवता



सोनम लववंशी
स्वतंत्र लेखिका

इस संसार में मां से बड़ा कोई नहीं होता। मां के आगे दुनिया की सारी धन दौलत बेकार है। माता-पिता भी अपनी औलाद की बेहतरी के लिए अपने जीवन की सारी खुशियां कुर्बान कर डालते हैं?

वर्तमान दौर में लोग रिश्तों की मर्यादा को भूलकर धन संपत्ति को तवज्जों देने में लगे हैं। आज का सबसे बड़ा सच यही है कि 'बाप-बड़ा ना भैय्या, सबसे बड़ा रुपैया'। धन दौलत के लिए संतान अपने माता-पिता से भी मुंह मोड़ रही हैं। जो मां बाप अपने बच्चों के लिए दिन-रात मेहनत करके सम्पति जमा करते हैं। लेकिन उसी सम्पति के लिए जब बच्चे अपनी मां की चिता का दाह संस्कार रुकवा दे तो ऐसी धन दौलत का क्या फ़ायदा? बीते दिनों मानवता को शर्मसार कर देने वाली एक घटना मथुरा के मसानी स्थित श्मशान घाट में देखी गई। जहां 85 वर्षीय महिला पुष्पा की मौत के बाद उसकी तीनों बेटियों के बीच जमीनी हक को लेकर लड़ाई शुरू हो गई और कई घंटे तक महिला का अंतिम संस्कार रुका रहा। सोचिए! उस मां की रूह पर क्या बीती होगी जब वह अपने ज़िगर के टुकड़ों को खुद से बढक़र जमीन जायजाद के लिए लड़ते देख रही होगी।

कहने को तो मां बेटी का रिश्ता दुनिया का सबसे खूबसूरत रिश्ता होता है। एक बेटी अपनी मां के हर दुःख तकलीफ़ को समझती है। लेकिन जब वही बेटियां धन दौलत के लालच में अंधी होकर अपनी मां की ही अंतिम विदाई की रस्म को रुकवा दे तो फिर क्या ही कहा जाए। वैसे तो अपने प्रियजन की मृत्यु किसी भी परिवार के लिए अविश्वसनीय रूप से दुखद और कठिन समय होता है। परिवार के सदस्य मृतक देह की अंतिम "विदाई" को पूरे सम्मान के साथ करते हैं। लेकिन बीते दिनों एक मां अपनी ही चिता के दाह संस्कार को तरसती रही। पुष्पा की तीन बेटियां हैं। लेकिन मां की मौत होते ही बेटियों में जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद छिड़ गया। श्मशान घाट पर मां का शव रखा रहा और बेटियां लड़ती रहीं। जब तक मामले का निपटारा नहीं हो गया तब तक शव को मुखाग्नि नहीं दी जा सकी। करीब 8 से 9 घंटे मां का शव चिता पर रखा रहा। यहां तक कि श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार की विधि संपन्न कराने आए पंडित भी घाट से लौट गए। कई घंटे तक श्मशान घाट पर बेटियों का ड्रामा चलता रहा। पुलिस ने स्टाम्प लाकर जमीन का लिखित बंटवारा कराया तब कहीं जाकर अंतिम संस्कार पूरा हो सका।

इस संसार में मां से बड़ा कोई नहीं होता। मां के आगे दुनिया की सारी धन दौलत बेकार है। माता-पिता भी अपनी औलाद की बेहतरी के लिए अपने जीवन की सारी खुशियां कुर्बान कर डालते हैं? बस इस उम्मीद में की बच्चे उनके बुढ़ापे का सहारा बनेंगे। लेकिन आधुनिकता के इस दौर में ये परंपरा भी बदलती जा रही है। परिवार बिखरते जा रहे हैं। रिश्तों की डोर कमजोर हो रही है। पर आज भी माता-पिता का अपने बच्चों के प्रति प्रेम नहीं बदला है। श्मशान घाट जिसे मोक्ष धाम भी कहा जाता है, लेकिन एक मां की देह बेटियों की दौलत की लालसा में मोक्ष के लिए तरसती रहे। सोचिए जिन बहनों का जीवन बसाने के लिए एक मां ने उम्र भर कितने जतन किए होंगे। ख़ुद की खुशियां त्याग कर अपने बच्चों की जरूरत को पूरा किया होगा। पर इस निर्मोही समाज में रिश्तों का मर्म पत्थर हो गया है। ये घटना तो सिर्फ एक बानगी भर है। आए दिन निर्दयी समाज में ऐसे किस्से आम हो चले हैं।

बुजुर्गों की समस्या को देखते हुए सरकार उन्हें 'मरते दम तक' कीमती बनाए रखने का लाख जतन कर लें। लेकिन जब बुजुर्ग मां बाप को अपने बच्चों के सहारे की ज़रूरत हो तो सरकार कैसे उसकी औलाद को रिश्ता निभाना सिखाए? ये सवाल अहम हो जाता है। उत्तर प्रदेश सरकार माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण एवं कल्याण नियमावली 2014 में संशोधन करने जा रही है। इस संशोधन में न सिर्फ बुजुर्ग माता-पिता के बच्चों, बल्कि रिश्तेदारों को जोड़ा जा रहा है। जो बच्चे अपने माता पिता को प्रताड़ित कर या उनका ख़्याल न रखें उन्हें संपत्ति से बेदख़ल करने का प्रावधान किया गया है। साल 2017 में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को माता-पिता और वरिष्ठ नागरिक गुजारा भत्ता एवं कल्याण कानून, 2007 के प्रावधानों को तीन माह के भीतर लागू करने का निर्देश दिया था। यह कानून राज्य सरकार को वरिष्ठ नागरिकों को गुजारा खर्च, चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने की व्यवस्था करने और वरिष्ठ नागरिकों के जीवन की रक्षा करने की सहूलियत प्रदान करता है। सरकार सीनियर सिटीजन के अधिकार को सुरक्षित कर रही है। बावजूद इसके आए दिन समाज में ऐसी अनगिनत कहानियां उजागर हो रही है। कहीं बच्चों के होते हुए भी बूढ़े मां बाप वृद्धावस्था में अपना जीवन गुज़र रहे है। तो कहीं घर के ही किसी कोने में घुटन भरी ज़िंदगी जी रहें हैं। बच्चे अपनी जवानी के नशे में भूल गए है कि कल उनका भी बुढ़ापा आएगा।

## सोशल फोरम

# विकसित भारत



तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

मेरे एक दूर के रिश्तेदार हैं। स्वभाविक है कि सिख ही होंगे। तो अधिकतर सिखों के समान उनकी भी एक ही लालसा है....विदेश जाने की। अब पुश्तैनी पैसा हो और विदेशों में अपने सगे संबंदी हो तो विदेश जाना क्या मुश्किल। आखिर पहुंच गए विदेश उनके पास।

लेकिन कुछ महीनों के बाद ही वो वापिस चले आए। मुझे मिले तो थोड़े निराश से थे। शायद कोई ख्वाब टूटने का दर्द था। कहने लगे......विदेश से बढ़िया तो अपना भारत है। वहां तो किसी को फुरसत ही नही। गधे की तरह सप्ताह के पांच दिन काम करते हैं। और फिर दो दिन अपने घर का काम संवारते हैं। वहां तो सारा काम भी खुद ही करना पड़ता है। एक नौकर तक आदमी रख नही सकता।

इससे बढ़िया तो हमारा भारत है। जहां झाड़ू पोछा, चौका बर्तन से लेकर कपड़े धोने तक सब के लिए नौकर रख लो। अब हमारे घर मे ही देखो तीन तीन बाई आकर घर का सब काम करती हैं। घर की औरतों को असली मजा तो यहां है। वहां तो उन्हें भी काम पर जाना पड़ता है और सारा दिन जी तोड़ खटना पड़ता है। मैंने उससे कहा कि जिस बात पर तुम गर्व कर रहे हो , वास्तव में वो हमारे लिए शर्म की बात होनी चाहिए। काम के लिए तीन तीन बाई रख लेना कोई बहादुरी की बात नही, बल्कि इस बात का द्योतक है कि गरीबी यहां इस हद तक है कि 1000, 1500 रुपये में तुम इनसे घर का काम ले पा रहे हो। ये उदाहरण है कि कैसे करोड़ों असंगठित मजदूर वर्ग के लोगों का शोषण हो रहा है। इनके लिए कोई काम के घंटे नही। कोई छुट्टी भी नही। पीएफ, ग्रेटयूटी, मेडिकल सुविधा तो छोड़ दीजिए। कायदे से भारत तभी विकसित कहला सकता है जब तुम्हारे घर की स्त्रियों को सारे काम खुद ही करने पड़ें, जब तुम एक काम वाली बाई की तनख्वाह भी ना दे पाओ। जब काम वाली तुम्हारी बाई भी अपने दोपहिया पे तुम्हारे घर काम करने आए। और किसी रेस्तरां में वो तुम्हारे बगल में बैठ कर ही खाती मिले।मेरे मित्र मुझसे बहुत नाराज हैं, शायद इतना विकसित भारत उन्हें नहीं चाहिए।

**-फेसबुक वॉल से**

# मौसम के दांव-पेच



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

इससे ज्यादा गंभीर और क्या होगा कि उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश की पहाड़ियों जो इन दिनों बर्फ से लकदक होती थीं वहां आज आग लगने की घटनाएं हो रही हैं।

इस साल अभी तक बारिश या बर्फबारी का नामो निशान नहीं है। नवंबर और दिसंबर का महीना बिन बारिश ही बीत गया था। नए साल की शुरुआत ने भी निराश किया है। जनवरी का महीना जाने को है लेकिन सूखा ही सूखा है। पूरे उत्तर भारत को कोहरे ने आगोश में लिया है। रेल और हवाई सेवाओं पर इसका असर साफ दिखाई दे रहा है। कई ट्रेन और फ्लाइट्स कैंसिल हो रही हैं। दिल्ली में दृश्यता इतनी कम है कि जयपुर में लैंडिंग करवाने के कई मामले आए हैं।

लगभग एक महीने से धुंध का प्रकोप है जो पर्यावरण के लिए हानिकारक साबित हो रही है क्योंकि हवा में फैले अवांछित तत्व हमारी सांसों में घुलकर लगातार नुकसान पहुंचा रहे हैं। शीत लहर और कोहरे ने सर्दी जुकाम, सांस के रोगियों और जोड़ों के की तकलीफों को तो बढ़ाया ही है, साथ ही एक सामान्य व्यक्ति को भी अवसाद से घेर लिया है। सूखी ठंड स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक भी मानी जाती है।

खेत खलिहानों पर भी सूखे का असर साफ़ दिख रहा है। यह रबी की फसल का मौसम है। गेहूं की फसल बर्बाद होने के कगार पर है। अनाज और फलों के उत्पादन में 50 से 60 प्रतिशत की गिरावट बताई जा रही है। बारिश की कोई उम्मीद नहीं बन पा रही है। अगर यही हालत रही तो अन्न संकट गहरा सकता है। अर्थशास्त्र का नियम कहता है कि मांग और आपूर्ति में अगर असंतुलन हो जाए तो दाम बढ़ने तय हैं। सेव ठंडी जलवायु में उगने वाला फल है लेकिन बर्फबारी के अभाव के कारण इसे पकाने के लिए समुचित वातावरण नहीं मिल पा रहा है। पानी की कमी से गेहूं की फसल को पीला रतुवा रोग यानि फंगस लग गया है। जिससे कुल उत्पादन के 20 प्रतिशत के नुकसान का अनुमान बताए जा रहा है। अगर आने वाले समय में बारिश नहीं होती है तो इस प्रतिशत में वृद्धि हो सकती है।फिलहाल बाजार में सब्ज़ी और फलों के दामों में भारी वृद्धि देखी जा रही है। जिससे बिचौलियों को छोड़कर किसानों और ग्राहकों दोनों को ही नुकसान है। नदियों और ताल तलैयों में भी इसका असर साफ दिखाई दे रहा है।

नैनी झील का स्तर लगातार घटता जा रहा है। एक तो वर्षा का न होना और ऊपर से जल दोहन। परिणामस्वरूप नैनी झील का जलस्तर 12 फीट से घटकर 7 फीट के लगभग आ गया है। जो निसंदेह चिंता जनक है। अभी बीते दिनों उधम सिंह नगर जिले में स्थित काशीपुर शहर की यात्रा पर जाना हुआ। बचपन में वहां जो ताल पानी से लबालब देखे थे, जिनमें कमल और दूसरे जलीय पौधों की भरमार रहती थी, आज सूख चुके हैं। कोई आश्चर्य नहीं कि अगर आने वाले समय में नैनी झील भी इस हालत में पहुंच जाय तो। हालांकि भूमिगत श्रोतों से इस झील को पानी मिलता रहता है लेकिन वर्तमान में इसका प्रतिशत बारिश से मिलने वाले पानी की तुलना में कम है। एक समय था जब नैनीताल में जनवरी तक कई बार बर्फवारी हो चुकी होती थी लेकिन जलवायु परिवर्तन के इस दौर में कई अपवाद देखने को मिल रहे हैं। शहर के आसपास पाए जाने वाले कई चिन्हित जल स्रोतों की संख्या भी अब धीरे-धीरे घट रही है। सूखाताल क्षेत्र में हालात बुरे हैं। अंधाधुंध कंक्रीट के जंगल खड़े करने से पानी के लिए जमीन के अंदर से रास्ता बनाना मुश्किल हो गया है। यही हाल भीमताल और आसपास के क्षेत्रों की झीलों का भी है। हिल सिटी नैनीताल जो ठंड के लिए मशहूर है, जनवरी के महीने में भी दोपहर में गर्मी का एहसास दिलाता है तो यह विचारणीय है। विंटर गेम्स के लिए प्रसिद्ध औली भी इस बार बर्फबारी का इंतजार कर रहा है।

इससे ज्यादा गंभीर और क्या होगा कि उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश की पहाड़ियों जो इन दिनों बर्फ से लकदक होती थीं, वहां आज आग लगने की घटनाएं हो रही हैं। आंकड़े बताते हैं कि हिमाचल प्रदेश में अक्टूबर 23 से जनवरी 24 के बीच 2000 से अधिक आग लगने की घटनाएं रिकॉर्ड की गई। जो पिछले साल की अपेक्षा सात गुना अधिक हैं। इन घटनाओं ने वन भूमि को काफी नुकसान पहुंचाया है।

उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में जंगलों में 600 से अधिक आग लगने की घटनाएं अभी तक हो चुकी हैं, जिनमें से अल्मोड़ा और चंपावत के जंगल प्रमुख हैं।अल्मोड़ा जिले के 11 हेक्टेयर से अधिक जंगल अभी तक आग की भेंट चढ़ चुके हैं। वन पंचायत के जंगल भी आग की गिरफ्त में हैं। लाखों रुपए की सम्पत्ति का नुकसान हुआ है। साथ में, धुएं से स्थानीय लोगों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जम्मू कश्मीर, अरुणाचल प्रदेश आदि राज्यों में भी जंगलों में सूखी पत्तियों का ढेर जमा होने से कोई भी छोटी सी चिंगारी आग भड़काने का काम कर रही है। हिमालय की तलहटी पर बसे जम्मू कश्मीर-लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बारिश और बर्फबारी का न होना इन राज्यों के लिए ही चिंता का विषय नहीं है बल्कि दूसरे राज्य भी इससे प्रभावित होने तय हैं। मौसम विभाग की जानकारी के मुताबिक उत्तर भारत में पड़ती इस भीषण सर्दी और कोहरे के लिए मुख्य रूप से उत्तर-पश्चिम भारत में किसी भी पश्चिमी विक्षोभ का सक्रिय न होना है।

फागुन का महीना आते ही आयो नवल बसंत जैसे गीतों से मधुमास का स्वागत होने लगता था। मगर इस बार सुना है कि बसंत नहीं आएगा। सामान्यतः मार्च के महीने यानि होली तक हल्की ठंड रहती थी लेकिन वैज्ञानिकों की चेतावनी है कि इस बार जाड़े के मौसम में कमी आएगी और फरवरी मध्य से अचानक तापमान बढ़ने लगेगा, जिससे बसंत ऋतु वाला मौसम गायब हो जाएगा।

# पत्नी के नौकरी करने से खफा सीआईएसएफ कर्मी ने जान दी

## बिहार में लगी थी शिक्षक की नौकरी, 19 को चली गई थी नौकरी में योगदान देने

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** पत्नी की नौकरी करने से खफा सीआईएसएफ कर्मी ने कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। जब दोपहर तक सीआईएसएफ कर्मी ड्यूटी पर नहीं पहुंचा तो कर्मियों ने कमरे की खिड़की से देखा तो वह फांसी के फंदे पर झूल रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और परिजनों को सूचना दी।


घटनास्थल पर जांच करती पुलिस। अमृत विचार

बिहार के फतेहपुर गांव के थाना टेकरी जनपद गया निवासी 30 वर्षीय साजन चौधरी पुत्र सुरेश चौधरी 2017 में सीआईएसएफ में कांस्टेबल के पद पर भर्ती हुआ था। इस समय इसकी तैनाती दिबियापुर के गेल में तैनाती थी और सीआईएसएफ कॉलोनी में रहता था। डेढ़ साल पहले उसकी शादी बिहार से ही हुई थी। बीते महीने पत्नी की नौकरी बिहार में ही शिक्षक पद पर लग गई थी। बताते हैं कि साजन पत्नी को नौकरी करने से मना कर रहा था लेकिन वह नौकरी करना चाह रही थी। 19 जनवरी को वह नौकरी में योगदान के लिए बिहार चली गई और कई बार कहने के बाद भी नही मानी तो बीती रात साजन ने अपने कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। रविवार को उसकी ड्यूटी लगी थी लेकिन दोपहर तक ड्यूटी पर नहीं पहुंचा तो साथी सीआईएसएफ कर्मी उसके कमरे में गए और दरवाजा खटखटाया लेकिन दरवाजा नही खुला जब खिड़की से देखा तो साजन का शव फंदे पर झूल रहा था। इस और सीआईएसएफ के अधिकारी भी आ गए। सूचना पर दिबियापुर पुलसी पहुंच गई और परिजनों को सूचना दी। थाना प्रभारी मुकेश बाबू चौहान ने बताया कि परिजनों को सूचना दे दी गई है। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जा रहा है। आत्महत्या के कारणों की पड़ताल की जा रही है।

योगदान


कुदरकोट में प्रधान द्वारा आंगनवाड़ी केंद्रों पर बच्चों को खाना खाने के लिए 15 थाली और 15 गिलास और 15 चम्मच प्रत्येक केंद्र के हिसाब से वितरण किया गया है। कहा गया कि यह अभी शुरुआत है। बाकी सभी पंजीकृत बच्चों के हिसाब से बर्तन उपलब्ध कराए जाएंगे।

## सार-संक्षेप

### ट्रक की टक्कर से टूटा हाईगेज, चालक ट्रक लेकर फरार

**अछल्दा औरैया।** कस्बा में भारी वाहनों की रोकथाम के लिये पीडब्लूडी द्वारा लगाये गये हाई गेज को रात्रि में तेज रफ्तार ट्रक ने तोड़ दिया। लोगों हाई गेज टूटने की जानकारी होने पर पुलिस को सूचना दी गयी। कस्बा से निकले प्रमुख मार्ग पर भारी वाहनों की रोकथाम के लिये हरीगंज बाजार में फफूंद रोड़ तथा नहर पुल पर हाईगेज लगाया गया था हरीगंज बाजार में लगे हाई गेज को रात्रि करीब साढ़े 11 बजे ट्रक ने टक्कर मार कर तोड़ दिया। हाईगेज में टक्कर मारने के बाद ट्रक चालक ट्रक लेकर भाग गया। हाई गेज को ट्रक की टक्कर से टूटने की सूचना थाना पुलिस को दी गयी मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी भूपेन्द्र राठी ने स्थानीय लोगों से जानकारी लेकर ट्रक की खोजबीन की बात कही। हाई गेज टूटने की जानकारी मिलने पर पीडब्लूडी के जूनियर इंजीनियर प्रमोद प्रकाश ने बताया कि शीघ्र ही हाई गेज लगाया जायेगा। वहीं स्थानीय लोगों ने ब्रेकर भी बनवाये जाने की मांग की है।

### ट्रक में जा घुसी कार, सात सवार घायल

**अछल्दा-औरया।** बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे पर रात्रि में रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज गति से जा रही कार आगे चल रहे ट्रक में जा घुसी। कार में सवार 7 लोग बुरी तरह जख्मी हो गये। सूचना पर पहुंचे यूपीडा एवं थाना पुलिस ने घायलों को सैफई भेज दिया। शनिवार रात्रि करीब साढ़े 11 बजे बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे के किलोमीटर संख्या 269 के पास चित्रकूट से अपने गुरु से मिलने श्रद्धालु अपनी कार से नवीगंज जिला मैनपुरी जा रहे थे तभी कार संख्या एमपी 15 जेड डी 5961 तेज गति से जा रही थी कार के आगे एक ट्रक जा रहा था। कार पीछे से ट्रक में जा घुसी। कार में सवार निर्मल जैन, सचिन जैन, पवन जैन, सौरभ जैन, गौतम जैन, अरविंद जैन, गगन जैन कार दुर्घटना में घायल हो गये एक्सप्रेस वे के कन्ट्रोल रूम में जानकारी मिलते ही यूपीडा के एएसओ कल्लू सिंह व थाना प्रभारी भूपेन्द्र राठी ने मौके पर पहुंचकर यूपीडा की एम्बुलेंस से सभी घायलों को सैफई भेज दिया गया। वहीं क्षतिग्रस्त कार को सुरक्षित स्थान पर खड़ा कर दिया गया।


समाधिस्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित करते लोग। अमृत विचार

### राम जानकी मंदिर आश्रम पुर्वापट्टी के महंत हुए ब्रह्मलीन

**बिधूना औरैया।** पुर्वापट्टी के श्री राम जानकी मंदिर आश्रम के 72 वर्षीय महंत श्री श्री 1008 श्री नारायण दास जी महाराज के ब्रह्मलीन होने पर रविवार को सैकड़ों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में विधि विधान से शंख घड़ियालों श्वरों के साथ मंत्रोच्चार के बीच आश्रम परिसर में ही उन्हें समाधिस्थ कर दिया गया। ग्रामीणों ने कहा महन्त की अंतिम इच्छा अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण की थी जो पूरी हुई। तहसील क्षेत्र के ग्राम पुर्वापट्टी के श्री राम जानकी मंदिर आश्रम के महंत श्री श्री 1008 नारायण दास महाराज के आकस्मिक हुए निधन पर रविवार को उनके शिष्यों व सैकड़ों की तादाद में मौजूद श्रद्धालुओं द्वारा आश्रम परिसर में घंटे घड़ियालों के स्वर लहरियों के बीच मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से समाधि दी गई। श्री राम जानकी मंदिर आश्रम के संस्थापक महंत रहे ब्रम्हलीन श्री श्री 1008 महंत रामकृष्ण दास जी महाराज द्वारा पिछले लगभग 8 वर्ष पूर्व महंत नारायण दास को अपना शिष्य बनाकर आश्रम का सर्वराकार बनाया गया था। इस संबंध में पुर्वापट्टी ग्राम के ग्रामीणों ने बताया है कि महंत नारायण दास ग्राम चंदपुरा अजीतमल औरैया के मूल निवासी थे और वह सेवानिवृत शिक्षक थे उन्होंने महंत बनते समय अपनी संपत्ति भी श्री राम जानकी मंदिर आश्रम पर समर्पित करने की बात कही थी। महंत नारायण दास के निधन पर उनके शिष्यों के साथ सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने महंत के अंतिम दर्शन कर उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर प्रधान अजीत कुमार राजपूत, समाजसेवी अनिल कुमार सिंह सेंगर बाबा अतर सिंह बाबा मुन्नू दास बाबा रोहतास दास बाबा मंगू लाल बाबा नरेंद्र दास बाबा हाकिम दास बाबा भीखम दास बाबा भारत सिंह अभिलाख राजपूत रामकुमार राजपूत अरविंद राजपूत वीरेंद्र राजपूत अशोक कुमार राजपूत अमरेंद्र राजपूत पिंटू राजपूत प्रमोद राजपूत अवनीश राजपूत आदि प्रमुख लोगों के साथ सैकड़ो की तादाद में श्रद्धालु मौजूद थे।

# मोदी को फिर पीएम बनाने का संकल्प

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** जिले के सभी बूथों पर भाजपा के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को सुना। मोदी सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंच कर 2024 के लोकसभा चुनाव में तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया।


पीएम के मन की बात सुनते जिलाध्यक्ष व अन्य। अमृत विचार

रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का कार्यक्रम भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता ने कार्यकर्ताओ संग औरैया विधानसभा के अन्तर्गत औरैया नगर के बूथ संख्या 304 खिड़की साहबराय क्रानिक अकादमी के संचालक कपिल गुप्ता के आवास पर सुना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज 109वें एपिसोड की शुरुआत अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा से कर देश के करोड़ों लोगों को एक सूत्र में बांध दिया। कहा कि सबकी भावना एक, सबकी भक्ति एक, सबकी बातों में राम, सबके हृदय में राम, देश के अनेकों लोगों ने इस दौरान राम भजन गाकर उन्हें श्रीराम के चरणों में समर्पित किया। 22 जनवरी की शाम को पूरे देश ने रामज्योति जलाई। जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता ने कहा कि 500 वर्षों के बाद अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा हुई है। जिसमें पीएम मोदी का अहम योगदान रहा है। अभी हमारा नमो मतदाता सम्मेलन पूरे भारत में आयोजित हुआ है। संगठन की ओर से कार्य किया जा रहा है और नए मतदाताओं की जागरूकता से तीसरी बार नरेंद्र मोदी फिर प्रधानमंत्री बनेंगे।

मन की बात सुनने वालो में रामजी बाजपेई, अंशुल चतुर्वेदी, राहुल गुप्ता, अजय वर्मा, कुलदीप गुप्ता, तरुण शर्मा, मीरा शिवहरे, मन की बात के संयोजक विशाल त्रिवेदी मौजूद रहे।

वही दिबियापुर मंडल अध्यक्ष जगमोहन सिंह चौहान ने बूढ़ादाना सहित दिबियापुर चेयरमैन राघव मिश्रा ने व अन्य भाजपाइयों ने अपने अपने बूथ पर प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी।

# लापता युवक का शव जंगल में पेड़ से लटका मिला

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** अजीतमल क्षेत्र के ग्राम सिकरोड़ी में तीन दिन से लापता एक युवक का शव जंगल में बबूल के पेड़ से लटका मिला मौके पर पहुची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।वहीं परिजनो के अनुसार तीन दिन पहले घर से निकले युवक की वह रिश्तेदारियों एवं जानकार लोगो के यहां तलाश कर रहे थे।


राजा सिंह।

क्षेत्र की यमुना पटटी पर स्थिति ग्राम सिकरोड़ी निवासी राजा सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह 38 वर्ष मजूदरी कर अपने परिवार पत्नी ऊषा सहित दो पुत्री अंजली एवम स्वाति तथा दो पुत्र सतेंद्र एवम जितेंद्र का भरण पोषण करता था। तीन दिन पहले घर से बिना बताए निकल गया था,जिसकी परिजन लगातार खोज कर रहे थे। रविवार की सुबह जब गांव के लोग जंगल की ओर गए तो वहां बबूल के पेड़ से अगोंछा के फंदे से एक शव लटका देखा,जिसकी खबर गांव में आग की तरह फैल गई।मौके पर पहुंचे परिजनो की शव की पहचान राजा सिंह के रूप मे की। खबर पाकर मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी राम मोहन शर्मा, कोतवाली प्रभारी राजकुमार सिंह एंव चौकी प्रभारी राजेश कुमार ने शव को पेड़ से उतरावाकर कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजकुमार ने बताया कि राजा गुरूवार शाम घर से बिना बताये निकला था लेकिन परिजनो ने सूचना पुलिस को नही दी थी। रविवार को उसका शव जंगल में बबूल के पेड़ से लटका मिला।

# समाजसेवा का भाव रखकर अस्पताल चलाने की नसीहत

**बिधूना-औरैया।** कस्बे के चंदरपुर रोड पर स्थित एक अस्पताल का समाजवादी पार्टी के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल यादव ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच फीता काटकर शुभारंभ किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा की चिकित्सा के क्षेत्र से बड़ा समाज सेवा का कोई दूसरा क्षेत्र नहीं है। कहा कि इस आर्थिक युग में आज भी लोग चिकित्सक को भगवान के रूप में देखते हैं। इस अवसर पर उन्होंने हॉस्पिटल के संचालक एवं संरक्षक से समाजसेवा का भाव रखकर अस्पताल को संचालित करने को कहा। सपा विधायक रेखा वर्मा, सपा जिला अध्यक्ष सर्वेश गौतम, पूर्व मंत्री चौ. रामबाबू यादव, आछेलाल पाल, रानू पालीवाल लालजी गुप्ता, पूर्व प्रधान राजेश प्रताप सिंह यादव आदि सपाजन मौजूद थे।

# एआरटीओ कार्यालय अभी तक नहीं दे सका दस्तावेज

दंपति के आत्महत्या का मामला

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** दंपती के आत्महत्या करने के मामले में पुलिस अभी तक दूसरे आरोपित को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। वहीं एआरटीओ कार्यालय में हुए गबन के मामले की जांच के लिए गठित टीम को अभी तक दस्तावेज नहीं मिल सके हैं। इससे जांच आगे नहीं बढ़ पा रही है। इसके चलते जांच टीम में शामिल दोनों अधिकारियों ने एआरटीओ को दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिए फिर नोटिस भेजा है। गांव भाऊपुर निवासी शिवकांत पाठक व उसकी पत्नी सीमा ने करीब बाइस दिन पहले जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली थी। शिवकांत ने सुसाइड नोट में

एआरटीओ में 19 लाख रुपये के गबन होने और यह रुपये जमा कराने के लिए दबाव बनाए जाने की बात लिखी थी। इसमें एआरटीओ के लेखाकार ललित कटियार व नेता मिश्रा के नाम का उल्लेख किया था। इसके बाद पुलिस ने इन दोनों सहित अज्ञात बैंक कर्मचारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस ने लेखाकार लेखाकार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। नेता मिश्रा अभी तक फरार है।वहीं गबन की जांच कानपुर के एआरटीओ अंबुज व सहायक लेखाधिकारी प्रदीप कुमार सिंह को सौंपी गई है। जांच में कैशबुक आदि न मिलने से जांच आगे नहीं बढ़ सकी थी। दोनों अधिकारियों ने एआरटीओ नोटिस भेजकर दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिए कहा था। जो अभी तक उपलब्ध नहीं कराए गए हैं।

# मंच संचालन में निपुणता पर सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** जिले के बेला निवासी राम रूप द्विवेदी ने एक बार फिर औरैया जिले का नाम रोशन किया है। उन्हे बीटिंग रिट्रीट समारोह में उन्हें झारखंड के राज्यपाल ने शॉल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।


रामरूप द्विवेदी को सम्मानित करते राज्यपाल। अमृत विचार

बेला निवासी राम रूप द्विवेदी सेना के शिक्षा कोर में बतौर जूनियर कमीशन अधिकारी के तौर पर झारखण्ड की राजधानी रांची मे तैनात है। विगत 27 जनवरी को प्रदेश की राजधानी रांची के राजभवन मे बीटिंग रिट्रीट समारोह का भव्य आयोजन हुआ था। जिसमे प्रदेश स्तर के विभिन्न विभागों के द्वारा कई कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया गया था। द्विवेदी ने हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं मे मंच संचालन कर अपनी भाषा कौशल का लोहा मनमाने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम के समापन पर झारखण्ड के राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन ने राम रूप द्विवेदी को राज्य की तरफ से प्रशस्ति पत्र, ट्रॉफी एवं नगद धनराशि देकर सम्मानित किया। गौरतलब हो कि राम रूप द्विवेदी विगत वर्ष 2023 में भी राज्य के तत्कालीन राज्यपाल रमेश वैस एवं राज्य के वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी सम्मानित हो चुके हैं।वहीं 24 जनवरी को "उत्तर प्रदेश दिवस" के उपलक्ष्य मे राजभवन झारखण्ड मे एक भव्य आयोजन किया गया था।

कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि झारखण्ड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने मुझे उपहार स्वरुप एक शाल एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। मेरे लिए यह दूसरा अवसर था ज़ब इस राज्य के राज्यपाल द्वारा यह सम्मान दिया गया।

समारोह


फफूंद के एक्सिसस स्कूल के नन्हें-मुन्ने बच्चों ने गणतंत्र दिवस पर मन मोह लिया। स्कूल ड्रेस में हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लिए बच्चे उत्साह में सराबोर दिखे।

व्यवस्था

प्लास्टिक सिटी तक लगेगी पांच हाई मास्टलाइट, तीन किलोमीटर सड़क पर नहीं लगेंगे हिचकोले

# कंचौसी मोड़ से प्लास्टिक सिटी तक सड़क होगी जगमग

संवाददाता ककोर-औरैया

**अमृत विचार।** जिले की बहुप्रतीक्षित प्लास्टिक सिटी में जल्द ही चार चांद लगने वाले हैं। जहां लोक निर्माण विभाग ने कंचौसी मोड से लेकर प्लास्टिक सिटी तक सड़क को चमाचम करने का खाका तैयार कर लिया है। वही बिजली विभाग ने भी विद्युत आपूर्ति की लिए तैयारी ली है।

लोक निर्माण विभाग ने प्लास्टिक सिटी की सड़कों की हालत बेहतर करने के लिए टीम ने सर्वे भी कर लिया है वही अंदर की दो सड़कों के लिए टेंडर 96 लाख का निर्गत हो चुका है।यह जानकारी उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण यूपीसीडा के अरुण गोस्वामी ने देते हुये बताया कि प्लास्टिक सिटी में उद्योग की स्थापना के बाद लोगों को बेहतर रोजगार के लिए 2005 में उद्योग लगाने की योजना बनी थी। तभी प्लास्टिक सिटी के अंदर की सड़क बनने के साथ-साथ एक 33 केबीए सब स्टेशन की स्थापना की गई थी। इस सब स्टेशन में दो फीडर लगाए गए हैं।एक फीडर को ग्रामीण के एक दर्जन से अधिक गांव जोड़ दिए गए,और ग्रामीणों को सप्लाई जारी कर दी गई है। वहीं एक फीडर पीटीडबल्यू बना दिया गया।जबकि 2005 में ही प्लास्टिक सिटी में बिजली के खंबे स्ट्रीट लाइट लगाई गई थी। लेकिन उद्योग में काम शुरू न होने से चोर चुरा ले इसके बाद मीटिंग में बिजली संबंधी चर्चा होने के बाद अधिशाषी अभियंता लेखराज सिंह ने अपने विभागीय अधिकारियों के साथ भ्रमण किया और बिजली अज्ञात चोरों के खिलाफ दिबियापुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया एक बार फिर 9 जनवरी को उद्योग बंधुओ की बैठक हुई।यहां से बिजनेस कार्यों के साथ उद्यमी सुशील दुबे ,धीरज शुक्ला ने प्लास्टिक सिटी पहुंचकर बिजली व्यवस्था और सड़क पर गंभीर चिंता जताई थी।साथ ही इन हालात में यहां उद्योग लगाने में असमर्थता जाहिर की।लेकिन अब बिजली विभाग सक्रिय हो चुका है और विभाग ने इसकी तैयारी कर ली वही पांच हाई मास्टलाइट के पोल भी प्लास्टिक सिटी में आ चुके हैं। जिससे पूरा मार्ग प्लास्टिक सिटी तक जगमग हो जाएगा पहली हाई मास्टलाइट कंचौसी मोड़ तिराहे पर तथा दूसरी 700 मीटर दूरी पर चिह्नित की गई है। जिसके लिए स्थान बनाना शुरू हो गया है। हाई मास्टलाइट के लगने से पूरा मार्ग जगमग हो जाएगा और फरवरी के अंत तक लोक निर्माण विभाग ने सड़क निर्माण प्रारंभ की उम्मीद जताई है। उसके बाद अंदर भी जल्दी 100-100 केबीए के ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे जिससे विद्युत आपूर्ति में उद्यमी को परेशानी न उठानी पड़े इन सभी समस्याओं से निजात मिलने के बाद प्लास्टिक सिटी में उद्योग लगने की संभावना बढ़ सकती हैं। जिला उद्योग उपयुक्त अरविंद भास्कर ने बताया जल्दी ही काम होने के बाद इसे यूपीसीडा को सौंप दिया जाएगा। ग्रामीणों में अब प्लास्टिक सिटी शुरू होने की उम्मीद जाग उठी है।


निरीक्षण करते यूपीसीडा के अधिकारी व उद्योगपति सुशील द्वेवेदी व धीरज शुक्ला।

### सड़कों का किया गया निरीक्षण

**ककोर :** सड़कों की हालत सुधारने व बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए दोनों विभागों ने सर्वे का काम पूरा कर लिया है। यह रिपोर्ट उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) को दी जाएगी। इसके बाद वहां काम शुरू होने की उम्मीद है। नौ जनवरी को हुई उद्योग बंधु की बैठक में उद्यमियों ने प्लास्टिक सिटी की खराब सड़कों व बिजली की समस्या को उठाया था। लोगों को रोजगार देने के लिए 18 साल पहले प्लास्टिक सिटी स्थापित करने की योजना बनी थी हैं। तब सड़कें बनाए जाने के साथ बिजली के लिए उपकेंद्र बनाया गया था। पर बाद में चोर बिजली के लाइनें आदि चोरी कर ले गए। सड़कें बदहाल हो गईं। इससे उद्यमी वहां उद्योग स्थापित करने से कतरा रहे हैं। इन सभी समस्याओं को लेकर उद्यमियों ने उद्योग बंधु की बैठक में अधिकारियों के सामने रखा था। इसके बाद अब प्लास्टिक सिटी में मूलभूत सुविधाएं मिलने की उम्मीद जगी है। लोक निर्माण विभाग ने सड़कों व बिजली विभाग ने सर्वे के बाद अपनी रिपोर्ट तैयार कर ली है। जिला उद्योग उपायुक्त अरविंद भास्कर ने बताया कि जल्द ही सर्वे की रिपोर्ट वह यूपीसीडा को सौंप देंगे। फरवरी में काम शुरू कराया जाएगा।

# काऊ लिफ्टिंग मशीन तैयार कर इलाज किया आसान

संवाददाता अजीतमल-औरैया

**अमृत विचार।** भारी शरीर और वजन अधिक होने के चलते कई बार गोवंशों को उठाने में भारी दिक्कत उठानी पड़ती है। इस दौरान गोवंश को भी पीड़ा होती है। इस कार्य को आसान बनाने के लिए अजीतमल क्षेत्र के राहुल तिवारी ने काऊ लिफ्टिंग मशीन तैयार की है।

अजीतमल तहसील क्षेत्र अंतर्गत अंबेडकर नगर बाबरपुर अजीतमल सभासद उर्फ सपा नेता राहुल तिवारी की गौ रक्षा के प्रति एक बहुत सराहनीय पहल शुरू की गई। जिसमे असहाय और बेसहारा गौ वंश को एक सहारा देने के लिए विशेष यंत्र तैयार किया है। अधिकतर इस सर्दी के मौसम में घायल गौ वंश या पैर में समस्या हो जाने पर उठने बैठने में असमर्थ हो जाती है ऐसे गौ वंश के लिए काऊ लिफ्टिंग मशीन द्वारा खड़ा किया जा सकता है। और ईलाज भी करने में आसानी रहती है। अजीतमल के आस पास के क्षेत्र में जो भी इस तरह के गौ वंश दिखाई दे तो तुरंत राहुल तिवारी अंबेडकर नगर सभासद से संपर्क करें। राहुल तिवारी ने बताया कि यह पहल की शुरुआत करने का उद्देश्य अधिक से अधिक गौ वंश की जान बचाना है।


गोरक्षा के लिए तैयार यंत्र।

# ज्वैलर्स को प्रतिष्ठान के अंदर लगाना होगा कंप्लेंट बोर्ड

## बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के सेमिनार में दी गई जानकारी

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- बीआईएस में रजिस्टर्ड ज्वैलर्स के लिए अनिवार्य
- जिले के कई सराफा दुकानों के सैंपल पास हुए

**अमृत विचार** । सराफा दुकानदारों और स्वर्ण कारीगरों के लिए सेमिनार किया गया। इण्डिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित सेमिनार में कहा गया कि बीआईएस में रजिस्टर्ड ज्वैलर्स अपने प्रतिष्ठान के अंदर कंप्लेंट बोर्ड अनिवार्य रूप से लगा लें।

भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के यूडीसी आकाश कुमार यादव एवं तरूण दीक्षित ने कहा कि इटावा अनिवार्य हॉलमार्क डिस्ट्रिक में शामिल हो गया है। वह ज्वैलर्स, जिन्होंने हॉलमार्क पंजीकरण करा लिया है, उनके यहां से ज्वैलरी के सैंपल लेकर गवर्मेंट लेबोरेटरी में जांच होकर उन्हें सैंपल वापस भी दिए जा चुके हैं। जिन ज्वैलर्स के सैंपल पास हुए हैं उनमें छोटे लाल फ़कीर चंद्र सर्राफ, तरूण ज्वैलर्स, रुद्रांश ज्वैलर्स, श्याम जी जौहरी, मनमोहक ज्वैलर्स, गहना ज्वैलर्स, राजू टंच वाले, पवन गुप्ता ज्वैलर्स, आदि शामिल है। उन्होंने कहा कि बीआईएस में रजिस्टर्ड ज्वैलर्स अपने प्रतिष्ठान के अंदर कंप्लेंट बोर्ड अनिवार्य रूप से लगा लें। जिसमें भारतीय मानक ब्यूरो का फ़ोन नम्बर होगा। ग्राहक द्वारा किसी भी अनियमितता की शिकायत दर्ज की जा सकती है, पंजीकृत ज्वैलर्स को ज्वैलरी सैंपल देना अनिवार्य है। सेमिनार के दूसरे सेशन में सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा सर्राफा व्यवसाई और स्वर्ण कारीगरों को कौशल विकास, पीएम विश्वकर्मा तथा स्फूर्ति योजना के बारे में बताया गया। आईबीजेए डायरेक्टर मनोज पुंढीर ने कहा कि हम इटावा में उत्तर प्रदेश का पहला कलस्टर स्थापित करने के प्रयास में हैं जिसमें पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत स्थानीय ज्वैलर्स और स्वर्ण कारीगरों को लाभ मिलेगा। सेमिनार में वीके वर्मा ज्वाइंट डायरेक्टर डीएफओ, एसके पांडेय असिस्टेंट डायरेक्टर एमएसएमई, डा. वेदप्रकाश प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र तथा ज्वैलर्स तरूण जैन ने संबोधित किया। अध्यक्षता राजीव अग्रवाल व नवीन अग्रवाल ने की। संचालन राजीव चंदेल ने किया व पारस जैन ने आभार व्यक्त किया।

## जान से मारने का प्रयास करने वाले आरोपियों को जेल

**औरैया।** बेला थाना क्षेत्र में जान से मारने की कोशिशश करने वाले दो लोगों को पुलिस ने जेल भेज दिया।

ग्राम पूर्वा जीतायक निवासी शिवनंदन पुत्र जगदीश ने थाना पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया था कि वो विगत 3 जनवरी को रसूलाबाद जा रहा था। तभी गाँव निवासी धर्मेंद्र पुत्र गौरीशंकर से जमीनी विवाद का मुकदमा चल रहा है। उसने हमें जाते हुए देखा तो अपने साथी विनोद कुमार, जय सिंह, धर्मेंद्र का साला रोहित, नीरज, आयुष, अनिरुद्ध अपने साथ फावड़ा, बेलचा व तमंचा लेकर आये और गाली देते हुए जान से मारने की नीयत से वार किया तो वो वही गिर गया। परिजनों में पत्नी बचाने आई तो उसके पेट मे मार दिया। जिससे वो वही गिर गयी वो गर्भवती है। बीच बचाव करने आये भाई रघुराज, ब्रजलाल को भी घायल कर दिया। वही रोहित ने तमंचे के बट से सिर पर प्रहार किया।




**उत्कृष्ट कार्यों पर मिला सम्मान** : वरिष्ठ जेल अधीक्षक सेंट्रल जेल डा. राम धनी को उत्कृष्ट कार्यों पर डीजी जेल द्वारा प्रशस्ति पत्र दिया गया। डीएम अवनीश राय एवम एसएसपी संजय वर्मा ने उन्हें यह प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

## सार-संक्षेप

### जनता कालेज के मेधावियों को किया सम्मानित

**बकेवर, इटावा।** जनता विद्यालय इंटर कालेज बकेवर में विद्यालय में प्रधानाचार्य अनिमेष वर्मा ने मेधावियों और पदक जीतने वाले खिलाड़ी और छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय में उपाध्यक्ष सिद्धार्थ शंकर दीक्षित, राजेन्द्र सिंह कुशवाह, डॉ नलिनी शुक्ला, डॉ ज्योति भदौरिया, अजय सिद्दार्थ, राजीव दुबे, देवेंद्र सिंह, अनंत अवस्थी, शिवेंद्र सिंह, हिंद लाल मौर्य सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। प्राथमिक विद्यालय कोठी शेरपुर में छात्र छात्राओं ने प्रधानाध्यापिका मंजरी श्रीवास्तव, सुमेधा उपस्थित रही।

### विद्युत वादों को निपटाने के लिए विशेष लोक अदालत

**इटावा।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर विद्युत वादों को निपटाने के लिए एक चार दिवसीय विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला जज चवन प्रकाश की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। विविध सेवा प्राधिकरण की सचिव श्वेता श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया कि बिजली संबंधी वादों को निपटाने के लिए 29 , 30, 31 व एक फरवरी को लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा । जिसमें आपसी सुलह समझौते के आधार पर वादों का निस्तारण किया जाएगा। उन्होने लोगो से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की।

### जरूरतमंदों को कंबल बांटे गए

**औरैया।** एक विचित्र पहल सेवा समिति द्वारा रविवार को खुले आसमान के नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों, सफाईकर्मियों, वृद्धजनों, भूमिहीन, दिव्यांग व जरूरतमंद लोगों को कंबल भेंट किए गए। शहर के प्रमुख संकट मोचन मंदिर, पढ़ीन दरवाजा स्थित बड़ी माता मंदिर, शीतला माता मंदिर, फूलमती मंदिर, सत्तेश्वर मंदिर, भूतेश्वर मंदिर, होमगंज स्थित नरसिंह मंदिर, रूहाई मोहाल स्थित बालाजी मंदिर, खानपुर स्थित शिव शक्ति पीठ, महामाया मंगला काली मंदिर, देवकली मन्दिर, महावीर गंज स्थित बड़े हनुमान जी मंदिर, नरायनपुर स्थित काली माता मंदिर आदि मंदिरों के सेवादारों, पुजारियों को समिति के सदस्यों द्वारा मंदिर पहुंचकर कंबल भेंट किये गए। मंदिर में मौजूद लोगों ने जनहित में सेवा कार्य की सराहना कीए समिति के संस्थापक आनन्द नाथ गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि वास्तविक जरूरतमंदों की सेवा के लिए समिति सदैव समर्पित भावना से कार्य कर रही है। इस मौके पर शेखर गुप्ता, सुनील अवस्थी, योगेश गुप्ता, संतोष कुशवाहा, रानू पोरवाल, हिमांशु दुबे, अखिलेश पोरवाल, पूर्व सभासद पंकज मिश्रा, कपिल गुप्ता आदि मौजूद रहे।



सैनिक की समाधि पर श्रद्धांजलि देती विधायक गुड़िया कठेरिया। अमृत विचार

### शहीद की समाधि पर विधायक ने दी श्रद्धांजलि

**फफूंद-औरैया।** औरैया से भाजपा सदर विधायक गुड़िया कठेरिया ने विधायिका नें अमर शहीदों को याद किया जिनकी वजह से देश आज स्वतंत्र है। उन्होंने शहीद धीरज कठेरिया की समाधि पर श्रद्धांजलि दी।

# विधिक साक्षरता शिविर में पढ़ाया कानून का पाठ

संवाददाता बिधूना औरैया

- ग्राम पंचायत मऊ में शिविर लगा, ग्रामीण जुटे

**अमृत विचार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जिला जज गिरीश कुमार वैश्य, प्राधिकरण की सचिव स्वांतिचंद्रा के निर्देशन में तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत मऊ में एक विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।इस अवसर पर शिविर में जहां ग्रामीणों को वरिष्ठ पीएलवी एवं ग्रुप लीडर ने प्री लेटीगेशन के आधार पर आपस के वादों को मिल बैठकर निस्तारित किए जाने को कहा वहीं उन्होंने लिंग भेद के आधार पर असमानता का व्यवहार न किये जाने को कहा ।पीएलवी देवेन्द्र प्रताप सिंह सेंगर ने।महिला कल्याण एवं महिला सुरक्षा से संबंधित योजनाओं आदि की जानकारी दी। पीएलवी बेद प्रकाश वर्मा ने पीएलवी रविन्द्र राजपूत ने 29,30,31, जनवरी को आयोजित विशेष लोक अदालत के माध्यम से विधुत बिल आदि समस्याओं का निस्तारण कराये जाने को कहा । उन्होंने प्राधिकरण से मिलने वाली निशुल्क कानूनी सहायता आदि के बारे में जानकारियां दी। कानून गो जगदेव सिंह यादव ने योजनाओं के बारे में जानकारी दी। प्रधान प्रतिनिधि गूरा धर्मेंद्र सिंह सेंगर, कुलदीप कुशवाह एडवोकेट ब्रजभूषण आदि रहे।

# मेहनत से खुलेगा सफलता का द्वार

संवाददाता अछल्दा-औरैया

**अमृत विचार।** बोर्ड परीक्षा की तैयारी में जुटे छात्र-छात्राओं को अंग्रेजी विषय काफी कठिन लगता है। अछल्दा के देहाती इंटर कॉलेज के प्रवक्ता ने बताया कि अंग्रेजी विषय की तैयारी शुरू करने से पहले इस मानसिकता से बाहर निकलें कि यह कठिन है। अपनी परेशानी को छोड़कर विषय की तैयारी में जीजान से जुट जाएं। मेहनत की जरूरत सभी में है और यहीं सफलता की कुंजी है।

शिक्षक शिववीर सिंह यादव ने बताया कि अंग्रेजी विषय में हर अध्याय को पूरी तरह से पढ़ना और समझना जरूरी है, ताकि अगर अध्याय के बीच में से प्रश्न आ जाए तो आप उन्हें भी आसानी से हल कर सकें। 12वीं में अंग्रेजी के पाठ्यक्रम का गहराई से अध्ययन करें। अपनी तैयारी संबंधित विषय की किताब (टेक्स्ट बुक) से करें।



शिक्षक शिववीर सिंह यादव।

- नियमित अभ्यास, पुराने प्रश्नपत्र हल करने से सफलता शत-प्रतिशत

ज्यादा अभ्यास करने के लिए मॉडल पेपर और पुराने प्रश्न पत्रों को हल करें। उन्होंने बताया कि पत्र लेखन, विज्ञापन और नोटिस राइटिंग का अभ्यास लिखकर करें। इनमें तय फॉर्मेट को फॉलो करना जरूरी है। आसान शब्दों का इस्तेमाल करें। इससे गल्तियां कम होंगी और नंबर भी ज्यादा आएंगे। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रश्नपत्र में शब्द सीमा का पालन करें और उसी हिसाब से उत्तर लिखें। अंग्रेजी की तैयारी के लिए बर्तनी में गलतियां ढूंढने की प्रेक्टिस काफी काम आ सकती है। एक गलत शब्द पूरे वाक्य को खराब कर सकता है। सही क्रिया और काल (टेंस) से वाक्य भी सही बनता है व अंग्रेजी अखबार या पत्रिका पढ़ें।

इससे अंग्रेजी शब्दावली के साथ ही लेखन कौशल में काफी सुधार होगा। अनसीन पैसेज और नोट-मेकिंग काफी स्कोरिंग टॉपिक माने जाते हैं। अच्छे अंक हासिल करने के लिए लिखकर अभ्यास करें।

## प्रधान पति के साथ लोगों ने की मारपीट

**बकेवर-इटावा।** महेवा विकास खंड के अन्तर्गत ग्राम पंचायत नागरी लोलपुर में जल जीवन मिशन के तहत बन रही पानी की टंकी के बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य देखने गये ग्राम प्रधान पति को गांव के ही पिता पुत्रों सहित चार लोगों ने मारपीट कर मशीन के नीचे फेंककर मारने का प्रयास किया।

तहरीर पर पिता-पुत्रों सहित चार लोगों के विरुद्ध मारपीट व एस सी एस टी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। ग्राम प्रधान के पति मोहर सिंह ने बताया कि गांव में योजना के तहत पानी की टंकी बन रही है।




# पुलिया से नहीं गुजर पा रहे वाहन

संवाददाता बकेवर-इटावा

**अमृत विचार।** महेवा विकास खंड के अंतर्गत ग्राम व्यासपुरा के पास सुनवर्षा रजवाह की पुलिया पर सड़क से रैंप न होने के कारण चार पहिया गाडियों को दो किलोमीटर चक्कर लगाकर बकेवर बाजार आना पड़ रहा है। ठेकेदार व अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। आसपास गांव के लोग इस समस्या से बेहद परेशान हैं।

ग्राम धर्मशाला निवासी सुनील यादव और अनुज यादव ने बताया कि व्यासपुरा के पास सुनवर्षा बंबा की पुलिया एक वर्ष से बनी पड़ी है। इसकी रैप न बनी होने के कारण चार पहिया वाहनों को निकालने में भारी दिक्कत हो रही है। जिसके चलते दो किलो मीटर का चक्कर लगाकर आना जाना पड़ रहा है। इस समस्या से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### कुदरकोट में मील से सड़े आलू फेंकने से सड़क पर गंदगी

**कुदरकोट-औरैया।** कुदरकोट में बने आलू मिल के पास बहुत गंदगी फैली हुई है। जहां से काफी ग्रामीणों का एवं क्षेत्रीय ग्रामीण लोगों का आना-जाना रहता है।उसी रास्ते पर आलू मिल से निकला हुआ सड़ा आलू फेंक दिया जा रहा है। जिसका विरोध ग्रामीण किसानो तथा यहां से गुजरने वाले लोगों द्वारा एवं आस पास के किसानों ने किया है। एक तरफ सरकार द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत जगह-जगह पर सफाई के लिए अभियान चलाया जाता है।वहीं दूसरी तरफ औरैया जिला के ऐरवा कटरा में एक ऐसा गांव कुदरकोट भी है जहां पर सफाई के नाम पर गंदगी नजर आ रही है। जिससे बीमारी फैलने की आशंका हुई बनी है। ग्रामीणों का कहना है मिल के सामने सड़ा गला आलू फेक कर गंदगी न फैलाई जाए।



सुनवर्षा रजवाहा की पुलिया पर नहीं बन सकी रैंप।



सड़क पर पड़े सड़े आलू खाते मवेशी। अमृत विचार

# चक्का जाम की सूचना से चौकन्नी रही पुलिस



रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था देखते सीओ अतुल प्रधान। अमृत विचार

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

**अमृत विचार।** सोशल मीडिया पर पटना, बिहार के युवा छात्रों द्वारा रेल चक्का जाम की घोषणा के बाद जसवंतनगर स्टेशन पूरी तरह से पुलिस छावनी बना रहा। बेहद एहतियात के साथ सभी ट्रेनों को परिचालित किया गया।

क्षेत्राधिकारी अतुल प्रधान के नेतृत्व में जीआरपी समेत स्थानीय पुलिस बल मुश्तैदी से रेलवे स्टेशन प्लेटफॉर्म पर डटे रहे। सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाल रहे क्षेत्राधिकारी अतुल प्रधान ने बताया कि सहायक लोको पायलट टेक्नीशियन तथा रेलवे के सभी खाली पदों पर भर्ती निकालने, रेलवे में परीक्षा और बहाली संबंधी कैलेंडर जारी करने, आयु सीमा में 5 वर्षों की छूट देने तथा रेलवे का निजीकरण बंद करने जैसी मांगो को लेकर सोशल मीडिया पर रेल चक्का जाम की घोषणा की गई थी। जिसको देखते हुए स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। छात्रों अथवा अभ्यर्थियों का कोई जत्था रेलवे स्टेशन के आसपास भी नहीं फ़टका।




आस्था | पंचकल्याणक महा महोत्सव का आगाज, घट यात्रा में शामिल हुई महिलाएं

# घट यात्रा में उमड़े अनुयायी, जगह-जगह स्वागत

संवाददाता, जसवंतनगर-इटावा

**अमृत विचार** । पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महा महोत्सव का आरंभ घट यात्रा के साथ हुआ। घट यात्रा महावीर वाटिका कार्यक्रम स्थल से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से गुजरती हुई महावीर वाटिका में संपन हुई।

लुधपुरा पहुंचे आचार्य आदित्य सागर का पाद प्रक्षालन लुधपुरा समाज ने किया। इस यात्रा में महिलाएं एक ही सी गुलाबी कलर की साड़ियां पहने सर पर कलश धारण नगर भ्रमण पर निकली। आलीशान रथ पर सवार नेमिकुमार के पिता समुद्र विजय चल रहे थे। अष्ठ कुमारी बनी लड़कियां और क्षप्पन कुमारी बनी नन्नी, नन्नी बच्ची नृत्य के साथ रास्ते भर मनोहारी नृत्य करती हुई जुलूस में रही । गुरुदेव के जयकारे करते हुए यात्रा में उत्साही नव युवक ढोल पर नृत्य करते दिखे। घटयात्रा जुलूस उपरांत ध्वजारोहण महेश चंद्र, विजय कुमार, देवांशु जैन, प्रेमचंद, विद्यावती, देवी जैन भिंड ने किया। मुख्य कलश स्थापना लीलावती जैन, कुमदेश, विशाल जैन, सौरभ जैन परिवार द्वारा किया गया। श्री जी अभिषेक शांतिधारा के पश्चात ,आचार्य महाराज का पाद प्रक्षालन कानपुर व सिरसागंज के भक्तजनों ने किया। कार्यक्रम के प्रतिष्ठाचार्य अक्षय भैया, वाणी भूषण रवि कीर्ति शास्त्री, पवित्र भैया, संगीतकार संजय पार्टी भोपाल ने समस्त कार्यक्रम संपंन कराए । इस अवसर पर भगवान नेमिनाथ के माता-पिता दिनेश चंद, आशा जैन, इंद्र प्रखर जैन, अंजलि जैन, शुभम, हर्षित जैन, राजकमल, मनीशा जैन, ईशान उपस्थित हो रहे है।



जसवंतनगर में घट यात्रा में भाग लेते आचार्य आदित्य सागर महाराज। अमृत विचार

- लुधपुरा पहुंचे आदित्य सागर का पाद प्रक्षालन किया गया

## पांच दिन बाद भी हत्यारों का सुराग नहीं लगा सकी पुलिस

**बसरेहर-इटावा।** थाना चौबिया क्षेत्र के अंतर्गत मुगलपुरा गांव के रहने वाले किसान लियाकत हुसैन उर्फ दुर्रे की मंगलवार की रात्रि में कुल्हाड़ी से काटकर अज्ञात हमलावरों ने हत्या कर दी थी। हत्या किस कारण से हुई इसका अभी तक पता नहीं चल सका है। वह अपने गांव से 100 मीटर की दूरी पर चौपला समथर मार्ग पर बन रहे प्लाट के बाहर झोपड़ी डालकर सो रहे थे।

घटना में पांच दिन बीतने के बावजूद भी सुराग पुलिस अभी तक नहीं लगा सकी है। मामले में पुलिस अब तक खाली हाथ है। जिससे परिजनों में आक्रोश पनपने लगा है। एसएसपी ने घटनास्थल का दौरा कर मामले का 48 घंटे में पर्दाफाश करने के लिए चौबिया पुलिस से कहा था। परिजनों के मुताबिक लियाकत हुसैन शराब नहीं पीते थे। फिर भी झोपड़ी के पास में शराब के पौआ व गिलास बरामद हुए थे। परिजनों ने बताया उनकी किसी से गांव में कोई दुश्मनी भी नहीं थी।

एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने घटनास्थल पर पहुंचकर निरीक्षण कर जांच की थी। मुगलपुरा गांव में जाकर मृतक के परिजनों से भी बात की। घटना के बारे में परिजनों सहित ग्रामीणों से बात कर जानकारी की थी।

## एक नजर

### न्याय यात्रा हर भारतीय की यात्रा : अजय राय

अमृत विचार, लखनऊ : कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में निकाली जा रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा हर भारतीय की यात्रा है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के जरिये कहा कि अन्याय के खिलाफ न्याय की शक्ति लिए भारत जोड़ो न्याय यात्रा पश्चिम बंगाल की भूमि पर आगे बढ़ रही है।

### कई नेता कांग्रेस में शामिल

अमृत विचार, लखनऊ : बाराबंकी से जनसंघ सेवक मंच के प्रदेश अध्यक्ष श्याम किशोर शुक्ला, प्रदेश उपाध्यक्ष रामानुज पांडेय व प्रदेश महासचिव विशाल शुक्ला ने रविवार को कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की मौजूदगी में नेताओं को सदस्यता दिलाई गई।

# नए डीजीपी के लिए प्रशांत कुमार के पक्ष में जमीन तैयार

## पद रिक्त न होते हुए भी डीपीसी में बना दिए गए डीजी, पूर्व के कई फैसलों से पक्ष दिख रहा मजबूत

बागीश धर द्विवेदी, लखनऊ

**अमृत विचार :** कार्यवाहक डीजीपी विजय कुमार इसी माह 31 जनवरी को रिटायर होंगे। ऐसे में नये डीजीपी को लेकर कयासबाजी शुरू हो गई है। चूंकि लोकसभा चुनाव अप्रैल-मई में संभावित है, इसलिए इस बार डीजीपी के लिए नाम चयन करते समय इस बात का भी ध्यान रखा जाएगा। सूत्रों के अनुसार, उप्र शासन की ओर से डीजीपी के लिए वरिष्ठ अफसरों का पैनल अभी तक केंद्र को नहीं भेजा गया है, ऐसे में इस बार भी कार्यवाहक डीजीपी ही बनाए जाने की संभावना है। इस लिहाज से भी महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) प्रशांत कुमार का नाम सबसे ऊपर माना जा रहा है।

**31 को सेवानिवृत्त होंगे विजय कुमार एक फरवरी को नए डीजीपी की होगी तैनाती**



प्रशांत कुमार

सत्ता के गलियारों में चल रही चर्चाओं पर ध्यान दें तो प्रशांत कुमार वैसे तो 1990 बैच के अफसरों में वरिष्ठता सूची में काफी नीचे हैं, लेकिन मुख्यमंत्री के भरोसेमंद अफसरों में सबसे ऊपर होने के चलते उनके नाम को गंभीरता से लिया जा रहा है। इसके अलावा पूर्व में हुए कई और फैसलों पर नजर डालें तो ऐसा लगता है कि नए डीजीपी के लिए प्रशांत कुमार के पक्ष में जमीन पहले से ही तैयार हो गई है। मसलन, डीजी के नियमित 14 पद रिक्त न होने के बावजूद एक माह पहले ही डीपीसी के माध्यम से उन्हें डीजी बना दिया गया। अगर ऐसे ही बनाना था तो पहले भी बनाया जा सकता था। एक माह पहले ही क्यों ऐसा फैसला किया गया।

पहले यह माना जा रहा था कि 31 जनवरी को विजय कुमार और डीजी एसके माथुर के सेवानिवृत्त होने पर खाली पद के आधार पर वह एक फरवरी को डीजी बनेंगे। सूत्रों के मुताबिक, शायद यह माना गया कि एक ही दिन डीजी पद पर प्रमोशन और फिर डीजीपी पद पर तैनाती से संदेश कुछ ठीक नहीं जाएगा। डीजीपी के ट्रांसफर-पोस्टिंग का अधिकार भी उन्हीं के पास है। अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा और 26 जनवरी को देखते हुए प्रदेशभर के पुलिसकर्मियों की छुट्टी को लेकर आदेश भी इस बार प्रशांत कुमार के हस्ताक्षर से ही जारी हुए थे। सूत्रों के मुताबिक, ऐसे में अगर केंद्र या कहीं और से कोई बड़ा अड़ंगा नहीं लगा तो उनके नाम पर मुहर लगना तय है।

### रमाशात्री, आदित्य नारायण, आनंद कुमार व सावत भी दौड़ में

वरिष्ठता के आधार पर केंद्र में तैनात पीवी रमाशात्री एवं आदित्य नारायण मिश्र और उप्र में मौजूद आनंद कुमार, एसएन सावत, रेणुका मिश्रा, संदीप साल्लुके भी दौड़ में माने जा रहे हैं। डीजी जेल बनाए जाने के बाद एसएन सावत इस दौड़ में शामिल हो गये हैं। प्रदेश में मौजूद आईपीएस अफसरों के वरिष्ठता क्रम में वैसे तो मुकुल गोयल के बाद आनंद कुमार फिलहाल सबसे ऊपर हैं। हालांकि आनंद कुमार को सीबीसीआईडी का डीजी बनाए जाने से यह माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री की नाराजगी दूर हो गई है, लेकिन उनका कार्यकाल कम होने से उनकी दौड़ में बने रहने की संभावना कम दिख रही है। आनंद कुमार के केंद्र से भी नजदीकी की बात कही जा रही है। उनके बाद नंबर आशीष गुप्ता का आता है, लेकिन लंबी प्रतीक्षा के बाद काफी महत्वहीन पद पर तैनाती से उनके नाम पर विचार होने की कोई संभावना नहीं है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर डीजी होमगार्ड बीके मौर्या भी दावेदार हो सकते हैं। अव्वल तो वह जातीय समीकरण के हिसाब से खांचे में फिट आएंगे और दूसरा, फील्ड में भी काम करने का उनका लंबा अनुभव है।

# विपक्ष को आलोचना का अधिकार पर व्यवधान ठीक नहीं : महाना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि सरकारी कामकाज और नीतियों की आलोचना करने का विपक्ष को पूर्ण अधिकार है, पर सदन में औपचारिक अवसरों पर व्यवधान न तो विपक्ष के लिए शोभाजनक माना गया है और न ही इससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया मजबूत होती है। विधायिका के सम्मान को नष्ट करने की दिशा में किया गया कोई भी कार्य लोकतंत्र पर घातक प्रहार है। विधानसभा अध्यक्ष मुंबई में आयोजित अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन में 'एजेंडे के बिंदुओं पर चर्चा' पर आयोजित सत्र को संबोधित कर रहे थे।

**अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन को उप्र विधानसभा अध्यक्ष ने किया संबोधित**



महाना ने कहा कि सदस्यों को सदन में अपनी बात कहने के लिए नियम और निर्धारित कार्य विधि के अंतर्गत ही व्यवहार करना चाहिए। नियमों में सदस्यों के लिए अनेक प्रावधान हैं, जिनके अंतर्गत वह अपनी बातों को प्रभावी ढंग से उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि सदस्यों के समक्ष यह चुनौती होती है कि वह अपने निर्वाचन क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं व ज्वलंत मुद्दों को सदन में इस प्रकार से उठाएं कि उनका निस्तारण शीघ्र हो सके।

# बड़े पैमाने पर होंगे अफसरों के तबादले

## मुख्य सचिव ने सीएम कार्यालय भेजी सूची, गोरखपुर से आकर योगी लेंगे फैसला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार बड़े पैमाने पर आईएएस और पीसीएस अफसरों के तबादले की तैयारी में है। इसमें केंद्रीय चुनाव आयोग की ओर से लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एक ही स्थान पर ढाई साल से अधिक कार्यरत अफसर भी शामिल हैं। इस दायरे में दस डीएम, 12 सीडीओ और एक सौ से अधिक एसडीएम बदले जाएंगे। साथ ही प्रोन्नति के बाद सचिव व प्रमुख सचिव बने शीर्ष अधिकारियों का भी कार्यक्षेत्र बदलेगा।

मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र की देखरेख में केंद्रीय चुनाव आयोग के निर्देशों और प्रोन्नति के बाद आईएएस संवर्ग के असफरों को नई जिम्मेदारी देने के लिए सूची तैयार की गई है। इसी के साथ पीसीएस संवर्ग के उन अफसरों की तबादला और नई तैनाती की सूची भी बनी है, जो पिछले ढाई साल से एक ही जगह तैनात हैं। हालांकि चुनाव के लिए बनी गाइडलाइन में नियम तीन साल लगातार तैनाती का है। लेकिन चुनाव आयोग ने मुख्य सचिव और प्रदेश के मुख्य चुनाव अधिकारी को भेजे पत्र में स्पष्ट कहा है कि 30 जून 2024 तक एक ही स्थान पर तीन साल के दायरे में आने वाले चुनाव से जुड़े अधिकारी हटाए जाएंगे। चुनाव आयोग ने 31 जनवरी तक राज्य से अनुपालन रिपोर्ट मांगी है। ऐसे में हर हाल में मंगलवार तक इस दायरे में आ रहे रामपुर, गाजियाबाद, अमेठी और कौशाम्बी के डीएम का तबादला तय माना जा रहा है। आगरा व अयोध्या समेत तीन जिलों के सीडीओ भी तबादले की जद में हैं। इसके अलावा करीब 50 एसडीएम भी हटाए जाएंगे।

**लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बदलेंगे 10 डीएम, 12 सीडीओ और 100 से अधिक एसडीएम**

**प्रोन्नति के बाद सचिव व प्रमुख सचिव बने शीर्ष अधिकारियों का बदलेगा कार्यक्षेत्र**

सूत्रों के मुताबिक, 30 जून को ध्यान में रखते हुए ढाई साल से तैनात आईएएस और पीसीएस अफसरों के तबादले की सूची मुख्य सचिव कार्यालय से मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजी जा चुकी है। कहा जा रहा है कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की वजह से तबादलों में देर हो रही थी। अब गोरखपुर से लौटकर मुख्यमंत्री सोमवार और मंगलवार को तबादले के आदेशों को हरी झंडी दे सकते हैं। इसमें चुनाव आयोग के आदेश के मद्देनजर तबादला ही नहीं होना है, बल्कि प्रोन्नति के बाद पहली जनवरी से प्रमुख सचिव का कैडर हासिल करने वाले मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा, उप्र राज्य विद्युत उत्पादन निगम व पारेषण निगम के प्रबंध निदेशक पी.गुरुप्रसाद, आयुक्त अलीगढ़ मंडल रविन्द्र और आयुक्त राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र संयुक्ता समद्दार को भी नये दायित्व मिलना है।

इसके अलावा 2008 बैच के 17 आईएएस विशेष सचिव से सचिव/आयुक्त के पद पर प्रमोशन के बाद तबादले की बाद जोट रहे हैं। हालांकि इसमें कई पहले से ही सचिव कैडर वाले पद पर तैनात हैं। इसके अलावा 2011 बैच के 24 अफसर समेत नौ साल की सेवा पूरी करने वाले 2015 बैच के 34 अफसर डीएम बनने की कतार में हैं।

### 192 निराश्रित वृद्धों को पहुंचाया गया वृद्धाश्रम

अमृत विचार, लखनऊ : शीतलहर को देखते हुए समाज कल्याण विभाग ने निराश्रित वृद्धों को ठंड से बचाव का राज्यव्यापी अभियान शुरू किया है। इसके तहत अब तक 192 निराश्रित वृद्धों को वृद्धाश्रम पहुंचाया गया है। शासन के अधिकारियों ने बताया कि विगत माह से शुरू हुए इस अभियान के तहत बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन, चौराहों आदि स्थानों पर रात्रि में भ्रमण कर ऐसे वृद्धजनों की पहचान की गई। और उन्हें तत्काल वृद्धाश्रम में पुनर्वासित किया गया है।

**पुलिस की भी ली जा रही मदद :** समाज कल्याण विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने इस अभियान को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए पुलिस विभाग से भी सहयोग मांगा था। उन्होंने डीजीपी को पत्र लिख कर निराश्रित वृद्धजनों के सर्वेक्षण और उनको ससम्मान वृद्धाश्रमों तक पहुंचाने में मदद की अपील की थी।

**वृद्धाश्रमों में उपलब्ध हैं सभी मौलिक सुविधाएं :** अधिकारियों ने बताया कि समाज कल्याण विभाग के वृद्धाश्रमों में खाना, गर्म कपड़े, दवाई, मनोरंजन के साधन आदि उपलब्ध कराए जाते हैं।

# स्वच्छता कर्मियों को न्यूनतम मानदेय की गारंटी देगी सरकार

## सफाई मित्र सुरक्षा और सम्मान सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने की घोषणा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि स्वच्छताकर्मियों को न्यूनतम मानदेय की गारंटी हर हाल में मिलनी चाहिए। सरकार जल्द ही इसे पूरे प्रदेश में सुनिश्चित कराएगी। स्वच्छताकर्मियों के गारंटीड मानदेय के लिए पहले ही एक कमेटी गठित कर रखी गई है और शीघ्र ही इस पर ठोस कदम उठाए जाएंगे। मानदेय के साथ स्वच्छताकर्मियों के लिए आवास और जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी।



सम्मेलन के दौरान लगी प्रदर्शनी देखते मुख्यमंत्री योगी, साथ में सांसद रवि किशन व अन्य।

वे रविवार पूर्वाह्न गोरखपुर नगर निगम की तरफ से अभयनंदन इंटर कॉलेज के मैदान पर आयोजित सफाई मित्र सुरक्षा और सम्मान सम्मलेन एवं विभिन्न विकास परियोजनाओं के शिलान्यास-लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने सफाई मित्रों हेतु ई-सेवा पोर्टल, दस लाख रुपये तक की दुर्घटना बीमा सुविधा एवं कल्याण कोष की शुरुआत की। कल्याण कोष से चार सफाई मित्रों के आश्रितों को सहायता राशि के चेक प्रदान किये। सफाई मित्रों एवं वाहन चालकों को यूनिफॉर्म, लंच बॉक्स वितरित किए और डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# बच्चों के तनाव नियंत्रण में माता-पिता के सहयोग का महत्व



डॉ. राजकुमार रंजन सिंह
विदेश व शिक्षा राज्य मंत्री

आज तेजी से बदलती दुनिया में छात्रों को अपने शैक्षणिक जीवन के हर पहलू में प्रतिस्पर्धा करनी होती है। ऐसे में शैक्षणिक तनाव माता-पिता और छात्रों के लिए चिंताजनक हो सकता है। शैक्षणिक उपलब्धि और मौजूदा परीक्षा प्रणाली का दबाव और माता-पिता, शिक्षकों, साथियों व परिवार के सदस्यों की अपेक्षाएं छात्रों में खराब मनोवैज्ञानिक स्थितियों को जन्म देता है। इस तरह का तनाव परीक्षा के दबाव के कारण चिंता बढ़ा सकता है, जो परीक्षा से पहले, परीक्षा के दौरान और बाद में छात्र को प्रभावित करता है। यह एक महत्वपूर्ण समस्या है, जिससे छात्र अपने पूरे शैक्षणिक जीवन में जूझते रहते हैं। परीक्षा का तनाव छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकता है। इससे चिंता, अवसाद और अन्य भावनात्मक समस्याएं हो सकती हैं। इतना ही नहीं शैक्षणिक विफलता से जुड़ी कुछ प्रत्याशित निराशा या ऐसी विफलता की आशंका के बारे में सोचकर भी उनमें हताशा बढ़ती है।

छात्र के जीवन में तनाव के कई कारण होते हैं, जैसे बहुत अधिक कार्य, अन्य छात्रों के साथ प्रतिस्पर्धा, असफलता, खराब रिश्ते, पढ़ाई का लगातार दबाव, परीक्षा, भविष्य की योजना आदि। विशेष रूप से परीक्षा के समय में कुछ ऐसे फैक्टर्स होते हैं जो छात्रों में तनाव को जन्म देते हैं। वे इस प्रकार हैं : अच्छा प्रदर्शन करने का प्रयास करेंः पढ़ाई में कमी या पारिवारिक दबाव के कारण कुछ बच्चे परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव झेलते समय तनाव महसूस कर सकते हैं।

असफल होने का डरः ऐसे बहुत से छात्र हैं जो परीक्षा में असफल होने को लेकर चिंतित होते हैं। इससे वे तनावग्रस्त और चिंतित महसूस कर सकते हैं। यह डर उन छात्रों के लिए विशेष रूप से बढ़ सकता है जो किसी खास तरह के विषय से जूझते हैं या जिन्होंने पहले परीक्षाओं में समस्याओं का अनुभव किया है। तैयारियों का अभावः जो छात्र परीक्षा के लिए पर्याप्त रूप से सुसज्जित/तैयार नहीं हैं, वे तनाव और दबाव महसूस कर सकते हैं। यह अध्ययन सामग्री की समझ की कमी, पढ़ाई के लिए समय की कमी या अन्य वजहों से भी हो सकता है।

समय की पाबंदीः परीक्षाओं में अक्सर समय की कमी होती है, जो उन छात्रों के लिए बुरा हो सकता है जो तनाव में काम करने के अभ्यस्त नहीं हैं। वास्तव में छात्र अपनी सफलता की उम्मीदों, अपने माता-पिता और शिक्षकों की अपेक्षाओं के कारण शैक्षणिक तनाव का अनुभव करते हैं। यह साफ है कि माता-पिता की अपने बच्चों से परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करने को लेकर अपेक्षाएं होती हैं। इससे उन पर दबाव पड़ता है। हालांकि यह कहा जाता है कि परीक्षा से होने वाला थोड़ा तनाव कुछ हद सकारात्मक और कारगर भी होता है क्योंकि यह परीक्षा से पहले बच्चों को सावधानी और सतर्कता बरतने को प्रेरित करता है। परीक्षा के दौरान बच्चों से अधिक उम्मीदें रखना परीक्षा के तनाव/दबाव और खराब प्रदर्शन का आधार बन सकता है।

आमतौर पर यह माना जाता है कि माता-पिता अपने बच्चों के ज्ञानात्मक, व्यावहारिक, भावनात्मक और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अपनी भूमिका में माता-पिता बच्चों को सांस्कृतिक और सामाजिक मानदंडों और समाज के मूल्यों से परिचित कराते हैं। इसका उद्देश्य उन्हें समाज की जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ भविष्य के लिए तैयार करना है।

बच्चों पर शैक्षणिक आकांक्षाओं के सकारात्मक या नकारात्मक प्रभाव का मार्गदर्शन और प्रबंधन करने में माता-पिता की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। माता-पिता कुछ शारीरिक, सामाजिक, व्यावहारिक और मनोवैज्ञानिक चीजों को पहचानकर अपने बच्चों को परीक्षा के दबाव से निपटने में मदद कर सकते हैं। बच्चों में परीक्षा के तनाव के लक्षणों को पहचानना यह संभव है कि युवा लोग परीक्षा के दबाव और तनाव पर चर्चा करने में सहज महसूस नहीं करेंगे, लेकिन माता-पिता अपने बच्चों में तनाव के किसी भी लक्षण को देख सकते हैं और उनसे इसके बारे में बात कर सकते हैं। यहां तनाव के कुछ सबसे आम लक्षण हैं जो बच्चों में शारीरिक (जैसे, सिरदर्द, दांत पीसना, उच्च रक्तचाप, अपच, थकान, अनिद्रा), मनोवैज्ञानिक (जैसे चिंता, चिड़चिड़ापन, असंवेदनशीलता, क्रोध, मनोदशा में बदलाव, अवसाद की वजह से होने वाली असहायता स्थिति, निराशा) और व्यवहार संबंधी लक्षण (जैसे, भूख न लगना, टालमटोल का व्यवहार, लोगों से खुद को काट लेना/अकेलापन, व्यक्तिगत साफ-सफाई को नजरअंदाज करना) शामिल हैं।

माता-पिता की भूमिकाः माता-पिता के रूप में सबसे महत्वपूर्ण चीजों में से एक जो आप कर सकते हैं वह है जितना संभव हो उतना समझदार और सहयोगी बनें। उनसे संवाद करें और उन्हें याद दिलाना सुनिश्चित करें कि उनके जीवन में और भी महत्वपूर्ण अवसर हैं। ये परीक्षाएं हमारे जीवन का सिर्फ एक हिस्सा भर हैं। उन्हें बताएं कि आप हमेशा उनके साथ रहेंगे। आप स्वाभाविक रूप से चाहेंगे कि बच्चे अच्छा प्रदर्शन करें, लेकिन अगर वे ऐसा नहीं करते हैं तो आप उन्हें दोष नहीं देंगे।

परीक्षा से पहले और परीक्षा के दौरान बच्चे के व्यवहार व भावनाओं के प्रति सचेत रहें। अपने बच्चे के साथ आपसी विश्वास बनाएं। माता-पिता अपने बच्चों को बताएं कि वे बिना किसी शर्त उनका सकारात्मक रूप से ध्यान रखते हैं। यदि वे किसी प्रकार की परेशानी महसूस करते हैं तो आपको बताने के लिए उनको प्रोत्साहित करना होगा। स्वस्थ और विविध संबंधों को लेकर उन्हें प्रेरित करें। खुद को प्रसन्न रखने से संबंधी शारीरिक गतिविधि, अच्छा पोषण और आराम के लिए प्रेरित करना होगा। परिवार और दोस्तों के प्यार एवं सहयोग से अपने बच्चे को कठिन समय से निकलने में उसकी क्षमता को याद दिलाएं। उपयुक्त सह-पाठ्यचर्या संबंधी अभ्यास चुनने में अपने बच्चे की सहायता करें। यदि आपका बच्चा चुनौतीपूर्ण परीक्षा देने जा रहा है या पहले ही दे चुका है, तो उसका आत्मविश्वास बढ़ाना न भूलें। बच्चों की बातों को गंभीरता से सुनें और सकारात्मक विचारों के साथ उनकी सहायता करें।


## वर्ग पहेली-326

**बाएं से दाएं**

3. 1. एक तरह की कस्तूरी 2. एक तरह का तरल गंध द्रव्य जो गंधमार्जार या मुश्कबिलाव के अंडकोश से निकलता है।
5. 1. जिसका अपमान हुआ हो, बेइज़्ज़त, तिरस्कृत 2. तुच्छ, नीच, अधम 3. जिसकी बेकद्री की गई हो।
7. ऐसा स्थान जहां कोई परिवार कई पीढ़ियों से रहता चला आ रहा हो, डीह।
8. 1. अंतिम, आख़िरी, चरम 2. निर्णायक

**ऊपर से नीचे**

1. 1. ज़मीन, भूमि 2. देश, मुल्क 3. पृथ्वी, धरा 4. पेशबंदी 5. ग़ज़ल की रदीफ़।
2. दोनों हथेलियों को ऊपर की ओर जोड़ने से बनने वाला गड्ढा जिसमें पानी या कोई वस्तु भरकर दी जाती है, करसंपुट, चुल्लू, ओक, अंजुरी, अंजलि।
4. वह स्थान जहां बच्चों के अनुसार खेलने-सीखने की चीज़ें रखी जाती हैं, बच्चों के लिए बना सार्वजनिक स्थल, बालभवन, बच्चों का उपवन, आंगनवाड़ी।
6. 1. बारूद या गंधक भरकर बनाए गए खिलौने



### वर्ग पहेली - 325 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 द | | | 2 शु | 3 चि | ता |
| या | | | | ड़ि | |
| र | | | 4 द | हा | ना |
| | 5 ए | का | हा | र | |
| | का | | ड़ | | 6 झाँ |
| | थि | | | | ई |
| | 7 क | चा | यँ | ध | |

## सुडोकू-43

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | | 3 | | 7 | 6 | 9 | |
| 7 | | 2 | | 4 | | | | |
| | | | 5 | | | | | 4 |
| 4 | 6 | | | 8 | | | | |
| | | 1 | | | | 2 | | 6 |
| | | | | 9 | | | 4 | 7 |
| 3 | | | | | 4 | | | |
| | 4 | | | 3 | | 8 | | 5 |
| | | 8 | 1 | | 2 | | | 3 |

### सुडोकू - 42 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 2 | 5 | 7 | 8 | 4 | 6 | 3 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 9 | 2 | 8 | 1 | 5 |
| 8 | 3 | 5 | 6 | 4 | 1 | 9 | 2 | 7 |
| 3 | 6 | 8 | 2 | 5 | 7 | 1 | 9 | 4 |
| 5 | 9 | 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 3 | 2 |
| 7 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 6 | 5 | 8 |
| 1 | 5 | 7 | 4 | 2 | 9 | 3 | 8 | 6 |
| 2 | 8 | 9 | 7 | 6 | 3 | 5 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 1 | 5 | 2 | 7 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 29 जनवरी, सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्थी पूर्ण रात्रि तक।

### आज का पंचांग




त्योहार/व्रत/दिवस- सकट चौथ। मुहूर्त- अभिजित-11.58-12.41 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-12.41-13.25, 14.52-15.35 तक। दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-शिशिर। चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन। ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी 18.57 तक तत्पश्चात उत्तरा फाल्गुनी।

**मेष:** आज रिश्ते तो मजबूत बनेंगे ही, इसके अलावा रिश्तेदारी में ही आप किसी के साथ बिजनेस में कोई समझौता भी कर सकते हैं। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**वृष:** आज कोई कठोर निर्णय ले सकते हैं जिसका लाभ समय रहते आपको मिलेगा। किसी दोस्त के साथ बहस भी हो सकती है, लेकिन संयम से काम लेने पर वह सुलझ जाएगी। शेयर मार्केट में सोच-समझकर निवेश करें।

**मिथुन:** आज किसी अनजान व्यक्ति के साथ मेलजोल बनाने से बचें, क्योंकि वह आपके भविष्य के लिए अच्छा नहीं रहेगा। परिवार में आपको लेकर सकारात्मक माहौल बनेगा। कारोबार में बड़ी डील के होने की प्रबल संभावना है।

**कर्क:** आज परिवार के लोगों के साथ मिलना होगा और किसी बात को लेकर चर्चा संभव है। घर में मेहमानों का भी आना हो सकता है। उधार दिया हुआ धन वापस मिल सकता है। छात्रों का मन पढ़ाई से उचट सकता है।

**सिंह:** आज व्यापार में साझेदारी कर सकते हैं। किसी की बात दिल पर लग सकती है, लेकिन आप उस ओर ज्यादा ध्यान न देकर बाकी कामों में ध्यान लगाएंगे। शाम के समय बाहर जाना हो सकता है। संपत्ति में निवेश कर सकते हैं।

**कन्या:** आज परिवर्तन को लेकर उत्साहित रहेंगे और पुरानी बातों को याद करेंगे। घर वालों के साथ कहीं बाहर जाने का प्लान बनाएंगे, लेकिन कुछ अड़चने आएगी। ऑफिस में सहकर्मियों का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा।

**तुला:** आज किसी कल्पना में खोए रहेंगे और कुछ बातों को लेकर आशंकित भी रह सकते हैं। दोस्तों के साथ पार्टी का तो प्लान बनेगा, लेकिन खर्चे को लेकर चिंता रहेगी। कारोबारी यात्रा सफल और लाभप्रद साबित होगी।

**वृश्चिक:** आज किसी से धोखा मिल सकता है, जो आपके दिल को दुखाएगा। परिवार में सभी के साथ आपका संबंध और मजबूत बनेगा। आप अपनी भावनाओं को खुलकर व्यक्त कर पाएंगे। प्रेमीजन अपनी दिल की बात प्रेमी से कह सकते हैं।

**धनु:** आज शाम के समय दुर्घटना होने के संकेत हैं। इसलिए आप वाहन ना चलाएं और हमेशा किसी के साथ ही यात्रा करें। प्रेम संबंधों में किसी बात को लेकर मतभेद होगा। पैतृक संपत्ति प्राप्त होने के प्रबल योग बल रहें हैं।

**मकर:** आज का दिन आप अपने किसी दोस्त के नाम कर सकते हैं। सुबह से किसी बात को लेकर चिंता रहेगी, लेकिन शाम होते ही वह छूमंतर हो जाएगी। जीवनसाथी से किसी बात को लेकर अनबन हो सकती है। पिता के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।

**कुंभ:** आज व्यापार में किसी से सोच समझकर ही साझेदारी करें। जैसा सोचेंगे या प्लान करेंगे वैसा नहीं हो पाएगा। आराम नहीं मिलेगा और काम का बोझ ज्यादा ही रहेगा। भाई-बहन का भरपूर सहयोग मिलेगा।

**मीन:** आज का दिन आपके लिए अत्यंत शुभ सिद्ध होगा। परिवार के लोग कुछ प्लान कर सकते हैं और शाम के समय बाहर जाना हो सकता है। प्रतियोगी छात्रों का पढ़ाई में मन नहीं लगेगा। विवाहेतर संबंधों से दूरी बनाएं रखें।

## आज की फिल्में

B4U Movies
होते होते प्यार हो गया — सुबह : 10.00
धड़कन — रात : 07.00

Sony Max
चेहरे — सुबह : 09.00
चेन्नई एक्सप्रेस — रात : 10.00

Sony Pix
स्पाइडर मैन 3 — सुबह : 09.35
बैटमैन बिगिन्स — रात : 09.00

Zee Cinema
ऑपरेशन रोमियो — सुबह : 10.30
कमांडो — रात : 07.30

Colors Cineplex
सपने साजन के — सुबह : 09.53
स्वदेश — रात : 07.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




बी 4 यू पर रात-07.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक लड़का घर वालों के साथ लड़की देखने गया।
लड़के के घरवालों ने लड़की के पिता से पूछा आपकी लड़की ने क्या किया हुआ है?
लड़की का पिता- अभी तो इसने हमारे नाक में दम किया हुआ है। आप बस इसे यहां से ले जाइए।

पप्पू अपने दोस्त से बात कर रहा था। मेरी पत्नी का स्वभाव बहुत खर्चीला है। हर दूसरे दिन 1000 और 2000 रुपये मांगने लग जाती है।
दोस्त- आखिर इतने पैसे का वह करती क्या है??
पप्पू- क्या पता मैंने कभी दिए ही नहीं।

# मास्टर साहब संभल जाओ, हत्या हो जाएगी

## सरकारी शिक्षक दयाराम की साली ने सावधान किया था, पत्नी के प्रेमी ने कमरे में बंद करके जिंदा फूंक दिया

कार्यालय संवाददाता कानपुर

**अमृत विचार।** पनकी में रविवार दोपहर पत्नी के प्रेमी पवन ने अपने साथियों संग मिलकर सरकारी शिक्षक दयाराम को कमरे में बंदकर जिंदा फूंक दिया। आग से खुद को घिरा देखकर दयाराम ने फोन से अपने छोटे भाई को घटना की जानकारी दे दी थी लेकिन दयाराम को बचाया नहीं जा सका।

अनुज ने बताया कि अवैध संबंधों में बाधा बन रहे दयाराम को रास्ते से हटाने की योजना उनकी पत्नी संगीता काफी समय से बना रही थी। दयाराम को रास्ते से हटाने की जानकारी संगीता की बहन को भी थी। संगीता की बहन ने दयाराम को फोन कर कहा था कि मास्टर साहब सचेत हो जाओ, बहन तुमको मरवाने की तैयारी कर रही है।

ढाबा संचालक पवन ने दयाराम के बेटे स्वास्तिक के नाम पर ही रमईपुर में ढाबा खोल रखा था। जिसकी जानकारी दयाराम को भी थी। ढाबे की शुरूआत के मौके पर संगीता को भी परिवार संग न्योता दिया गया था।



घटनास्थल पर जांच करते डीसीपी। अमृत विचार



मौके पर एकत्र ग्रामीणों की भीड़। अमृत विचार



अनुज।



दयाराम।

### पूछताछ में बयान बदलता रहा आरोपी वकील

पुलिस की जांच में सामने आया कि वकील संजीव ने दयाराम को जहां पर समझौते के लिए बुलाया था वहां पर वह परिवार के साथ नहीं रहता है। एक प्लॉट में कमरा बना रखा है। चारों तरफ बाउंड्री व मैदान है। जांच में सामने आया कि वकील संजीव कुमार पतरसा में ही निजी स्कूल चलाता है। इसके साथ ही वहीं एक प्लॉट में अपने लिए एक कमरा भी बना रखा है, जहां शिक्षक को बातचीत के लिए बुलाया था। इसके बाद कमरे में बंद कर जिंदा फूंक कर उसकी हत्या कर दी। डीसीपी पश्चिम ने बताया कि आरोपी वकील पूछताछ के दौरान बार-बार अपना बयान बदलता रहा।

### भइया बार-बार कहते थे कि हरकतें सुधार लो, पर नहीं सुधरी

छोटे भाई अनुज ने बताया कि संगीता के पवन से बीते सात सालों से अवैध संबंध थे। जिसकी भनक दयाराम को काफी पहले ही लग चुकी थी। अवैध संबंधों के कारण दोनों के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। जिसकी जानकारी दयाराम ने अनुज को भी दी थी। भइया बार-बार कहते थे कि हरकतें सुधार लो लेकिन संगीता नहीं सुधरी।

# मिला लीकेज, दिल्ली की टीम सुधारेगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गंगा बैराज प्लांट बंद होने से खड़ी हुई समस्या, जलनिगम ने खोदाई की शुरू

**अमृत विचार।** गंगा बैराज लाइन में लीकेज रविवार को काफी मशक्कत के बाद विष्णुपुरी के पास मिला। अधिकारियों के अनुसार डॉल्फिन चौराहे से 100 मीटर के दायरे में लीकेज है। पाइप लोहे का है इसलिये अंदर से लीकेज को बंद करना है। इसके लिये सोमवार को दिल्ली से स्पेशल टीम सही करने आएगी। हालांकि, जलनिगम ने खोदाई शुरू की है। दो दिनों से गंगा बैराज प्लांट बंद होने की वजह से छह करोड़ लीटर पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही है। जिससे 50 से अधिक मोहल्लों में पेयजल संकट है। दक्षिण के इलाकों में तो पानी के लिये लोगों को भटकना पड़ रहा है। जलकल की ओर से पानी के टैंकर न भेजे जाने की वजह से संकट बढ़ गया है।

जल निगम के अधिशाषी अभियंता अजमल हुसैन के मुताबिक गंगा बैराज से करीब छह करोड़ लीटर पानी शहर में सप्लाई किया जाता है। इससे करीब 50 मोहल्लों की 10 लाख आबादी को पानी सप्लाई की जाती है। गंगा बैराज से कंपनीबाग चौराहा के बीच लाइन में लीकेज हो जाने से प्लांट बंद करना पड़ा।

जल निगम की टीम इसे ढूंढने में नाकाम हुई तो लखनऊ से एक टीम बुलाई गई है। रविवार को टीम ने बताया कि विष्णुपुरी के पास ही लीकेज है, लेकिन पाइप को अंदर से वेल्ड करना है जिसके लिए दिल्ली से विशेष टीम को बुलाया गया है। अजमल हुसैन ने बताया कि 30 जनवरी को पानी की सप्लाई सुचारू कर दी जायेगी।

### ये इलाके हैं प्रभावित

किदवई नगर, जूही, गोविंद नगर, सर्वोदय नगर, फूलबाग, पटकापुर, साकेत नगर, निराला नगर, परमपुरवा, नौबस्ता, उस्मानपुर, गीता नगर, बिरहाना रोड, हरबंश मोहाल, चमनगंज, बेकनगंज, नई सड़क, डिप्टी पड़ाव, दर्शनपुरवा, परेड, कौशलपुरी, गुमटी नंबर पांच, जाजमऊ, कृष्णानगर, श्यामनगर, विजय नगर, शास्त्रीनगर और बर्रा में जलसंकट हो गया है।

### पार्षदों से बातचीत

विष्णुपुरी इलाके में गंगा बैराज से कंपनी बाग चौराहे तक जाने वाले रूट पर पाइप लाइन में लीकेज होने के चलते हर दिन पानी बर्बाद होता है। साथ ही पानी रोड पर फैला होने के चलते भी वहां से गुजरने वा ले लोगों की समस्या होती है।

– महेंद्र पांडे, पार्षद विष्णुपुरी

जूही समेत आस-पास के कई इलाकों में पिछले तीन दिनों से पानी की सप्लाई बंद होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यहां पर पानी के टैंकर से मंगवाकर सप्लाई की जा रही है।

–शालू कनौजिया, पार्षद जूही

दक्षिण के कई इलाकों में गुजैनी वॉटर वर्क्स से पानी की सप्लाई होती है। गंगा बैराज से गुजैनी वॉटर वर्क्स में सप्लाई बंद कर दी गई है। जिसके चलते लाखों लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। इसके लिए जलकल विभाग से कंप्लेन की गई है।

– अंजुली दीक्षित, पार्षद गुजैनी

## पीडीए सच्चा लोक तांत्रिक जनबंधन

**कानपुर।** पीडीए एक सच्चा लोकतांत्रिक जनबंधन है, इसमें पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक, मुस्लिम, सिख, बौद्ध, ईसाई व जैन सभी धर्म के लोग शामिल हैं। इसलिए सभी पीडीए का गली, मोहल्ले, चौराहों, चाय व पान की दुकानों तक में प्रचार करें। पीडीए ही 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का सफाया करेगी और अपनी सरकार बनाएगी। यह बात सपा जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कही।

पीडीए पखवाड़ा के तहत रविवार को सीसामऊ विधानसभा के वार्ड 15 मकरॉबर्टगंज के नयापुरवा में सपा जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में पीडीए पंचायत हुई, जिसका संचालन सीसामऊ विधानसभा अध्यक्ष मोहम्मद आसिफ कादरी ने किया। जिलाध्यक्ष ने कहाकि पीडीए सच्चा लोकतांत्रिक जन बंधन है।

# मंदिर को बम से उड़ा देंगे... पोस्टर चस्पा कर दी धमकी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मेस्टन रोड स्थित प्राचीन श्री राम लक्ष्मण जानकी मंदिर में चिपकाए पोस्टर
- मंदिर प्रबंधक भाजपा नेता को भी जान से मारने की धमकी
- प्रबंधक की तहरीर पर कोतवाली में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट

**अमृत विचार।** रविवार सुबह मेस्टन रोड स्थित प्राचीन श्री राम लक्ष्मण जानकी मंदिर में अराजकतत्वों ने पोस्टर चस्पा कर मंदिर व प्रबंधक को बम से उड़ाने की धमकी दी। पोस्टर चस्पा देख इलाके में हड़कंप मच गया। भाजपा पदाधिकारी, डीसीपी पूर्वी समेत कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आसपास की दुकानों में लगे सीसीटीवी खंगाले। मंदिर प्रबंधक की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धर्म का अपमान करना, सद्भाव बिगाड़ने समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

नया चौक परेड निवासी रोहित साहू मेस्टन रोड स्थित श्री राम लक्ष्मण जानकी मंदिर (बीच वाला मंदिर) के प्रबंधक व भाजपा के जिला कार्यालय मंत्री हैं। मंदिर समिति में राकेश के पिता सुरेंद्र कुमार साहू सर्वाकार हैं। रोहित ने बताया कि मंदिर का निर्माण संवत 1730 में हुआ था। सन् 1852 में मंदिर का जीर्णोद्धार हुआ था। रोहित ने बताया कि मंदिर के पुजारी फूलवाली गली निवासी उदय लुटोरिया 15 जनवरी को शादी समारोह में शामिल होने दतिया गए थे। जिसके बाद से वह ही पूजा अर्चना का कार्य कर रहे थे। पुजारी के जाने के बाद से मंदिर सुबह छह बजे किरायेदार संजय प्रताप सिंह खोलते थे। रोजाना की तरह रविवार सुबह छह बजे संजय ने मंदिर खोला। इसके बाद सुबह नौ बजे संजय की दुकान में काम करने वाला कर्मचारी फूलचंद्र पानी भरने आया तो मंदिर के मुख्य द्वार पर पोस्टर चस्पा देखा। पोस्टर पर मंदिर व प्रबंधक को बम से उड़ाने की बात लिखी थी। करीब 10 से 12 पोस्टर मंदिर प्रांगण में भी पड़े हुए थे। कर्मचारी की सूचना पर मंदिर समिति के पदाधिकारी मंदिर पहुंचे। सूचना पर डीसीपी पूर्वी तेज स्वरूप सिंह, एडीसीपी पूर्वी, कोतवाली पुलिस व फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने आसपास की दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। डीसीपी पूर्वी ने बताया कि मंदिर प्रबंधक व मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। सीसीटीवी व मोबाइल लोकेशन से जांच की जा रही है। प्रबंधक की तहरीर पर अज्ञात अराजकतत्वों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।



बीच वाला मंदिर, इसे ही उड़ाने की धमकी दी गई। अमृत विचार





मंदिर पर चस्पा धमकी का पत्र।

# 55 रुपये की चाय देने पर शबरी रसोई को नोटिस

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या में अरुंधति भवन के शबरी रसोई के चाय और टोस्ट का बिल सोशल मीडिया पर वायरल होते ही अयोध्या विकास प्राधिकरण (एडीए) ने उसके कर्ताधर्ता मेसर्स कवच फैसिलटी मैनेजमेंट को नोटिस देकर जमकर फटकार लगाई है। एडीए ने यह भी स्पष्ट कहा है कि मैनेजमेंट तीन दिन के अंदर स्पष्टीकरण दें नहीं तो, प्राधिकरण आपसे किया गया अनुबंध निरस्त कर देगा। अयोध्या विकास प्राधिकरण के द्वारा विकसित अरुंधती भवन पश्चिम की सुविधाएं मेसर्स कवच फैसिलटी मैनेजमेंट देख रही है। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विशाल सिंह ने मेसर्स कवच को पत्र लिखा है। संबोधित पत्र में लिखा है कि अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं के दृष्टिगत अनुबंध व्यवस्था के तहत आप द्वारा डॉरमेट्री, पार्किंग व खान पान के औचित्यपूर्ण दरें निधारित की जाएंगी, लेकिन शबरी रसोई का एक बिल वायरल हो रहा है, जिसमें एक चाय की दर 55 रुपये रखी गई है इस वायरल मैसेज से प्राधिकरण की छवि धूमिल हो रही है। आप को तत्काल प्रभाव से निर्देशित किया जाता है कि सेवाओं की औचित्यपूर्ण दरें निर्धारित करते हुए 24 घंटे में कार्यालय को सूचित करें।



शबरी रसोई
4th FLOOR,
Arundhati Bhawan west ,Multilevel parking, Tedhi Bajar ,Ayodhya
Uttar Pradesh -224123
GSTIN - 09AAFCK0954P1ZZ

Name:

Date: 22/01/24 12:53 Dine In: E44
Cashier: biller Bill No.: 20

| No. Item | Qty. | Price | Amount |
|---|---|---|---|
| 1 Tea | 2 | 55.00 | 110.00 |
| 2 Toast White | 2 | 65.00 | 130.00 |

Total Qty: 4 Sub Total 240.00

# पांच साल गुमनाम रहेंगे फिर रईस बनकर आएंगे...

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पुलिस के हाथ लगी छात्रों की इंस्टाग्राम आईडी की चैट
- घंटाघर जाते दिखे छात्र, पुलिस ने बरामद की साइकिल

**अमृत विचार।** गोविंद नगर स्थित वीरेंद्र स्वरूप स्कूल में पढ़ने वाले हाईस्कूल के लापता दो छात्रों की एक चैट रविवार को पुलिस के हाथ लगी है। छात्रों की इंस्टाग्राम आईडी पर बातचीत के दौरान एक चैट मिली है, जिस पर लिखा है पांच साल तक गुमनाम रहेंगे, फिर एक दिन रईस बन कर वापस आएंगे। पुलिस लापता छात्रों की तलाश कर रही है। गुजैनी पुलिस को छात्र घंटाघर की ओर जाते हुए दिखाई पड़े हैं। छात्रों की साइकिल घंटाघर स्टैंड से बरामद कर ली गई है।

मूलरूप से इटावा निवासी शिवनाथ यादव गोविंद नगर सी ब्लॉक में पत्नी निर्मला, बेटे दीपांकर (15) व बेटी के साथ रहते हैं। बेटा गोविंद नगर स्थित वीरेंद्र स्वरूप स्कूल में हाईस्कूल का छात्र है। कानपुर देहात, सिकंदरा राजपुर निवासी किसान संजय कटियार गुजैनी के पिपौरी में पत्नी संध्या व बेटे साहिल (15) व एक बेटी के साथ रहते हैं। साहिल भी वीरेंद्र स्वरूप में हाईस्कूल का छात्र है। साहिल व दीपांकर दोस्त हैं। बीते बुधवार को दोनों अपने घरों से स्कूल के लिए निकले थे। दोपहर तक वापस न लौटने पर साहिल के पिता ने गुजैनी थाने में बेटे के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद शनिवार को दीपांकर की बहन निकिता के मोबाइल पर दो लाख फिरौती का मैसेज आया था। दीपांकर की मां निर्मला ने जानकारी गोविंद नगर पुलिस को दी, जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी। लापता छात्रों की तलाश में गोविंद नगर की दो व गुजैनी थाने की दो टीमें लगी हुई हैं। पुलिस टीमों ने सीसीटीवी कैमरों की तलाश की तो छात्र रावतपुर में जाते मिले। इसके बाद गोल चौराहे से होते हुए घंटाघर की ओर निकल गए। पुलिस को छात्रों की इंस्टाग्राम आईडी पर दोनों के बीच एक चैट मिली है। जिसमें एक छात्र की ओर से लिखा गया है कि पांच साल गुमनाम रहेंगे, फिर रईस बनकर आएंगे। गुजैनी थाना प्रभारी विनय कुमार तिवारी ने बताया कि घंटाघर से छात्रों की साइकिल मिली है। तलाश जारी है।

## लाला जी ने की थी राष्ट्र निर्माण की पहल

**कानपुर।** हरिहर नाथ शास्त्री भवन में रविवार को लोक सेवक मंडल ने पंजाब केसरी लाला लाजपत राय की 159 वीं जयंती मनाई। इस अवसर पर राष्ट्रीय कवि डा. राधेश्याम मिश्र को साहित्य के क्षेत्र में लाला लाजपत राय स्मृति सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया। कवियों ने कविताओं के माध्यम से और वक्ताओं ने उनके योगदान को याद किया।

कार्यक्रम का उद्घाटन संस्था के मंत्री नौशाद आलम मंसूरी ने किया। उपाध्यक्ष राम किशोर वाजपेयी ने कहाकि मौजूदा समय में राष्ट्र निर्माण की जो कल्पना की जा रही है, उसकी पहल स्वतंत्रता आंदोलन के समय लाला लाजपत राय ने की थी। भूधर नरायण मिश्र ने कहा कि लाला जी ने अंग्रेजों से लोहा लिया था। वे इरादों के पक्के थे।

# सम्मेलन में 117 युवक-युवतियों ने कराया पंजीकरण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासभा ने रविवार को किदवई नगर स्थित श्रीराधा माधव मंदिर में परिवार परिचय सम्मेलन का आयोजन किया। इसमें 21 वृद्धजनों का सम्मान किया गया। इस दौरान कुल 117 युवक-युवतियों का पंजीकरण हुआ।

31 वें सामूहिक विवाह एवं यज्ञोपवीत संस्कार का 21 अप्रैल को आयोजन किया जाना है। समारोह के मुख्य अतिथि सांसद सत्यदेव पचौरी ने नववर्ष कैलेंडर का विमोचन एवं विशिष्ट अतिथि विधायक महेश त्रिवेदी, विधायक अमिताभ बाजपेई, महासभा के राष्ट्रीय मंत्री अरविन्द अवस्थी ने 21 वृद्धजनों का सम्मान किया। महासभा के अध्यक्ष शिव सहाय मिश्र ने कहा कि इस समय परिवार परिचय सम्मेलनों की बहुत आवश्यकता है। मुख्य अतिथि सांसद सत्यदेव पचौरी ने कहा कि परिवार परिचय, सामूहिक विवाह आयोजनों में विधवा विवाह, तलाक-शुदा, निर्धन, दिव्यांग, अल्प शिक्षित, युवक-युवतियों की प्रथम मांग पूर्ति की मदद की जाय।

परिवार परिचय सम्मेलन के आयोजक मालिक बनकर नहीं अपितु माली बनकर लोगों का परिचय कराएं। कार्यक्रम में संगीतमय सुन्दरकाण्ड का पाठ किया गया। खिचड़ी भोज और प्रसाद का वितरण किया गया। संचालन राष्ट्रीय महामंत्री महेश मिश्रा ने किया। आयोजन में मुख्य रूप से चैतन्य बालयोगी अरुण पुरी महाराज, पनकी मंदिर के महंत कृष्ण दास महाराज, शिव सहाय मिश्र, सुनील चंद्र तिवारी, भीम शंकर मिश्र, कौशलेश पाण्डेय, आचार्य तरापति शुक्ल, देवेन्द्र अवस्थी, शारदा प्रसाद शुक्ल के साथ अन्य लोग उपस्थित रहे।



परिचय सम्मेलन में 21 वृद्धजनों का सम्मान भी किया गया। अमृत विचार

साक्षात्कार — मोदी के काम और राम का नाम ही पर्याप्त है, शुरू होगा 'गांव चलो-गली चलो' अभियान

# इस बार यूपी में एक सीट को तरस जाएगा विपक्ष

कानपुर : भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष (कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र) प्रकाश पाल का दावा है कि इस बार लोकसभा चुनाव में यूपी में पूरी की पूरी 80 सीटें जीत कर नया इतिहास बनाएंगे। उनका कहना है कि विपक्ष के पास सिर्फ तुष्टिकरण है, मुद्दे नहीं हैं। मोदी और योगी की केंद्र तथा प्रदेश सरकार ने तमाम कल्याणकारी योजनाओं से हर वर्ग को राहत दी है। खासकर गरीबों, वंचितों, पिछड़ों, दलितों और बेसहारा लोगों का जीवन स्तर सुधार कर उन्हें यथोचित सम्मान दिया है। अयोध्या में भव्य राममंदिर की प्राणप्रतिष्ठा से हर भारतवासी को गर्व की अनुभूति हो रही है। भगवान राम को काल्पनिक बताने वाले खुद काल्पनिक हो जाएंगे। जल्दी ही भाजपा का 'गांव चलो-गली चलो' अभियान शुरू होगा। प्रस्तुत हैं, प्रकाश पाल से शैलेश अवस्थी की खास बातचीत के प्रमुख अंश ...



**● इस बार लोकसभा चुनाव में भाजपा की क्या रणनीति है?**

-हम तो हर दिन जनता के बीच रहते और सेवा करते हैं। कार्यकर्ता जोश से भरे हैं। मोदी और योगी सरकार की जनहित योजनाओं से जनता को राहत मिली है। विकास हर तरफ दिख रहा है। आमजन का जीवन स्तर सुधरा है, बड़ी संख्या में परिवार गरीबी रेखा से ऊपर उठ गए हैं । कानून-व्यवस्था दुरुस्त है। मोदी जी विश्व के लोकप्रिय नेता हैं। हर भारतवासी को इस पर गर्व है। शीघ्र ही गांव और शहर के हर मोहल्ले-गली में एक-एक व्यक्ति से भाजपा सीधे संपर्क करेगी। लाभार्थी पर्व अभियान भी शुरू किया जा रहा है। बड़े पैमाने पर रैलियां शुरू होने वाली हैं।

**● इस बार लोकसभा चुनाव का लक्ष्य क्या है ?**

-यूपी में हम लोकसभा की पूरी 80 सीटें जीतेंगे। देश में आंकड़ा 400 के पार होगा। यह होगा मोदी जी के विजन और जनता से किए वादे पूरे करने की वजह से। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने, अयोध्या में भव्य राममंदिर की प्रतिष्ठा, ज़रूरतमंदो को आवास, हर घर में नल, 80 करोड़ लोगों को निःशुल्क राशन, नई शिक्षा नीति, किसान सम्मान निधि, मुद्रा लोन के जरिये बड़े पैमाने पर आत्मनिर्भरता, हाई-वे का जाल, बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे सहित विकास के न जाने कितने काम हुए हैं। अंतरिक्ष तक में कामयाबी मिली है। जो कहा, किया है। इसी कारण जनता को भाजपा पर भरोसा है, यही काम 2024 के लोकसभा चुनाव में जीत का नया इतिहास लिखेंगे।

**● विपक्षी नेताओं का आरोप है कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा भाजपा और मोदी का कार्यक्रम था, इसलिए नहीं शामिल हुए?**

-विपक्ष तो घोर अल्पसंख्यक तुष्टिकरण की राजनीति करता है, इसलिए शामिल नहीं हुआ । वे तो राम को काल्पनिक बता रहे थे। यह तो भगवान राम का, आस्था का, प्रभु पूजा का, भारत की अस्मिता का और जन-जन का कार्यक्रम था। हर कोई इस समारोह में शामिल होकरधन्य महसूस कर रहा है। रामभक्तों ने इसे महापर्व बना दिया। अयोध्या में रोज लाखों की भीड़ बता रही है कि राम के प्रति दुनिया में कितनी आस्था है। दरअसल विपक्ष के पास कोई मुद्दा ही नहीं बचा, तो ऐसे बयान आ रहे हैं । यह अवसर था, पांच सदी बाद आए पल का साक्षी बनने का। लेकिन विपक्ष इसमें भी गच्चा खा गया।

## गुरुपर्व पर सत्संग और लंगर

**कानपुर।** किदवई नगर स्थित गुरु नानक गुरुद्वारे में रविवार को गुरुपर्व पर सत्संग और लंगर का आयोजन किया गया। बच्चों ने गुरु साहब के इस पर्व पर शबद गायन किया। संगत ने वाह वाह गोबिंद सिंह आपे गुरु चेला, नासरो मंसूर गुरु गोविंद एजदी मंजूर गुरु गोबिंद सिंह ... का सभी ने सुमिरन किया। लोगों ने अरदास लगाई। खालसा सेवा समिति के द्वारा सुबह से लेकर शाम तक चले लंगर में सेवा कार्य किया गया।

## झूलेलाल मंदिर में 52 लोगों ने किया रक्तदान

**कानपुर।** रामबाग स्थित झूलेलाल मंदिर में गणतंत्र दिवस के अवसर पर दिवंगत कन्हैया लाल की याद में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। युवा एकता सिंधी समाज के 34 वें आयोजन में 52 लोगों ने रक्तदान किया।

# जेल से छूटे गैंगस्टर ने रैली पर किया हमला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बर्रा सी ब्लॉक से निकल रही रैली पर पथराव
- घेर कर युवकों को लोहे की रॉड से मारा भी

**अमृत विचार।** पांच दिन पहले जेल से छूटकर आए गैंगस्टर अजय ठाकुर ने पुरानी रंजिश के चलते रविवार को अपना दल एस की रैली में शामिल युवकों पर हमला कर दिया। पथराव से रैली में शामिल 10 से 12 बाइक क्षतिग्रस्त हो गईं और चार युवक घायल हो गए। पुलिस ने अजय ठाकुर व उसके साथियों के खिलाफ हत्या के प्रयास, बलवा समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की।

जरौली फेस वन निवासी आलोक कुमार अपना दल एस के नगर महासचिव हैं। आलोक ने बताया कि रविवार को वह कार्यकर्ताओं संग बाइक व कारों से संदेश यात्रा निकाल कर किदवई नगर स्थित पार्टी के कार्यालय जा रहे थे। रैली बर्रा सी ब्लॉक में पहुंची ही थी कि गैंगस्टर अजय ठाकुर अपने साथियों अर्पित ठाकुर, शिवांश ठाकुर, अभय भदौरिया, टोबो तिवारी, साहिल सोनकर, गौतम मोगा संग गाली गलौज करने लगा। इसके बाद रैली में शामिल युवकों पर पथराव कर दिया। जिससे रैली में भगदड़ मच गई। इसके बाद गैंगस्टर ने साथियों संग बर्रा सात के पास रैली को घेर कर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले में 12 से अधिक बाइक व कार क्षतिग्रस्त हो गईं। रैली में शामिल सर्वेश शुक्ला, आर्यन कटियार समेत चार लोग घायल हो गए। एडीसीपी अंकिता शर्मा ने बताया कि अजय ठाकुर का पीड़ित पक्ष से पुराना विवाद है। गैंगस्टर व उसके साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जा रही है।

### मन की बात की 109वीं और इस साल की पहली कड़ी में बोले प्रधानमंत्री

# संविधान निर्माताओं का भी प्रेरणा स्रोत रहा है राम का शासन: प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि अयोध्या के राम मंदिर में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर ने देश के करोड़ों लोगों को एक सूत्र में बांध दिया और इस दौरान सामूहिकता की जो शक्ति देखी गई वह विकसित भारत के संकल्पों का बहुत बड़ा आधार है। प्रधानमंत्री ने आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 109वीं और इस साल की पहली कड़ी में देशवासियों से संवाद करते हुए कहा कि राम का शासन देश के संविधान निर्माताओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत था।

उन्होंने कहा कि इस साल हमारे संविधान के निर्माण के 75 वर्ष और उच्चतम न्यायालय के भी 75 वर्ष हो रहे हैं और लोकतंत्र के ये पर्व लोकतंत्र की जननी के रूप में भारत को और सशक्त बनाते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान की मूल प्रति के तीसरे अध्याय में भारत के नागरिकों के मूलभूत अधिकारों का वर्णन किया गया है और ये बहुत दिलचस्प है कि तीसरे अध्याय के प्रारंभ में संविधान निर्माताओं ने राम, माता सीता और लक्ष्मण जी के चित्रों को स्थान दिया था।

#### परीक्षा पे चर्चा शिक्षा व परीक्षा से जुड़े मुद्दों पर बात करने का बहुत अच्छा माध्यम बनकर उभरा

छात्रों के साथ वार्षिक 'परीक्षा पे चर्चा' से एक दिन पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि यह शिक्षा और परीक्षा से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने का बहुत अच्छा माध्यम बनकर उभरा है। आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 109वीं और इस साल की पहली कड़ी में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस वर्ष 2.25 करोड़ से अधिक विद्यार्थियों ने कार्यक्रम के लिए पंजीकरण किया है जबकि 2018 में जब यह कार्यक्रम पहली बार आयोजित किया गया था, उस वक्त यह संख्या केवल 22,000 थी। उन्होंने कहा-परीक्षा पे चर्चा का यह सातवां संस्करण होगा। यह एक ऐसा कार्यक्रम है, जिसका मैं हमेशा इंतजार करता हूं। इससे मुझे छात्रों के साथ बातचीत करने का मौका मिलता है और मैं उनके परीक्षा सबंधी तनाव को कम करने का भी प्रयास करता हूं।

## पूरे देश में नफरत और हिंसा फैलाई जा रही

**सिलीगुड़ी (पश्चिम बंगाल)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार पर देशभर में नफरत और हिंसा फैलाने तथा गरीबों और युवाओं के हितों को नजरअंदाज करके बड़े कॉरपोरेट घरानों के लिए काम करने का आरोप लगाया। गांधी उत्तर बंगाल के सिलीगुड़ी में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने सशस्त्र बलों के लिए एक अल्पकालिक भर्ती योजना 'अग्निवीर' को शुरू करके उन युवाओं का मखौल उड़ाया है जो सशस्त्र बलों में शामिल होना चाहते थे। उन्होंने कहा-देशभर में नफरत और हिंसा फैलाई जा रही है। इससे कोई फायदा नहीं होगा।






ठाणे में रविवार को ट्रैफिक नियमों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए ट्रैफिक पुलिस द्वारा आयोजित विंटेज कार और बाइक रैली में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ● एजेंसी

### एक नजर

#### मुंबई में क्रेन से कुचलकर मजदूर की मौत

**ठाणे।** महाराष्ट्र के नवी मुंबई में क्रेन से कुचलकर 20 वर्षीय एक मजदूर की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि घटना शनिवार सुबह करीब 11.30 बजे खारघर इलाके में हुई। उसने बताया कि केबल बिछाने के लिए खुदाई की जा रही थी और मजदूर उस जगह पर एक केबल ड्रम को धकेल रहा था तभी अचानक उसका पैर फिसल गया और वह सड़क पर क्रेन के पास गिर गया। खारघर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि उस समय क्रेन संचालक ने मशीन को आगे बढ़ा दिया, जिससे कुचलकर मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान नवी मुंबई के बेलापुर इलाके के निवासी सुनील नरसीमा तांगड़ी के रूप में हुई है।

#### लड़की पर तेजाब फेंकने का आरोपी पकड़ा गया

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के बुराड़ी इलाके में एक स्कूल के समीप एक लड़की पर तेजाब जैसा तरल पदार्थ कथित तौर पर फेंकने को लेकर रविवार को 16 वर्षीय एक किशोर को पकड़ा गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। घटना बुधवार दोपहर एक बजे हुई, जब लड़की शास्त्री पार्क एक्सटेंशन इलाके में एक स्कूल से अपने 10 वर्षीय संबंधी को लाने के लिए गयी थी। घटना की शिकायत उसी दिन दर्ज कर बुराड़ी पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता के तहत प्राथमिकी भी दर्ज की गई।

## मराठा आरक्षण पर महाराष्ट्र सरकार के फैसले से मैं सहमत नहीं: नारायण राणे

**मुंबई।** केंद्रीय मंत्री नारायण राणे ने रविवार को कहा कि वह महाराष्ट्र सरकार के उस फैसले से सहमत नहीं हैं, जिसमें कहा गया है कि जबतक मराठों को आरक्षण नहीं मिल जाता है, तबतक उन्हें ओबीसी को मिल रहे सभी लाभ मिलेंगे। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री ने राणे 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि यह अन्य पिछड़ा वर्ग में अतिक्रमण होगा तथा इससे महाराष्ट्र में अशांति फैल सकती है। मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जरांगे ने महाराष्ट्र सरकार द्वारा उनकी मांगें मान लिये जाने के बाद शनिवार को अपना अनिश्चितकालीन उपवास खत्म कर दिया था। मुख्यमंत्री शिंदे ने घोषणा की थी कि जबतक मराठों को आरक्षण नहीं मिल जाता, तबतक उन्हें ओबीसी को प्राप्त सभी लाभ मिलेंगे।

## आप लोस चुनाव इंडिया के साथ मिलकर लड़ेगी : केजरीवाल

चंडीगढ़, एजेंसी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को कहा कि उनकी आम आदमी पार्टी (आप) हरियाणा की सभी 90 विधानसभा सीट पर अपने दम पर चुनाव लड़ेगी, लेकिन लोकसभा चुनाव विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के हिस्से के रूप में लड़ेगी।



लोकसभा चुनाव अप्रैल-मई में प्रस्तावित हैं जबकि विधानसभा चुनाव इस साल के अंत में होंगे। आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने जींद में पार्टी की 'बदलाव जनसभा' में कहा-आज लोगों को केवल एक ही पार्टी पर भरोसा है, जो आम आदमी पार्टी है। एक तरफ उन्हें पंजाब, तो दूसरी तरफ दिल्ली में हमारी सरकार दिखती है। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा एक बड़ा बदलाव चाहता है। इसके पहले दिल्ली और पंजाब के लोगों ने यह बड़ा बदलाव किया था और अब वहां के लोग खुश हैं।

## दिल्ली के मंदिर में जागरण के लिए बनाया गया मंच गिरा, एक की मौत

नई दिल्ली, एजेंसी

**▸▸ शनिवार देर रात हुआ हादसा 17 अन्य लोग घायल**

दिल्ली में कालकाजी मंदिर में जागरण के लिए बनाए गए मंच के ढह जाने से 45 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई और 17 लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह दुखद घटना शनिवार देर रात करीब 12.30 बजे हुई। मृतका की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।

पुलिस के अनुसार शनिवार को कालकाजी मंदिर के महंत परिसर में जागरण का आयोजन किया गया था और इसमें लगभग 1600 लोग शामिल हुए थे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने महिला की मौत पर शोक व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में मुख्यमंत्री केजरीवाल ने लिखा "कालकाजी मंदिर के जागरण में कल रात हुआ हादसा बेहद दुखद है, हादसे में एक महिला की मौत हुई है, ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दें।

घायल हुए 17 लोगों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूँ। उन्होंने लिखा-मेरी सभी दिल्लीवासियों से अपील है कि किसी भी तरह के बड़े आयोजन में सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखें, व्यवस्था इस प्रकार करें कि कोई भी अप्रिय घटना ना घटे। पुलिस उपायुक्त (दक्षिणपूर्व) राजेश देव ने बताया, कार्यक्रम के लिए कोई पूर्व अनुमति नहीं दी गई थी। हालांकि, कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त कर्मी तैनात किए गए थे। शनिवार रात लगभग 12.30 बजे 1,500-1,600 लोग एकत्र हुए थे। पुलिस के अनुसार आयोजकों और अति विशिष्ट लोगों के परिवारों के लिए मुख्य मंच के पास लोहे के फ्रेम के सहारे लकड़ी का ऊंचा मंच बनाया गया था। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि लगभग 12.30 बजे वजन अधिक होने के कारण यह मंच बीच में से ढह गया। इसके चलते मंच पर बैठे और जमीन पर उसके आसपास बैठे लोग घायल हो गए।

एक प्रत्यक्षदर्शी वरुण ने बताया कि मंदिर में बड़ी भीड़ थी क्योंकि गायक बी प्राक वहां मौजूद थे। बताया-अचानक मंच ढह गया और मंच के पास बैठे लोगों को चोटें आईं। गायक बी प्राक तब तक वहां से जा चुके थे। मंदिर में मौजूद एक अन्य व्यक्ति ने बताया कि उसने बहुत तेज आवाज सुनी और लोगों को बाहर भागते हुए देखा था।

## सम्राट चौधरी व विजय सिन्हा समेत छह अन्य ने कैबिनेट मंत्री के तौर पर ली शपथ

पटना, एजेंसी

जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के नेता नीतीश कुमार ने रविवार को नौवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री के तौर पर और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सम्राट चौधरी एवं विजय सिन्हा समेत छह अन्य ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली।

राजभवन में आयोजित समारोह में बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने श्री नीतीश कुमार के बाद भाजपा के सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, जदयू के विजय चौधरी, विजेंद्र यादव, श्रवण कुमार, भाजपा के ही प्रेम कुमार, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के संतोष कुमार सुमन और निर्दलीय सुमित कुमार सिंह को कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ दिलाई। इस मौके पर भाजपा समर्थकों ने जय श्री राम और मोदी मोदी के नारे लगाए। वहीं, हम के समर्थकों ने जय भीम तथा जदयू समर्थकों ने नीतीश कुमार के पक्ष पर नारा लगाया।

शपथ ग्रहण समारोह में बिहार विधान परिषद के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस, हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीतनराम मांझी, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान, जदयू सांसद ललन सिंह, भाजपा नेता मंगल पांडे और राजीव प्रताप रूडी समेत कई अन्य गणमान्य शामिल थे।



**पटना :** बिहार के राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर, नव-शपथ ग्रहण करने वाले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा। ● एजेंसी

**▸▸ नीतीश कुमार नौवीं बार बने बिहार के मुख्यमंत्री**

#### भाजपा ने 7 साल के छोटे सफर में उप मुख्यमंत्री बनाकर सम्राट चौधरी की पगड़ी का बढ़ाया मान

**पटना।** वंशवाद और परिवारवाद से परे की राजनीति का दावा करने वाली भाजपा ने सम्राट चौधरी को पार्टी के साथ महज 7 साल के छोटे सफर में ही बिहार का उप मुख्यमंत्री बनाकर उनकी पगड़ी का मान बढ़ा दिया है। भाजपा में वर्ष 2017 में शामिल हुए सम्राट चौधरी ने वर्ष 2022 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) से नाता तोड़ राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नीत महागठबंधन में शामिल हो कर सरकार बनाने के बाद प्रण लिया था कि 'नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री की कुर्सी से उतारने के बाद ही वह अपनी पगड़ी खोलेंगे।' बिहार में सियासी हालात ऐसे बने कि श्री नीतीश कुमार को कुर्सी छोड़नी पड़ी और फिर एक नए समझौते के साथ उनकी (श्री कुमार) अगुवाई में सरकार बनी तब भाजपा ने श्री सम्राट चौधरी की आन-बान को कम नहीं होने दिया और उन्हें उप मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठाकर उनकी 'पगड़ी' का मान और बढ़ा दिया। श्री चौधरी के भाजपा में आने के एक साल बाद वर्ष 2018 में ही उन्हें बिहार भाजपा का उपाध्यक्ष बना दिया गया। इतना ही नहीं वर्ष 2020 में प्रदेश की राजग सरकार में उन्हें पंचायती राज मंत्री की जिम्मेवारी सौंपी गई। इसके बाद 27 मार्च 2023 को वह बिहार भाजपा के अध्यक्ष बनाए गए।

# कारोबार/कृषि

### एक नजर

#### भारत की गैस मांग 6% बढ़ने का अनुमान

**नई दिल्ली।** उर्वरक इकाइयों, बिजली उत्पादन और औद्योगिक क्षेत्रों में खपत बढ़ने के साथ भारत की प्राकृतिक गैस की मांग 2024 में छह प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने यह जानकारी दी। भारत में प्राकृतिक गैस की आपूर्ति 2022 में सालाना आधार पर सात प्रतिशत घट गई थी, हालांकि 2023 में इसमें पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। इस दौरान मुख्य रूप से पेट्रोरसायन, बिजली उत्पादन, रिफाइनरी और औद्योगिक क्षेत्रों से मांग बढ़ी।

#### सीएनएच पांच करोड़ डॉलर का करेगी निवेश

**नई दिल्ली।** इतालवी-अमेरिकी ऑफ रोड निर्माण और कृषि कंपनी सीएनएच इस साल भारत में कृषि मशीनरी खंड में पांच करोड़ डॉलर का निवेश करेगी। इसके अलावा कंपनी का इरादा इस साल मई में 105 एचपी का ट्रैक्टर भी उतारने का है। सीएनएच इंडिया के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। सीएनएच न्यू हॉलैंड ब्रांड नाम से कृषि मशीनरी और उपकरणों का उत्पादन और बिक्री करती है।

#### प्रौद्योगिकी के व्यापार पर कल होगी चर्चा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के शीर्ष अधिकारी, उद्योग जगत की दिग्गज हस्तियां और अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ भारत की निर्यात नियंत्रण प्रणालियों पर 30 जनवरी को यहां चर्चा करेंगे। एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि इस दौरान संवेदनशील वस्तुओं और प्रौद्योगिकी क्षेत्र के व्यापार तथा वैश्विक सर्वोत्तम व्यवहार पर विचार-विमर्श होगा। अधिकारी ने कहा कि रणनीतिक व्यापार नियंत्रण पर राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान निर्यात नियंत्रण प्रणालियों पर चर्चा के लिए अधिकारियों और नेताओं को एक मंच मिलेगा।

## बजट में मोदी की गारंटी छाए रहने की संभावना

### पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग बोले-पेश की जा सकती हैं लोकलुभावन योजनाएं

नई दिल्ली, एजेंसी



सरकार के आम चुनाव से पहले पेश किए जाने वाले बजट में मोदी की गारंटी की छाप रहने की संभावना है। इस अंतरिम बजट में मध्यम वर्ग, किसानों और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों समेत मतदाताओं के बड़े वर्ग को आकर्षित करने के लिए 'लोकलुभावन योजनाएं' पेश की जा सकती हैं। यह बात पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग ने रविवार को कही। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार इस गारंटी को पूरा करने के लिए अगर जरूरत हुई, तो राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को लेकर थोड़ी रियायत भी ले सकती है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लोकसभा में एक फरवरी को वित्त वर्ष 2024-25 का अंतरिम बजट पेश करेंगी। यह उनका लगातार छठा बजट होगा।

गर्ग ने कहा कि वास्तव में, लोकसभा चुनाव से पहले पेश होने वाला अंतरिम बजट, सत्ता में मौजूद पार्टी के लिए मुफ्त एवं लोकलुभावन योजनाओं के जरिए मतदाताओं को आकर्षित करने का एक मौका होता है। वर्ष 2019 में आम चुनाव से पहले पेश अंतरिम बजट में भी हम ऐसा होते हुए देख चुके हैं। उन्होंने कहा-सरकार ने 2019 में मध्यम वर्ग, किसानों और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों-को लक्षित किया था। कुल मिलाकर ये लगभग 75 करोड़ मतदाता हैं। ऐसी संभावना है कि सरकार इस बार भी इन मतदाताओं का खास ध्यान रखेगी।

#### आगामी बजट से वाहन कंपनियों को भरोसा, हरित परिवहन को बढ़ावा देना जारी रखेगी सरकार

वाहन क्षेत्र की कुछ प्रमुख कंपनियों का मानना है कि सरकार को आगामी बजट में हरित परिवहन को बढ़ावा देने की नीति को जारी रखने की जरूरत है। उनका कहना है कि इसके अलावा बुनियादी ढांचा क्षेत्र की विकास की रफ्तार को भी कायम रखने की जरूरत है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को अंतरिम बजट पेश करेंगी। मर्सिडीज बेंज इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संतोष अय्यर ने कहा-हमारा अनुमान है कि बुनियादी ढांचा क्षेत्र की परियोजनाओं पर पूंजीगत व्यय जारी रहेगा। सरकार को हरित परिवहन के लिए नीतिगत प्रोत्साहन पर ध्यान जारी रखना चाहिए। इससे देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की स्वीकार्यता तेजी से बढ़ाने में मदद मिलेगी। वहीं टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के उप-प्रबंध निदेशक (कॉरपोरेट योजना, वित्त एवं प्रशासन और विनिर्माण) स्वप्नेश आर मारू ने कहा कि वाहन विनिर्माताओं को भरोसा है कि सरकार अर्थव्यवस्था और परिवहन क्षेत्र को एक ऐसे हरित भविष्य में स्थानांतरित करने की दिशा में अपना प्रयास जारी रखेगी जो जीवाश्म ईंधन पर कम निर्भर हो। जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक रघुपति सिंघानिया ने कहा कि वाहन क्षेत्र के लिए सतत नीतियों से इस क्षेत्र का विस्तार होगा।

## लाल सागर संकट से तेल आपूर्ति में व्यवधान नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

**▸▸ एचपीसीएल प्रमुख बोले, पिछले साल रूसी आपूर्ति 35 प्रतिशत से अधिक**

हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के चेयरमैन पुष्प कुमार जोशी ने कहा कि लाल सागर में हुती विद्रोहियों द्वारा माल ढुलाई जहाजों पर किए जा रहे हमलों से भारत में कच्चे तेल की आपूर्ति पर कोई असर नहीं पड़ा है। उन्होंने कहा कि हालांकि, रास्ता बदलकर अपेक्षाकृत लंबे 'केप ऑफ गुड होप' मार्ग अपनाने के कारण माल ढुलाई की लागत बढ़ गई है। तीसरे सबसे बड़े तेल आयातक भारत में रूस से तेल की आपूर्ति लाल सागर मार्ग से होती है।

पिछले साल भारत के कुल कच्चे तेल के आयात में रूसी आपूर्ति 35 प्रतिशत से अधिक थी, जो प्रति दिन 17 लाख बैरल थी। रूसी जहाज और मालवाहक फिलहाल हमलों का मुख्य लक्ष्य नहीं हैं। हालांकि, स्वेज नहर और लाल सागर के माध्यम से आवागमन के बजाय अफ्रीका के दक्षिणी सिरे के आसपास का मार्ग अपनाने से जहाजों को लंबी यात्राएं करनी पड़ रही हैं, जिससे जहाजों की कमी हो गई है और माल ढुलाई लागत में वृद्धि हो गई है।



चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर, 2023) के नतीजे आने के बाद निवेशकों के साथ एक बातचीत में जोशी ने कहा कि एचपीसीएल ने अप्रैल के मध्य तक कच्चे तेल की आपूर्ति तय कर दी है और उसे आपूर्ति में कोई बाधा नहीं दिख रही है। उन्होंने कहा कि एचपीसीएल अपनी कच्चे तेल की 44-45 प्रतिशत जरूरतों को सऊदी अरब और इराक की राष्ट्रीय कंपनियों से किए गए करार के जरिए पूरा करती है।

#### मार्ग से देश का निर्यात 50%, आयात 30%

**मुंबई।** लाल सागर जल मार्ग के आसपास चल रहे संकट का प्रभाव विभिन्न उद्योगों के आधार पर अलग-अलग होगा। एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष में देश के निर्यात का 50 प्रतिशत और आयात का 30 प्रतिशत इस मार्ग से हुआ है। क्रिसिल रेटिंग्स ने लाल सागर संकट के कारण देश में विभिन्न व्यापार खंडों पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर एक रिपोर्ट तैयार की है। लाल सागर व्यापारिक मार्ग में संकट तब शुरू हुआ जब यमन स्थित हुती विद्रोहियों ने अक्टूबर, 2023 में शुरू हुए इजरायल-फलस्तीन युद्ध के कारण नवंबर में वहां से गुजरने वाले वाणिज्यिक माल ढुलाई जहाजों पर लगातार हमले किए।

## शीर्ष 10 में से सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.16 लाख करोड़ रुपये घटा

नई दिल्ली, एजेंसी

सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात का सामूहिक बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) पिछले सप्ताह 1.16 लाख करोड़ रुपये घट गया। सबसे अधिक नुकसान एचडीएफसी बैंक को हुआ।

कम कारोबारी सत्रों वाले सप्ताह के दौरान बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 982.56 अंक या 1.37 प्रतिशत के नुकसान में रहा। शीर्ष 10 सबसे कंपनियों में से रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई। वहीं आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस और भारती एयरटेल की बाजार हैसियत बढ़ गई। समीक्षाधीन सप्ताह में एचडीएफसी बैंक का बाजार मूल्यांकन 32,661.45 करोड़ रुपये घटकर 10,90,001.31 करोड़ रुपये रह गया। एलआईसी का बाजार पूंजीकरण 20,682.74 करोड़ रुपये घटकर 5,71,337.04 करोड़ रुपये पर आ गया।

## टोल फ्री पर आए फसल बीमा के दावे कर दिए गए गोल

प्रशांत सक्सेना, अमृत विचार

**▸▸ 2023-24 में कितने व्यक्तिगत दावे, कितने स्वीकार व कितने निरस्त पता नहीं**

**▸▸ क्लेम बचाने के चक्कर में कंपनियों ने कृषि विभाग को नहीं दिया कॉल विवरण**

**लखनऊ :** बीमा कंपनियों ने खरीफ 2023-24 में बीमित फसलों का क्लेम बचाने के चक्कर में व्यक्तिगत दावे गोल कर दिए। जो बारिश या फिर आपदा के समय किसानों ने टोल फ्री नंबर पर काल कर दर्ज कराए थे। नुकसान के समय प्रदेश में टोल फ्री नंबर पर कितनी काल आई, कितने दावे स्वीकार किए और कितने निरस्त किए यह व्यक्तिगत दावे कंपनियां छिपा गईं। कृषि विभाग को भी इस तरह का विवरण नहीं दिया गया। इससे यह माना जा रहा कि कंपनियों ने हर बार की तरह ज्यादातर व्यक्तिगत दावे निरस्त कर दिए। क्योंकि नुकसान के समय टोल फ्री नंबरों पर 72 घंटे के अंदर कॉल कर शिकायत दर्ज की जाती है। इसी आधार पर कंपनियों को फसल का सर्वे कर 100 फीसद क्षतिपूर्ति 21 दिन के अंदर देय होती है। इसमें कंपनियों को घाटा होता है। जिसे बचाने के लिए दावे निरस्त कर कॉल रिपोर्ट दबा लेती हैं।



**... तो किस आधार पर 6 करोड़ :** खरीफ 2023-24 में 23.54 लाख किसानों ने धान, बाजरा, मक्का, तिल, उड़द, मूंगफली, सोयाबीन आदि फसल बीमित कराई थी। कंपनियों ने 600 करोड़ प्रीमियम लिया था। इसमें 8 हजार किसानों को 6 करोड़ रुपये क्षतिपूर्ति देना बताया जा रहा है। जबकि 5 हजार किसानों का 3 करोड़ बकाया है। लेकिन, इसमें व्यक्तिगत दावे कितने और मध्यावधि की क्षतिपूर्ति कितनी यह स्पष्ट नहीं है। ऐसे में क्रॉप कटिंग यानी कटाई के दौरान उपज के आधार पर क्षतिपूर्ति दी जाएगी। इसमें कंपनियों को फायदा और किसानों को घाटा होता है।

वहीं इस संबंध में उमा शंकर सिंह, उप निदेशक (फसल बीमा एवं सांख्यिकीय, कृषि निदेशालय) ने बताया कि खरीफ का 6 करोड़ रुपये भुगतान किया गया है। इसमें मध्यावधि व व्यक्तिगत दावे शामिल हैं। लेकिन अलग-अलग संख्या स्पष्ट नहीं है। टोल फ्री पर आए व्यक्तिगत दावों की कॉल रिपोर्ट सभी कंपनियों से मांगी गई है।

#### इतने किसानों की फसल बीमित

केसीसी किसान - 20.17 लाख
गैरऋणी किसान - 3.37 लाख
बीमित क्षेत्रफल - 291.13 लाख

#### ये लिया गया प्रीमियम

कुल - 600.95
कृषक - 181.13
राज्य अंश - 209.91
केंद्र अंश - 209.91 (करोड़ में)

## एक नजर

### बाली: विश्व का पहला प्राइवेट जेट विला, 1 रात का किराया 5.4 लाख



**जकार्ता।** इंडोनेशिया के बाली में 30 साल के रूसी प्रॉपर्टी डेवलपर फेलिक्स डेमिन ने समुद्र किनारे दुनिया का पहला प्राइवेट जेट विला बनाया है। पुराने बोइंग 737–200 में बने इस विला में एक रात रहने का किराया 5.4 लाख रुपये है। ये विला 2 साल में 8.3 करोड़ रुपये में बना है। हालांकि, भीड़-भाड़ से दूर यहां एक शांत वातावरण है। कॉकपिट में हॉट टब के साथ एक चट्टान पर स्थित यह दुनिया का सबसे अनोखा होटल है। विमान के ढांचे से निर्मित पहला लक्जरी विला है। बाली में न्यांग न्यांग बीच चट्टानों पर स्थित है और इसे बोइंग 737 विमान का उपयोग करके बनाया गया था।

### अमेरिका के लॉस एंजिलिस में गोलीबारी, चार लोगों की मौत

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका के लॉस एंजिलिस में शनिवार को गोलीबारी की घटना में चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने इस हत्या के बाद आत्महत्या का मामला बताया है। लॉस एंजिलिस पुलिस विभाग ने सोशल मीडिया पर एक बयान साझा कर बताया कि लेर्डो एवेन्यू के 11600 ब्लॉक में गोलीबारी की सूचना मिलने पर अधिकारी रात सात बजे से पहले घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल पर चार लोगों को मृत घोषित किया गया और जांचकर्ताओं के अनुसार, यह हत्या के बाद आत्महत्या करने का मामला है।

### सदन की कार्यवाही में व्यवधान कोविड के खतरे से कम नहीं: उपराष्ट्रपति धनखड़

# 'चर्चा' लोकतंत्र की आधारशिला

**मुंबई, एजेंसी**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि 'चर्चा' जो लोकतंत्र की आधारशिला है, हंगामे में तब्दील हो गई है और सदन की कार्यवाही में व्यवधान लोकतंत्र के लिए कोविड के खतरे से कम नहीं है।

धनखड़ ने 84वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि विधायी निकायों के पीठासीन अधिकारियों को सदन की मर्यादा सुनिश्चित करने के लिए अपने अधिकार का इस्तेमाल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि विधायी निकायों की कार्यवाही में व्यवधान एक दुखद परिदृश्य है। धनखड़ ने कहा, यह कोई रहस्य नहीं है कि गड़बड़ी और व्यवधान की योजना बनाई जाती है, जिसके लिए बैनर छापे जाते हैं और नारे गढ़े जाते हैं। ऐसी चीजों का हमारी प्रणाली में कोई स्थान नहीं है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि प्रतिनिधि संस्थाओं और प्रतिनिधियों में जनता के विश्वास का कम होना समाज के लिए कैंसर है। धनखड़ ने कहा कि पीठासीन अधिकारियों को सदन की कार्यवाही पर बारीक नजर रखनी चाहिए और मर्यादा सुनिश्चित करने के लिए अपने अधिकार का इस्तेमाल करना चाहिए।

उन्होंने कहा, पीठासीन अधिकारी लोकतांत्रिक स्तंभों के संरक्षक हैं। उन्होंने अफसोस जताया कि (सदन में) अनुशासनहीनता और अशोभनीय व्यवहार की घटनाएं बढ़ रही हैं और व्यवधान डालने में गर्व महसूस किया जाता है। धनखड़ ने कहा, यह परेशान करने वाला परिदृश्य है और इससे बाहर निकलने का रास्ता खोजने के लिए आत्ममंथन की जरूरत है। धनखड़ ने कहा कि पीठासीन अधिकारियों के कर्तव्यों में यह सुनिश्चित करना शामिल है कि विधायी प्रक्रिया सार्थक, जवाबदेह, प्रभावी और पारदर्शी हो तथा जनता की आवाज उठायी जाए। उन्होंने कहा, जनता की ओर देखें। वे हमें चुनते हैं, उन्हें हमसे उम्मीदें हैं। वे चाहते हैं कि उनकी आकांक्षा हमारे माध्यम से साकार हो। ऐसे में, जब कोई कार्यवाही में व्यवधान पैदा करता है तो यह उनके (जनता) लिए कितना कष्टदायक होता है। तब यह और भी अधिक पीड़ादायक होता है, जब व्यवधान करने में गर्व महसूस किया जाता है।

#### अशोभनीय आचरण की जगह हमारे देश के संसद में नहीं



84वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधन में उपराष्ट्रपति ने कहा कि संसद में हंगामा और कार्यवाही बाधित करने की योजना बनाई जाती है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक इशारों पर तख्तियां छपवाई जाती हैं। उपराष्ट्रपति के मुताबिक सदन में नारेबाजी के लिए भी रणनीति बनाकर हंगामे होते हैं। इन बातों में कुछ भी अब रहस्य जैसा नहीं। संसद में ऐसे अशोभनीय आचरण की कोई जगह हमारे देश के सिस्टम में नहीं है। उन्होंने कहा कि संसद और विधानसभाओं के प्रति कम होता जनता का भरोसा कैंसर जैसा है।

### नेपाल: ग्लेशियर पिघलने से बाढ़ का खतरा, अब बिजली बना रहे

**काठमांडू।** नेपाल उच्च हिमालयी क्षेत्रों में ग्लेशियर पिघलने से गांवों को बाढ़ से बचाने के लिए छोटे-छोटे बांध बनाए जा रहे हैं। इनपर हाइड्रो पावर संयंत्र लगाने का प्रयोग कामयाब है। 2017 में पहली बार तिब्बत सीमा से लगे नेपाल के क्यानजिन घाटी के दो गांवों में हाइड्रो पावर प्लांट से 175 घरों में रोशनी, खाना पकाने और अन्य जरूरतों के लिए बिजली दी जा रही है।

गर्मी बढ़ने से हिमालय की ऊंची चोटियों की बर्फ पिघल रही है। इससे तेजी से भरने वाली हिमनद झीलों के नीचे स्थित गांवों में विनाशकारी बाढ़ का खतरा मंडराता रहा है। इससे निपटने के लिए नेपाल ने छोटी-छोटी नहरें भी बनाई हैं। बता दें कि पिछले साल अक्टूबर में पूर्वोत्तर भारतीय प्रांत सिक्किम में ल्होनक झील के फटने से 150 से अधिक लोग मारे गए और 2 हजार घर गिर गए थे। नेपाल सरकार ने त्रासदी को देखते हुए पहल की है, और कई प्रोजेक्ट्स पर काम किया जा रहा है।

# नौकरी करने वाले नहीं, देने वाले बनें: धर्मेन्द्र प्रधान

**मुंबई, एजेंसी**

▶▶ आईआईएम के दीक्षांत समारोह में बोले- 2047 तक विकसित भारत में शिक्षा का होगा अहम योगदान



केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि साल 2047 तक विकसित भारत बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना पूरा करने में शिक्षा और तकनीक का योगदान अहम होगा। आईआईएम मुंबई के प्रथम दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि प्रधान ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे विकसित इकोनॉमी बन सकती है और विकसित भारत मे हम दुनिया को साथ लेकर चलेंगे। उन्होंने नए स्नातकों का आह्वान किया कि नौकरी करने वाले नही नौकरी देने वाले बनें।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की उपस्थिति में संस्थान के 1013 छात्रों को स्नातकोत्तर डिग्री प्रदान की गई। साल 1963 में स्थापित, भारतीय प्रबंधन संस्थान मुंबई (आईआईएम मुंबई) शैक्षिक उत्कृष्टता के केंद्र का गढ़ है, जिसने देश के शैक्षिक परिदृश्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के साथ संरेखित करने की प्रतिबद्धता के साथ, आईआईएम मुंबई को रसद और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में क्षमता निर्माण के लिए नोडल केंद्र के रूप में नामित किया गया है, जो शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पीएम गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान के कार्यान्वयन में सक्रिय रूप से योगदान देता है। आईआईएम मुंबई तीन एमबीए कार्यक्रम, उद्योग की जरूरतों को पूरा करने वाले कार्यपालक कार्यक्रम, वैश्विक और राष्ट्रीय प्रमाणन कार्यक्रमों की पेशकश करता है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और अतिथि के रूप में प्रबंध निदेशक और सीईओ, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) आशीष कुमार चौहान और आईआईएम मुंबई शासी मंडल के अध्यक्ष शशि किरण शेट्टी और अन्य सदस्य शामिल थे।

# पाकिस्तान: बलूचों पर अत्याचार मानवाधिकारों का उल्लंघन

**वाशिंगटन, एजेंसी**

▶▶ अमेरिका बेचैन, सांसद शेरमन पाकिस्तान पर बोले- अमेरिका अत्याचार पर चुप नहीं बैठेगा

अमेरिकी सांसद ब्रैड शेरमन ने पाकिस्तान के बलूचिस्तान में लोगों पर हो रही हिंसा पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को बलूचिस्तान में लोगों को गायब करने, हत्याएं बंद करनी चाहिए। शनिवार को उन्होंने बलूचिस्तान और सिंघ क्षेत्रों में लोगों के जबरन गायब होने के मुद्दे पर अपनी चिंता व्यक्त की है।

एक कार्यक्रम में अमेरिकी सांसद ब्रैड शेरमन ने कहा कि हालांकि अमेरिका पाकिस्तान के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करता है, लेकिन वहां हो रहे मानवाधिकार उल्लंघन पर चुप नहीं रह सकते हैं। उन्होंने कहा कि हम दुनियाभर में मानवाधिकार उल्लंघनों के खिलाफ खड़े हैं और पाकिस्तान में इस तरह का उल्लंघन दिखाई दे रहा है। कांग्रेसी सांसद की पाकिस्तान में मानवाधिकारों के उल्लंघन की चिंता ने पाकिस्तान की पोल खोल दी है।

शेरमन ने सिंध फाउंडेशन के सूफी लघारी और फातिमा के साथ अपनी चर्चाओं को सोशल मीडिया पर साझा किया है। सिंध प्रांत में लोगों के गायब होने और हत्याओं की खबरें सामने आ रही हैं। उन्होंने मानवाधिकार उल्लंघनों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे नेता महरंग बलूच के मामले पर जोर डाला है। उन्होंने लिखा कि महरांग बलोच 16 साल की थी, जब पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने उनके पिता का अपहरण कर लिया था।

### फ्रांसीसी पत्रकार को नोटिस, भारत बोला- वीजा नियमों का हुआ उल्लंघन

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने हाल ही में फ्रांस की एक महिला पत्रकार वेनेसा डौगनेक को नोटिस जारी किया था। यह नोटिस फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के नई दिल्ली दौरे से पहले जारी किया गया था।

मैक्रों की यात्रा के बीच इस मामले पर भी खूब चर्चा हो रही थी। अब भारत ने शुक्रवार को स्पष्ट किया है कि उनको यह नोटिस वीजा नियमों के उल्लंघन के कारण जारी किया गया है। वेनेसा को गृह मंत्रालय के तहत काम करने वाले विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) ने नोटिस जारी किया था। भारत ने फ्रांस से कहा कि दिल्ली में रहने वाली फ्रांसिसी पत्रकार को वीजा नियमों के उल्लंघन के कारण नोटिस जारी किया गया है।

# मालदीव की संसद में सत्तारूढ़ और विपक्षी सांसदों में मारपीट

**माले, एजेंसी**

▶▶ घायल नेता को इलाज के लिए भेजा गया अस्पताल

मालदीव की संसद के विशेष सत्र में रविवार को पीपीएम व पीएनसी पार्टी की गठबंधन सरकार के सांसदों और विपक्षी सांसदों के बीच जमकर मारपीट हुई। इसमें कुछेक सांसद घायल हो गए हैं और सरकार के प्रस्ताव पर संसद की मंजूरी नहीं मिल पाने से मोहम्मद मुइज्जू सरकार को करारा झटका लगा है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, सनसनीखेज वीडियो फुटेज में कुछ चौंकाने वाले दृश्य देखने को मिले।

इसमें मुख्यतः मारपीट विपक्षी एमडीपी सांसद इसा और सत्तारूढ़ पीएनसी सांसद अब्दुल्ला शहीम अब्दुल हकीम के बीच होती देखी जो सतारूढ़ गठबंधन और विपक्षी दलों की मारपीट में बदल गई। बात दें, वीडियो में शमीम को इसा का पैर पकड़कर खींचते और फिर दोनों सांसदों के एक साथ जमीन पर गिरते दिखाया गया है। वहीं दूसरे फुटेज में ईसा को शहीम की गर्दन पर लात मारते और उनके बाल खींचते देखा गया। दोनों सांसदों की गुत्थम-गुत्था में और कई सांसद भी लपेटे में आ गए। एक अन्य फुटेज में कई अन्य सांसदों को शहीम को खींचकर दूसरी तरफ ले जाता भी देखा गया है। स्थानीय मीडिया के अनुसार इस भीषण मार-पिटाई के बाद घायल एक सांसद को एम्बुलेंस से इलाज के लिए अस्पताल भेजना पड़ा। मंत्रियों की पुनर्नियुक्ति को दोपहर 1.30 बजे मंजूरी दी जानी थी, लेकिन कुछ पीएनसी सांसदों ने सदन को घेर लिया और सत्र को बाधित कर दिया।

### अंडरवाटर मेट्रो...



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में हुगली नदी के नीचे से गुजरने वाली देश की पहली अंडरवाटर मेट्रो के सफर को रोमांचक और यादगार बनाया जा रहा है। हुगली नदी तल से 13 मीटर और जमीन से करीब 33 मीटर नीचे से गुजरने वाली 520 मीटर लंबी टनल में दोनों तरफ नीले रंग की लाइट लगाई गई है। इससे पानी के अंदर होने का अहसास होगा। सफर ज्यादा रोमांचक बनाने के लिए लाइट्स से ही टनल की दीवारों पर मछलियां बनाई गई हैं। ● एजेंसी

# लालच देकर स्वदेशी समुदायों का हो रहा धर्मांतरण

▶▶ आठवें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में हिमंत बोले- युवा स्वदेशी आस्थाओं -धर्मों को जीवित रखें

**डिब्रूगढ़, एजेंसी**

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने रविवार को कहा कि भारत के स्वदेशी समुदाय अक्सर मुख्यधारा के धर्मों द्वारा धर्मांतरण के प्रयासों का लक्ष्य बन गए हैं। जिससे व्यक्तियों को भौतिक लालच देकर भ्रमित किया जाता है। उन्होंने युवा पीढ़ी से स्वदेशी आस्थाओं और धर्मों को जीवित रखने का आग्रह किया।

साथ ही उन्होंने इस मुद्दे पर अपनी सरकार के द्वारा उठाए गए कदमों को साझा किया। आठवें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन और बुजुर्गों की सभा के उद्घाटन सत्र में बोलते हुए उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से भारत में स्वदेशी समुदाय अक्सर मुख्यधारा के धर्मों द्वारा रूपांतरण प्रयासों का लक्ष्य बन जाते हैं। कई धार्मिक समूहों द्वारा की जाने वाली गतिविधियों के परिणामस्वरूप स्वदेशी आस्था का पालन करने वालों की आबादी में गिरावट आ सकती है। उन्होंने कहा कि मिशनरी संगठनों द्वारा दिए जाने वाले भौतिक लाभ, शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल लाभों का प्रलोभन व्यक्तियों को धर्म परिवर्तन के लिए प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि हमें स्वदेशी धार्मिक प्रथाओं की रक्षा करनी होगी। इन आस्थाओं को मानने वालों की आबादी में गिरावट दर्ज की गई है। जिसका असर संस्कृति और प्रथाओं पर पड़ता है। हिमंत ने कहा कि स्वदेशी आस्थाओं औ प्रथाओं का पालन करना युवा पीढ़ी का दायित्व और कर्तव्य है।



रविवार को डिब्रूगढ़ में आईसीसीएस द्वारा आयोजित कार्यक्रम में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के साथ असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा।

#### हिमंत सरमा ने बिहार में सरकार बनने पर दी बधाई

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार बनने पर बधाई दी। सरमा ने कहा– बिहार को विकास और समृद्धि की नई ऊंचाइयों की ओर ले जाने में नेतृत्व की सफलता की कामना करता हूं। सरमा ने एक्स पर पोस्ट कर कहा– बिहार में राजग सरकार बनने से खुशी हुई। मुख्यमंत्री की भूमिका संभालने के लिए नीतीश कुमार जी को बधाई और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

# विपक्ष मैदान से दूर, प्रत्याशियों से बोले इमरान- प्रचार करो या हटो

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

▶▶ इमरान की दो टूक- चुनावी रैली शुरू करें, अन्यथा उनका टिकट काटकर दूसरे उम्मीदवारों को देंगे

पाकिस्तान में 8 फरवरी को होने जा रहे आम चुनाव के लिए प्रचार शुरू हो गया है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल- एन) प्रमुख नवाज शरीफ अपने भाई शाहबाज के साथ रोज रैलियां कर रहे हैं। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) भी अभियान शुरू कर चुकी है।

लेकिन, देश की सबसे लोकप्रिय पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए- इंसाफ (पीटीआई) मैदान से गायब है। उसके नेता सत्ता-सेना के डर से चुनाव प्रचार के लिए ही नहीं उतर रहे हैं। इस कारण अदियाला जेल में बंद इमरान ने पार्टी के उम्मीदवारों को चेतावनी दी है। इमरान ने कहा कि पार्टी उम्मीदवार रविवार से चुनाव अभियान शुरू करें, अन्यथा उनका टिकट काटकर दूसरे उम्मीदवारों को दे देंगे। पीटीआई ने नेशनल असेंबली की 272 सीटों में से 266 पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। इमरान को पिछले साल मई में जेल भेज दिया गया। पार्टी के चुनावी चिह्न बल्ला इस महीने छीन लिया गया। बल्ला चुनाव चिह्न छीने जाने के कारण पीटीआई के सभी उम्मीदवार अलग-अलग चुनाव चिह्नों के साथ चुनाव लड़ेंगे।

#### इमरान की बहन बोलीं- भाई के साथ भुट्टो जैसा न हो

इमरान की बहन अलीमा खान ने बताया कि हमारे परिवार का कोई भी सदस्य चुनाव नहीं लड़ रहा है। हमें इमरान पर लादे गए आपराधिक मामलों की चिंता है। उन्होंने कहा कि इमरान के साथ वैसा बर्ताव न हो, जैसा भुट्टो के साथ हुआ था। उन्होंने आरोप लगाया कि नवाज अब सत्ता में किसी को आने नहीं देना चाहते।

### ईरान ने क्षेत्रीय तनाव बढ़ने पर 3 सैटेलाइटों का किया प्रक्षेपण

**तेहरान।** ईरान ने रविवार को कहा कि उसने तीन उपग्रहों को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में लॉन्च किया है। ईरान की मीडिया ने कहा कि प्रक्षेपण में ईरान के सिमोर्ग रॉकेट का सफल उपयोग भी देखा गया, जिसमें पहले कई विफलताएं हुई हैं।

अमेरिका ने पहले कहा है कि ईरान के उपग्रह प्रक्षेपण संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव की अवहेलना करते हैं और तेहरान से परमाणु हथियार पहुंचाने में सक्षम बैलिस्टिक मिसाइलों से जुड़ी कोई गतिविधि नहीं करने को कहा है। ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम से संबंधित संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंध पिछले अक्टूबर में समाप्त हो गए। अमेरिकी खुफिया समुदाय ने कहा कि प्रक्षेपण वाहनों के विकास से ईरान के लिए अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल विकसित करने की समयसीमा कम हो गई है, क्योंकि इसमें समान तकनीक का इस्तेमाल होता है।

# यहूदी विरोधी भावनाओं के खिलाफ खड़े रहेंगे: बाइडन

**वाशिंगटन, एजेंसी**

▶▶ बोले- हम सदैव समुदाय के साथ अमेरिका विश्वभर के देशों के साथ काले अध्याय पर मना रहा शोक

शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय प्रलय स्मरण दिवस पर अमेरिकी राष्ट्रपति राष्ट्रपति जो बाइडन ने एक बयान जारी करते हुए प्रतिक्षा की कि यहूदी विरोधी भावना के खिलाफ वे खड़े रहेंगे। होलोकॉस्ट से बचे सभी यहूदी लोगों को याद करते हुए फिर कभी नहीं का वादा किया है। बाइडन ने कहा कि अमेरिका विश्वभर के देशों के साथ मिलकर मानव इतिहास के इस काले अध्याय पर शोक मना रहा है। नाजियों द्वारा ली गई जानों पर शोक मनाते हैं।

बाइडन के कहा कि पिछले साल से एक बार फिर यहूदी विरोधी भावना सिर उठाने लगी है। सात अक्टूबर को गाजा स्थित आतंकी संगठन हमास ने इस्राइल पर पांच हजार रॉकेट दागे थे। जिसमें 1200 लोग की मौत हो गई थी। इस दौरान बड़ी संख्या में इस्राइली नागरिकों के बंधक बनाया गया है। होलोकॉस्ट के बाद सात अक्तूबर ही यहूदी लोगों के खिलाफ की गई कार्रवाई थी। बाइडन ने कहा कि इस्राइल पर हमसा के हमले के बाद अमेरिका दुनियाभर में यहूदी विरोधी भावना में हो रही बढ़ोतरी को लेकर चिन्तिंत है। क्योंकि बड़ी संख्या में यहूदी लोगों को निशाना बनाया जा रहा है।

#### हेली ने बढ़ती उम्र पर उठाए सवाल, ट्रंप का पलटवार

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि वह दिमागी तौर पर 20 साल पहले जितने तेज थे, अब उससे भी तेज हो गए हैं। ट्रंप का यह बयान ऐसे वक्त सामने आया है, जब उनकी प्रतिद्वंदी निक्की हेली ने बढ़ती उम्र को लेकर पूर्व राष्ट्रपति पर निशाना साधा है। ट्रंप ने ये भी कहा कि राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों का दिमागी टेस्ट भी होना चाहिए।

अध्ययन — शोध में पाया गया कि फोन इस्तेमाल कर रहा व्यक्ति अन्य की तुलना में 10 फीसदी धीमी गति से चलता है

# धीमे चलने से फिटनेस पर पड़ता है बुरा असर

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

चलते समय फोन का इस्तेमाल शारिरिक और मानसिक तौर पर खतरनाक साबित हो सकता है। विशेषज्ञ बताते हैं कि जब हम चलते समय फोन का इस्तेमाल करते हैं, तो चाल बदलने के कारण हमारी गति धीमी पड़ जाती है। लोग छोटे-छोटे कदम लेते हैं और दोनों पैर ज्यादा समय तक जमीन पर रहते हैं।

शोध से पता चला है कि फोन इस्तेमाल कर रहा व्यक्ति अन्य की तुलना में 10% धीमी गति से चलता है। अगर चलना दैनिक शारीरिक गतिविधि का एक बड़ा हिस्सा है, तो ज्यादा देर धीरे-धीरे चलने से इसका फिटनेस पर बुरा असर पड़ सकता है। सीधे चलने के बजाए फोन देखने के लिए नीचे झुके रहने से गर्दन और ऊपरी पीठ की मांसपेशियों पर भी भार बढ़ जाता है।

इससे जरूरत से ज्यादा थकान और मांसपेशियों के दर्द का सामना करना पड़ सकता है। 2023 के एक अध्ययन में फोन देखते हुए आउटडोर पार्क में चलने के मनोवैज्ञानिक प्रभावों की जांच की गई। आमतौर पर खुले वातावरण में चलने के बाद लोग मानसिक तौर पर अच्छा महसूस करते हैं। लेकिन, शोध से पता चला है कि चलने के साथ फोन देखने से लोगों में स्ट्रेस हॉर्मोन कोर्टिसोल का स्तर बढ़ गया था। अन्य शोधों से साबित हुआ है कि कोर्टिसोल बढ़ने से लोगों में उत्साह और खुशी कम होने के साथ तनाव बढ़ने की आशंका रहती है।

चलते समय फोन का इस्तेमाल करने से बॉडी बैलेंस बिगड़ने से गिरने का खतरा भी बढ़ जाता है। एक अध्ययन में इकट्ठा किए गए आठ साल के सरकारी आंकड़ों से पता चला है कि लगभग 30 हजार लोग चलते समय फोन का इस्तेमाल करने के कारण घायल हुए थे। चोटों के लिए उम्र मुख्य जोखिम कारकों में से एक थी। 11 से 20 साल के युवाओं में चोटों का अनुपात सबसे ज्यादा था। इसके बाद 20, 30 और 40 साल के वयस्क शामिल थे।

#### टेक्स्ट नेक से होता है अत्यधिक तनाव



टेक्स्ट नेक (अति प्रयोग सिंड्रोम) आमतौर पर किसी भी हाथ में लिए गए फोन को नीचे झुक कर देखने से गर्दन पर अत्यधिक तनाव के परिणामस्वरूप होता है। इससे सिरदर्द, गर्दन में दर्द, कंधे और बांह में दर्द, सांस लेने में मुश्किल हो सकती है। इस तरह की आदत लोगों को एक प्रकार से अपंग बना देती है। अध्ययन में पाया गया है कि ऐसा करने से लोगों को आदत पड़ जाती है, फिर टेक्स्ट नेक के आदी हो जाते हैं। जिससे शरीर में एक बीमारी का रूप धारण हो जाता है।

### फ्रांस में मोनालिसा की पेंटिंग पर फेंका गया सूप म्यूजियम में मची भगदड़

**पेरिस।** पेरिस में मौजूद लौवर म्यूजियम में रखे प्रतिष्ठित मोनालिसा पेंटिंग पर सूप फेंका गया। फ्रांस में कृषि प्रणाली में बदलाव की जरूरतों को लेकर प्रदर्शन कर रहे दो प्रदर्शनकारियों ने पेटिंग पर सूप फेंका।



गौरतलब है कि पेंटिंग बुलेटप्रूफ शीशे में सुरक्षित रूप से रखा गया है, इसलिए इससे पेंटिंग को सीधे तौर पर कोई नुकसान नहीं हुआ। पेटिंग पर सूप फेंकने के बाद दोनों महिला प्रदर्शनकारी पेंटिंग के नजदीक खड़ी हो गईं। सूप फेंके जाने के तुरंत बाद पेंटिंग को काले पर्दे ढक दिया गया। फ्रांस ईंधन की लगातार बढ़ती कीमतों को लेकर किसान पेरिस में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

# अमेरिकी स्कूलों में पढ़ाया जाएगा सिख इतिहास

**चंडीगढ़, एजेंसी**

▶▶ पंजाब के 12वीं कक्षा के छात्र गुरइकप्रीत के प्रयत्नों से हुई पहल

दस्तार क्या है, सिखों ने दस्तार के लिए कौन सी कुर्बानियां दी है, सिख इतिहास क्या है। अब यह अमेरिका के स्कूलों का सिलेबस होगा। यह शुरुआत अमेरिका की स्टेट न्यूजर्सी से हुई है। यह पहल पंजाब से अमेरिका में बसे 12वीं कक्षा के स्टूडेंट्स गुरइकप्रीत सिंह के प्रयत्नों से हो पाई है। वह इन दिनों पंजाब आए हुए हैं।

गुरइकप्रीत सिंह ने पंजाब आ कर तख्त श्री दमदमा साहिब में अमृतपान भी किया। जहां पर सिंह साहिब ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने उसे सम्मानित भी किया। गुरइकप्रीत ने कहा कि वह परिवार के साथ 2014 में अमेरिका गया। तभी से अमेरिका में ही स्ट्डी कर रहा है। जहां पर उसे 8वीं से 12वीं कक्षा तक पहुंचने तक दस्तार सजाने वाला कोई और सिख युवक नहीं दिखा। केवल वह अकेला ही सिख युवक है जो दस्तार सजाता है। एसजीपीसी के महासचिव गुरचरण सिंह ग्रेवाल ने कहा कि गुरइकप्रीत सिंह ने पूरी दुनिया में सिख धर्म का मान बढ़ाया है। यह बड़ी प्राप्ति है। उन्होंने कहा- देश के लिए एक बड़ी उपलब्धि है जो भारत के सिख समुदाय के लोगों का मान बढ़ेगा।



#### अमेरिकी निवासियों को सिख इतिहास की नहीं है जानकारी

जब सिखों को वहां पर नफरत का सामना करना पड़ रहा था तो उसने स्कूल के प्रिंसीपल को बताया कि सोशल साइंस में दूसरे धर्मो का इतिहास है, मगर सिखों का इतिहास नहीं है। धीरे धीरे इस मुहिम में कई लोग जुड़ गए। सिख संस्थाओं से बात की। स्टेट शिक्षा कमेटी तक बात पहुंचाई गई। कई मीटिंगें हुई। स्टेट शिक्षा कमेटी ने बिल पास कर दिया। स्टूडेंट्स से मीटिंगें हुई। दो सप्ताह पहले फिश की सैनेट की ओर से भी बिल पास हो गया। अब न्यूजर्सी में सिख इतिहास पढ़ाया जाएगा। गुरइकप्रीत सिंह ने कहा अभी अमेरिका की स्टेट न्यूजर्सी में ही सिख इतिहास स्कूलों में पढ़ाया जाएगा। लेकिन धीरे धीरे दूसरी स्टेटों में भी इसे लागू करवाना है।